सूर्योदय : 6:37
सूर्यास्त : 6:02
अधिकतम तापमान : 29.0
न्यूनतम : 15.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-254 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 07 मार्च 2025
06 रमज़ान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




## अब नहीं अटकेगा आपका बिजनेस, सीएम योगी ने किया बड़ा ऐलान

# 10 लाख नए युवा उद्यमी तैयार करेगी सरकार

- सीएम युवा के तहत गोरखपुर व बस्ती मंडल के 2500 लाभार्थियों को किया 100 करोड़ रुपये का ऋण वितरण
- स्वरोजगार का उपहार, युवाओं के साथ सरकार



**गोरखपुर।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं कि युवा देश की ऊर्जा हैं। इन्हें सही राह दिखाकर उचित अवसर प्रदान किए जाने की आवश्यकता है। पीएम मोदी की प्रेरणा से डबल इंजन की भाजपा सरकार ने प्रदेश के अंदर 10 लाख नए युवा उद्यमी को तैयार करने के अभियान को अपने हाथ में लिया है।

सीएम योगी ने बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत गोरखपुर व बस्ती मंडल के 2500 लाभार्थियों को 100 करोड़ रुपये का ऋण तथा ओडीओपी के अंतर्गत दोनों मंडलों के 2100 प्रशिक्षणार्थियों को टूलकिट वितरण किया। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। एमएसएमई विभाग की तरफ से लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। सीएम ने कहा कि होली के पहले प्रदेश के युवाओं को दिए जा रहे सौगात का लाभ नए युवा उद्यमी बनने में मदद करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना 24 जनवरी 2025 को प्रारंभ की। अभी लगभग सवा महीने हुए हैं। इससे पूरे वर्ष भर में एक लाख नए उद्यमियों को जोड़ना था, लेकिन अभी तक ही 2लाख 54 हजार 794 आवेदन आ चुके हैं। यही स्कीम की लोकप्रियता है। इसमें से एक लाख आवेदन बैंकों को भेज दिए गए हैं। 24 हजार लाभार्थियों को 931 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत हो गया है और 10,500 लाभार्थियों को 410 करोड़ रुपये वितरण भी किया जा चुका है। गोरखपुर व बस्ती मंडल के 1440 लाभार्थियों को 67.14 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत करते हुए 575 लाभार्थियों को 25.80 करोड़ का ऋण पहले वितरित किया जा चुका है। आज 2500 लाभार्थियों को 100 करोड़ ऋण वितरण की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत नई दिशा में चला है। पिछले 10 वर्ष में पीएम मोदी के नेतृत्व में नए भारत का दर्शन किया जा रहा है। नया भारत ऊर्जा व सामर्थ्य से दुनिया को अपना अनुगामी बनाता है। इस ऊर्जा के प्रतीक हैं युवा, जिन्होंने पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया। अगले दो वर्ष में भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा।

# भारत आज वैश्विक विकास को दे रहा है गति : मोदी

- प्रधानमंत्री मोदी ने गिनाईं डीबीटी, निर्यात समेत उपलब्धियां
- आज का भारत बड़े नतीजे लाकर दिखा रहा है
- मुझे एक लाख युवाओं को राजनीति में लाना है



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में एक समाचार चैनल के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, आज पूरी दुनिया कह रही है कि यह भारत की सदी है। भारत आज दुनिया की ग्रोथ को गति दे रहा है। आजादी के 65 साल बाद भी भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। पिछले दशक में हम दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए और अब उसी रफ्तार से हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि, आज पूरी दुनिया कह रही है कि यह भारत की सदी है। भारत की उपलब्धियों ने, भारत की सफलताओं ने पूरे विश्व में एक नई उम्मीद जगाई है। आज का भारत बड़ा सोचता है, बड़े लक्ष्य तय करता है। आज का भारत बड़े नतीजे लाकर दिखा रहा है। भारत के भविष्य की दिशा क्या है ये हमारे आज के काम और सिद्धियों से पता चलता है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा, आप वो दौर भी याद करिए जब खुद प्रधानमंत्री कहते थे कि एक रुपया भेजते थे तो गरीबों तक सिर्फ 15 पैसे ही पहुंचते थे...बीते दशक में डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) के जरिए गरीबों के खातों में 42 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा ट्रांसफर किए गए हैं दस साल पहले हम होली की पिचकारियां और बच्चों के खिलौने विदेश से मंगाते थे। आज हमारा खिलौनों का निर्यात तीन गुना हो गया है। पीएम मोदी ने कहा, मैं पिछले कुछ दिनों से कह रहा हूं कि मुझे 1 लाख युवाओं को राजनीति में लाना है। जो लोग 2029 में वोट देने जाएंगे, उन्हें नहीं पता कि 2014 से पहले अखबारों की हेडलाइन क्या होती थी।

# जयशंकर की सुरक्षा में चूक, ब्रिटेन ने की निंदा

- यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है
- चाथम हाउस से बाहर हुई घटना




**लंदन।** ब्रिटेन ने गुरुवार को उन घटनाओं की कड़ी निंदा की, जब एक खालिस्तानी समर्थक ने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर के काफिले की सुरक्षा में सेंध लगाई। ब्रिटेन ने इसे पूर्ण रूप से अस्वीकार्य बताया और कहा कि इस तरह के प्रयासों को धमकाने, डराने या सार्वजनिक कार्यक्रमों को बाधित करने का कोई स्थान नहीं होना चाहिए।

यह घटना तब हुई जब विदेश मंत्रालय (एमईए) ने ब्रिटेन से अपनी राजनयिक जिम्मेदारियों को पूरा करने का आह्वान किया, क्योंकि एक प्रदर्शनकारी ने बुधवार शाम को लंदन में चाथम हाउस से बाहर जयशंकर के काफिले को घेरने की कोशिश की। यह प्रदर्शनकारी कुछ अन्य लोगों के साथ खालिस्तान समर्थक नारे लगा रहा था और अलगाववादी झंडे लहरा रहा था। हालांकि, मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उस व्यक्ति को रोक लिया, लेकिन अभी तक किसी की गिरफ्तारी की पुष्टि नहीं हुई है। ब्रिटेन के विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय (एफसीडीओ) के एक प्रवक्ता ने कहा, हम इस घटना की कड़ी निंदा करते हैं जो चाथम हाउस के बाहर विदेश मंत्री के ब्रिटेन दौरे के दौरान हुई। उन्होंने कहा, ब्रिटेन शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार बनाए रखता है, लेकिन किसी भी तरह से धमकाने, डराने या सार्वजनिक कार्यक्रमों को बाधित करने की कोशिश पूरी तरह से अस्वीकार्य है। इस घटना के बाद, विदेश मंत्रालय ने भी प्रतिक्रिया दी और कहा कि एक छोटे समूह के अलगाववादियों और उग्रवादियों की इन गतिविधियों को वे नकारते हैं और ब्रिटेन से अपेक्षाएं जताई हैं कि वे अपनी राजनयिक जिम्मेदारियों को पूरी तरह से निभाएंगे। विदेश मंत्री एस जयशंकर की लंदन में सुरक्षा चूक को लेकर भारत ने नई दिल्ली में ब्रिटेन के प्रभारी राजनयिक को तलब कर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। सूत्रों ने बताया ब्रिटिश उच्चायोग के प्रभारी राजनयिक को विदेश मंत्रालय में बुलाया गया। विदेश मंत्री की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर भारत ने प्रभारी राजनयिक को आपत्तिपत्र दिया। सामाजिक संगठन इनसाइट यूके ने इस घटना की निंदा करते हुए सोशल मीडिया पर इसका वीडियो शेयर किया और इसे शर्मनाक बताया, क्योंकि यह हमला उस समय हुआ जब भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड लैमी से द्विपक्षीय रिश्तों पर सफल वार्ता की थी।

## राजीव गांधी पर की गई टिप्पणी पर मचा बवाल


अशोक गहलोत ने मणि शंकर अय्यर को बताया सिरफिरा

**जयपुर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने गुरुवार को अपनी ही पार्टी के नेता मणि शंकर अय्यर पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें सिरफिरा (पागल व्यक्ति) करार दिया। अय्यर ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की योग्यता पर सवाल उठाते हुए कहा था कि वह अकादमिक रूप से संघर्ष कर रहे थे और एक एयरलाइन पायलट होने के बावजूद प्रधानमंत्री कैसे बन सकते थे। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अय्यर के बयान को हताशा की पराकाष्ठा बताया। उन्होंने कहा कि ऐसा बयान केवल एक सिरफिरा व्यक्ति ही दे सकता है। गहलोत ने जयपुर में अपने आवास पर मीडिया से बातचीत की। उन्होंने बताया कि राजीव गांधी जब प्रधानमंत्री थे तब मणिशंकर अय्यर उनके काफी करीबी हुआ करते थे। इतना ही नहीं मनमोहन सिंह सरकार में भी मंत्री रहे और सोनिया गांधी के भी करीबी रहे हैं। वो लंबे समय से राजनीति कर रहे हैं, लेकिन पता नहीं क्यों पिछले कुछ वर्षों से वे लगातार विवादित बयान देते आ रहे हैं।


## अदालतों से जमानत मामले में ऐसी अपेक्षा नहीं की जाती : सुप्रीम कोर्ट

- हाईकोर्ट ने दो महीने बाद की दी तारीख



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि अदालतों से यह अपेक्षा नहीं की जाती कि वे जमानतों से संबंधित मामलों में लंबी तारीखें दें। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस आगस्टीन जार्ज मसीह की पीठ ने यह टिप्पणी तब की, जब उसे बताया गया कि पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने चिकित्सा आधार पर अस्थायी जमानत की याचिका पर सुनवाई की तारीख दो महीने बाद निर्धारित की है।

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्होंने इस आधार पर अस्थायी जमानत के लिए हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था कि उनके मुवक्किल की दो साल की बेटी को तत्काल सर्जरी की जरूरत है। वकील ने दलील दी कि हाई कोर्ट ने 21 फरवरी को पारित अपने आदेश में मामले की सुनवाई 22 अप्रैल के लिए स्थगित कर दी थी। पीठ ने कहा, स्वतंत्रता के मामलों में अदालतों से यह अपेक्षा नहीं की जाती कि वे मामले को इतनी लंबी तारीख तक रोके रखें। साथ ही पीठ ने याचिकाकर्ता को शीघ्र सुनवाई के लिए हाई कोर्ट जाने की अनुमति दे दी। पीठ ने हाई कोर्ट से कहा कि वह सुनवाई की तारीख जल्दी तय कर दे और चिकित्सा आधार पर अस्थायी जमानत देने के संबंध में मामले की सुनवाई करे।




06 रमजान, 07.03.2025

| सुन्नी हज़रात | |
|---|---|
| सेहरी | इफ्तार |
| 05:01 | 06:12 |

| शिया हज़रात | |
|---|---|
| सेहरी | इफ्तार |
| 04:54 | 06:22 |

# अधिवक्ता अधिनियम संशोधन निरस्त : नड्डा

- नड्डा ने बिरोजा फैक्ट्री के समीप जिला बिलासपुर भाजपा कार्यालय का किया शिलान्यास




**बिलासपुर।** अधिवक्ता अधिनियम 1961 में प्रस्तावित संशोधन को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि सरकार ने इस निर्णय को वापस लिया है। संयुक्त राज्य स्तरीय संघर्ष समिति ने इसके लिए जेपी नड्डा का आभार जताया। बता दें कि प्रदेशभर में अधिवक्ता लगातार कोर्ट के कार्यों का बहिष्कार कर रहे थे। शुक्रवार से सभी कोर्ट के कार्यों में भाग लेंगे, जिससे लोगों को राहत मिलेगी।

प्रस्तावित संशोधन को लेकर अधिवक्ताओं का विरोध वीरवार को जारी रहा। संयुक्त संघर्ष समिति ने संशोधन को वापस लेने की मांग को लेकर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात की। इस दौरान नड्डा ने कहा कि अधिवक्ताओं के हित को ध्यान में रखते हुए इस संशोधन को वापस ले लिया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने सरकार से बात की है। उन्होंने सभी को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस संशोधन को निरस्त माना जाए। इस तरह का कोई भी संशोधन लाने का इरादा नहीं है। बता दें कि जब समिति ने जेपी नड्डा से मुलाकात की तो नड्डा ने केंद्रीय कानून मंत्री से बात की और अधिवक्ताओं को आश्वस्त किया। कानून मंत्री ने कहा कि भविष्य में जब भी इस प्रकार का कोई कानून लाया जाएगा तो सभी के सुझाव लिए जाएंगे। इस मौके पर संघर्ष समिति के अध्यक्ष लेख राम नड्डा, महासचिव श्याम लाल ठाकुर सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर शिलान्यास पट्टिका लगाई। बिलासपुर परिधि गृह में नड्डा का कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं और ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। वहीं दिल्ली जीत के लिए नड्डा को बधाई दी। इस दौरान नड्डा ने राजीव बिंदल और जयराम ठाकुर की ओर इशारा करते हुए कहा कि आप तैयारी करें, हम प्रदेश का नया पार्टी मुख्यालय बनाएंगे। पुराने मुख्यालय को शिमला जिला का कार्यालय बनाया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि देश भर में 772 पार्टी कार्यालय बनाए जा रहे हैं। जिनमें 579 कार्यालय बनकर तैयार हो चुके हैं। प्रदेश में भाजपा के 17 जिलों में से छह कार्यालय बनकर तैयार हैं।

> भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने वीरवार को बिलासपुर में पार्टी कार्यालय दीपकमल का भूमि पूजन किया। नड्डा वीरवार को ही दो दिन के दौरे पर बिलासपुर पहुंचे। जहां पर भवन के शिलान्यास के बाद उन्होंने बिलासपुर परिधि गृह में कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया। नड्डा दौरे के दौरान पार्टी के कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे वहीं शुक्रवार को एम्स में कई परियोजनाओं के उद्घाटन शिलान्यास करेंगे। नड्डा ने बिरोजा फैक्ट्री के समीप जिला बिलासपुर भाजपा कार्यालय का शिलान्यास किया।

## बैतूल की कोयला खदान में छत ढहने से तीन की मौत



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के बैतूल जिले में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की कोयला खदान में छत का हिस्सा ढहने से तीन कर्मचारियों की मौत हुई है। मौके पर पुलिस और रेस्क्यू टीमें पहुंच गई हैं। मलबे में दबे लोगों को बाहर निकालने की कोशिश की जा रही है।

बताया जा रहा है कि कोयला खदान के एक फेज की स्लैब अचानक ढह गई। बैतूल के एसपी निश्चल झारिया के मुताबिक हादसे में शिफ्ट इंचार्ज गोविंद, ओवर मेन हरि चौहान और माइनिंग सरदार रामदेव पंडौले की जान गई है।

बैतूल के पाथाखेड़ा क्षेत्र में वेस्टर्न कोल फील्ड्स लिमिटेड की छतरपुर-1 खदान है। यहां गुरुवार दोपहर को खदान की 10 मीटर ऊंची छत गिर गई। खदान के कंट्यूनर माइनर सेक्शन में कोयला काटते वक्त यह हादसा हुआ।

# आपराधिक कानून के महत्व को कम नहीं आंकना चाहिए: सीजेआई

- सीजेआई ने युवा वकीलों से जताई उम्मीद
- अधिकांश छात्र आपराधिक प्रैक्टिस अपनाना नहीं चाहते : संजीव खन्ना



**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने गुरुवार को कहा कि समाज में आपराधिक कानूनों के महत्व को कम नहीं आंकना चाहिए और इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि युवा वकील आपराधिक मुकदमेबाजी को पहली पसंद के रूप में अपनाएंगे। सीजेआई ने यह टिप्पणी रतनलाल और धीरजलाल का अपराध कानून भारतीय न्याय संहिता 2023 पर एक व्यापक टिप्पणी पुस्तक के विमोचन के दौरान की है, जिसे भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित ने संपादित किया है। यह कार्यक्रम दिल्ली उच्च न्यायालय के सभागार में आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व सीजेआई ललित, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विधि और न्याय अर्जुन राम मेघवाल, अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरामानी और सुप्रीम कोर्ट तथा उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीश भी उपस्थित थे।

सीजेआई संजीव खन्ना ने कहा कि जब बात गिरफ्तारी और निरोध की होती है, तो आपराधिक कानून सीधे तौर पर व्यक्तिगत स्वतंत्रता, सामाजिक समरसता और राज्य शक्ति और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के बीच संतुलन पर प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा, जब मैं विधि के छात्रों को देखता हूं, तो अधिकांश उनमें से आपराधिक प्रैक्टिस अपनाना नहीं चाहते। तथ्य यह है कि जिला अदालतों में अधिकांश मुकदमे आपराधिक होते हैं। इसलिए हम आपराधिक कानून के महत्व को नजरअंदाज नहीं कर सकते और मैं आशा करता हूं कि युवा वकील आपराधिक कानून को पहली पसंद के रूप में अपनाएंगे, न कि दूसरी या मजबूरी के रूप में। मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा कि कानूनी प्रणाली ने आपराधिक कानून में प्रमाण आधारित दृष्टिकोण को अपनाया है और भविष्य में आपराधिक न्यायशास्त्र पर व्यवहार और सामाजिक गतिशीलताओं के बारे में बिना परीक्षण किए गए दावों पर निर्भर नहीं होगा, बल्कि यह डेटा पर आधारित होगा।

## डल्लेवाल की सेहत फिर बिगड़ी, पैरों में आई सूजन

**पटियाला।** खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सेहत फिर बिगड़ गई है। किसान नेता अभिमन्यु कोहाड़ व काका सिंह कोटड़ा के मुताबिक पिछले दो दिनों से डल्लेवाल के पैरों में काफी सूजन आ रही है। वह पानी भी नहीं ले पा रहे हैं, जबकि आमरण अनशन के चलते डल्लेवाल ने खाना पहले ही छोड़ रखा है। ऐसे में अब डल्लेवाल के शरीर से पेशाब के जरिये पानी बाहर ज्यादा जा रहा है। ड्रिप के माध्यम से उनकी मेडिकल सहायता भी बंद हो गई है। हालांकि वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम पूरी स्थिति पर बारीकी से नजर बनाए हुए है। वीरवार को डल्लेवाल का आमरण अनशन 101वें दिन में प्रवेश कर गया। खराब सेहत के बावजूद आज डल्लेवाल ने वीडियो संदेश जारी कर के देश के उन सभी किसानों का धन्यवाद किया जो बुधवार को उनके आमरण अनशन के 100 दिन पूरे होने पर एक दिन की सांकेतिक भूख हड़ताल में शामिल हुए। अपने वीडियो संदेश में डल्लेवाल ने पंजाब सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान केंद्र सरकार की तर्ज पर काम कर रहे हैं।

**नहीं पी रहे पानी, 101 दिन से आमरण अनशन**



## पहलवानों का चयन करने वाली कोई संस्था नहीं: दिल्ली हाईकोर्ट




**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए पहलवानों का चयन करने वाली सक्षम संस्था के अभाव में स्थिति इससे ज्यादा 'दुखदायी' नहीं हो सकती। मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा कि विश्व कुश्ती संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेस्लिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए केवल स्वयं से मान्यता प्राप्त भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) जैसी राष्ट्रीय संस्था द्वारा चुने गए खिलाड़ियों को ही स्वीकार करती है।

हालांकि पीठ ने पाया कि ना तो भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने महासंघ के मामलों के संचालन के लिए तदर्थ समिति को बहाल किया और ना ही केंद्र ने पिछले साल के उच्च न्यायालय के एकल न्यायाधीश के आदेश के अनुसार महासंघ के निलंबन को जारी रखने को लेकर कोई निर्णय लिया। अदालत पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और उनके पति सत्यव्रत कादियान की याचिका पर पारित एकल न्यायाधीश के आदेश के खिलाफ डब्ल्यूएफआई की अपील पर सुनवाई कर रही है। पीठ ने कहा, ''तदर्थ समिति की बहाली ना होने तथा आज की तारीख में निलंबन आदेश के अस्तित्व में होने के कारण कोई सक्षम संस्था नहीं है जिसे टीम के चयन का कार्य सौंपा जा सके जिससे कि अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पहलवानों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। जहां तक खेल और खिलाड़ियों के हित का सवाल है, इससे अधिक दुखद स्थिति नहीं हो सकती।'

# लखीमपुर खीरी में ई-लाटरी से हुआ 426 मदिरा दुकानों का व्यवस्थापन



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को ओडिटोरियम सह मल्टीपरपज हाल, राजकीय आईटीआई राजापुर लखीमपुर में शासन से नामित नोडल अफसर मिनिस्ती एस की निगरानी और डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा की देखरेख में वित्तीय वर्ष 2025-26 प्रथम चरण की ई-लाटरी के जरिए 426 मदिरा दुकानों का आवंटन हुआ। पूरी प्रक्रिया वीडियोग्राफी के साथ-साथ सीसीटीवी की निगरानी में संपन्न हुई ई-लॉटरी से पूर्व प्रतिभागियों के मध्य सिमुलेशन प्रकिया की गई, जिसके माध्यम से यह दिखाया गया कि सभी आवेदकों के लॉटरी के सफल होने की संभावना लगभग बराबर है और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुगम है। इसके बाद तय समय पर वास्तविक ई-लॉटरी शुरू हुई। जिसमें देशी मदिरा की 264, मॉडल शॉप 02, 156 कंपोजिट शॉप (विदेशी मदिरा और बियर) और भांग की 04 दुकानों ई-लाटरी के माध्यम से वर्ष 2025-26 के लिए अनुज्ञापियो का चयन किया। इस प्रकार जनपद की कुल 426 दुकानों का व्यवस्थापन हो गया। भांग की 01 दुकान पर कोई आवेदन नही आया।जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह ने ई-लॉटरी शुरू होने से पूर्व पूरी प्रक्रिया बताते हुए ई-लॉटरी प्रक्रिया के सभी कायदे-कानून की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान लॉटरी में प्रतिभाग करने पहुंचे व्यक्तियों के सभी प्रश्नों का उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शांत किया इस लिंक पर देखे ई-लाटरी से चयनित मदिरा दुकानों का विवरणजिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि आमजन हेतु जनपद की आधिकारिक वेबसाइट एवं इस लिंक https://kheri.nic.in/document-category/others/ के माध्यम से ई-लाटरी से चयनित मदिरा दुकानों का विवरण देख सकते हैं।

### इनकी रही मौजूदगी

अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी महेंद्र सिंह, अपर जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आदित्य राघव एवं उनकी तकनीक टीम सहित आबकारी महकमें के अधिकारीगण मौजूद रही।

## गन्ना भरकर आ रहे ट्रक ने पैदल जा रहे एक युवक को कुचला

**लखीमपुर-खीरी।** पलिया की तरफ से गन्ना भरकर आ रहे ट्रक ने पैदल जा रहे एक युवक को कुकरा चौराहा के पास कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक मौके पर छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।हादसा गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे हुआ। थाना भीरा क्षेत्र के हांव हट्टी टांडा निवासी भूपेंद्र सिंह (30) भीरा-पलिया हाईवे के किनारे पैदल भीरा बाजार जा रहा था। भीरा के कुकरा चौराहा पर पलिया की तरफ से गन्ना भरकर आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। ट्रक के पहिए के नीचे आने से उसकी कुलकर मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक मौके पर छोड़कर भाग निकला। मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गई। आसपास के लोगों ने हादसे की खबर पुलिस को दी।

## शोपीस बनी महिला चिकित्सालय की लिफ्ट, मरीजों को हो रही काफी है असुविधाएं

### प्रसव पीड़ा पर पहुंचने वाली महिलाएं, सीढ़ियां आदि का सहारा लेने को मजबूर



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** जिला महिला चिकित्सालय में लगी लिफ्ट मरीजों को अपनी सेवाएं नहीं दे पा रही है, लिफ्ट काफी दिनों से खराब पड़ी है जिस कारण प्रसव पीड़ा वाली महिलाएं को प्रसव हेतु फर्स्ट फ्लोर जाने के लिए सीढ़ियां आदि से जाने को मजबूर होना पढ़ रहा है। यह बात जग जाहिर है कि सरकारी चिकित्सालय होने के कारण अत्यधिक रूप से यहां ज्यादातर गरीब मरीजों का रात दिन आना जाना लगा रहता हैं,इसी के दृष्टिगत यहां सरकारी खजाने से धन का उपयोग कर लिफ्ट लगाई गई थी जिससे मरीजों को किसी भी तरह की असुविधा का समना ना करना पड़े। इन दिनों लिफ्ट खराब होने के प्रसव पीड़ा से पीड़ित महिलाओं को अस्पताल की पहली मंजिल पर स्थित डिलीवरी रूम तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।लोग जब जरूरत के वक्त अस्पताल की लिफ्ट तक पहुंचाते हैं तब उन्हें लिफ्ट खराब होने का एहसास होता है,ऐसे में वह परेशान होकर सिस्टम को कोसते हुए किसी तरह सीढ़ियां आदि से अपने मरीज को डिलीवरी रूम तक हुए ले जाते हैं।

लिफ्ट की चाबी टूटने के कारण लिफ्ट पिछले दो हफ्ते से बंद पड़ी है इसको मेरे आदेश पर ही बंद किया गया है, क्योंकि अगर कोई लिफ्ट में चढ़ा और उसके अंदर फंस गया तो काफी दिक्कत होगी। लिफ्ट की चाबी लखनऊ से मंगाई गई है। चाबी आते ही इसको चालू कर दिया जाएगा।

## चोरी की घटना का सफल अनावरण कर 03 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना नीमगांव पुलिस द्वारा चोरी की घटना क सफल अनावरण कर मु0अ0सं0 64/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस व मु0अ0सं0 69/2025 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस से संबंधित 03 नफर वांछित अभियुक्तों सोमीन पुत्र जियाउल्ला मुस्तकीम पुत्र नसीर मतीन पुत्र जियाउल्ला को ग्राम खम्भारखेड़ा से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों सोमीन व मुस्तकीम उपरोक्त के कब्जे से एक-एक अदद अवैध नाजायज तमंचा 315 बोर व एक-एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया, जिसके संबंध में थाना नीमगांव पर मु0अ0सं0 71/2025 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सांड़ की भिड़ंत मे हुई बुजुर्ग की मौत

**लखीमपुर-खीरी।** राजापुर स्थित नवीन मंडी में महेवागंज निवासी एक बुजुर्ग सब्जी बेचने गया था। मंडी समिति में जब वह अपनी सब्जी को कांटे पर तौल रहा था। तभी उसके पीछे सांडों में करारी भिड़ंत हो गई। लोग कुछ समझ पाते इससे पहले सांड ने बुजुर्ग को पटक दिया और उसके उपर से पैर रखकर निकल गया। हादसे में बुजुर्ग की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली सदर क्षेत्र के महेवागंज सिंगारपुर निवासी 56 वर्षीय अब्दुल वाहिद उर्फ पप्पू राजापुर स्थित नवीन मंडी में सब्जी बेचने के लिए पहुंचे थे। बताते हैं कि अब्दुल वाहिद ने अपने खेत में मटर, फूलगोभी इत्यादि सब्जियों की खेती कर रखी है। ऐसे में वह मंडी सब्जी बेचने जाया करते थे। रोज की तरह गुरूवार को भी दोपहर करीब 11 बजे वह सब्जी बेचने के लिए सब्जी के फड़ पर तौल करवा रहे थे। तभी पीछे से दो आवारा जानवरों में करारी भिड़ंत हो गई। लोग कुछ समय पाते तब तक वह आवारा जानवरों की चपेट में आ गए। लोगों ने बुजुर्ग को उठाकर किनारे बिठाया, इसके बाद उनको इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही अब्दुल वाहिद की मौत हो गई।

## इंडियन बैंक की ढखेरवा शाखा में कार्यरत कैशियर की कार्यशैली से बेसिक स्कूलों के शिक्षकों में काफी रोष

**लखीमपुर-खीरी।** इंडियन बैंक की ढखेरवा शाखा में कार्यरत कैशियर की कार्यशैली से बेसिक स्कूलों के शिक्षकों में काफी रोष है। शिक्षकों का आरोप है कि लेनदेन के समय उनसे अभद्रता की जाती है जानबूझकर उनके कामों में हीलाहवाली की जाती है जिससे उनके स्कूल के काम बाधित होते हैं। उधर बैंक मैनेजर ने कैशियर पर लगाये गए शिक्षकों के आरोपों को निराधार बताया है। बीआरसी रमियाबेहड़ के विभिन्न स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों और स्कूलों के एसएमसी खाते इंडियन बैंक की ढखेरवा शाखा में हैं। इन खातों में शिक्षकों का वेतन और एमडीएम की धनराशि आती है। शिक्षक विश्वनाथ मौर्य, राकेश प्रताप, तारकेश्वर राय, धर्मेन्द्र कुमार, सुनीता वर्मा, नीतू सिंह, रश्मि, उमेश चौरसिया, शशिकांत वर्मा आदि का आरोप है कि मौजूदा बैंक कैशियर लेनदेन के समय शिक्षकों से अभद्र व्यवहार करते हैं। शिक्षकों की मानें तो ज्यादातर शिक्षक स्कूल बंद होने के बाद लेनदेन के लिए बैंक आते हैं, तीन साढ़े तीन बजे बैंक पहुचने पर कैशियर उनका काम नहीं करता है। शिक्षकों के अनुसार कैशियर की कार्यशैली से नाराज तमाम शिक्षकों ने अपने खाते यहां से बंद करवाकर अन्य बैंकों में खुलवा लिए हैं लेकिन एसएमसी खातों के लिए इसी बैंक में आना पड़ता है।

## सदर विधायक ने ग्राम प्रधानों को किया सम्मानित

**बदायूँ।** गुरुवार को एक दिवसीय माटीकला जागरूकता कार्यक्रम व निःशुल्क इलै0 चॉक टूलकिटस्, पगमिल टूलकिटस् व ग्राम प्रधान सम्मान समारोह में सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता द्वारा विकास खण्ड परिसर सलारपुर में वितरण कराया गया। कार्यक्रम में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी प्रदीप कुमार ने माटीकला द्वारा संचालित योजनाओ पर विस्तृरित से प्रकाश डाला।

माटीकला जागरूकता शिविर व टूलकिटस् वितरण कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अनेक पाल, खण्ड विकास अधिकारी,जिला अग्रणी बैंक अधिकारी, प्राचार्य राजकीय पॉलिटैक्निक, प्राचार्य राजकीय आई0टी0आई0 जिला ग्रामोद्योग अधिकारी प्रदीप कुमार मौजूद रहे।

## विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में विशाल ने जीता स्वर्ण पदक

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता के फइनल में गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी को 2-1 से पराजित कर विजेता ट्राफी पर अपना कब्जा जमा लिया। टीम में शामिल सहारनपुर के विशाल कुमार का उनके शानदार खेल के मद्देनजर बैस्ट डिफेंडर का खिताब व स्वर्ण पदक हासिल किया।

गौरतलब है कि उत्तराखंड के हरिद्वार स्थित गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय में 22 फरवरी से 28 फरवरी तक अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता आयोजित की गयी थी। प्रतियोगिता के फइनल में गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय ने स्वर्ण पदक पर कब्जा जमा लिया था। हॉकी कोच शारिक हुसैन ने बताया कि सहारनपुर के ब्रजेश नगर निवासी विशाल कुमार गुरुकुल विश्वविद्यालय में बीए प्रथम वर्ष का छात्र है। विशाल कुमार ने विश्वविद्यालय की टीम से प्रतिभाग कर स्वर्ण पदक



अपने नाम कर लिया। विशाल कुमार को उनके शानदार खेल के बदौलत बेस्ट डिफेंडर का खिताब भी प्रदान किया गया। शारिक हुसैन ने बताया कि प्रशिक्षण लेकर सब जूनियर नेशनल खेलने के बाद उनका चयन लखनऊ में गुरु गोबिंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के लिए हो गया। जहाँ पर प्रशिक्षण लेने के बाद उन्होंने अनेक राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया और उसके बाद उनका चयन स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के नेशनल सेंटर ऑफएक्सलेंस हिमाचल में हो गया। जहाँ पर 2 साल प्रशिक्षण लेने के बाद उनका चयन हरियाणा के स्पोर्ट्स हॉस्टल में हुआ। अभी विशाल कुमार हरियाणा के स्पोर्ट्स हॉस्टल में प्रशिक्षण ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि विशाल कुमार अगस्त में होने वाली सीनियर राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता की तैयारी में जुटे हुए है। विशाल कुमार की इस उपलब्धि पर वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी फुरकान अहमद, यशपाल सिंह पुंडीर, नवीन चंद शर्मा, सुरेश पाल, संदीप भट, ऊषा गुप्ता, हॉकी खिलाड़ी महिमा चौधरी, शालिनी रावत, शिवानी रावत, निखिल कुमार, आसिफ अली, विशु, सागर नंदा, विपुल कुमार, वसीउल्ला खां, समीक्षा सक्सेना ने खुशी जतायी है।

## ई लॉटरी के माध्यम से हुआ मदिरा की दुकानों का व्यवस्थापन कार्य संपन्न



**बदायूँ।** डायट परिसर स्थित ऑडिटोरियम में ई-लॉटरी के माध्यम से मदिरा की दुकानों का व्यवस्थापन का कार्य राज्य सरकार द्वारा नामित पर्यवेक्षक व सचिव बेसिक शिक्षा डॉ0 सारिका मोहन की उपस्थिति में संपन्न हुआ। गुरुवार को आयोजित इस कार्यक्रम में 8282 आवेदनों में से 336 दुकानों का व्यवस्थापन का कार्य आवेदकों के समक्ष किया गया।

जिलाधिकारी/लाइसेंस प्राधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि आबकारी नीति व शासनादेश के क्रम में ई-लॉटरी के लिए 8284 आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें दो अनर्ह पाए गए। कुल 8282 आवेदनों में से 336 मदिरा की दुकानों का व्यवस्थापन का कार्य गुरुवार को पूरी पारदर्शित प्रक्रिया के साथ किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए ई-लॉटरी के माध्यम से आवंटन किया गया है जिसमें देसी मदिरा की 256, मॉडल शॉप 02, भांग की दुकान 03 व कंपोजिट शॉप के लिए 75 सहित कुल 336 मदिरा की दुकानों के लिए व्यवस्थापन का कार्य संपन्न हुआ। उन्होंने बताया कि मदिरा दुकानों के अंतिम आवंटन को आवेदकों के समक्ष पढ़कर सुनाया गया तथा साथ ही उसे चस्पा भी किया गया।

## अब तक महज 40 फीसदी किसानों की ही बन सकी फार्मर रजिस्ट्री आईडी

**लखीमपुर-खीरी।** जिले के 7.18 लाख किसानों की फार्मर रजिस्ट्री आईडी बननी है। इसका काम पिछले कई महीने से चल रहा है। खास बात यह है कि अब तक महज 40 फीसदी किसानों की ही फार्मर रजिस्ट्री आईडी बन सकी है। पूरे प्रदेश में खीरी जिले का स्थान अगर देखा जाए तो 60 के ऊपर है। इसको देखते हुए अब प्रधान व पंचायत सहायकों को जिम्मेदारी दी गई है। डीपीआरओ भी अब रोज मानीटरिंग कर रहे हैं। फार्म रजिस्ट्री का काम तेज हो इसके लिए सभी एडीओ के साथ बैठक की गई। जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि फार्म रजिस्ट्री आईडी बनाने में सभी प्रधानों से सहयोग को कहा गया है। वहीं सभी पंचायत सहायकों को गांवों में कैम्प लगाकर फार्मर आईडी बनाने का निर्देश दिया गया है। डीपीआरओ ने बताया कि गांवों में फार्मर रजिस्ट्री बनाने के लिए सीएससी संचालकों के माध्यम से कैम्प लगवाए जा रहे हैं। डीपीआरओ ने कई गांवों में जाकर कैम्प का निरीक्षण किया। सचिवों व प्रधान के साथ बैठक की। बैठक में सभी किसानों की फार्मर आईडी बनवाने का निर्देश दिया गया है। इसकी रोज समीक्षा की जा रही है।

## विभिन्न क्षेत्रों मे हुई सड़क दुर्घटनाएं

**लखीमपुर-खीरी।** क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव छितौनिया निवासी मोनिश, गांव बाबागंज निवासी अरविंद, कोतवाली क्षेत्र के गांव आलियापुर निवासी सौरभ वर्मा और नगर के मुहल्ला गांधीनगर निवासी गोविंद मिश्रा गंभीर घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर डाक्टरों ने सौरभ वर्मा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## टीवीएस एजेंसी पर गाड़ी की सर्विस कराने आए तीन लोगों ने मामूली विवाद पर मैनेजर के मारा चाकू

**लखीमपुर-खीरी।** शहर की एक टीवीएस एजेंसी पर गाड़ी की सर्विस कराने आए तीन लोगों ने मामूली विवाद पर पाट्र्स मैनेजर से गाली-गलौज शुरू कर दी। गाली देने का विरोध करने पर उसके पेट में चाकू मार दिया, जिससे वह घायल हो गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है शहर के मोहल्ला रामनगर कॉलोनी निवासी सोनू अवस्थी ने बताया कि वह टीवीएस कंपनी में पाट्र्स मैनेजर के पद पर कार्यरत है। 1 मार्च को थाना खीरी के गांव निजामपुर रामदास निवासी पप्पू की गाड़ी क्लेम होकर दी गई थी। बुधवार को पप्पू अपने साथी विराग तिवारी (निवासी रंगीलानगर) और रविंद्र सिंह के साथ सर्विस कराने के बहाने आया और गाली-गलौज करने लगा। उसने जब गाली देने से मना किया तो धारदार चाकू पेट में मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया घटना से सनसनी फैल गई। बड़ी संख्या में आसपास के लोग मौके पर आ गए।

## खाद्य सुरक्षा विभाग ने अभियान चलाकर, नौ खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु भेजे



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूँ।** आगामी होली के त्यौहार की दृष्टिगत सहायक आयुक्त (खाद्य) सी0एल0 यादव के नेतृत्व में आम जनमानस को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य पदार्थों की उपलब्धता हेतु जनपद में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाकर जो खाद्य पदार्थों को जांच हेतु भेजा है। विशेष अभियान के क्रम में गुरुवार को तहसील बिल्सी एवं तहसील दातागंज क्षेत्रों से विशेष अभियान के दौरान विभिन्न खाद्य परिसरों से कुल 09 खाद्य पदार्थों के नमूने वास्ते जाँच हेतु संग्रहित किए गए। इस दौरान उनके द्वारा लोगों को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया। श्री यादव ने बताया कि उसहैत स्थित श्री महाकाल ट्रेडिंग से सरसों तेल एवं बेसन का नमूना तथा शेष 118 ली0 सरसों तेल को सीज किया गया। जिसका अनुमानित मूल्य 17700 रूपया है। इस मौके पर सहायक आयुक्त (खाद्य) सी0एल0 यादव, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी, आर0पी0 सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण सत्येन्द्र सिंह तोमर, शहाबुद्दीन, आजाद कुमार, माता शंकर बिन्द, राजेन्द्र नाथ मिश्रा, एवं खुशीराम मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय से अलमारी व कुर्सियां चोरी करने वाला दबोचा

**सहारनपुर।** थाना फतेहपुर पुलिस ने एक शातिर चोर को दबोचकर उसके कब्जे से चोरी की गई कुर्सियां व घटना में प्रयुक्त चोरी की बाईक बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना फतेहपुर प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत् 16 फरवरी को वादी निशान्त शर्मा प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय ग्राम रामखेड़ी थाना फतेहपुर की तहरीर पर अज्ञात चोर द्वारा रात्रि में प्राथमिक विद्यालय ग्राम रामखेड़ी के तीन कमरों के ताले तोड़कर एक नयी अलमारी एवं 06 प्लास्टिक की कुर्सी चोरी कर लेने के सम्बन्ध में थाना फतेहपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि विवेचना के दौरान तीन आरोपियों सचिन ठाकुर पुत्र रणदीप, सुमित उर्फ लिल्ला पुत्र लोहरी व मन्नू जोगी पुत्र नीटू निवासीगण ग्राम गदरहेड़ी थाना फतेहपुर के नाम प्रकाश में आये हैं।

## कैम्प लगाकर फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में लाएं तेजी

### प्राथमिक विद्यालयों में शत-प्रतिशत बच्चों का कराएं दाखिला

*अवधनामा संवाददाता*

सहारनपुर। उत्तर प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि अनुसंधान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग के प्रमुख सचिव व जनपद के नोडल अधिकारी रविन्द्र ने विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में कैम्प लगाकर फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में तेजी लाने, प्राथमिक विद्यालयों में शत-प्रतिशत बच्चों का दाखिला कराने व मां शाकम्भरी देवी क्षेत्र के पर्यटन के विकास में तेजी लाने के निर्देश दिये।

प्रमुख सचिव रविन्द्र ने कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए निर्देश दिये कि कैम्प लगाकर फार्मर रजिस्ट्री के कार्य में तेजी लायी जाये, क्योंकि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 01 ट्रिलियन डॉलर बनाने में डिजिटल क्रॉप सर्वे का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा इसलिए लेखपाल गांव में रहकर डिजिटल क्रॉप सर्वे के कार्य को त्रुटि रहित पूर्ण करें। कृषक बंधुओं से संबंधित कार्यो एवं



योजनाओं को प्राथमिकता दी जाए। पेंशन योजनाओं से संबंधित कोई भी पात्र पेंशन से वंचित न रहे। सभी पात्रों को समय से पेंशन दिलाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बीएसए को निर्देश दिए कि प्राथमिक विद्यालयों में शत-प्रतिशत बच्चों को नामांकित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने गौआश्रय स्थलों की जानकारी लेते हुए सहभागिता योजना के तहत समय से सभी संबंधितों का भुगतान करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पशु टीकाकरण शत-प्रतिशत करते हुए उसे पशुधन एप पर फीड करना सुनिश्चित करें। कृषि विज्ञान केन्द्र की भूमि को नियमानुसार उपयोग न करने तथा कृषकों के मध्य नई तकनीकों का प्रचार-प्रसार न करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समन्वयक से समस्त जानकारी ली। उन्होने निर्देश दिए कि विभिन्न गोष्ठियों एवं कार्यक्रमों के माध्यम से अधिक से अधिक कृषकों को नई-नई वैज्ञानिक तकनीकों एवं पद्धतियों के बारे में बताया जाए।

## ग्राहक बनकर आए चोर, ज्वैलर की नजरों के सामने से चुरा ले गए लाखों के आभूषण

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** ज्वैलर को अपनी बातों में उलझाकर चोर लाखों रुपये की ज्वैलरी चुराकर ले गए। चोरों के जाने के बाद ज्वैलर को चोरी का पता चलने पर वह बाहर आकर उनकी खोज में जुटा, तब तक चोर बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के जरिए चोरों की तलाश में जुट गई है।

जानकारी अनुसार मामला पिनाहट का है। यहां अम्बेडकर चौराहा स्थित नितिन गुप्ता ज्वैलर्स के यहां दो चोर ग्राहक बनकर पहुंचे। दोनों काफी देर तक सोने-चांदी के ज्वैलरी बदलवा-बदलवाकर देखते रहे। ये कभी कोई आभूषण उठाते तो कभी कोई और। चोर का दूसरा साथी ज्वैलर को अपनी बातों में उलझाए रखा। इसी बीच ज्वैलरी देख रहा चोर एक एक कर आभूषण पार करता रहा।

दुकानदार की नजरों के सामने से ही आभूषण चोरी कर लेने के बाद दोनों चोर बाहर निकले और बाइक पर सवार होकर फुर हो गए। चोरों के जाने के बाद ज्वैलर ने ज्वेलरी चेक की तो उसमें कुछ सामान कम मिला। हड़बड़ाकर दुकानदार बाहर आकर चोरों की तलाश में जुटा पर तब तक काफ़ी दूर निकल चुके थे। पुलिस अब चोरों की तलाश में जुटी है।

## तीन दिन से लापता युवक का शव मिलने से सनसनी

**आगरा।** आगरा में तीन दिन से लापता एक युवक का शव घर के सामने कूड़े के ढेर में मिलने से सनसनी फ़ैल गई। युवक की लाश मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया परिजनों ने पड़ोसियों पर हत्या का आरोप लगाया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच में जुट गई। जानकारी अनुसार घटना थाना फतेहाबाद के गांव बड़ा कछियारा की है। यहां के रहने वाले 23 वर्षीय युवक सोनू पुत्र रामबरन तीन मार्च की रात को घर से लापता हो गया था। परिवार के लोग उसकी लगातार तलाश में जुटे थे लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल रहा था। परेशान घरवालों ने थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी। वही गुरुवार सुबह जब गांव के ही लोग कूड़ा डालने के लिए पहुंचे तो उन्होंने कूड़े के ढेर में सोनू का शव देखा। जिसके बाद सूचना पर परिवार के लोग वहां आ गए सोनू की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वही परिजनों ने सोनू की हत्या का आरोप लगाया है। उन्होंने पड़ोसियों से जमीन को लेकर रंजिश की बात बताई है और इसी रंजिश को लेकर हत्या का आरोप लगाया है। घटना के बाद पड़ोसी फरार हैं पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सपा विधायक ने सायरन बजाने की सांसद में उठाई मांग



**नगीना।** समाजवादी पार्टी के विधायक मनोज पारस ने बुधवार को विधानसभा बजट सत्र में अपनी विधानसभा क्षेत्र नगीना के कस्बा नगीना की जामा मस्जिद से वर्षों से रमज़ान के माह में बजने वाले सायरन को पुलिस प्रशासन द्वारा अचानक बंद करा दिये जाने के संबंध मे विधानसभा कार्यवाही के दौरान नियम 56 के तहत रमज़ान के माह मे सायरन बजाने की मांग उठाई, परन्तु समय का अभाव होने के कारण विधानसभा अध्यक्ष ने उस पर बोलने की अनुमति नहीं दी। परंतु इसका संज्ञान ले लिया है और विधानसभा अध्यक्ष ने शाम तक जिला प्रशासन से वातालर्लप करके जवाब देने का आश्वासन विधायक नगीना (पूर्व मंत्री) उत्तर प्रदेश मनोज पारस को व्यक्तिगत रूप से बताने को कहा।

## एनएमएमएस में सीकरी बुजुर्ग की दो छात्राओं का चयन राष्ट्रीय आय व योग्यता आधारित छात्रवृति परीक्षा

**नहटौर।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2025 में उच्च प्राथमिक विद्यालय सीकरी बुजुर्ग की दो छात्राओं ने उत्तीर्ण की। प्रत्येक छात्र को सरकार द्वारा बारह हज़ार प्रतिवर्ष की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिससे उनकी आगे की पढ़ाई में सहायता मिलेगी। विद्यालय के सहायक अध्यापक मनीषा त्यागी ने (नोडल शिक्षक) ने बताया कि कक्षा आठ की छात्रा जिया और आयुषी इस परीक्षा में सफलता प्राप्त की है। दोनों छात्राओं को चार वर्ष तक प्रतिवर्ष बारह-बारह हज़ार की छात्रवृत्ति मिलेगी। स्कूल में छात्रा जिया और आयुषी को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मीनाक्षी त्यागी का सहयोग रहा।

## ई-लॉटरी की रैण्डमाइजेसन प्रक्रिया द्वारा आबकारी दुकानों के व्यवस्थापन/आवंटन की प्रक्रिया हुई संपन्न

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आबकारी नीति वर्ष 2025-26 के प्राविधानानुसार, आबकारी आयुक्त द्वारा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार जनपद आगरा हेतु आबकारी दुकानों के व्यवस्थापन/आवंटन की प्रक्रिया निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शी रूप से सूरसदन प्रेक्षागृह पर ई-लॉटरी के माध्यम से गुरूवार को संपादित की गई। उक्त ई-लॉटरी प्रकिया में जिला आबकारी अधिकारी नीरज कुमार द्विवेदी द्वारा सर्व प्रथम उपस्थित आवेदकों समक्ष संपूर्ण ई-लॉटरी प्रोसेस की ब्रीफिंग की गई तथा चरणबद्ध रूप से जानकारी दी। सार्वजनिक ऑनलाइन ई-लॉटरी के प्रारंभ में सिमुलेशन की प्रक्रिया आवेदनकर्ताओं के समक्ष संपन्न की गई, तत्पश्चात ई-लाटरी की रैण्डमाइजेशन प्रक्रिया पूर्ण हुई



जिसमें दुकानों का आवंटन किया गया, रैण्डमाइजेशन की प्रक्रिया में सर्वप्रथम देशी मदिरा की दुकानें, तत्पश्चात मॉडल शॉप्स, कम्पोजिट दुकानों एवं अंतिमरूप से भांग की दुकानों का आवंटन किया गया। जिला आबकारी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में देशी मदिरा, मॉडल शॉप, कंपोजिट, तथा भांग की चार श्रेणी की कुल 652 दुकानों हेतु कुल 9786 आवेदन 2996 आवेदन कर्ताओं द्वारा किए गए जिसमें देशी मदिरा की 329 दुकानों हेतु 4320 आवेदन, मॉडल शॉप की 23 दुकानों हेतु 364, कंपोजिट की 266 दुकानों हेतु 4458 आवेदन तथा भांग की 34 दुकानों के लिए 644 आवेदन मिले थे, किसी भी आवेदन को निरस्त नहीं किया गया, आबकारी दुकानों के व्यवस्थापन/आवंटन की प्रक्रिया सकुशल, शांतिपूर्ण,निष्पक्ष तथा पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई।

# रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने के मामले में डीआईओएस और विद्यालय पर हो सकती है कार्रवाई

अवधनामा ब्यूरो

- शासन ने मामले को गंभीरता से लिया है संज्ञान
- अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज मे रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने का मामला

**कुशीनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा में सुरक्षित रखे गए रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने का मामला शासन के गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि जिला विद्यालय निरीक्षक व विद्यालय प्रशासन इस मामले को लीपापोती करने के लिए अफवाह का ढोल पीटकर इस जघन्य प्रकरण को पचाने के जद्दोजहद मे लगे है। लेकिन चर्चाओं के बाजार में इस बात की चर्चा है कि शासन ने इस प्रकरण को गंभीरता से लिया है। यही वजह है कि विद्यालय और डीआईओएस पर कार्रवाई होना लगभग तय मानी जा रही है।

शिक्षा विभाग के अन्दर खाने में इस बात कि चर्चा खूब है कि मीडिया द्वारा उठाए गए सवाल के दृष्टिगत जांच अधिकारी ने 1 मार्च को संकलन केन्द्र पर जमा किए गए अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज के दोनों पालियों में संपन्न हुए गणित व नागरिक शास्त्र विषय की परीक्षा के उत्तर पुस्तिका का बंडल के साथ उसी दिन के किसी अन्य विद्यालय के उत्तर पुस्तिका का बंडल खुलवा दिया और डीआईओएस के मोबाइल के लोकेशन (शनिवार की रात्रि दस बजे से तीन बजे तक) की जांच व स्ट्रांग रूम मे लगे सीसीटीवी कैमरा को खंगाल दिया तो विद्यालय व डीआईओएस को कार्रवाई के जद से बचा पाना मुश्किल होगा। सूत्र बताते है कि इस खौफ से इस मामले से जुडे लोगो की बेचैनी बढ गई है। जानकारों की माने तो सार्वजनिक परीक्षा की शुचिता व गोपनीयता भंग करने व पेपर लीक करने या गलत जानकारी देने पर अनुचित साधन निवारण अधिनियम के तहत दस साल की जेल और दस लाख रुपए का जुर्माना है। इतना ही नही पेपर लीक और नकल समेत परीक्षा से जुडी गड़बडियों में परीक्षा संस्थान या परीक्षा कराने वाली एजेंसी शामिल पाई जाती है तो उससे उस परीक्षा का पुरा खर्च वसूला जायेगा। साथ ही उसकी संपत्ति भी कुर्क और जब्त की जा सकती है। इस तरह सॉल्वर गैंग में शामिल होने पर आजीवन कारावास और 1 करोड़ रुपए तक का जुर्माना लगाने का प्राविधान है। इसके अलावा नकल कराने या परीक्षा प्रभावित करने पर दस साल की जेल और दस लाख रुपए का जुर्माना निर्धारित है जबकि परीक्षा ड्यूटी में लापरवाही करने पर सात साल की जेल और जुर्माने का प्रावधान है।

**बंडल खुलवाकर कराई जाए जांच-** जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त दावा कर रहे है कि अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज मे रिजर्व में रखे गए पेपर से परीक्षा कराने का मामला अफवाह है। सूत्रो का दावा है कि सच्चाई जानने के लिए यह जरूरी है कि जिलाधिकारी व सचिव अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज मे शनिवार एक मार्च को संपन्न कराए गए परीक्षा की बंडल व उसी दिन का किसी अन्य विद्यालय का बंडल खुलवाकर जांच करा दे तो दुध का दुध पानी का पानी साफ हो जायेगा।

### घटना का फ्लैश बैक....

बता दें कि फाजिलनगर विकास खण्ड क्षेत्र के नकटहा मिश्र स्थित अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज में शनिवार 1 मार्च को उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित बोर्ड परीक्षा के रिजर्व में रखे गए अतिरिक्त प्रश्नपत्रों से परीक्षा कराए जाने का सनसनीखेज मामला उस समय प्रकाश में आया जब जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त, जिलाधिकारी से अनुमति लेकर किसी कार्यवश प्रयागराज जा रहे थे। सूत्र बताते है कि उस समय डीआईओएस रास्ते में थे तभी कार्यालय के किसी कर्मचारी ने उन्हें अशोक विद्यापीठ इंटर कालेज के कारगुजारियों की जानकारी दी और वह बीच रास्ते से वापस कुशीनगर लौट आए। इसके बाद डीआईओएस रात में ही विभागीय सहायक लिपिक व एक प्रधानाचार्य के साथ अशोक विद्यापीठ परीक्षा केन्द्र पहुंचे और सीधे स्ट्रांग रूम की जांच-पडताल की, जबकि रात में जिलाधिकारी व सचिव बोर्ड परीक्षा के निर्देश के बिना परीक्षा केन्द्र का स्ट्रांग रुम खुलवाने का अधिकार डीआईओएस को नही है। दिलचस्प बात यह है कि रात में स्ट्रांग रूम खुलवाने के लिए डीआईओएस ने डीएम और सचिव बोर्ड से अनुमति लेना भी मुनासिब नही समझा। हालांकि सूत्रो के दावे मीडिया पुष्टि नहीं कर रही है। जिला विद्यालय निरीक्षक शनिवार की रात्रि में अशोक विद्यापीठ परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर स्ट्रांग रूम खुलवाए या नही इसकी सत्यता वहा लगे सीसीटीवी कैमरा से प्रमाणित किया जा सकता है।

# ई-लॉटरी के माध्यम से 383 शराब की दुकानों का हुआ आवंटन

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** शासन द्वारा नामित आबकारी दुकानों के व्यवस्थापन/कियान्वयन हेतु पर्यवेक्षक के रूप प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर, आईएएस हथकरघा एवं वस्त्रोंद्योग, खादी एवं ग्रामोद्योग तथा सार्वजनिक उद्यम विभाग की उपस्थिति तथा जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा की उपस्थिति में गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर कुशीनगर के प्रांगण में 383 आबकारी दुकानों का आवंटन ई-लॉटरी प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई।

इस दौरान जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज द्वारा पूरी प्रक्रिया का बारीकी से निरीक्षण कर निष्पक्ष एवं सुचारु रूप से संपादन सुनिश्चित कराया। ई लॉटरी के संपूर्ण निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के बारे में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष कुमार गुप्ता ने सभी उपस्थित आवेदकों को विस्तारपूर्वक बताया। जिलाधिकारी ने कहा कि आबकारी दुकानों के आवंटन की यह प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष एवं पारदर्शी रखी गई है। इसमें आईआईटी कानपुर द्वारा निर्मित सॉफ्टवेयर का प्रयोग किया गया है। ई-लॉटरी प्रणाली के माध्यम से आबकारी दुकानों के आवंटन में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाती है। इस ई-लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से दुकानों के आवंटन की संपूर्ण जानकारी संबंधित लिंक पर उपलब्ध कराई गई है, जहां से इच्छुक व्यक्ति विस्तृत विवरण प्राप्त कर सकते है। जिला आबकारी अधिकारी सुभाष चंद्र ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए कुल 383 दुकानों हेतु 3764 आवेदकों ने 9185 आवेदन किया था। इन दुकानों में 125 कंपोजिट शॉप, 239 दुकानें देशी शराब की, 6 मॉडल शॉप व 13 भांग की दुकानें शामिल है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वैभव मिश्रा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रेम कुमार राय, अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी व्यास नारायण उमराव, परितोष मिश्रा, जिला आबकारी अधिकारी सुभाष चंद्र, आबकारी निरीक्षक सहित संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# आसरा फाउंडेशन ने प्रेस क्लब में लगाया निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर

## पत्रकारों के जांचे गये दांत, दी गयी मुफ्त में दवाईयां

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** विश्व दंत दिवस के अवसर पर गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में आसरा फाउंडेशन के तत्वावधान में निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के अध्यक्ष अरविंद राय ने किया। निःशुल्क दंत जांच चिकित्सा शिविर में लगभग 150 पत्रकारों के दांतों को जांचा गया और दांत के रख-रखाव की सलाह दी गयी।

शिविर में डा. आशीष प्रताप मल्ल ने निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर में पत्रकारों के दांतों की जांच के साथ-साथ ही निशुल्क दवाइयां भी वितरित किया।उन्होंने दांतों में होने वाली बीमारियों, समय पर उनके इलाज और दांतों की सही सफाई के बारे में जानकारी दी गयी। डा. मल्ल ने बताया कि दांत हमारे मुख का अहम हिस्सा होते हैं। इनके खराब होने से मुख की सुंदरता के साथ-साथ पाचन शक्ति पर भी बुरा असर पड़ता है और असहनीय पीड़ा को सहन करना पड़ता है। इस लिए दांतों की लंबी उम्र के लिए दांतों की सफाई और उचित समय पर दांतों की जांच जरूरी है। इस अवसर पर डा. नितिन ने पत्रकारों के दांतों की जांच की और उन्हें ब्रश करने का तरीका बताया। उन्होंने कहा कि दांत शरीर का आवश्यक अंग होने के साथ-साथ चेहरे की सुंदरता को भी बढ़ाता है। दांतों की समस्या एक आम समस्या है, दांतों की सुरक्षा के लिए किसी भी प्रकार के तंबाकू का सेवन नहीं करना चाहिए। इस अवसर पर आसरा फाउंडेशन की अध्यक्ष कंचन त्रिपाठी ÷आसरा दीदी÷ ने डॉक्टरों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से समाज में जागरूकता आती है और लोगों में निस्वार्थ भावना उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के भागम भाग दौड़ में समय ना मिल पाने के कारण उनकी सहूलियत के लिए यह शिविर प्रेस क्लब में आसरा फाउंडेशन की ओर से आयोजित किया गया था। इस अवसर पर डाक्टरों की टीम की तरफ से प्रेस क्लब के कार्यकारिणी को बुकें भेंटकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से डा. मुहम्मद शमी, शिवम् श्रीवास्तव, आशुतोष गुप्ता, संजीव राव, विकास मौर्य, सुमित यादव के अलावा चन्दन, आभा पाण्डेय, ममता पाण्डेय, अरविन्द राय, मुर्तजा हुसैन रहमानी, भूपेन्द्र द्विवेदी, पंकज श्रीवास्तव, दिलीप सिंह, प्रिन्स पाण्डेय, मनव्वर रिजवी, फैयाज अहमद, सुभाष गुप्ता, सुप्रिया, ओंकार धर द्विवेदी, गजेन्द्र त्रिपाठी, प्रवीण कुशवाहा, योगेश श्रीवास्तव शफी अंसारी, संजय कुमार आदि लोग मौजूद थे।

# पांचवां रोजा : रोजेदारों ने पूरी दुनिया के लिए मांगी अमन व अमान की दुआ

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** माह-ए-रमजान का पांचवां रोजा अल्लाह व रसूल की याद में बीता। रोजेदारों ने इबादतों के जरिए अल्लाह को राजी करने की कोशिश की। अल्लाह की खास रहमत बंदों पर उतर रही है। रोजेदारों में गजब का उत्साह है। रोजेदारों ने पूरी दुनिया में अमन व अमान, अपने व अपने परिवार के लिए, गरीबों, यतीमों, पीड़ित लाचार, बेसहारा लोगों के लिए दुआ मांगी। रोजेदारों ने नमाज़ पढ़कर, कुरआन की तिलावत कर, दरूदो सलाम पेश कर, तस्बीह फेर, सदका खैरात कर नेकियां बटोरीं। इफ्तार-सहरी की रौनक बरकरार है। मस्जिद की सफें भरी नज़र आ रही हैं। तरावीह की नमाज़ जारी है। मस्जिद व घरों में रौनक है। कुरआन-ए-पाक की तिलावत कर रोजेदार नेकियां कमा रहे हैं। मालिके निसाब जकात व सदका-ए-फित्र अदा कर अपनी जिम्मेदारियां निभा रहे है। मस्जिदों में रात की तरावीह नमाज के अलावा पांच वक्त की फर्ज नमाज़ों में खूब भीड़ हो रही है। सर पर टोपी रखे रोजेदार बच्चे व नौजवान हर जगह दिख रहे हैं। बच्चे भी खूब इबादत कर रहे हैं। बाजार भी गुलजार है।

**इस्लाम में जकात फर्ज है जल्द अदा करे : मुफ्ती शुएब**

मुफ्ती मुहम्मद शुएब रज़ा निजामी ने बताया कि दीन-ए-इस्लाम में जकात फर्ज है। जकात पर मोहताज, गरीबों, यतीमों, बेवाओं का हक़ है जो मालिके निसाब न हों। इसे जल्द से जल्द हकदारों मुसलमानों तक पहुंचा दें ताकि वह रमजान व ईद की खुशियों में शामिल हो सकें। अगर आप मालिके निसाब हैं, तो हकदार को जकात जरूर दें, क्योंकि जकात न देने पर सख्त अजाब का बयान कुरआन-ए-पाक में आया है। जकात हलाल और जायज तरीके से कमाए हुए माल में से दी जाए।

## निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने परखीं सीएचसी की व्यवस्थाएं



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को परखने के लिए एसडीएम ने स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया जिसमें दो चिकित्सक डॉ. अनीता गौतम और डॉ. गौरव गैरहाजिर पाए गए। दवा वितरण काउंटर पर मरीजों की एसडीएम से कफ सीरप नहीं दिए जाने की शिकायत रही। चिकित्सकों की गैरहाजिरी पर सीएचसी प्रभारी डॉ. अनिल कुमार शाक्य ने बताया कि उक्त दोनों विभागीय प्रशिक्षण में शामिल होने लखनऊ गए हुए हैं। एसडीएम ने दवा वितरण कक्ष और रोगी पर्चा काउंटर का निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता देखी। दवा ले रहे रोगियों ने एसडीएम से शिकायत की कि कफ सीरप के बजाए टेबलेट ही दी जा रही है। इसको लेकर चिकित्साधीक्षक ने सफाई दी कि कफ सीरप की कमी है, डिमांड लगा दी गई है। इमर्जेंसी कक्ष, प्रसव कक्ष सहित अन्य वार्डों का भी निरीक्षण करते हुए एसडीएम ने वहां बिजली आपूर्ति, बिस्तर से लेकर साफ सफाई के स्तर को देखा। सफाई व्यवस्था ठीक नहीं मिलने पर एसडीएम ने इस ओर ध्यान देने के निर्देश दिए। यहां पर स्थापित हेल्थ सिस्टम मशीन (एटीएम) को चेक करने के लिए एसडीएम ने खुद अपना बीपी चैक किया। यहां पर एसडीएम से शिकायत की गई कि ऑपरेटर के अभाव में हेल्थ एटीएम शोपीस साबित हो रहा है क्योंकि मशीन सिर्फ बीपी और वजन ही दे पा रहा है।

## अल्ट्रासाउंड मशीन का लाभ मिलेगा गर्भवती महिलाओं को

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** सरकार स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने पर खासा फोकस कर रही है। कोंच सीएचसी में भी मरीजों की सहूलियत के लिए अल्ट्रासाउंड मशीन मंगाई गई है।



इस मशीन का सीधा लाभ गर्भवती महिलाओं को मिलेगा। इसकी स्थापना पर करीब सत्रह लाख का खर्च आने का अनुमान है, इसमें मशीन की कीमत और उसे स्थापित करने का खर्च दोनों शामिल हैं। हालांकि सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर अमूमन सवाल खड़े होते रहते हैं लेकिन सरकार की मंशा है कि आम जनता को सरकारी स्वास्थ्य सुविधाओं का भरपूर लाभ मिले। इसके लिए समय-समय पर स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने का काम चलता रहता है। इसी कड़ी में कोंच सीएचसी को अल्ट्रासाउंड मशीन की सौगात मिली है। मशीन अस्पताल में पहुंच भी गई है लेकिन इसके चालू होने में अभी दस-बारह दिन का समय लग सकता है क्योंकि अभी इसका यूपीएस नहीं आया है। मशीन अस्पताल के निर्धारण स्थान पर रख दी गई है लेकिन अभी इसको चालू करने के लिए तकनीशियन को आना है जो इसको स्थापित करने के बाद अस्पताल को हैंडओवर करेगा। अस्पताल सूत्रों की अगर मानें तो इस काम में दस-बारह दिन का समय लग सकता है। मशीन की कीमत हालांकि करीब तेरह लाख रुपए है लेकिन इसके लगाने पर करीब चार लाख और खर्च आएगा। सीएचसी प्रभारी डॉ. अनिल शाक्य ने बताया कि मशीन आ गई है, जल्द ही डॉ रीता गौतम की ट्रेनिंग के बाद ये चालू कर दी जाएगी। यहां यह बताना भी समीचीन होगा कि मशीन का लाभ आम मरीजों को न मिल कर केवल गर्भवती महिलाओं को ही मिलेगा।

## खादी ग्रामोद्योग विकास प्रोत्साहन नीति के अन्तर्गत जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**अलीगढ़।** खादी ग्रामोद्योग विकास प्रोत्साहन नीति के अन्तर्गत खादी ग्रामोद्योग उत्पादन के लिए गुरूवार को उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा एक दिवसीय जागरूकता शिविर का भव्य आयोजन आईटी लैब, राजकीय औद्योगिक संस्थान में किया गया। जागरूकता शिविर की अध्यक्षता परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी संजीदा बेगम द्वारा की गयी, शिविर में शिक्षारत छात्र एवं छात्राओं द्वारा भाग लिया गया। जागरूकता शिविर में क्षेत्रीय श्री गाँधी आश्रम के मंत्री संतोष कुमार मिश्रा, जन सेवा खादी आश्रम के मंत्री आरके शर्मा के द्वारा खादी उत्पाद व खादी के वस्त्रों के महत्व, उपयोगिता एवं खादी के इतिहास के बारे में विस्तृत जारकारी दी गयी।

## बच्ची पैदा होते ही पति ने पत्नी को किया दहेज के लिए प्रताड़ित

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के कोड़री उर्फ हड़ही निवासी विवाहिता को बच्ची पैदा होते ही पति विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पति, जेठ और ननद के खिलाफ थाने में दहेज उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई हैं। मिली जानकारी से स्थानीय थाना क्षेत्र के कोडरी उर्फ हड़ही निवासी शशिकला पुत्री राम अवध की शादी 21 मई 2023 को ओम प्रकाश पुत्र जयराम निवासी गंगा देवरिया जिला संतकबीरनगर के साथ हुआ था। शादी में उपहार के रूप में नकदी और सामान दिया था। जिसकी लागत 5 लाख के करीब थी ।ससुराल में रहते हुए बच्ची पैदा हुई जो मानसिक रोगी है। इसके बाद पति घर से निकालने की धमकी देते हुए प्रताड़ित करने लगा। और बच्ची को मायके में छोड़ आया ।चोर घर से मारपीट कर निकालने की बाद दूसरी शादी करने की धमकी दें रहा है। इसके अलावा जेठ और ननद द्वारा लगातार धमकी दी जा रही है। पीड़िता ने आरोपी पति,जेठ, ननद के खिलाफ थाने में दहेज उत्पीड़न की तहरीर दिया है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी धनश्याम उपाध्याय ने कहा कि तहरीर मिली है। जांच कराकर कारवाई की जायेगी।

## जमीनी विवाद को लेकर भाईयो ने मिलकर पीटा केस दर्ज

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गीडा थाना क्षेत्र के जैतपुर निवासी रामपाल यादव पुत्र स्व वंशराज यादव तीन भाई है। जमीनी विवाद को लेकर बुधवार को सुबह 7 बजे दो भाई मिलकर मारने पीटने लगे। बचाव करने आई पत्नी सोभा देवी, बेटी रोशनी,शांति को पीटकर घायल कर दिए। पीड़ित के तहरीर पर पुलिस ने आरोपी धर्मपाल यादव,राम कृपाल यादव,दुर्गेश, रेनू देवी,संदीप,प्रदीप के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# डीएम ने नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत लाभार्थियों की निकाली लॉटरी

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में गुरूवार को नन्द बाबा दुग्ध मिशन के अन्तर्गत मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना में डिस्ट्रिक्ट एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक आयोजित की गई। योजना में 35 पुरूष आवेदकों के सापेक्ष 09 एवं 51 महिला आवेदकों में से 26 महिला गौपालक लाभार्थियों का लॉटरी के माध्यम से चयन किया गया।

जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि सरकार खेती-बाड़ी में लगे किसानों की आय बढ़ाने के साथ ही पशुपालकों की आय में वृद्धि करने के लिए गंभीर है। सरकार चाहती है कि उन्नत नस्ल की स्वदेशी गायों का संवर्धन हो और दुग्ध उत्पादन बढ़े। जिसके लिए प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना में उन्नत नस्ल की गाय खरीदने वालों को भरपूर सब्सिडी दी जा रही है। योजना में राजस्थान एवं हरियाणा की साहीवाल, थारपारकर एवं गीर नस्ल की गायों के पालन पर विशेष बल दिया जा रहा है। डिस्ट्रिक्ट एग्जीक्यूटिव कमेटी के माध्यम से चयनित गौपालक स्वयं या विभाग के माध्यम से राजस्थान या हरियाणा पहुँचकर उन्नत नस्ल की गाय खरीदेंगे। योजना में 02 स्वदेशी उन्नत नस्ल की गाय की इकाई स्थापना के लिए 80 हजार रूपये तक का अनुदान दिए जाने का प्राविधान है। डीएम ने सीवीओ डा0 दिवाकर त्रिपाठी को निर्देशित किया कि वह चयनित गौपालकों को स्थानीय जलवायु को ध्यान में रखते हुए साहीवाल एवं थारपारकर ब्रीड की गाय लाने के लिए प्रेरित करें। यह देखने में आकर्षक होने के साथ ही दुग्ध उत्पादन में भी बेहतर है। इसके साथ ही उन्होंने गायों की पोषण प्रणाली पर कार्यशाला आयोजित कराने के निर्देश दिए।

## अलीगढ़ में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 8 को

**अलीगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार तथा जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अलीगढ संजीव कुमार के दिशा निर्देशन में दिनांक 08-03-2025 दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, अलीगढ, बाह्य स्थित न्यायालयों में एवं तहसील स्तर पर किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों / विभागों में लम्बित विभिन्न प्रकृति के मामलों (जैसे फौजदारी के शमनीय वाद, धारा 138 एनआईएक्ट, धन वसूली वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, श्रम वाद, विद्युत अधिनियम एवं जलकर से सम्बन्धित वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक वाद, भूमि अर्जन वाद, सेवा सम्बन्धित वाद अन्य दीवानी वाद, अन्य प्रकृति के वाद जो न्यायालयों में छोटे-छोटें प्रकृति के मामलें लम्बित हो) तथा उक्त के अतिरिक्त पारिवारिक, वैवाहिक विवादों के प्रीलिटिगेशन मामलों तथा प्रीलिटिगेशन स्तर पर विभिन्न बैंको, वित्तीय संस्थाओं एवं विभागों में लम्बित / प्रीलिटिगेशन स्तर के मामलों का भी निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर किया जाना है।

# रेवती रमण दास के घर पहुंचे सीएम योगी, दी श्रद्धांजलि



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को वरिष्ठ समाजसेवी रेवती रमण दास अग्रवाल के आवास (पुरुषोत्तम निवास, आर्यनगर) पहुंचे। रेवती रमण दास (92) का 28 फरवरी को निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने यहां उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। वे महराणा प्रताप शिक्षा परिषद समेत कई अन्य शिक्षण संस्थाओं के वरिष्ठ सदस्य व आर्यनगर श्रीरामलीला समिति आर्यनगर के अध्यक्ष भी रहे हैं। वे पूर्व पार्षद व सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन समेत कई दायित्वों का भी निर्वहन कर चुके हैं। मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिवारीजनों को ढांढस भी बंधाया। इस दौरान स्व. दास की पत्नी विमला दास, पुत्र कीर्ति रमण दास, ज्योति रमण दास, परिवार के श्रीरमण दास, इंद्ररमण दास, कार्तिकेय रमण दास, रत्नेश रमण दास, वरिष्ठ व्यापारी नेता पुष्पदंत जैन, पार्षद गौरव तिवारी, पूर्व पार्षद जितेंद्र सैनी, संजय अग्रवाल आदि भी मौजूद रहे।

## पालिकाध्यक्ष ने पेयजल की उपलब्धता के लिए प्रयास किए तेज

**उरई (जालौन)।** गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव के द्वारा नगरीय पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ रखने के लिए पुख्ता इंतजाम कराया जा रहे हैं। पेयजल व्यवस्था को लेकर पालिका कर्मचारियों की समीक्षा बैठक में हैडपम्पों पानी की टंकियों तथा सार्वजनिक वाटर कूलरों को दुरुस्त करने पर जोर दिया गया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अवनीश कुमार शुक्ला ने बताया कि कालपी नगरीय क्षेत्र में 527 हैडपम्प स्थापित है। उन्होंने कहा कि सभी हैंडपम्पों को चिन्हित किया जा रहा है। जिस हैडपम्प में तकनीकी गड़बड़ी है, उसको जल्दी ठीक कराया जाएगा। हैंडपम्पों को सुधारने के लिए तीन कर्मचारी तैनात हैं। इसी प्रकार सार्वजनिक स्थानों में लगी पानी की टंकियों तथा वाटर कूलरों से शुद्ध पेयजल व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने सभासदों एवं नागरिकों से कहा कि अगर कही कोई समस्या है तो उसको जल्द दुरुस्त कराया जाएगा।

# साई सुख हरि फाउंडेशन और बाल सदन ने अनाथ बच्चों को वितरित किया भोजन

अवधनामा संवाददाता

- हर महीने समाज सेवा के लिए प्रतिबद्ध है साई सुख हरि फाउंडेशन



**लखनऊ।** जरूरतमंदों की सेवा के अपने संकल्प को आगे बढ़ाते हुए साई सुख हरि फाउंडेशन ने बाल सदन के सहयोग से अनाथ बच्चों के लिए भोजन वितरण कार्यक्रम आयोजित किया। इस पहल के तहत संस्था ने बच्चों को पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन परोसा, जिससे वे प्रेम और देखभाल का अहसास कर सकें। इस पुनीत कार्य में ईशान निगम, आशीष निगम, सिद्धांत श्रीवास्तव और ऋषम थापा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और बच्चों की मदद के लिए सक्रिय योगदान दिया। साई सुख हरि फाउंडेशन का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित वर्गों की सहायता करना है। संस्था के सदस्यों ने बच्चों के साथ समय बिताया और उन्हें भविष्य के प्रति प्रेरित किया। इस मौके पर फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि यह अभियान हर महीने आयोजित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाई जा सके। संस्था के प्रवक्ता ने कहा, हमारा उद्देश्य सिर्फ भोजन वितरित करना नहीं, बल्कि समाज में प्रेम और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना भी है। इस अवसर पर बाल सदन के प्रबंधकों ने भी साई सुख हरि फाउंडेशन के इस सराहनीय प्रयास की सराहना की और भविष्य में भी इस तरह के कार्यों में सहयोग देने की इच्छा जताई। इस पहल से न केवल बच्चों को खुशी मिली, बल्कि समाज में सेवा और परोपकार का संदेश भी पहुंचा। साई सुख हरि फाउंडेशन आगे भी समाज के उत्थान के लिए इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा जरूरतमंदों की सेवा ही सच्ची सेवा है साई सुख हरि फाउंडेशन


## न्यायालय सूचना

न्याया. मा.सिविल जज सीडी सहारनपुर (प्रकीर्ण वाद सं0 72/2020)1.सैय्यद बशारत अली 2.शराफत अली पुत्रगण करामत अली नि0 ग्राम चौसाना जि0 शामली 3-कलीम अली 4 श्रीमति सुलताना परवीन पत्नि नौशाद अली पुत्री करामत अली नि.गांधी कालोनी, देवबन्द, स0पुर आदि सायलान (बनाम)...1.ईश्वर दयाल गोयल पुत्र श्री परसराम गोयल 2.ब्रजनन्दन गोयल पुत्र श्री सुमेर चन्द गोयल मृतक 2/1पुष्पादेवी पत्नी ब्रजनन्दन गोयल 2/2 नीरज गोयल 2/3अकुंर गोयल पुत्रगण ब्रजनन्दन गोयल 3.रघुनन्दन गोयल पुत्र परसराम गोयल 4 संजीव गोयल 5.सन्दीप गोयल 6.संजय गोयल पुत्र त्रिभुवन कुमार गोयल 7.नीरज गोयल 8.अकुर गोयल पुत्र ब्रजननन्दन गोयल 9.सचिन गोयल पुत्र ईश्वर दयाल गोयल 10.अर्चित गोयल पुत्र रघुनन्दन गोयल सभी निवासी छत्ता, कस्बा व थाना गंगोह, सहारनपुर 11अम्बरीश पुत्र रगबीर नि. गुलाम औलिया थाना गंगोह, सहारनपुर 12-वसीम अहमद रंगरेज पुत्र अब्दुली वहीद नि.टांका कस्बा गंगोह ,सहारनपुर 13-मुकसीर हयात पुत्र मिस्बाहुली इस्लाम निवासी कुरेशीयान कस्बा गंगोह,सहारनपुर। बैनामा दि0 14-08-18 बृजनन्दन 14-मौ0 मुस्तकीम पुत्र मौ0 अनीस निवासी ग्राम सांगाठेडा पश्र गंगोह तहश्र नकुड जिश्र सहारनपुर बैनामा दि. 26-05-2018 । बृजनन्दन 15.सदरूदीन पुत्र निसारू 18-तासीन पुत्र यासीन नि.गण ग्राम सांगाठेडा प. गंगोह तह. नकुड जिला सहारनपुर बैनामा दि. 16-5-18। बृजनन्दन 17-श्रीमति अपा ललित पत्नि राम ललित 18-प्रिंस ललित पुत्र राम ललित 19-साहिल ललित पुत्र राम ललित 20-युगराज सिंह पुत्र अज्ञात एस.डी.एम.नकुड, कार्यालय तहसील नकुड ज़ि.सहारनुपर 21-अरूण सिंह पुत्र अज्ञात थानाध्यक्ष हाल तैनात थाना गंगोह ज़ि.सहारनपुर( विपक्षीगण) चूँकि उपरि नामांकित ने आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतू संदर्शित करने के लिए दि.28.3.25 को 10 बजे स्वय या सम्यकरूपेण अनुदिष्ट अपने वकील द्वारा उपसजाता हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

**आज्ञा से मुंसरिम दि.6.3.25**

## न्यायालय सूचना

न्यायालय मा.सिविल जज सीडी सहारनपुर वाद सं.2405 सन 2024 1.साजदा पत्नी तहसीन 2-तौय्यबा पुत्री तहसीन नि0 ग्राम रमजानपुरा प0 तहसील व जिला सहारनपुर वादीगण...(बनाम) शहनाज बानो पत्नी मौहम्मद सालिम निवासी ग्राम गेल्हेवाला प0 मुजफराबाद तहसील बेहट जिला सहारनपुर हाल पता रसूलपुरा रमजानपुरा, उमर पैलेस, बाग वाली कालोनी सहारनपुर (प्रतिवादनी) मुद्दालेह हरगाह वादी अदालत में एक नालिश बाबत के आपके नाम दायर की है कि लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप 7.3.2025 को 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करें आप उक्त तारीख़ को हाज़िर नहीं होंगें तो मुक़दमा बग़ैर हाज़िरी आपके समात और फैसला होगा।

**आज्ञा से मुंसरिम दि. 24.2.25**

# होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की तैयारियां जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** आगामी 14 मार्च 2025 को होली पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अनुरूद्ध प्रताप सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सलिल कुमार पटेल, पुलिस अधीक्षक नगर मधुबन कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारीगण, क्षेत्राधिकारीगण, व्यापार मण्डल, पीस कमेटी और होली उत्सव मनाने वाली समितियों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।बैठक में जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने होली, रमजान और नवरात्रि पर्व के दौरान किसी भी आकस्मिक घटना से निपटने के लिए सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करके वहां सुरक्षा बढ़ाई जाए और कंट्रोल रूम की स्थापना की जा रही है, जहां आमजन सूचना दे सकते हैं। कंट्रोल रूम के नंबर 05278-223753 तथा नगर निगम कंट्रोल रूम नंबर 1533 पर लोग अपनी समस्याओं और सूचना दे सकते हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि 13 मार्च 2025 को होलिका दहन और 14 मार्च को होली उत्सव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए उप जिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में कमेटी की बैठकें आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त मजिस्ट्रेट और क्षेत्राधिकारियों को होली पर्व से संबंधित सभी विवरणों का अध्ययन करने के लिए भी कहा और यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि क्षेत्र में कितने जुलूस निकलते हैं और उनके आयोजन में कोई विघ्न न आए।इसके साथ ही जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा, पुलिस और मजिस्ट्रेट टीमों को पारदर्शिता से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए कार्यवाही करने की सलाह दी और विद्युत विभाग को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को भी विशेष स्थानों पर एंबुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया, ताकि आकस्मिक स्थिति में तत्काल सहायता मिल सके।बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर ने सभी थाना प्रभारी से अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण करने और होलिका दहन के परम्परागत स्थानों पर सुरक्षा के मानकों का पालन करने की अपील की। उन्होंने आमजन से शांतिपूर्ण होली मनाने की अपील करते हुए असामाजिक तत्वों से सतर्क रहने और पुलिस को सूचित करने की बात कही अपर जिलाधिकारी नगर और पुलिस अधीक्षक नगर ने बैठक में जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा की गई तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस बैठक के दौरान विभिन्न समितियों के पदाधिकारियों से उनके सुझाव भी लिए गए और अधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए।

# महाकुंभ 2025 के बाद मां सरयू में अमृत स्नान

**अयोध्या।** महाकुंभ 2025 के भव्य समापन के बाद, अयोध्या की फायर बिग्रेड की गाड़ी से लाए गए पवित्र संगम जल से मां सरयू में अमृत स्नान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरण नैय्यर, अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार पांडे, नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी कृष्ण कुमार सिंह, सीआरपीएफ कमांडेंट सतीश दूबे, एसपी सुरक्षा बलरामाचारी दूबे, जॉइंट मजिस्ट्रेट ध्रुव खाड़िया समेत तमाम अधिकारीगण उपस्थित रहे। इन अधिकारियों ने महाकुंभ के दौरान अयोध्या में श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन और सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, जिसके कारण वे प्रयागराज में होने वाले अमृत स्नान में शामिल नहीं हो पाए थे।

# रुदौली की संस्कृति से जुड़ा एक और अध्याय

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** राम मंदिर से लगभग 70 किलोमीटर दूर अयोध्या के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में गोमती के तट पर घने जंगलों में विराजमान मां कामाख्या के दरबार में सात दिवसीय कामाख्या धाम महोत्सव का आज आगाज हुआ, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने मां कामाख्या धाम महोत्सव का उद्घाटन किया और मातृ शक्तियों के साथ दुर दुरिया कार्यक्रम में शरीक हुई, इस दौरान अपर्णा यादव ने कहा कि यह एक अच्छा महोत्सव है और सनातन धर्म से जुड़े जो छोटे-छोटे पूजन पद्धति है ये सनातनी परंपरा की पहचान है, यह महोत्सव का अच्छा उदाहरण है, दूर-दूर से गांव की रहने वाली महिलाएं आज इस कार्यक्रम में शरीक हुई है,अपर्णा यादव ने कहा कि इस महोत्सव को प्रदेश में और ऊंचाई मिले, उत्तर प्रदेश सरकार से मैं अनुरोध भी करूंगी कि कामाख्या धाम के सुंदरीकरण के लिए धनराशि आवंटित करें, यह एक रमणीक स्थल है,भगवान राम ने भी देवी भक्ति की है,भगवान राम हमारे इष्ट हैं, भारत का चरित्र राम है,भारत का आधारशिला राम है,आयोजक रुदौली के भाजपा विधायक रामचंद्र यादव ने अपर्णा यादव का आभार जताया और कहा कि भोजपुरी के सुपरस्टार गायक अभिनेता पवन सिंह भी आज पहले दिन रात में अपने गीतों से शमा बांधेंगे, दरअसल ये महोत्सव आज 6 मार्च से 12 मार्च तक चलेगा जिसमे नेशनल स्तर की कुश्ती की प्रतियोगिता और धर्म कला संस्कृति संगीत परंपराओं का समागम होगा, धार्मिक अनुष्ठान के साथ ही विचार विमर्श के सत्र भी आयोजित होंगे, मां कामाख्या धाम न्यास के अध्यक्ष रविकांत तिवारी ने आए हुए सभी मेहमानों का आभार जताया। न्यास के अध्यक्ष रविकांत तिवारी मोनू ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर व बुके भेट कर सम्मानित किया।जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि माँ कामाख्या धाम महोत्सव में आप सब के बीच में मैं पहुंची ये मेरा सौभाग्य है क्योंकि ऐसा सौभाग्य कभी कभी ही प्राप्त होता है कि एक साथ इतनी सारी माताओ बहनों का आशीर्वाद प्राप्त हो हमारी अयोध्या की परंपरा है कि शुभ कार्य के शुभारंभ से पहले अवसान मईया का पूजा किया जाता है जिसमे सुहागिन महिलाएं पूजा अर्चना करती है।आज इस महोत्सव के शुभारंभ से पूर्व हजारो मातृशक्ति इस कार्यक्रम में शामिल हुई है इस मौके पर मां कामाख्या नगर पंचायत अध्यक्ष व न्यास के संयोजक शीतला प्रसाद शुक्ला भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडे खुन्नू ,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित,ब्लॉक प्रमुख कमलेश यादव तेज तिवारी पूर्व ब्लाक प्रमुख राम प्रताप यादव सामाजिक कार्यकर्ता आलोक यादव भवानीफेर मिश्रा बब्बन शुक्ला कप्तान गिरी,राजेश वर्मा,कृष्ण सागर पाल,सचिन कसौधन, पंकज यादव,राजू शर्मा, वेद प्रकाश शुक्ला आदि मौजूद थे।

# एडीए व नगर निगम के कार्यालय के निर्माण में आई तेजी

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या विकास प्राधिकरण और नगर निगम का संयुक्त बहुमंजिला निर्माणाधीन कार्यालय का कार्य जोर शोर से चल रहा है। पांच मंजिला इमारत में वो तमाम सुविधाएं मौजूद रहेंगी, जो बड़े-बड़े महानगरों में स्थित भवनों में होती है। अब तक 60 फीसदी निर्माण पूरा हो चुका है। प्रथम, द्वितीय, तृतीय तल का कार्य पूरा हो चुका गया। चतुर्थ तल पर स्ट्रक्चर, ब्रिक फील्ड और फायर फाइटिंग का कार्य प्रगति पर है।वैग्माइन एंटरप्राइजेज के प्रोजेक्ट मैनेजर मेहराम शर्मा ने बताया कि अक्टूबर तक निर्माण पूर्ण कर लिया जाएगा। संभावना जताई जा रही है कि इस वर्ष यह भवन बनकर तैयार हो जाएगा। काफी दिनों से नगर निगम का नया कार्यालय बनवाये जाने को लेकर कवायद चल रही थी। प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्यावासियों की सहूलियत को देखते हुए नगर निगम और विकास प्राधिकरण का कार्य एक जगह बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। सदर तहसील के पास जीजीआईसी के सामने निर्माण कार्यों के लिए जमीन उपलब्ध कराई गई थी। 119.90करोड़ की लागत से बन रहे इस भवन की उपलब्ध जमीन के 37 फीसदी हिस्से पर निर्माण होगा और कार्यालय को सीसीटीवी, लैन नेटवर्क, ईपी बॉक्स सिस्टम, वातानुकूलन, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, ग्रीनरी आदि से आच्छादित किया जाएगा। भवन निर्माण में अयोध्या के प्रमुख मठ-मंदिरों सीता रसोई, राम मंदिर, दशरथ महल के साथ मुगल स्थापत्य शैली का समावेश देखने को मिलेगा।

**नए भवन में बनेगें इन विभागों के कार्यालय**

प्रस्तावित कार्यालय भवन में नगर निगम का राजस्व/कर विभाग, जन्म/मृत्यु विभाग, एपीडी व रोकड़ विभाग, स्वास्थ्य, सिविल, लेखा, वित्त, एनफोर्समेन्ट, संपत्ति विभाग, आडिट, जलकल, विद्युत्, किराया, लाइसेंस एवं पर्यावरण, जीव-जंतु एवं कानून विभग, अधिस्थान एवं समिति विभाग तथा सदन हाल का निर्माण कराया जाएगा। जबकि अयोध्या विकास प्राधिकरण के कार्यालय में नियोजन विभाग, संपत्ति विभाग, भूमि विभाग, इंजीनियरिंग विभाग, वित्त विभाग और प्रशासनिक विभाग का कार्यालय बनना है।

**ये सुविधाएं भी रहेंगी**

-मुख्य ग्राउंड +5 गार्ड रूम, सी.सी. रोड बाउण्ड्री, प्रवेश द्वार, यू. जी. टैंक 150 कि.ली. फ़ायर फाइटिंग सिस्टम, यूपीएस, एलएएन सिस्टम आदि विकसित होगा। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि हमारी कोशिश है कि इस वर्ष तक इसे कम्पलीट कर लें। एडीए के उपाध्यक्ष अश्विनी पांडेय ने बताया कि इस भवन के निर्माण के बाद लोगों को काफी सहुलियत मिल जाएगी।

# बरेली में होली पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम , ड्रोन से की जाएगी निगरानी



*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** होलिका दहन और रंगोत्सव के मौके पर बरेली जिले में सुरक्षा बंदोबस्त दुरुस्त करने की पूरी तैयारी कर ली गई है। एसएसपी ने राजपत्रित अधिकारियों के साथ हुई बैठक में 80 होली जुलूस निकालने के दौरान जिम्मेदारी तय की है। हर थाना क्षेत्र में एक ड्रोन ऑपरेटर को पुलिस के साथ संबद्ध किया है। जिले में ड्रोन की मदद से छतों के पत्थर व भीड़ को देखा जाएगा। एसएसपी अनुराग आर्य ने बताया कि जिले में कुल 2900 स्थानों पर होलिका दहन होगा। जबकि 80 जुलूस के लिए बॉक्स फार्मेशन में ड्यूटियां लगाई जा रही हैं। साथ ही छतों पर भी ड्यूटी लगाई जा रही हैं। पुलिसकर्मी छतों व गलियों की स्थिति देखने को ड्रोन की भी मदद लेंगे।

रूट का सभी राजपत्रित अधिकारी भ्रमण कर रहे हैं। जुलूसों के रूट पर जितने भी संवेदनशील क्षेत्र हैं, उनको पहले से चेक कराने का निर्देश दिया है। खासतौर से मिश्रित आबादी वाले संवेदनशील क्षेत्रों का सीओ व थानेदारों ने भ्रमण कर लिया है, जो जगह छूटी हैं वह एक-दो दिन में पूरी तरह देख ली जाएंगी।

एसएसपी ने बताया कि क्षेत्र में 75 इंस्पेक्टर, 500 दरोगा, 500 मुख्य आरक्षी, 1100 आरक्षी व महिला आरक्षी की होली पर लगातार तैनाती रहेगी। थानों पर पीस कमेटी के सदस्यों को भी जिम्मेदारी दी गई है। एसएसपी ने बताया कि किसी ने अफवाह फैलाने की कोशिश की तो तत्काल गिरफ्तारी कर जेल भेजा जाएगा।

होली का जुलूस और जुमे की नमाज एक ही दिन है। इस दौरान किसी तरह से कानून व्यवस्था न बिगड़े, इसके लिए पीस कमेटी की बैठक में जुमे की नमाज के समय में बदलाव करने पर सहमति बनी है। सभी मस्जिद के इमाम होली के जुलूस को ध्यान में रखकर नमाज का समय तय करेंगे। मंगलवार को पुलिस लाइन के रविंद्रालय सभागार में एडीजी रमित शर्मा की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई थी। इसमें आईजी पुलिस डॉ. राकेश कुमार सिंह, डीएम रविंद्र कुमार, एसएसपी अनुराग आर्य के अलावा मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल मौजूद रहीं।

# मोहम्मद शमी पर क्यों भड़के मौलाना, शरीयत की नजर में बताया मुजरिम



**बरेली।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को लेकर जुबानी जंग छिड़ गई है। बरेलवी मौलाना ने कहा कि मोहम्मद शमी ने रोजा न रखकर गुनाह किया है। वह शरीयत की नजर में मुजरिम हैं।

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने क्रिकेटर मोहम्मद शमी की अलोचना की है। मौलाना ने कहा कि इस्लाम में रोजा को फर्ज करार दिया है। अगर कोई जान-बूझकर रोजा नहीं रखता है तो वह गुनहगाह है। ऐसा ही क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने किया, उन्होंने रोजा नहीं रखा। रोजा न रखकर मोहम्मद शमी ने बहुत बड़ा गुनाह किया है। शरीयत की नजर में वह मुजरिम हैं। दरअसल, चैंपियंस ट्रॉफी के मैच के दौरान खेलते वक्त मोहम्मद शमी पानी पीते नजर आए थे। उनकी तस्वीर सामने आई तो वह मौलानाओं के निशाने पर आ गए हैं मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा, इस्लाम के अनिवार्य फर्जों में से एक है रोजा। अगर कोई स्वस्थ पुरुष या महिला रोजा नहीं रखता है, तो वह बड़ा अपराधी है। क्रिकेट खिलाड़ी मोहम्मद शमी ने मैच के दौरान पानी या कोई अन्य पेय पदार्थ पी लिया। लोग उन्हें देख रहे थे। अगर वह खेल रहे हैं, तो इसका मतलब है कि वह स्वस्थ हैं। ऐसी हालत में उन्होंने रोजा नहीं रखा और पानी भी पी लिया। इससे लोगों में गलत संदेश जाता है। रोजा न रखकर शमी ने गुनाह किया है। उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए। शरीयत की नजर में वह अपराधी हैं। उन्हें खुदा को जवाब देना होगा।

# आबकारी दुकानों का ई-लॉटरी प्रक्रिया संपन्न







*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** आबकारी चयन समिति की उपस्थिति में गुरुवार को कलेक्ट्रेट परिसर पर आबकारी दुकानों हेतु ई-लॉटरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। इनमें देशी मदिरा की 179, कंपोजिट शॉप 100, मॉडल शॉप 02 और भांग की 04 दुकानों की नीलामी की गई। ई लॉटरी प्रक्रिया सायं 04 बजे शुरू हुई और लगभग 5-30 बजे पूर्ण हुई। ई-लॉटरी हेतु जिलाधिकारी अनुनय झा पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना, अपर जिलाधिकारी, आबकारी आयुक्त द्वारा नामित सदस्य और जिला आबकारी अधिकारी सहित विभिन्न अधिकारी 03:30 बजे ही लॉटरी स्थल पर पहुंच गए। जिलाधिकारी महोदय ने उपस्थित सभी आवेदकों को संपूर्ण ई-लॉटरी प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया। उन्होंने मौके पर आवेदकों की सहमति से पारदर्शी तरीके से रेंडमाइजेशन का ट्रायल भी पूर्ण कराया। इसके उपरांत रेंडमाइजेशन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से पूर्ण की गई। इसके उपरांत उनके निर्देश ह्यपर अपर जिलाधिकारी ने देशी शराब, मॉडल शॉप, कंपोजिट दुकानों और भांग की दुकानों आवंटित दुकानों और आवंटियों की सूची को पढ़कर सुनाया। साथ ही लॉटरी स्थल पर स्क्रीन पर सूची को प्रदर्शित किया गया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट और जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय पर चस्पा करने साथ एनआईसी की वेबसाइट पर अपलोड करने का भी निर्देश दिया। जनपद में कुल 285 देशी शराब/कंपोजिट दुकान/मॉडल शॉप/भांग की दुकान के सापेक्ष 2297 आवेदनकर्ताओं द्वारा 4878 आवेदन प्राप्त हुआ था।

# रेलवे ट्रैक पर मिला 40 वर्षीय व्यक्ति का शव, हत्या का आरोप

## इंसाफ की मांग कर परिजन संग ग्रामीणों ने सड़क किया जाम

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** स्थानीय नगर के वार्ड महाराणा प्रताप नगर में रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव मिला।जिसकी पहचान लक्ष्मीबाई नगर,लोहेपार निवासी प्रमोद यादव के रूप में हुई।परिजनों ने तहरीर देकर हत्या का आरोप लगाते हुए सड़क जाम का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने समझा बुझाकर उन्हें शांत कराया।

सिसवा नगर के लक्ष्मीबाई नगर वार्ड लोहेपार निवासी प्रमोद यादव(40) पुत्र रामकिशोर यादव का शव बुधवार की रात्रि में भुजौली रेलवे ट्रैक पर मिला।सूचना पर पहुची कोठीभार पुलिस ने मोबाइल से परिजनों को सूचना दी और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गुरुवार की सुबह परिजनों ने तहरीर देकर कहा कि साढ़े आठ बजे प्रमोद भोजन करने जा रहे थे कि किसी का फोन आया और बिना भोजन किए बाहर चले गए और देर रात्रि उनके मृत्यु की सूचना मिली।जरूर उनकी हत्या कर साजिशन शव को ट्रैक पर रखा गया है।

काल डिटेल हटाने की सूचना पर परिजन आक्रोशित हो गए और पोस्टमार्टम के बाद शव के वापस आते ही इंसाफ की मांग करते हुए सड़क जाम कर धरने पर बैठ गए।उक्त प्रकरण में प्रभारी निरीक्षक अखिलेश सिंह ने बताया कि किसी के द्वारा काल डिटेल हटाने की अफवाह फैलाने पर परिजन आक्रोशित थे,सीडीआर दिखाने की बात पर परिजन दाह संस्कार के लिए राजी हो गए है।

शव का पोस्टमार्टम करा लिया गया है, मोबाइल काल डिटेल रिकार्ड मंगाया गया है, दोनों रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# संवरेगा अमानीगंज विकास खण्ड का गहनाग बाबा धाम

**अयोध्या।** वादों पर खरा उतरने वाली प्रदेश की योगी सरकार ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए खजाना खोल दिया है। पर्यटन व सांस्कृतिक दृष्टि से भी मिल्कीपुर को सजाया और संवारा जाने लगा है। इसी क्रम में 106.60 लाख रुपये से विकास खण्ड अमानीगंज के राम पट्टी में स्थित गहनाग बाबा धाम का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। राम मंदिर निर्माण के बाद जिले के सभी पौराणिक स्थलों को विकसित करने का काम तेजी से चल रहा है। मिल्कीपुर में विधानसभा के उपचुनाव के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं यह घोषणा की थी कि गहनाग बाबा धाम का जल्द ही सौंदर्यीकरण कराया जायेगा। इस क्रम में कार्य शुरू हो चुका है। बता दें कि मिल्कीपुर में सड़कों के निर्माण व कुछ विद्यालयों के निर्माण की स्वीकृति पहले ही मिल चुकी है। वह सब निर्माणाधीन हैं।

**अयोध्या तीर्थ विकास परिषद करा रहा कार्य**

गहनाग बाबा धाम आस्था का केंद्र है। यहां लगने वाले मेले के दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को देखते हुए इसका पर्यटन विकास करने का प्लान बनाया गया है। अयोध्या तीर्थ विकास परिषद ही यहां सौंदर्यीकरण का कार्य करा रहा है। पौराणिक स्थलों को डेवलप करने के उद्देश्य से ही परिषद का वर्ष भर पहले गठन किया गया था, जिसके अध्यक्ष मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हैं।

**कुंड के स्वरूप में दिखेगा सरोवर**

अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के सीईओ संतोष शर्मा ने बताया कि गहनाग बाबा धाम का निरीक्षण किया गया था।

# आवासीय मकान में बिजली शॉर्ट सर्किट से लगी आग



*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी कस्बे के एक आवासीय मकान में बिजली के शॉर्ट सर्किट से आग लग गया। जिससे घर का सामान बेड , बिस्तर व कम्बल जलकर राख हो गया। गनीमत हुआ कि आग तीसरे मंजिल के आवासीय कमरे लगी। ग्राउंड फ्लोर पर आरोही फैशन सेंटर के नाम से दुकान है वहीं दूसरे मंजिल पर दुकान का गोदाम है,जहां दुकान का सामान डंप किया गया है। ठूठीबारी नौतनवा तिराहे पर पुलिस पिकेट के ठीक पूरब कस्बा निवासी जनार्दन प्रसाद गुप्त का आरोही फैशन सेंटर के नाम से दुकान है। दुकान में लेडिस, जेंट्स सहित बच्चों के रेडिमेट कपड़े बिकते है। दिन बुधवार को रोज की तरह पूरा परिवार करीब नौ बजे रात को दुकान का शटर बंद कर तीसरी मंजिल के आवासीय कमरे मे सोने चला गया। भोर करीब तीन बजे बिजली शॉर्ट सर्किट से कमरे में आग लग गया। जिससे परिवार में अफरा तफरी मच गया।लोग चीखने चिल्लाने लगे, आवाज सुनकर मौके पर अगल बगल के लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। इस बाबत प्रभारी कोतवाल राघवेंद्र सिंह ने बताया कि बिजली शॉर्ट सर्किट्स लगी आग पर काबू पाया गया।कोई हताहत नहीं हुआ है।

# एसएसबी का सात दिवसीय नागरिक कल्याण कार्यक्रम का शुभारंभ

## शिशु विद्यालय जूनियर हाई स्कूल में हुआ आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*



**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी कस्बे के शिशु विद्यालय जूनियर हाई स्कूल प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत सीमावर्ती क्षेत्र मे सात दिन के डेयरी फार्मिंग प्रशिक्षण व श्री अन्न के बीज, फलदार पौधों के वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र, छात्राओं द्वारा स्वागत गीत, राष्ट्रगीत, कैसेट संग सहित विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगो का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि एसएसबी के द्वितीय कमानधिकारी नरेश कुमार जांगिड़ रहे। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र में अभी जागरूकता की कमी होने के कारण ग्रामीण रोजगार के सृजन के लिए अन्य शहरों में पलायन कर अपनी जीविका चला रहे है। जिसे रोकने व जागरूक करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम जैसे रचनात्मक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम सीमावर्ती क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सात दिनों तक आयोजित कर किसानों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिससे इस क्षेत्र लोग जागरूक होकर घर बैठे स्वरोजगार सृजन कर सके। एसएसबी सहायक कमांडेंट सी विवेक ने बताया कि कार्यक्रम सफल बनाने के लिए करीब 50 प्रशिक्षु किसान को लगाया गया है। जो क्षेत्र मे सात दिन के डेयरी फार्मिंग प्रशिक्षण व श्री अन्न के बीज के विषय में जानकारी देंगे साथ ही किसानों को फलदार पौधों का भी वितरण किया जाएगा। इस मौके पर बीओपी इंचार्ज ठूठीबारी आलोक देब नाथ, प्रधानाध्यापक अम्बरीष त्रिपाठी, आशुतोष वर्मा, प्रधानाध्यापक राम नारायण, ग्राम प्रधान ठूठीबारी अजय कुमार पूर्व प्रधान अभय शंकर सिंह उर्फ बबलू सिंह, प्रधान भरवालिया बैजनाथ यादव, कृष्ण मोहन रेनियर, नीरज सोनी विनोद कुमार सचिंद्र सिंह, कस्टम कोतवाली पुलिस सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मिठौरा ब्लॉक में क्षेत्र पंचायत की बैठक आज

**मिठौरा(महराजगंज )।** विकास खण्ड मिठौरा में स्थित सभागार में आज 7 मार्च को पूर्वाह्न 11 बजे से क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक आहूत की गई है। जिसमें समस्त क्षेत्र पंचायत सदस्य , ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य व अन्य सभी सम्बंधित जनप्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे । इस बैठक हेतु जारी एजेंडे में छः बिंदुओं पर मुख्य रूप से चर्चा होगी। इसकी जानकारी देते हुए ब्लॉक प्रमुख मिठौरा उर्मिला गुप्ता एवं बीडीओ राहुल सागर ने संयुक्त रूप से बताया कि सभी सम्बंधित जनप्रतिनिधियों से इस बैठक में समय से उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है ।

# सप्त दिवसीय शिविर का हुआ आयोजन




*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** घुघली क्षेत्र के जोगिया में स्थित श्री गुरु गोरक्षनाथ पीजी कालेज जोगिया में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के महाराणा प्रताप ईकाई द्वारा सप्तदिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारम्भ प्राथमिक विद्यालय जोगिया की प्रधानाध्यापिका द्वारा सरस्वती माँ की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। सरस्वती वन्दना के उपरान्त ग्राम सभा जोगिया के सभासद गिरिजेश सिंह एवं महाविद्यालय के चनष्पति विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रज्ज्वल इवे, भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ0 देवेन्द्र कुमार, समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष डों0 धर्मेन्द्र पाल, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डो- अमरनाथ पटेल एवं पा0 विद्यालय की अध्यापिकाएँ उपास्थित रहीं। कार्यक्रम अधिकारी डा अमर नाथ पटेल ने अपने सम्बोधन मे बताया कि प्रत्येक स्वयंसेवक एवं स्वंयसेविकाओं का यह पुनीत कत्वय है कि अपने आस-पास के परिवेश को साफ और स्वच्छ रखेंगे । इसके बाद स्वयंसेवको ने रैली निकालकर गाँव में सफाई कर लोगो को स्वच्छता का संदेश दिया। स्वयंसेवको ने स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए लोगो से बताया कि आप सभी ग्रामवासी अपने घर के सामने, सड़क किनारे पालीथीन, कूड़ा-कचरा न फेंके ।. स्वयंसेवक गली-गली भ्रमणकर साफ-सफाई का कार्य किया, लोगो को बैनर मे लिखे स्लोगन स्वच्छता को अपनाना है, बीमारी दूर भगाना है, का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में शिल्पा, विन्ध्यवासिनी, रेनू नन्दिनी, सुमन, साहिल, इत्यादि ने भाग लिया।

## आईपीएल का चुप्पी तोड़ हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जोगिया समाधान अभियान एवं इंडिया



पेस्टिसाइड्स लिमिटेड के साझा सहयोग से चुप्पी तोड़ - हल्ला बोल के अंतर्गत 2012 पोक्सो एक्ट एवं बाल यौन शोषण से बचाव पर आज सिद्धार्थनगर में पोक्सो एक्ट पर एनजीओ की डायरेक्टर अर्चना अग्निहोत्री ने विकास खंड जोगिया में विशिष्ट शिक्षकों के लिए बाल यौन उत्पीड़न से बचाव की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिनमें विशिष्ट शिक्षकों को पॉक्सो एक्ट एवं यौन उत्पीड़न के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। कार्यशाला में करुणापति त्रिपाठी जिला समन्वयक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की सभी ने सराहना करते हुए बताया इस कार्यक्रम से विशिष्ट अध्यापकों को बहुत महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। मौके पर बाल मित्र केंद्र की कोऑर्डिनेटर रीना त्रिपाठी, संगम एवं श्री सुनील त्रिपाठी उपस्थित रहे।

## प्राईवेट बैंक कम्पनी के प्रताड़ना से महिला ने खाया जहरीला पदार्थ

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लोहरौली की रहने वाली जीरावती महिला ने प्राईवेट बैंक से लगभग दो लाख रुपए लोन लिया था। समय पर लोन की किस्त नहीं चुकाने पर लोन कंपनी के एक कर्मचारी द्वारा बार-बार दुर्व्यवहार करने से परेशान होकर महिला ने लोन कम्पनी के कर्मचारी के सामने ही जहरीली पदार्थ खाकर आत्म हत्या करने की कोशिश की है। घटना कोतवाली क्षेत्र के लोहरौली गांव की है घटना के बाद लोन कंपनी का कर्मचारी मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगो ने महिला को एम्बुलेंस के माध्यम से सीएचसी लोटन लाया जहां महिला का इलाज चल रहा है। मौके पर मौजूद ग्रामीणों का आरोप है कि लोन का पैसे देने में देरी होने पर उसके घर पर कंपनी के कर्मचारी ने उक्त महिला को धमकाया यहां तक कि उसके साथ गाली-गलौज भी की गयी महिला ने लोन कंपनी से लोन लिया था वह नियमानुसार हर सप्ताह लोन की किस्त चुकाती रही हालांकि, पति के किसी काम की वजह से बाहर होने के कारण वह समय पर किस्त नहीं चुका सकी। पड़ोसियों के अनुसार लोन कंपनी का एक कर्मचारी गुरुवार को महिला के घर आया उस वक्त महिला घर पर मौजूद थी। कथित तौर पर कर्मचारी ने महिला से दुर्व्यवहार किया उसे धमकाया भी इसके बाद महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। गम्भीर हालत में महिला को सीएचसी लोटन लाया गया जहां इलाज चल रहा है।

## युवक की मौत पर परिजनों ने जताया संदेह

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के जोरियन कटुई गांव में गुरुवार की सुबह घर के अंदर एक व्यक्ति की मौत हो गई। मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। अपने दामाद के साथ थाने पहुंचकर मां ने पुत्र की मौत पर संदेश जाहिर करते हुए पुलिस को तहरीर दी है। शिकायत पर पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। सम्मनपुर थाना क्षेत्र के जोरियन कटुई के रहने वाले मनोज श्रीवास्तव (40 वर्ष) कई दिनों से बीमार चल रहे थे। पैर में प्लास्टर लगा है। गुरुवार सुबह करीब 7-30 बजे घर के अंदर अचानक उनकी मौत हो गई। इससे स्वजनों में कोहराम मचा है। मृतक के एक पुत्र व पुत्री है जिनका रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक की पत्नी रेखा श्रीवास्तव राजस्थान में रहती है पति के मौत की खबर सुनकर वह वहां से घर आ रही हैं। मृतक की मां शैला देवी ने दामाद के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर मौत पर संदेश जाताया कहा है कि उनके पुत्र की मौत स्वाभाविक नहीं है। उसे साजिशन मारा गया है। प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश सिंह यादव ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या युवक की मौत स्वाभाविक है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होगी। उसके बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## आठ लाख गाटो का हो सकता है ई खसरा पड़ताल

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** डिजिटल ई-खसरा पड़ताल का कार्य जोर नहीं पकड़ रहा है। अब तक 11 लाख गाटों के सापेक्ष आठ लाख गाटों का सर्वे कार्य पूरा हो सका है। जिले की 899 ग्राम पंचायतों में 11 लाख गाटों की ई-खसरा पड़ताल के लिए राजस्व विभाग के साथ ग्राम्य विकास, पंचायतीराज, चकबंदी व कृषि विभाग के कर्मचारियों को लगाया गया है। इस कार्य को 15 मार्च तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन सर्वे कार्य गति नहीं पकड़ रहा है। अब तक 60 प्रतिशत सर्वे कार्य ही पूरा हो सका है। जिले में पांच लाख से अधिक किसान है। कृषि विभाग, राजस्व विभाग व अन्य विभागों के सहयोग से फसलों के गाटों का सर्वे कराया जा रहा है। इसमें सर्वेयर को किसान के खेत पर ही जा कर खड़ी फसल की फोटो लेते हुए अक्षांश-देशांतर के साथ ही गाटा संख्या का पूरा विवरण ऑनलाइन ऐप पर अपलोड करना है। इसमें गांव में बाई गई फसल का क्षेत्रफल, परती जमीन व अन्य विवरण और फोटो एग्री स्टेक योजना तहत ऐप पर आपलोड किया जा रहा है। सर्वे के लिए विभाग की तरफ से ई-खसरा पड़ताल की मोबाइल ऐप की मदद ली जा रही है। उप कृषि निदेशक डा. अश्विनी कुमार सिंह बताया कि आठ लाख दस हजार गाटों का कार्य पूरा कर लिया गया है। सर्वे कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।

## लोक उपासना जन जागरूकता कार्यक्रम का डीएम ने किया शुभारम्भ



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने विकासखंड अकबरपुर में आयोजित लोक उपासना जन जागरूकता कार्यक्रम विकास खंड अकबरपुर का दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया शुभारंभ। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में विकासखंड अकबरपुर में आयोजित लोक उपासना जन जागरूकता कार्यक्रम में सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजना की संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा आम जनमानस को दी गई जानकारी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा आम आदमी (कॉमन मैन) को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न जनकल्याणकारी एवं लोक कल्याणकारी योजनाओं का संपूर्ण प्रदेश में संचालन किया जा रहा है जिसके परिणाम स्वरूप प्रदेश का सर्वांगीण विकास हो रहा है और उत्तर प्रदेश, देश में सबसे तीव्र गति से सभी सेक्टरों में आगे बढ़ रहा है इसी कड़ी में माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रशासन गांव जाकर योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है, उन्हें योजनाओं का लाभ सुगमता से लेने हेतु आज एक एक योजना की समस्त प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की जा रही है और एक-एक जरूरतमंद तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। इस हेतु जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक सप्ताह एक विकास खंड में लोक उपासना जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जहां पर कार्यक्रम में एक मंच पर समस्त विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को लाकर एकत्रित जनमानस को अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है।

# अमेरिका की हरकत से माओवादी केंद्र में उबाल

यशोदा श्रीवास्तव



**काठमांडू।** भारतीय नागरिकों की ही तरह अमेरिका ने नेपाल के नागरिकों हथकड़ी और बेड़ियों के साथ नेपाल वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। नेपाल की ओली सरकार तो अमेरिका के इस हरकत पर खामोश है लेकिन प्रमुख विपक्षी दल माओवादी केंद्र ने इस पर नाराजगी जताई है और अमेरिका सरकार की निंदा की है। बता दें कि दलालों के मार्फत बेहतर जीवन का सपना संजोकर अमेरिका गए 9 नेपाली नागरिकों को बुधवार को हथकड़ियां और बेड़ियां पहनाकर चार्टर्ड विमान से नेपाल भेज दिया गया।

यह निष्कासन ऐसे समय में हुआ जब अमेरिका खुद को मानवाधिकार और समानता का वैश्विक संरक्षक बताता है, लेकिन वास्तविकता इससे बिल्कुल उलट नजर आती है। वे नेपाली युवक जो अमेरिका में अपने सपनों को साकार करने पहुंचे थे, उन्हें हथकड़ियों और जंजीरों में जकड़ दिया गया। ये बदकिस्मत लोग दुबई, यूरोप, ब्राजील और मैक्सिको के खतरनाक रास्तों से होते हुए अमेरिका पहुंचे थे। किसी ने घने जंगलों में महीनों गुजारे, किसी ने जानलेवा समुद्री लहरों का सामना किया, तो किसी ने तपते रेगिस्तान मे अपने पैर जलाए। अमेरिकी सीमा पर पहुंचते ही उन्हें कैद कर लिया गया और 11 महीने बाद अमानवीय तरीके से निर्वासित कर दिया गया। इन युवाओं ने अपनी पूरी जिंदगी की जमा पूंजी, 40 लाख से 90 लाख नेपाली रुपये तक खर्च कर दी थी। अमेरीका की इस क्रूरतम हरकत पर माओवादी केंद्र लुंबिनी प्रदेश के वरिष्ठ नेता मौलाना मशहूद खान नेपाली ने इस घटना पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि यह सिर्फ 9 नेपाली नागरिकों का निष्कासन नहीं है, बल्कि पूरी नेपाली अस्मिता पर हमला है। क्या गरीब होना अपराध बन चुका है? क्या नेपाली श्रमिकों की गलती सिर्फ इतनी है कि वे भी बेहतर जीवन का सपना देखते हैं? अगर आज हमने आवाज नहीं उठाई, तो कल और भी हमारे भाइयों और बहनों की इज्जत इसी तरह रौंदी जाएगी। उन्होंने कहा अमेरिका अगर वास्तव में न्याय और समानता में विश्वास रखता है, तो फिर यह दोहरा मापदंड क्यों? अगर कोई अमीर व्यक्ति अमेरिका जाता है, तो उसका स्वागत किया जाता है, लेकिन अगर एक गरीब मजदूर वहां बेहतर भविष्य की आस लेकर पहुंचे, तो उसे जंजीरों में जकड़ दिया जाता है।

मौलाना मशहूद खान नेपाली ने नेपाल सरकार से तत्काल अमेरिकी राजदूत को तलब कर इस अमानवीय व्यवहार के खिलाफ सख्त विरोध दर्ज कराने और

- लुंबिनी प्रदेश के माओवादी नेता मशहूद खां ने ओली से की संज्ञान लेने की अपील

स्पष्ट जवाब मांगने की अपील की। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि नेपाल सरकार को यह साबित करना होगा कि वह अपने नागरिकों की प्रतिष्ठा की रक्षा के लिए गंभीर है। मालूम हो कि 2020 से अब तक 35 नेपाली नागरिक अमेरिका से निष्कासित किए जा चुके हैं। जो बाइडेन के कार्यकाल में अब तक 9,000 नेपाली बिना वीजा अमेरिका में दाखिल हुए हैं।

अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एनफोर्समेंट की हिरासत में 2,008 नेपाली नागरिक हैं। 3,500 नेपाली नागरिकों को अमेरिकी अदालतों से निष्कासन के आदेश मिल चुके हैं, जिनमें से 2,000 पहले ही वापस भेजे जा चुके हैं, जबकि 1,500 अभी टीपीएस के तहत कानूनी संरक्षण में हैं। मौलाना मशहूद खान नेपाली ने कहा अगर आज हमने विरोध नहीं किया, तो इतिहास हमें कभी माफ नहीं करेगा। नेपाल सरकार को अपने स्वाभिमान का परिचय देना होगा, नहीं तो जनता खुद सड़कों पर उतर आएगी।

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर : एसडीएम ने किया उद्घाटन कर बताया उद्देश्य



अवधनामा संवाददाता

**इटवा सिद्धार्थनगर।** इटवा नगर पंचायत स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू हुआ। शिविर का उद्घाटन उपजिलाधिकारी इटवा कुणाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अष्टभुजा पाण्डेय ने की। एसडीएम ने कहा कि शिविर में सभी स्वयं सेवक पूरी निष्ठा से भाग लें और सभी कार्यक्रमों भी भागीदारी करें। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पवन कुमार पाण्डेय ने सात दिनों की कार्य योजना की जानकारी स्वयंसेवकों को दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं अपराजिता, अव्यका और रेजना ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। स्वागत गीत सुषमा मौर्या और काजल सोनी ने गाया। मुख्य अतिथि का स्वागत डॉ. पवन कुमार पाण्डेय ने अंगवस्त्र, डॉ. नूरुल हसन बैच लगाकर व डॉ. संतोष कुमार पाण्डेय ने माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टाफ सदस्य अम्बिकेश्वर त्रिपाठी, रेखा, राकेश, मो. निजाम, डॉ. लाल बहादुर यादव, युवती मुखिया, जयंत चौधरी, आशुतोष पाण्डेय, राम नारायण पाण्डेय, अंकित चौबे, भक्ति त्रिपाठी और विजेन्द्र शेखर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रमोद कुमार द्विवेदी ने किया।

# वार्षिकोत्सव का हुआ आयोजन, बच्चों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ब्लाक संसाधन केंद्र अंतर्गत जलालपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि गौतम सोनी ग्राम प्रधान विशिष्ट अतिथि अनूप कुमार पांडेय एआरपी डुमरियागंज शेषराम यादव नोडल शिक्षक संकुल बढ़नी चाफ़ा उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट योगदान देने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम उपरांत राजेश वर्मा प्रधानाचार्य चौधरी चरण सिंह कन्या इंटर कालेज बायताल ने भी बच्चों को पुरस्कृत किया। मुख्य अतिथि संबोधन में गौतम सोनी ने कहा कि विद्यालयों में तमाम बच्चे अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। अनूप पांडे ने कहा कि सभी शिक्षक निपुण लक्ष्य पर ध्यान दे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना व स्वागत गीत के साथ किया गया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया । विद्यालय की बालिकाओ ने नृत्य व डांस प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में फरवरी माह में शत प्रतिशत उपस्थिति होने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। तथा प्रत्येक कक्षा से 1 बच्चो को सम्मानित किया गया जो बच्चे अच्छे थे। इस के अलावा अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर विजयपाल, नसीब अली, स्वामीनाथ, रमाशंकर पटेल, अंजनी देवी, चिनका देवी, कैलाशपति, कृष्णावती गीता, लक्ष्मी चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

# गौरडीह में मिड डे मील शेड व पंचायत भवन का लोकार्पण

एजाज़ सिद्दीक़ी



**इटवा सिद्धार्थनगर।** खुनियांव ब्लाक के गौरडीह में सचिव सुजीत कुमार जायसवाल ने गुरुवार को प्राथमिक विद्यालय में मिड डे मील शेड का फीता काटकर शुभारंभ किया गया है। इटवा तहसील के खुनियांव ब्लॉक

- खाते-खाते बच्चे कुछ सीख भी सके इस लिए लिखा गया स्लोगन : सचिव
- मिड डे मील शेड का फीता काटकर किया उद्घाटन

के गौरडीह में कंपोजिट विद्यालय में मिड डे मील शेड का सचिव सुजीत कुमार जायसवाल ने फीता काटकर उद्घाटन किया है। सचिव सुजीत जायसवाल ने बताया कि ब्लाक में कई जगह निर्माण हुआ है मगर जिस मिड डे मील शेड का उद्घाटन किया है। वह ब्लॉक क्षेत्र का पहला संचालित मिड डे मिल शेड है। इससे पहले खुनियांव ब्लॉक में कोई मिड डे मील शेड नहीं था।

सचिव सुजीत जायसवाल ने कहा कि प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को बेहतर सुविधा दी जाए। इसके लिए यह शेड बनाया गया हैं। स्कूलों में जो मिड डे मील बनता है। उसे खाने के लिए पहले क्लास व स्कूल परिसर में ही खिला दिया जाता था।

अब जिन स्कूलों में मिड डे मील शेड का निर्माण कराया जा रहा है। वहां पर स्कूल में ही एक जगह चिन्हित कर टीन शेड डालकर उसके नीचे बच्चों के हिसाब से छोटे बड़े शेड बना दिए गए। अब बच्चे नीचे ना बैठकर इन शेड पर बैठकर खाना खाएंगे। साथ ही साथ इन शेड के चारों ओर दीवारों पर स्लोगन भी लगाए गए हैं। ताकि बच्चे इनसे प्रभावित हो और खाते-खाते बच्चे कुछ सीख भी सके। गौरडीह गांव में ही सचिव ने नवनिर्मित पंचायत भवन का भी फीता काटकर उद्घाटन किया है। इस अवसर पर प्रधान गुलबहार प्रधान प्रतिनिधि इकबाल हसन, शमशेर, शिक्षक घनश्याम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ विकास विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में विकास विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री आवास की समीक्षा की गयी। वित्त आयोग की समीक्षा में खण्ड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत ऐसे गांवों को चिन्हित करे जहां पर सबसे कम व्यय हुआ है उस गांव के सचिव से मिलकर कार्यो में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया।

ग्रामीण अन्त्येष्टि स्थल विकास योजनान्तर्गत वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपूर्ण अन्त्येष्टि स्थलों का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराये। पंचायत भवन की स्थिति के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि जहां पर भूमि चिन्हित नही है उपजिलाधिकारी के माध्यम से भूमि चिन्हित कराकर पंचायत भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराये। सभी खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत द्वारा ओ0डी0एफ0 मॉडल ग्रामों में सुबह/शाम में सामुदायिक शौचालय, आर0आर0सी0 सेन्टर का निरीक्षण करे। कूड़ा कलेक्शन हो रहा है कि नही के बारे में निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराये। जिलाधिकारी ने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन की विशेष प्राथमिकता है कि आरआरसी सेन्टर को संचालित किया जाये। उसमें सभी सुविधायें पूर्ण करा दिया जाये। जिन ग्राम पंचायतों में आर.आर.सी. सेन्टर बन गया है वहां पर मैनपावर लगाने का प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

जो भी कार्य ग्राम पंचायतों में कराये जाये उसका समय से भुगतान किया जाये। प्रत्येक सप्ताह में खण्ड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत ग्राम पंचायतों का निरीक्षण करेंगे एवं साथ ही 06 विन्दुओ की अपनी रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को प्रेषित करेंगे तथा प्रतिलिपि जिलाधिकारी को करेंगे। ग्राम पंचायतों के स्थलीय सत्यापन के समय आर0आर0सी0 सेन्टर, पंचायत भवन, हैण्डपम्पों की स्थिति व अन्य कार्यो की गुणवत्ता को देखकर रिपोर्ट प्रेषित करेंगे। पंचायत सहायक और सामुदायिक शौचालय के केयर टेकर के मानदेय का भुगतान कराये। पंचायत भवन पर सीएससी और लाइब्रेरी का संचालन कराये। मिनी स्टेडियम, साधन सहकारी समिति का मरम्मत कार्य, सीएचसी/पीएचसी का मरम्मत कार्य में प्रगति लाकर निर्माण कार्य समय से पूर्ण कराये। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा, डीसीमनरेगा सन्दीप सिंह, डीपीआरओ पवन कुमार, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त एडीओ पंचायत व अन्य संबधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

## चोरी की ट्राली गैर जनपद से हुई बरामद

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** गयासपुर गांव से चोरी हुई ट्राली आजमगढ़ स्थित एक पेंटर की दुकान से किसान ने बरामद किया। और पुलिस को इसकी जानकारी दी पुलिस ने कृषक द्वारा बताए गए पेट की दुकान पर पूछताछ के लिए टीम रवाना कर दिया है। उल्लेखनीय है कि जलालपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत गयासपुर गांव से मंगलवार रात्रि में 1 बजे के करीब कुछ अज्ञात चोरों ने गयासपुर गांव के बाहर स्थित जालंधर सिंह नाम के व्यक्ति का घर है। जहां से चोरों ने ट्रैक्टर से ट्राली को अलग कर उठा ले गए सुबह होते ही जैसे ही घर वालों को इसकी भनक लगी तो खोजबीन जारी हुआ आसपास चौराहे पर पता किया गया सीसी कैमरा खगाला गया तो पता चला चोरों द्वारा ताली ले जाने का लोकेशन किछौछा दरगाह के पास सीसी कैमरे में बसखारी की तरफ जाते दिखाई दिया।

## 77 ग्राम पंचायतों का भाग्य और तस्वीर बदलने वाली मतपेटियों का नही है कोई पुरसाहाल

**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद का चर्चित ब्लाक



मुख्यालय विकास खंड बढ़नी इन दिनों काफी सुर्खियों में है। जहां लापरवाही का आलम यह है कि 77 ग्राम पंचायतों में बैलेट पेपर से चुनें जाने वाले जनप्रतिनिधियों के भाग्य का फैसला करने में अहम रोल निभाकर ग्रामीण व्यवस्था की तस्वीर बदलने वाली मतदान पेटियां आज भी अपने भाग्य और तस्वीरों पर बदहाली की आंसू बहा रही हैं। जिसे चुनाव के बाद से ही ब्लाक मुख्यालय के कैम्पस में खुले आसमान के नीचे कूड़े का ढेर लगाकर फेंक दिया गया है। जिसका कोई पुरसाहाल नहीं है और न ही किसी जिम्मेदार अधिकारी द्वारा उसे सुरक्षित करने का कोई प्रबंध किया जा रहा है। जबकि पंचायत चुनाव भी धीरे-धीरे नजदीक आता जा रहा है। आखिरी समय में उसी मतदान पेटियों को खोजा जायेगा जिसकी आज जरूरत नहीं समझी जा रही है। तब तक काफी संख्या में मतदान पेटिंया सड़ गल कर खत्म हो चुकी होंगी। फिलहाल यह प्रशासनिक अधिकारियों की गैर जिम्मेदाराना रवैया कहीं ना कहीं सरकारी खजाने को नुक़सान पहुंचाने का कार्य कर रहा है और उनकी लापरवाही को दर्शाता है। अब देखने वाली बात है कि मीडिया में खबरें प्रकाशित होने के बाद सोया हुआ प्रशासनिक जिम्मेदार कुंभकरण की नींद से जागता हैं या फिर इसी तरह से अपने रवैए को बरकरार रखकर जनता के टैक्स से भरने वाली खजाने को पलीता लगाते रहते हैं।

# सुविधाओं को क्षेत्र की जनता तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे : विधायक

अवधनामा संवाददाता



**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विधानसभा शोहरतगढ़ अन्तर्गत ग्राम पंचायत दहियाड़ के प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में गुरुवार को ओपेन जिम का उदघाटन/लोकार्पण विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा द्वारा किया गया।

जिम उदघाटन/लोकार्पण के दौरान विधायक विनय वर्मा ने बताया कि शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में अपने विधायक निधि 2023-2024 से 5 ओपेन जिम हेतु कुल लागत 1 करोड़ 17 लाख 77 से रुपये से जनता को समर्पित किया था। जिसके औपचारिक रुप से धरातल पर उतारने के क्रम में गुरुवार को ग्राम पंचायत दहियाड़ के टोला लौसा गांव में जिसका लागत 22.13 लाख में खुलने वाले ओपेन जिम शिलान्यास/लोकार्पण किया है। विधायक ने कहा कि अपने क्षेत्र में सर्वांगीण विकास हेतु लगातार समर्पित हैं और इसके लिए हर सम्भव सुविधाओं को क्षेत्र की जनता तक पहुंचाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। विधायक ने इस सुविधा से लाभान्वित होने वाले क्षेत्रवासियों को समर्पित कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक विनय वर्मा ने ओपेन जिम में एक्सरसाइज किया और बच्चों को अपने हाथों से झूला झुलाया। वहीं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पिन्टू पटेल ने बताया कि अब इस जिम से ग्रामवासियों को स्वस्थ रखने में काफी मदद मिलेगी। यह जिम सेन्टर रोजाना सुबह 4 बजे से 9 बजे तक 5 घन्टे और शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक 3 घन्टे खुला रहेगा। जिस भी ग्रामवासियों को व्यायाम करना है तो वह विद्यालय के प्रांगण में आठ घन्टे कसरत कर सकता है। उक्त उदघाटन/लोकार्पण के दौरान नीलाम्बर दास, सीताम्बर दास, रज्जाक अली, इशहाक अली, रविन्द्र शर्मा, लक्ष्मी प्रसाद, गुरूचरन, इन्द्रेश कुमार, शुद्दू, राजाराम, मोहम्मद रफीक, अकबर, सत्तार, दिनेश यादव सहित गांव के ग्रामवासी, शिक्षक उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य टीम द्वारा नोटिस देने के बाद भी खुला रहा अस्पताल

अवधनामा संवाददाता

**लोटन सिद्धार्थनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन बाजार अन्तर्गत अवैध रूप से चल रहे अस्पताल को 5 मार्च को जांच टीम द्वारा लोटन सोहास रोड पर स्थित एक अस्पताल को बन्द करने व स्पष्टीकरण मांगने के बावजूद बृहस्पतिवार को फिर अस्पताल खोल एक व्यक्ति द्वारा चलाया जा रहा है। जिससे लगता है कि जिलाधिकारी के निर्देश का खुलेआम मज़ाक उड़ाया जा रहा है।

जिलाधिकारी द्वारा जिले में हर तहसील में जांच टीम बनाकर नीजी अस्पतालों, पैथालॉजी, अल्ट्रासाउंड सेंटर का जांच करने के निर्देश के तहत बुधवार को लोटन को तहसीलदार अमित सिंह, लोटन अधीक्षक अमित चौधरी, बीसीपीएम रमाकांत

- नहीं दिख रहा टीम के कार्यवाही का असर

चतुर्वेदी,आवेश श्रीवास्तव ने लोटन बाजार में तमाम अस्पतालों का जांच किया। जिसमे सोहास रोड़ पर चल रहे एक निजी अस्पताल को भी जांच किया गया जांच मे संचालक के पास न तो कोई डिग्री था और न ही कोई कागजात ही मौके पर दिखा पाया। जांच उपरांत अस्पताल के संचालक को टीम द्वारा यह निर्देश दिया गया कि कल से अस्पताल नहीं खुलना चाहिए। जांच टीम द्वारा अस्पताल संचालक से नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया।इसके बावजूद अस्पताल संचालक बिना किसी तरह का जबाब दिये ही फिर अस्पताल चला रहा है। जिससे जांच टीम पर क्षेत्र के लोग सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं कि



यह कैसी जांच टीम है।जो अपने आदेश का अनुपालन कराने में स्मर्थ है। जांच के बाद अगर ऐसे ही अस्पताल खुलता रहा तो जांच टीम का महत्व खत्म हो जायेगा। इस सम्बन्ध में जब सीएचसी अधीक्षक अमित कुमार चौधरी से बात की गयी उन्होंने कहा कि अस्पताल संचालक को अस्पताल बन्द करने का नोटिस दिया गया है। अगर अस्पताल खुला है तो जांच कर विभागीय कार्रवाई किया जायेगा।

## कूटनीति में अपूर्व घटना

अमेरिका में रूस यूक्रेन के युद्ध को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और यूक्रेन राष्ट्रपति जेलेस्की के बीच अमेरिका में लाइव टीवी के सामने जो कूटनीति के क्षेत्र में तू तू मै मै की जो घटना हुई उसे अपूर्व कहा जायेगा। युद्ध का दबाव जो जेलेस्की ऊपर है उसमें उनका झुझलाना समझना आसान है पर ट्रम्प को मुझे उनके अहम उदगा रहा है। रूस तरह तरह से यूक्रेन पर हमला करता रहा है। उसे लगा कि यूक्रेन उसके सामने टिक नहीं सकेगा। जल्दी ही उसका मकसद पूरा हो जायेगा। देश भक्ति का ज्वार बहुत ऊंचा होता है। अमेरिकी मदद से यूक्रेन युद्ध में डटा हुआ है। रूस को इससे आर्थिक झटका भी लग रहा है। क्योकि योरोप का गुट रूस के खिलाफहै ट्रम्प की नजर यूक्रेन के खनिज सम्पदा पर है। जेलेल्सकी शान्ती समझौता तो चाहते है पर समझौता ऐसा चाहते है जिसमें शान्ती की गारन्टी हो। इसमें शक नहीं की अगर युद्ध उग्रतर हो जायेगा तो तीसरे युद्ध की आहट से इनकार नहीं किया जा सकता। अन्तरराष्ट्रीय बिरादरी इसे लेकर चिन्तित है जो वाजिब भी है। अमेरिका की चिन्ता यह है कि करदाता का पैसा युद्ध में जा रहा है जो ठीक नहीं है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति को ट्रम्प ने यूक्रेन की मदद को लेकर इडियट भी कहा। पर राजनय में भावनाओं पर काबू होना चाहिये। तर्क के साथ बढ़ना चाहिये। ट्रम्प चाहते है यह लडाई जल्द से जल्द बन्द हो करदाताओं का पैसा राष्ट्र के हित में लगे, नागरिकों को सहूलियत मिले। यूक्रेन चाहता है युद्ध विराम लागू किया जाये पर इस दौरान रूस फिर हमला न करें। रूस अलग-अलग बहानों से यूक्रेन पर हमला करता रहा है सहमतियां तोड़ता रहा है। अमेरिका युद्ध विराम और शान्ती पर जोर दे रहा है वहीं यूक्रेन पहले सुरक्षा की गारन्टी चाहता है।

राजनय में ऐसे अवरोध आते रहते है पर इसे मीडिया में इस तरह सामने नहीं आना चाहिये। जैसा ट्रम्प और जेलेन्सकी बीच देखा गया। चूकि बातचीत अमेरिका में हो रही थी इसलिये इसकी ज्यादा जिम्मेदारी अमेरिका पर आती है। ट्रम्प ने इस नोक-झोक को ग्रेट टेलिविजन बताया। इसके बाद अमेरिका जिस तरह का समझौता करना चाहता है वह फिलहाल दूर खिसक गया है। यूक्रेन को योरोप का सहयोग मिल रहा है। पर बिना अमेरिकी मदद के वह अकेले यह लड़ाई नही लड़ सकता। उम्मीद इन हालातों में यही बनती है कि दोनो फिर बात चीत का दौर चलायेगे पर जितनी वह यूक्रेन और अमेरिकी के हित में होगा। वार्ता में जितनी देरी होगी युद्ध जितना लम्बा खिसकता जायेगा। जिन्दगियां बरबाद होती जायेगी। सबसे ज्यादा ज्यादातियां महिलाओं और बच्चों आती है। कई परिवारों के बच्चे अनाथ हो जाते है उनका भविष्य चौपट हो जाता है। हमले में अस्पताल भी नहीं बच पा रहे है। घायल इलाज के लिये कहां जाये। अन्तरराष्ट्रीय दबाव से दवा और रसद की सप्लाई बाधित हो जाती है। जेलेन्सकी को लेकर उनके देश में उनका विरोध भी हो रहा है। घर और बाहर दोनो का विरोध एक साथ सभांलना बहुत मुशकिल बन जाता है। राष्ट्रनायक को राष्ट्र का सहारा अचूक टानिक होता है। यूरोप चाहता है युद्ध चलता रहा जिससे रूस का गैस और पाइप लाइन बरबाद हो आतंकी उसे निशाना बनाते रहे। रोमानियां में बड़ी घेराबन्दी चल रही है। डब्लूईएफकी आंख में रूस एक किरकिरी है। ब्लैक सी जहां से रूस की लाइने गुजरती है उसे दबोचने की योजना चल रही है। डीप स्टेट यूक्रेन की लाड़ई जारी रखना चाहता है। अगर रूस जीतेगा तो डीप स्टेट की जड़े हिल जायेगी। उग्र हो जाना स्वाभिवक भी है।

## अमेरिका का रेसिप्रोकल टैक्स बम!

वैश्विक स्तरपर फिर एक बार पूरी दुनियाँ को मानना पड़ेगा कि,क्यों अमेरिका को दुनियाँ के बादशाह की संज्ञा दी गई है। पिछले दिनों हमने देखे कि किस तरह रुस को मोहरा बनाकर यूक्रेन पर दबाव, फिर व्हाइट हाउस में ट्रंप ज़ेलेंसकी की शाब्दिक गर्माहट,अनेक देशों के तख्ता पलट यानी सत्ता की चाबी, इसका नतीजाज जेलेंस्की द्वारा 5 मार्च 2024 को रुस से युद्ध समाप्त करने की हामी भरी और एक चिट्ठी लिखकर इशारा सहित इसके पहले अप्रवासियों को बाहर का रास्ता दिखाना सहित अनेक कठोर कदमों के साथ दिनांक 5 मार्च 2024 को अमेरिकी कांग्रेस को ट्रंप प्रशासन -2 का पहला संबोधन हुआ, जिसमें पाकिस्तान की तारीफ, वैश्विक मुद्दों की चर्चा, मेक अमेरिका ग्रेट अगेन को ध्यान में रखते हुए भारत चीन सहित अनेकों देशों पर रेसिप्रोकल टैक्स 2 अप्रैल 2025 को लागू करने की घोषणा की, यानें जो देश जितना टैक्स इंपोर्ट पर लगता है उतना ही रिसिप्रोकल टैक्स उसके एक्सपोर्ट पर भी लगाई जाएगी, इसीलिए अनेक देशों में खलबली मची हुई है। अनेक चीजों पर भारत-अमेरिकाएक दूसरे पर निर्भर हैं अगर दोनों एक दूसरे पर उतना टैक्स लगा देंगे तो अत्यधिक महंगाई हो जाएगी जिसका सीधा असर आम जनता पर पड़ेगा वैसी ठीक वैसी ही स्थिति अमेरिका के पास भी उत्पन्न होगी खासकर भारत को फार्मास्यूटिकल प्रौद्योगिकी सहित अनेक क्षेत्रों में अमेरिका के साथ व्यापार होता है जो अमेरिका वालों को सस्ता लगता है इसलिए वे भारतीय चीजों को रिस्पांस देते हैं,परंतु अब इसपर रेसिप्रोकल टैक्स लगने से भारतीय उद्योगों को एमएसएमई सहित जो एक्सपोर्ट करते हैं उनकी बहुत अधिक फजीहत होने की संभावना है, क्योंकि उनका माल अमेरिका नहीं जा सकेगा क्योंकि अमेरिका जो भी जो माल आएगा उसपर भी टैरिफ लगाए आने से इसकी कीमतें बढ़ जाएगी, जिसका अल्टीमेटली फर्क उपभोक्ताओं को ही पड़ेगा, क्योंकि वह चीजें महंगी होंगी तो लोगों की जेब से अधिक पैसे खर्च होंगे इसलिए वे भारतीय चीजें लेना बंद कर देंगे ट्रंप का मानना है कि इसके दूरगामी प्रभाव पड़ेंगे। मेरा मानना है इसका असर अमेरिका सहित इत्यादि अनेक देशों की अर्थव्यवस्थाओं पर भी पढ़ सकनें की संभावना है, क्योंकि विश्व में दो विज़न्स का आगाज़ चल रहा है, मेक इन इंडिया तथा मेक अमेरिका ग्रेट अगेन इसलिए आज मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिका का रेसिप्रोकल टैक्स बम 2 अप्रैल 2025 से लागू, भारत चीन सहित अनेकों देशों में खलबली मचना तय होने की संभावना?


किशन भावनानी

साथियों बात अगर हम ट्रंप द्वारा भारत सहित कुछ देशों पर 2 अप्रैल 2025 से रेसीप्रोकल टैक्स लगाने कीघोषणा करने की करें तो, अमेरिकी राष्टपति डोनॉल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत को रेसिप्रोकल ट्रैरिफ लगाने की बात को दोहराया है, उन्होंने कहा कि भारत, चीन सहित दुनिया के कई देशों पर 2 अप्रैल से रेसिप्रोकल ट्रैरिफ लगाया जाएगा, इससे पहले कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत और चीन पर लगे 10 प्रतिशत ड्यूटी को बढ़ाकर 20 प्रतिशत लागू कर दिया था, ट्रंप के इस कदम से ग्लोबल मार्केट में अस्थिरता देखी जा रही है। दरअसल, ट्रंप 5 मार्च 2025 को कांग्रेस के ज्वाइंट सेशन को संभोधित कर रहे थे, उन्होंने इस दौरान अमेरिका रिच अगेन का आह्वान करते हुए इसका ऐलान किया,उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि दूसरे देशों की ओरसे अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिसेस को रोकने के लिए यह बेहद जरूरी कदम है। यह फैसला अमेरिका की इंडस्ट्रीज और वर्कर्स को प्रोटेक्ट करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इस वजह से 2 अप्रैल को लागू होगी नई टैरिफ पॉलिसी,ट्रंप ने कहा, यह सिस्टम संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए सही नहीं है और न ही कभी था, वे हम पर जो भी ड्यूटी लगाएंगे, हम उन पर शुल्क लगाएंगे, यदि वे हमें अपने मार्केट से बाहर रखने के लिए गैर-मौद्रिक बाधाएं डालते हैं, तो हम भी ऐसा ही करेंगे, इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि ट्रैरिफ 2 अप्रैल से क्यों लागू किया जाएगा।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

**तमिल उपराष्ट्रीयता के ही जरिए द्रविड़ राजनीति तमिलनाडु की सत्ता पर काबिज रही है। लेकिन संचार और सूचना क्रांति के दौर में अब तमिल उपराष्ट्रीयता वाली सोच को लगने लगा है कि अगर हिंदी आई तो उसके जरिए राष्ट्रीयता की विचारधारा मजबूत होगी। जिसका असर स्थानीय राजनीति पर भी पड़े बिना नहीं रहेगा। हिंदी या किसी भी सामान्य संपर्क भाषा के ज्यादा प्रचलन से कट्टरतावादी स्थानीय सोच को चोट पहुंचेगी और इसके साथ ही तमिल माटी में राष्ट्रीय राजनीति की जगह मजबूत होगी।**

# तमिलनाडु में हिन्दी विरोध की राजनीति

त्रिभाषा नीति को लेकर तमिलनाडु में फिर से हिंदी विरोध की राजनीति गरमा गई है। नई शिक्षा नीति के तीन भाषा फॉर्म्युले के जरिए तमिलनाडु सरकार लगातार केंद्र सरकार और भारतीय जनता पार्टी पर हिंदी थोपने का आरोप लगा रही है। तमिलनाडु को केंद्र सरकार से सर्व शिक्षा अभियान के तहत फंड नहीं मिला। वहां के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि राज्य के 2,152 करोड़ रुपये जारी नहीं किए गए हैं। उन्होंने यह पैसा जारी करने की मांग की। दरअसल, फंड के लिए राज्यों को नई शिक्षा नीति के प्रावधान लागू करने हैं, जिनमें तीन भाषा नीति भी शामिल है।


रोहित माहेश्वरी

इतिहास के पन्ने पलटें तो तमिलनाडु में हिंदी विरोध का लंबा इतिहास है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी ने दक्षिण भारत में वर्ष 1918 में दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना की थी। वे हिंदी को भारतीयों को एकजुट करने वाली भाषा मानते थे। तब ही तमिलनाडु में हिंदी विरोध शुरू हो गया था। भाषा को लेकर संकीर्ण सोच से ऊपर उठने के बजाय राज्य के नेता इस मुद्दे पर राजनीति चमकाने में जुटे हैं। नई शिक्षा नीति को लेकर तमिलनाडु का कई मसलों पर विरोध है। लेकिन द्रविड अभिमान पर गठित हुए इस राज्य की मुख्य आपत्ति तीन-भाषा फॉर्मूला को लेकर है। केंद्र सरकार की राष्ट्रीय शिक्षा नीति यानी एनईपी 2020 के तहत प्रस्तावित तीन-भाषा नीति एक शैक्षणिक ढांचा है। आसान शब्दों में कहें तो इसका अर्थ यह है कि बच्चों को तीन भाषाओं का ज्ञान होना चाहिए। अगर पहली भाषा की बात करें तो यह आमतौर पर छात्र की मातृभाषा या राज्य की क्षेत्रीय भाषा होगी। उदाहरण के लिए, तमिलनाडु में तमिल, महाराष्ट्र में मराठी।

दूसरी भाषा में कोई अन्य भाषा हो सकती है। लेकिन केंद्र सरकार अक्सर हिंदी को इस संदर्भ में प्रोत्साहित करती है, खासकर गैर-हिंदी भाषी राज्यों में, ताकि राष्ट्रीय एकता मजबूत हो। हालांकि, यह अनिवार्य नहीं है और राज्य अपने हिसाब से दूसरी भाषा चुन सकते हैं। तमिलनाडु का सख्त विरोध इसी बिंदु पर है। असल बात यह है कि तमिलनाडु की राजनीति में पिछली सदी के साठ के दशक से ही स्थानीय द्रविड़ राजनीति का वर्चस्व बना हुआ है। कभी डीएमके तो कभी एआईएडीएमके जैसी स्थानीय पार्टियां ही सत्ता की मलाई खाती रही हैं। सही मायने में देखें तो ये महज स्थानीय पार्टियां ही नहीं हैं, बल्कि अपने-अपने हिसाब से तमिल उपराष्ट्रीयता का ही प्रतिनिधित्व करती हैं। तमिल उपराष्ट्रीयता होना बुरी बात नहीं है, लेकिन वह राष्ट्रीयता पर हावी नहीं होनी चाहिए। लेकिन यह कड़वा सच है कि तमिल उपराष्ट्रीयता राष्ट्रीय मूल्यों पर हावी रहती रही है। तमिल उपराष्ट्रीयता के ही जरिए द्रविड़ राजनीति



तमिलनाडु की सत्ता पर काबिज रही है। लेकिन संचार और सूचना क्रांति के दौर में अब तमिल उपराष्ट्रीयता वाली सोच को लगने लगा है कि अगर हिंदी आई तो उसके जरिए राष्ट्रीयता की विचारधारा मजबूत होगी। जिसका असर स्थानीय राजनीति पर भी पड़े बिना नहीं रहेगा। हिंदी या किसी भी सामान्य संपर्क भाषा के ज्यादा प्रचलन से कट्टरतावादी स्थानीय सोच को चोट पहुंचेगी और इसके साथ ही तमिल माटी में राष्ट्रीय राजनीति की जगह मजबूत होगी। जिसका आखिर में नतीजा हो सकता है कि द्रविड़ राजनीति की विदाई। कह सकते हैं कि स्टालिन को यही डर सताने लगा है।

तीन भाषा नीति का हालिया विरोध ऐसे वक्त में हो रहा है, जब दक्षिण के राज्य परिसीमन को लेकर भी सवाल उठा रहे हैं। उन्हें डर है कि परिसीमन होने पर लोकसभा में दक्षिण के राज्यों की सीटें कम हो सकती हैं, जिससे केंद्र में उनकी आवाज कमजोर हो जाएगी। ऐसे में परिसीमन और हिंदी का विरोध एक साथ चल रहा है और दोनों एक-दूसरे को मजबूती दे रहे हैं। दरअसल, परिसीमन के बाद लोकसभा और विधानसभा की सीटों में बदलाव होगा। जनसंख्या के लिहाज से उत्तर भारत का पलड़ा भारी है। दक्षिण भारत के राज्यों को यही डर है कि जनसंख्या नियंत्रण पर बेहतर काम का उन्हें नुकसान न उठाना पड़े। वैसे गृहमंत्री अमित शाह कह चुके हैं कि परिसीमन में दक्षिण भारत के राज्यों की सीटें कम नहीं होंगी। लेकिन ऐसा होगा कैसे, यह सवाल उठाते हुए दक्षिण भारत में विरोध जारी है।

वास्तव में बीजेपी जब भी तमिलनाडु और दूसरे दक्षिणी राज्यों में अपनी पकड़ बनाने की कोशिश करती है, उसे हिंदी के नाम पर घेरा जाता रहा है। डीएमके सहित दूसरी पार्टियां हिंदी विरोध और द्रविड़ अस्मिता के नाम पर मैदान में उतर जाती हैं। 2019 में भी हिंदी को लेकर विवाद बढ़ा था, फिर तमिलनाडु की क्षेत्रीय पार्टियों को बीजेपी की घेराबंदी का मौका मिल गया था। तब हिंदी दिवस पर अमित शाह ने कहा था कि हमारे देश में कई भाषाएं बोली जाती हैं, लेकिन एक भाषा होनी चाहिए जो देश का नाम दुनिया में बुलंद करे और हिंदी में यह खूबी है। इसके बाद दक्षिण के राज्यों में काफी विरोध हुआ और निशाने पर बीजेपी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दोनों आए। बीजेपी के नेता हालांकि वक्त-वक्त पर कहते रहे हैं कि बीजेपी न भाषा विरोधी पार्टी है, न दक्षिण विरोधी पार्टी, और यह कि उनकी विचारधारा सबको साथ लेकर चलने की है। लेकिन दक्षिण के राज्यों में क्षेत्रीय दल बीजेपी को उत्तर भारत की पार्टी के तौर पर प्रचारित कर उस पर निशाना साधते रहे हैं। 2022 में केंद्र सरकार ने काशी-तमिल संगम की शुरुआत की। इसके जरिए काशी और तमिल को करीब लाने और दक्षिण को उत्तर भारत की सांस्कृतिक एकता से जोड़ने की कोशिश बीजेपी कर रही है।

हिंदी विरोध को लेकर राजनीति भले ही वक्त-वक्त पर गरम होती रहती है, लेकिन तमिलनाडु में आम लोगों में हिंदी को लेकर विरोध वैसा नहीं दिखता, जैसा नेता दिखाते हैं। दक्षिण भारत के राज्यों में हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए 1918 में चेन्नै में दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा की स्थापना की गई, जो आज भी सक्रिय है। सभा यहां हिंदी सिखाने का काम कर रही है। यहां हिंदी पढ़ने वाले तकरीबन 65 फीसदी लोग तमिल भाषी हैं। हिंदी प्रचार सभा से हिंदी सीखने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बीजेपी नेता अब इस लाइन पर भी लोगों से बात कर रहे हैं। हालांकि इसका कितना असर होगा, यह देखना होगा। वहीं तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के हिंदी विरोध के खिलाफ तमिलनाडु के भीतर ही आवाज उठने लगी है। बड़ी आईटी कंपनी जोहो के संस्थापक श्रीधर वेंबू ने तमिलनाडु के युवाओं से हिंदी सीखने की अपील की है। इसके साथ ही इसे राजनीति से दूर रखने का भी अनुरोध किया है। एक्स पर अंग्रेजी में लिखी पोस्ट के आखिर में उन्होंने आइए हिंदी सीखें की अपील कर साफ कर दिया कि तमिलनाडु अब हिंदी विरोध की राजनीति से बहुत आगे निकल चुका है।

# कांशी राम की विरासत और मायावती की तर्ज़-ए-सियासत

**कांशीराम के नेतृत्व में ही बीएसपी ने 1999 के संसदीय चुनावों में 14 संसदीय सीटें जीतीं थीं। मायावती को चार बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर बैठने का भी सौभाग्य हासिल है। परन्तु यह कहना ग़लत नहीं होगा कि जिस बसपा को कांशीराम ने एक मिशन के रूप में स्थापित किया था और कांशी राम के जिस मिशन से बड़े सामाजिक परिवर्तन की आहट महसूस हो रही थी, पार्टी पर मायावती का वर्चस्व होने के बाद वही मिशन, वही पार्टी अब सत्ता, वैभव, आत्ममुग्धता और परिवारवाद का शिकार होती नज़र आने लगी।**

1980 के दशक में बसपा प्रमुख कांशी राम पूरे देश में घूम घूम कर भारतीय समाज को 85 : 15 का जनसँख्या अनुपात समझाते थे और यह बताते थे कि 15 प्रतिशत कथित उच्च जाति के लोग शेष 85 प्रतिशत जातियों व समुदायों के लोगों पर राज कर रहे हैं। और तभी यह नारा प्रचलित हुआ था - वोट हमारा, राज तुम्हारा - नहीं चलेगा, नहीं चलेगा। जैसे जैसे कांशी राम के नेतृत्व में यह बहुजन आंदोलन आगे बढ़ता गया वैसे वैसे मनुवाद तथा सनातन व्यवस्था में उल्लिखित वर्ण व्यवस्था पर इनका आक्रमण और तेज़ होता गया। यहाँ तक कि तिलक, तराज़ू और तलवार जैसा अभद्र नारा भी उन्हीं दिनों में खूब प्रचलित हुआ। यही वह आंदोलन था जिसमें दलित पिछड़े व अल्पसंख्यक वर्ग के लोग जुड़ते चले गये। यानी कांग्रेस का परम्परागत वोट बैंक धीरे धीरे खिसकना शुरू हो गया। इसी बीच कांशीराम ने 1984 में बहुजन समाज पार्टी नामक एक नये राजनैतिक दल की स्थापना कर दी। उसी दौरान कांशी राम की भेंट मायावती से हुई जोकि उस समय वकालत व बी एड करने के बाद दिल्ली इंद्रपुरी स्थित जेजे कॉलोनी में एक अध्यापिका के रूप में कार्यरत थीं और साथ ही सिविल सर्विसेज़ परीक्षाओं की तैयारी भी कर रही थीं। तभी कांशी राम ने मायावती के तेज़ तर्रार व्यक्तित्व से प्रभावित होकर कहा था कि - मैं तुम्हें एक दिन इतना बड़ा नेता बना सकता हूं कि एक नहीं बल्कि आईएएस अधिकारियों की पूरी क़तार तुम्हारे आदेशों का पालन करने के लिए लाइन में खड़ी हो जाएगी। तभी से वे कांशी राम के सहयोगी के रूप में उनके साथ प्रायः देखी जाने लगीं तथा उनके क्रान्तिकारी व उत्तेजक भाषण भी लोगों को प्रभावित करने लगे।


निर्मल रानी

कांशीराम का 9 अक्टूबर 2006 को 72 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। कांशीराम के जीवन के अंतिम दौर में उनकी विरासत को लेकर बसपा के भीतर तथा कांशीराम के परिजनों के द्वारा काफ़ी विवाद भी खड़ा किया गया। परन्तु तेज़ तर्रार मायावती तब तक कांशी राम पर व उनकी विरासत रुपी बसपा पर पूरा नियंत्रण कर चुकी थीं। यही वजह थी कि बौद्ध धर्म के अनुसार हुये कांशीराम के अंतिम संस्कार में उनके परिजनों ने नहीं बल्कि स्वयं मायावती ने ही उनकी चिता को अग्नि दी। अब पार्टी में उन्हें बहन जी के नाम से बुलाया जाने लगा। कांशीराम के नेतृत्व में ही बीएसपी ने 1999 के संसदीय चुनावों में 14 संसदीय सीटें जीतीं थीं। मायावती को चार बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर बैठने का भी सौभाग्य हासिल है। परन्तु यह कहना ग़लत नहीं होगा कि जिस बसपा को कांशीराम ने



एक मिशन के रूप में स्थापित किया था और कांशी राम के जिस मिशन से बड़े सामाजिक परिवर्तन की आहट महसूस हो रही थी, पार्टी पर मायावती का वर्चस्व होने के बाद वही मिशन, वही पार्टी अब सत्ता, वैभव, आत्ममुग्धता और परिवारवाद का शिकार होती नज़र आने लगी। यहाँ तक कि केवल सत्ता हासिल करने के लिये बुनियादी विचारों से भी समझौता करने लगीं। जिस मनुवादी व्यवस्था के विरुद्ध बसपा का जन्म हुआ था, 2007 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों में उसी ब्रह्मण समुदाय के समर्थन की ज़रुरत महसूस हुई तो तिलक,तराजू और तलवार जैसा नारा भी बदल गया। 2007 में बहुजन समाज पार्टी, सर्वजन समाज की बातें करने लगी। और यह नया नारा लगा - हाथी नहीं, गणेश है, ब्रह्मा, विष्णु, महेश है। उस समय उत्तर प्रदेश में 37 प्रतिशत ब्राह्मणों ने पार्टी को वोट दिया था।

परन्तु चार बार देश के सबसे बड़े राज्य का मुख्यमंत्री बनने के बाद अन्य सत्ताधीशों की ही तरह मायावती भी अहंकार के साथ साथ परिवारवाद का भी शिकार होती चली गयीं। कभी अपने को ज़िंदा देवी बतातीं तो कभी अपने भाई व भतीजे के मोह में डूबती नज़र आतीं। कभी अपनी हार का ठीकरा मुसलमानों पर फोड़तीं तो कभी उनपर पार्टी का टिकट बांटने में लोगों से करोड़ों रूपये वसूलने का आरोप लगा। हद तो यह कि अपने जीवनकाल में ही मायावती ने बाबा साहब आंबेडकर व कांशी राम के साथ ही अपनी भी प्रतिमायें लगवा डालीं। जिसतरह कांशी राम को अपने परिवार से अलग उत्तराधिकारी के रूप में मायावती नज़र आयी थीं उस तरह मायावती को परिवार से बाहर अपनी पार्टी का कोई योग्य नेता नज़र ही नहीं आया। और आख़िरकार मायावती के इन्हीं स्वार्थपूर्ण फ़ैसलों के चलते उनकी पार्टी का जनाधार घटता चला गया। पिछले लोकसभा चुनावों से पूर्व जब इण्डिया गठबंधन वजूद में आया तो मायावती उस विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं बनीं। उसी समय यह अंदाज़ा लगाया जाने लगा था कि मायावती भाजपा के प्रति नरम रुख़ अपना रही हैं। इसके पीछे के कारणों से भी अनेक राजनैतिक विश्लेषक बख़ूबी वाक़िफ़ हैं। पिछले दिनों दिल्ली विधानसभा चुनावों के दौरान राहुल गांधी ने मायावती पर बीजेपी को फ़ायदा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए स्पष्ट रूप से यह कह दिया था कि यदि बीएसपी इंडिया गठबंधन में होती तो पिछले वर्ष हुये लोकसभा चुनावों में एनडीए की जीत नहीं होती। इस आरोप से तिलमिला कर मायावती ने कांग्रेस को ही बीजेपी की बी टीम बता डाला। जबकि देश देख रहा है कि इस समय देश में सत्ता, भाजपा व संघ के विरुद्ध जितना राहुल गाँधी मुखर हैं उतना कोई नहीं जबकि मायावती के रवैये से तो पता ही नहीं चलता की वे विपक्ष में हैं या सत्ता के साथ?

सच तो यह है कि मायावती के नेतृत्व में बसपा का न केवल समाज में प्रभाव कम होता जा रहा है बल्कि संगठन भी बिखराव के दौर से गुज़र रहा है। पिछले दिनों जिसतरह उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक समेत सभी मुख्य पदों से हटा दिया और दो दिन बाद ही उन्हें पार्टी से निष्कासित भी कर दिया उससे भी यही सन्देश गया कि मायावती को अपने परिवार के बाहर भी कोई उत्तराधिकारी नज़र नहीं आया और जिस भतीजे को अपना राजनैतिक उत्तराधिकारी बनाया भी उससे भी जल्द ही पीछा छुड़ा लिया? इस तरह के ढुलमुल फ़ैसलों का प्रभाव निश्चित रूप से पार्टी पर ज़रूर पड़ेगा। सच तो यही है कि कांशी राम की विरासत के रूप में मिले व्यापक जनाधार वाले राजनैतिक दल को मायावती की तर्ज़-ए-सियासत के चलते काफ़ी नुक़सान हुआ है।

# यहां कठिनाइयों से गुज़रती है ज़िंदगी

**इस बस्ती में शिक्षा का प्रतिशत बहुत कम है। बच्चे, जो कल का भविष्य हैं, वे यहां बचपन में ही संघर्ष करना सीख लेते हैं। बस्ती में एक प्राथमिक स्कूल तो है, मगर उनमें संसाधन नहीं है। शिक्षकों की कमी और सुविधाओं का अभाव बच्चों को शिक्षा से दूर कर रही है। नतीजा यह है कि यहां कम उम्र में ही बच्चे काम पर लग जाते हैं और शिक्षा उनसे कोसों दूर हो जाती है। वहीं पाँचवीं के बाद जब बच्चे पढ़ने के लिए गर्दनीबाग हाई स्कूल जाते हैं तो उन्हें भेदभाव का सामना करनी पड़ती है।**

देश के बड़े शहरों और महानगरों में दो तरह की ज़िंदगी नज़र आती है। एक ओर जहां चमचमाती सड़कें, गगनचुंबी इमारतें और आधुनिक सुख सुविधाओं से सजी कॉलोनियां होती हैं, वहीं दूसरी ओर संकरी गलियों में झुग्गी झोपड़ियां भी आबाद होती हैं। जिसे स्लम बस्ती के रूप में जाना जाता है। जहां लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए भी संघर्ष करते नजर आते हैं। यहां रहने वाला प्रत्येक परिवार सामाजिक और आर्थिक रूप से काफी पिछड़ा होता है। इन्हीं शहरों में एक बिहार की राजधानी पटना भी है। जहां बघेरा मोहल्ला नाम से आबाद स्लम बस्ती की हकीकत और यहां रहने वाले लोगों के संघर्ष की कहानी आपको बता रही हूं। शहर के मशहूर गर्दनीबाग इलाके में आबाद यह बस्ती पटना हवाई अड्डे से महज 2 किमी दूर और बिहार हज भवन के ठीक पीछे स्थित है। ऐतिहासिक शाह गड्डी मस्जिद, (जिसे स्थानीय लोग सिगड़ी मस्जिद के नाम से जानते हैं), से भी इस बस्ती की पहचान है। इस बस्ती तक पहुंचने के लिए आपको एक खतरनाक नाला के ऊपर बना लकड़ी के एक कमजोर और चरमराते पुल से होकर गुजरना होगा। सुबह की पहली किरण के साथ ही, इस बस्ती में हलचल शुरू हो जाती है। गीली मिट्टी और टूटे नलकों से रिसते पानी के बीच महिलाएं अपने दिनभर के कामों में जुट जाती हैं। वहीं पुरुष रोज़गार की तलाश में निकल जाते हैं। इस बस्ती का जीवन आसान नहीं है। यहां पीने का साफ पानी मिलना किसी सपने से कम नहीं, और शौचालय की अनुपलब्धता ने खुले में शौच को मजबूरी बना दिया है। बिजली भी आँख-मिचौली खेलती रहती है। इस बस्ती के लोगों का स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच बहुत मुश्किल होती है। अक्सर गर्भवती महिलाओं, बुज़ुर्गों और छोटे बच्चों के लिए स्थिति गंभीर हो जाती है।


सुप्रिया सिन्हा

इस बस्ती के निवासी पिछले आठ वर्षों से प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अपना मकान होने की बाट जोह रहे हैं। लेकिन दस्तावेज़ पूरा नहीं होने के कारण उनका ख्वाब अधूरा रह जा रहा है। यहां रहने वाली 80 वर्षीय रुकमणी देवी बताती हैं कि वह इस बस्ती में पिछले 40 सालों से रह रही हैं। इस बस्ती में करीब 250-300 घर हैं, जिनकी कुल आबादी लगभग 700 के करीब है। रुकमणी देवी की पहचान क्षेत्र में एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में भी रही है। जो इस बस्ती की महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का काम करती रही हैं। वह बताती हैं कि 1997 में सरकार ने इस बस्ती को स्लम क्षेत्र घोषित किया था। यहां लगभग 70 प्रतिशत अनुसूचित जाति समुदाय के लोग आबाद हैं। जिनका मुख्य कार्य मजदूरी और



ऑटो रिक्शा चलाना है। वह बताती हैं कि इस बस्ती के सभी परिवार के पास अपना मकान के नाम पर केवल झुग्गी झोपड़ी है।

इस बस्ती में शिक्षा का प्रतिशत बहुत कम है। बच्चे, जो कल का भविष्य हैं, वे यहां बचपन में ही संघर्ष करना सीख लेते हैं। बस्ती में एक प्राथमिक स्कूल तो है, मगर उनमें संसाधन नहीं है। शिक्षकों की कमी और सुविधाओं का अभाव बच्चों को शिक्षा से दूर कर रही है। नतीजा यह है कि यहां कम उम्र में ही बच्चे काम पर लग जाते हैं और शिक्षा उनसे कोसों दूर हो जाती है। वहीं पाँचवीं के बाद जब बच्चे पढ़ने के लिए गर्दनीबाग हाई स्कूल जाते हैं तो उन्हें भेदभाव का सामना करनी पड़ती है। इस संबंध में बस्ती की 14 वर्षीय सोनल (बदला हुआ नाम) कहती है कि स्कूल में हमें निम्न जाति का बताकर बहुत सी गतिविधियों से दूर रखा जाता है। मुझे कबड्डी खेलने का बहुत शौक है लेकिन मुझे स्कूल की टीम में कभी शामिल नहीं किया जाता है। कई बार इस भेदभाव को देखकर स्कूल जाने का मन भी नहीं करता है।

इस बस्ती में रहने वाली महिलाओं की समस्याएं भी बहुत अधिक है। घर के काम, पानी भरने की जद्दोजहद, बच्चों की परवरिश और ऊपर से असुरक्षा का डर, ये सब उनकी ज़िंदगी का हिस्सा बन चुके हैं। 33 वर्षीय सीमा देवी कहती हैं कि वह लोग पिछले 30-40 सालों से इसी बस्ती में रह रहे हैं। यहां सुविधाओं की कई कमियां हैं। लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं होता है। यहां पीने के पानी के लिए एकमात्र हैंडपंप है। जिसका पानी गर्मियों में अक्सर नीचे चला जाता है, वहीं बारिश के दिनों में इसमें से गंदा पानी आता है। बस्ती के लोगों को स्वास्थ्य की सुविधा भी बहुत कम मिलती है। बारिश के दिनों में नाले का पानी उफन कर बस्ती में घुस जाता है। जान बचाने के लिए लोग सड़क किनारे आश्रय बना कर रहने को मजबूर होते हैं। शिक्षा की कमी की वजह से अंधविश्वास ने इस बस्ती को पूरी तरह से अपनी जकड़ में ले रखा है। परिवार किसी मानसिक बीमारी का इलाज डॉक्टर की जगह ओझा को दिखाने को प्राथमिकता देते हैं। इससे सबसे अधिक किशोरियां प्रभावित होती हैं। अक्सर इसके कारण उनकी जान पर बन आती है।

हालांकि इस स्लम बस्ती के लोगों की समस्याओं का हल भी संभव है। लेकिन इसके लिए सरकार और प्रशासन के साथ साथ सामाजिक संगठनों को भी आगे आने और मिलकर काम करने की जरूरत है। उन्हें बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता जैसे हर झुग्गी तक पीने का साफ पानी और शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। वहीं बस्ती में संचालित स्कूल की स्थिति सुधार कर और महिलाओं के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्र खोलकर शिक्षा को बढ़ावा दिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त मोबाइल हेल्थ क्लीनिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जा सकते हैं। जिससे गर्भवती महिलाओं और बच्चों को फौरन स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। इन सुविधाओं की प्राप्ति के लिए बस्ती में ही सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम चलाने की जरूरत है, जहां बस्ती के लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जा सकता है। दरअसल, पटना की इस स्लम बस्ती में रहने वाले लोग शहर का एक अनदेखा चेहरा हैं। जो प्रतिदिन अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिदिन संघर्ष करते हैं। हालांकि उनकी समस्याएं केवल उनकी नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। जिसकी तरफ इस दिशा में काम करने वाली सभी एजेंसियों को ध्यान देने की जरूरत है ताकि कठिनाइयों से गुजरती बघेरा मोहल्ला के लोगों का जीवन आसान हो सके।

# हाईवे के निर्माण कार्य में देरी पर मंडलायुक्त नाराज

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** मलिहाबाद तहसील में लखनऊ-हरदोई राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माणकार्य का गुरूवार को मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त को हाइवे के निर्माणकार्य में सुस्ती दिखाई पड़ी। यह देखकर उनका पारा हाई हो गया। जिसके बाद मंडलायुक्त ने एनएचआई के अधिकारियों से सम्पर्क कर उन्हें सख्त निर्देश दिए हैं। कहाकि निर्माणकार्य की गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए मई तक सिविल कार्य पूर्ण हो जाने चाहिए। अन्यथा लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

दरअसल, मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब को लगातार एनएचआई के कर्मचारियों व ठेकेदारों के खिलाफ शिकायत मिल रही थी। इसको लेकर मंडलायुक्त ने लखनऊ-हरदोई राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माणकार्य का औचक निरीक्षक किया। इस दौरान मंडलायुक्त ने मलिहाबाद चौराहे व रहीमाबाद चौराहे के निर्माण कार्यों में हो रही देरी को लेकर परियोजना निदेशक (पीडी) सौरभ चौरसिया से फोन पर संपर्क किया। मंडलायुक्त ने पीडी को जमाकर लताड़ा। जिसके बाद मंडलायुक्त ने ठेकेदार को हाइवे के निर्माण कार्य में तेजी लगाने के सख्त निर्देश दिए हैं। कहाकि अगर अतिरिक्त जनबल की आवश्यकता है, तो संख्या बल को बढ़ाते हुए मई में निर्माण कार्य को पूरा किया जाए। बावजूद इसके तय समय पर निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तब कार्यदायी संस्था समेत लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जाएगा। इसके अलावा कार्यदायी संस्था को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा।

■ पीडी को लगाई फटकार, ठेकेदार से कहा- निर्धारित समय पर पूर्ण करो कार्य, वरना होगी एफआईआर

# उपभोक्ता परिषद ने सभी कंसल्टेंट कंपनियों को किया आगाह

अवधनामा संवाददाता

■ कहा हितों के टकराव के मामले में शिथिलता देने वाली अथॉरिटी को क्या शिथिलता देने का अधिकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दक्षिणांचल व पूर्वांचल के अंतर्गत 42 जिलों के निजीकरण करने के लिए ट्रांजैक्शन एडवाइजर की डेट तीसरी बार बढ़ी देश-विदेश की कंसलटेंट कंपनियों ने नियम विरुद्ध जाकर हितों के टकराव के महत्वपूर्ण पैरामीटर में शिथिलता करवा लिया जब उपभोक्ता परिषद ने सब की पोल खोलना शुरू की तो अब सब टेंडर भरने से पीछे हट रहे हैं और वर्तमान में हाल यह है कि पावर कारपोरेशन के कुछ उच्च अधिकारी कंसलटेंट कंपनियों को रोज फोन करके कह रहे हैं भाई इज्जत का सवाल है आप सब के अनुरोध पर मन मुताबिक शिथिलता भी दी गई अब तो टेंडर भर दो उपभोक्ता परिषद की नजर सब पर है उत्तर प्रदेश में 42 जनपदों में निजीकरण के सहारे भ्रष्टाचार किसी भी हालत में नहीं होने दिया जाएगा जिस प्रकार से पहले अनेकों मसौदे पर मनमानी तरीके से निर्णय लिया गया वह अपने आप में उच्च स्तरीय जांच का विषय हमेशा बना रहेगा।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा देश-विदेश की सभी कंसल्टेंट कंपनियों को निगमों कानूनो प्रावधानों का हर स्तर पर पालन करने के लिए तैयार रहना होगा और यह भी उन्हें समझना जरूरी है कि वह देश के बड़े निजी घरानो के साथ किस रूप में अपना व्यवसाय कर रहे है उपभोक्ता परिषद में पूरी रिपोर्ट तैयार कर रखी है समय आने पर उसका खुलासा किया जाएगा कनफ्लिक्ट आफ इंटरेस्ट हितों के टकराव में शिथिलता प्रदान करने का मतलब यह कहीं नहीं होता कि यह भ्रष्टाचार नहीं है शिथिलता प्रदान करने वाली अथॉरिटी को क्या यह अधिकार है ?

# 'योगी के रहते आतंकी अयोध्या को छू भी नहीं सकते... इसमें कोई संशय नहीं'

अवधनामा संवाददाता




**अयोध्या।** राम मंदिर पर आतंकी हमले की साजिश पर राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने कहा कि योगी का नाम सुनते ही आतंकी डर जाते हैं इसलिए आतंकवादी अयोध्या नहीं पहुंच सकते। वहीं, सपा विधायक अबू आजमी के औरंगजेब की तारीफ करने पर अपर्णा ने कहा कि औरंगजेब अबू आजमी के खुदा होंगे लेकिन भारत के आम मुसलमानों के औरंगजेब खुदा नहीं हो सकते।

दूसरी तरफ महाकुंभ की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि इस महाकुंभ की तारीफ यूनेस्को भी की है। कामाख्या धाम महोत्सव के उद्घाटन के मौके पर पहुंची अपर्णा ने राम मंदिर पर आतंकी हमले की साजिश पर कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम से लोग डरते हैं और राम मंदिर को आतंकी कभी छू भी नहीं सकता। जितने भी इस तरह के अराजक तत्व हैं, जितने गुंडे बदमाश हैं, आतंकवादी हैं वह सभी योगी जी के नाम से डर जाते हैं। हमें किसी प्रकार का संशय नहीं है। आतंकवादी अयोध्या नहीं पहुंच सकता। औरंगजेब की तारीफ करने पर अपर्णा ने अबू आजमी पर कहा कि औरंगजेब अबू आजमी के खुदा हो सकते हैं लेकिन मुसलमान भाइयों के नहीं। महाकुंभ की तारीफ में अपर्णा ने कहा कि महाकुंभ का बहुत ही सफल समापन हुआ है। कितने महाकुंभ हुए लेकिन जिस तरह से यह महाकुंभ हुआ है ऐसा कभी नहीं हुआ होगा।

संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी इसे सनातन का बड़ा पर्व माना है। यूनेस्को ने भी कहा कि ये मानवता का महाकुंभ है। यह सबसे बड़ा महाकुंभ है। पीएम मोदी और सीएम योगी की सोच की वजह से आज हम सभी लोगों ने त्रिवेणी में पुण्य की डुबकी लगाई है। दोनों लोगों के सामर्थ्य को प्रणाम करती हूं कि जिनकी वजह से सनातन धर्म का इतना विस्तार हुआ है।

■ संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी महाकुंभ सनातन का बड़ा पर्व माना है : अपर्ण यादव

# हज यात्रियों के प्रस्थान की तारीखें जल्द घोषित करे हज कमेटी

अवधनामा संवाददाता

■ ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाने की माँग

**संभल।** ऑल इण्डिया हज वेलफेयर सोसायटी ने भारतीय हज समिति से माँग की है कि इस वर्ष जून माह में होने जा रहे हज के लिए चयनित हज यात्रियों के प्रस्थान की तिथियाँ जल्द घोषित करे, गौरतलब है कि भारत से हज यात्रियों का पहला जत्था सम्भवतः 29 अप्रैल को मदीना (सऊदी अरब) के लिए रवाना होगा।

सोसायटी के जिला चेयरमैन डॉ इफ्तेखार अहमद कुरैशी ने बताया की अलग-अलग राज्यों के हज यात्री अपने नज़दीकी हज इम्बारकेशन पॉइंट से हज के लिए प्रस्थान करते हैं, उन्हें हज हाऊस में रिपोर्टिंग व दीगर खानापूर्ति के लिए फ्लाइट रवाना होने के दो दिन पहले पहुँचना होता है, चूँकि हज पर अधिकतर लोग पहली बार जाते हैं अतः उन्हें हज हाऊस, एयरपोर्ट तक छोड़ने जाने वाले पारिवारिक सदस्यों की संख्या भी अधिक होती है, देश के अधिकांश हज इम्बारकेशन पॉइंट तक पहुँचने के लिए ट्रेन ही बेहतर माध्यम होता है और देश भर से जितने लोग हज यात्रा पर जाते हैं उनमें अधिकतर हज यात्री उन्हें इम्बारकेशन पॉइंट तक छोड़ने जाने वाले ट्रेन के माध्यम से ही यात्रा करते हैं, हज पर जाने की जल्द तिथि मिल जाने पर रेल के आरक्षण में सुविधा होती है अन्यथा लम्बी प्रतीक्षा सूची में बड़ी कठिनाइयों भरी यात्रा होती है, भारतीय हज कमेटी जल्द हज यात्रा के लिए प्रस्थान की तिथि घोषित कर ट्रेन से हज इम्बारकेशन पहुँचने वाले हज यात्रियों को सुविधा प्रदान कर सकती है, इन दिनों ट्रेनों में जल्द आरक्षण मिल पाना भी आसान नही होता। उत्तर प्रदेश राज्य के बहुत से आवेदक इस वर्ष हज के लिए मलखनऊ से प्रस्थान करेंगे।

# एबेकस प्रतियोगिता में सीएमएस छात्रा चैम्पियन

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, आयोध्या रोड कैम्पस की मेधावी छात्रा यशी सिंह ने इण्टरनेशनल एबेकस प्रतियोगिता में चैम्पियन्स ट्राफी अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह प्रतियोगिता शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में आयोजित ब्रेनोब्रेनफेस्ट-2025 के अन्तर्गत आयोजित की गई। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने विद्यालय के इस मेधावी छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि प्रतियोगिता में कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रतिभाशाली छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी गणितीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. अयोध्या रोड कैम्पस की इस मेधावी छात्रा ने एबेकस के माध्यम से विभिन्न ट्रिक्स अपनाकर गणित के सवालों के जवाब निकाले एवं अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चैम्पियन होने का गौरव प्राप्त किया।

# पसमांदा मुस्लिम समाज की बेटी ताईबा अफरोज बनीं महिला पायलट

■ ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ताईबा को करेगा सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**पटना।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ को यह बताते हुए गर्व हो रहा है कि बिहार के सारण जिले के जलालपुर गांव की बेटी ताईबा अफरोज ने अपनी मेहनत, संघर्ष और अटूट संकल्प के बल पर मढ़ौरा की पहली महिला पायलट बनने का गौरव प्राप्त किया है। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर संगठन की ओर से उन्हें दिल से मुबारकबाद दी जाती है, और उनके माता-पिता की कुर्बानी और हौसले को सलाम किया जाता है।

ताईबा अफरोज ने इंटरमीडिएट की पढ़ाई के बाद पायलट बनने का सपना देखा। आर्थिक परिस्थितियां कमजोर थीं, लेकिन उनके पिता मोतीउल हक और माता समसुन निशा ने हर संभव बलिदान देकर बेटी के सपनों को साकार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उनके पिता ने अपनी जमीन बेचकर और बैंक से कर्ज लेकर उनकी ट्रेनिंग का खर्च उठाया। उन्होंने 2020 में भुवनेश्वर फ्लाइंग क्लब में दाखिला लिया और 80 घंटे की उड़ान पूरी की। हालांकि, एक दुर्घटना के कारण प्रशिक्षण में बाधा आई, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। 2023 में, चेन्नई के पूर्व डीजीपी अनुप जायसवाल के सहयोग से उन्होंने इंदौर फ्लाइंग क्लब में प्रशिक्षण पूरा कर 120 घंटे की उड़ान पूरी की और छ्रत्नष्ट (डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन) लाइसेंस प्राप्त किया। ताईबा को सामाजिक रूढ़ियों और आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने स्पष्ट कहा कि ÷मेरी वर्दी ही मेरी पहचान है। उन्होंने सभी बाधाओं को पार कर यह सिद्ध किया कि पसमांदा मुस्लिम समाज की बेटियां भी हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकती हैं। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ की बिहार यूनिट को निर्देश दिया गया है कि वे जल्द ही ताईबा अफरोज के घर जाकर उन्हें सम्मानित करें और उनके संघर्ष को पूरे समाज के सामने एक प्रेरणा के रूप में प्रस्तुत करें। महाज़ पूरे पसमांदा मुस्लिम समाज से अपील करता है कि वे बेटियों की शिक्षा और करियर को प्राथमिकता दें। ताईबा अफरोज की सफलता इस बात का प्रमाण है कि मेहनत और समर्पण से कोई भी ऊंचाई हासिल की जा सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रद्धा से मना भगवान 1008 श्री चंद्रप्रभु का मोक्ष कल्याणक



**लखनऊ।** गोमती नगर विशाल खंड स्थित जैन मंदिर में जैन धर्म के 8 वें तीर्थकर 1008 भगवान श्री चंद्रप्रभु का मोक्ष कल्याणक गुरुवार को धूमधाम से मनाया गया। मन्दिर के मंत्री आलोक जैन ने बताया कि आज ही के दिन भगवान को निर्वाण प्राप्त हुआ था। भगवान के अभिषेक एवं पूजन के बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। जिसमें महिलाओं ने सुंदर सूंदर निर्वाण लाडू बनाकर भगवान को अर्पित किये। मुख्य शांति धारा राकेश, डॉ संजय एवं जयकुमार जैन ने की। इस अवसर पर चंद्रप्रभु विधान धूमधाम से किया गया, मुख्य लाडू गोमती नगर जैन समाज द्वारा चढ़ाया गया ।मंदिर के अध्यक्ष प्रदीप जैन, मंत्री आलोक, संदीप जैन, सुकांत, राकेश, अरविंद, वी के जैन, रचित, प्रकाश चंद्र, गजेंद्र, ऋषभ, पंडित पीयूष आदि शामिल रहे। अन्त में प्रसाद वितरण डा संजय राकेश परिवार द्वारा कराया गया।

### हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से झुलसी महिला

**सुलतानपुर।** छत पर खड़ी महिला हाइटेंशन लाइन की चपेट में आने से झुलस गई। इलाज के लिए महिला को अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हाइटेंशन लाइन हटाने को लेकर मोहल्लेवासी परेशान हैं।मोहल्ले वाले दर्जनों बार विभाग से लिखित और मौखिक रूप से कर चुके हैं। फिर भी हाइटेंशन लाइन हटाने को लेकर कहीं पर सुनवाई नहीं हो रही है। नगर कोतवाली के लालडिग्गी वार्ड के नया नगर का मामला बताया जा रहा है।

### हत्याकांड की थ्योरी नहीं बता रही बल्दीराय की पुलिस

**सुल्तानपुर, बल्दीराय।** थाना क्षेत्र के पूरे गंगा पांडेय (महुली) में ग्राम पंचायत सदस्य सुमन (53 वर्ष) हत्याकांड की वाज़िब वजह बताने से इलाकाई पुलिस परहेज कर रही है। हालांकि बल्दीराय थाने की पुलिस ने तकरीबन दो वर्ष पुराने केस में उसी क्षेत्र के सन्दीप कुमार नामक एक व्यक्ति को हत्याभियुक्त बताकर पखवारे भर पूर्व जेल भेज दिया है। दलित महिला सुमन की हत्या (0369/2022,धारा 302/201/34)पूर्व थाना प्रभारी अमरेंद्र सिंह के तैनाती के समय पर हुई थी,घटना स्थल का निरीक्षण तत्कालीन कप्तान सोमेन वर्मा ने भी किया था। बल्दीराय थाना क्षेत्र में महिला ग्राम पंचायत सदस्य की निर्मम हत्या कर दी गई थी ।वारदात के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। घटना उस समय हुई जब रात में मृतका अपने खेत की रखवाली करने गई थी। हत्या की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जंगल से शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था ।इस बाबत में सीयूजी फोन उठाने वाले जिम्मेदार सवालों पर उत्तर देने से कतराते रहे और खीजते हुए फोन रख दिया।

### पारिवारिक कलह के चलते विवाहिता ने दी जान

**सुल्तानपुर। थाना** कोतवाली नगर क्षेत्र के गांव पूरे राजकुमार,दाखवा निवासी आनंद सिंह की 28 वर्षीया पत्नी स्वाती सिंह ने कमरे में लगे पंखे से लटककर फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मृतका के एक पांच वर्षीय पुत्र भी है। पुलिस चौकी गोडवा प्रभारी सुशील दुबे ने बताया कि संभवतः पारिवारिक लड़के विवाहिता के आत्महत्या का कारण बना। मृतका के शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। चौकी प्रभारी गोडवा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

### एक लाख के इनामी हत्याभियुक्त सिराज की 4 करोड़ 25 लाख की संपत्ति हुई जप्त

**सुल्तानपुर।** जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय, सुलतानपुर द्वारा धारा-14(1) उ0प्र0 गिरोह बन्द अधिनियम (गैंगेस्टर एक्ट) के अन्तर्गत देहात कोतवाल सत्येंद्र कुमार सिंह की पहल पर अभियुक्त सिराज अहमद उर्फ पप्पू पुत्र मो0 मंसूर अहमद की सम्पत्तियों को जब्त किया गया है, जिन पर कुल-21 मुकदमें पंजीकृत हैं, हत्या के 02 मुकदमें, हत्या का प्रयास धारा-307 के 04 मुकदमें, गैंगेस्टर के 03 मुकदमें हैं। कुल जब्त सम्पत्तियों का विवरण- कुल वाहन-05 (01 फार्च्यूनर, 02 स्कार्पियो, महिन्द्रा ट्रैक्टर, मोटर साइकिल, 1 ट्रैक्टर ट्राली हैं।

# ईंट-अद्धे के साथ लोहे को भी पचा गये अभियंता

अवधनामा संवाददाता

■ सिर्फ 95 किलो लोहे पर बने सात पुलों पर दशकों तक दौड़ते रहे वाहन,पूर्व के अभियंताओं की कारीगरी याआज के इंजीनियरों की बाजीगरी

**सुलतानपुर।** जिले के आधा दर्जन ड्रेनों पर बने और एक नहर पर दशकों पूर्व बने पुलों में सिर्फ 95 किलो लोहे का प्रयोग हुआ था। यह सुनने में भले ही अजीब लगे लेकिन पूर्व के अभियंताओं की या तो यह कारीगरी थी या आज के अभियंताओं की बाजीगरी है। हाल ही में शारदा सहायक खंड 16 में प्रकाश में आये स्क्रैप घोटाले ने यही साबित किया है। एक कुंतल से कम लोहे से बने सात पुलों पर वर्षों तक वाहन दौड़ते रहे और आवागमन होता रहा और अब जाकर इनका पुनर्निमाण शुरू हुआ है।

खंड 16 में पुराने पुलों को तोड़कर निकाले गए मलबे को अभियंताओं और ठेकेदारों के गठजोड़ ने हजम कर लिया। हाजमा भी इतना अच्छा है कि ईंट, अद्धे और लोहे तक को पचा गए। मामला खुला तो सिर्फ 95 किलो लोहा उगल दिया। बाकी का कहां गया यह अभी तक पता नहीं चल पाया है। विदित हो कि बीते वर्ष ड्रेन और नहरों पर बने 50 वर्ष से अधिक पुराने हो चुके पुलों को शासन ने तकनीकी जांच के बाद जर्जर घोषित कर दिया था। इनमें कूरेभार ड्रेन की 6 पुलिया और एक नहर का पुल भी शामिल है । कूरेभार ड्रेन के 5.170, 16.180, 22.330, 23.850, 24.160 और 29.300 किमी ने पुल बनाए जाने है। बजट आने के बाद कार्य भी शुरू हो चुका हैं। ड्रेन पर 3.15 करोड़ की लागत से कुल 6 पुल बनाए जा रहे हैं। जबकि 88 लाख की लागत से एक नहर पर भी एक पुल का जीर्णोद्धार चल रहा है। जयसिंहपुर विकासखंड क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर संपर्क मार्ग के अलावा पलिया, बरसोमा, राम बहादुर नदी धाम मार्ग पर ,कूरेभार ड्रेन पुल बनाए जा रहे है। कई स्थानों पर पोकलैंड मशीनों द्वारा युद्ध स्तर पर तोड़फोड़ का काम हो चुका है। कहीं-कहीं नए पुलों का निर्माण भी प्रारंभ हो चुका है।

### एसी ने मांगी एक्सईन से रिपोर्ट

शारदा सहायक खंड-16 के अधीक्षण अभियंता कामिनीकांत राय ने अधिशासी अभियंता से पूरे प्रकरण की रिपोर्ट मांगने की बात कही है। उन्होंने दूरभाष पर बताया कि यह मामला जल्द ही उनके संज्ञान में आया है और वे इसे गंभीरता से ले रहे हैं। श्री राय ने कहा कि इस प्रकरण पर उनकी नजर बनी हुई है। उन्होंने माना कि जिसके क्षेत्र में काम हो रहा है उसे जांच कमेटी में रखना शासनादेश के विपरीत है इसकी भी रिपोर्ट अधिशासी अभियंता से मांगी जाएगी।

# छोटा मामला समझकर पीड़ित को मैराथन दौड़ करवा रही पुलिस

**सुल्तानपुर।** नगर कोतवाली के रैपिड रिस्पांस की ये बानगी भर है। नगर के रुद्रनगर की पुरानी लाई मंडी से ई रिक्शा मंगलवार की शाम चोरी हो गया। सूचना और तहरीर भी पीड़ित ई रिक्शा मालिक राजकुमार ने उसी वक़्त कोतवाली नगर में दे दी।दो दिन बीत गए अभी तक एफआईआर अभी तक दर्ज नहीं की गई है। जबकि शहर कोतवाल नारदमुनि सिंह ने खुद तहरीर ली थी। उन्होंने तो पीड़ित से कह दिया शाम को आना। पीड़ित को रोजाना सुबह-शाम कोतवाली बुलाया जा रहा है। वहीं पखवारे भर पूर्व अमहट चौराहे पर सक्रिय हुए लोगों ने चोर को पकड़ लिया था। धुनाई करने के बाद पुलिस को सौंप दिया। तो इलाकाई पुलिस ने चोर की तरफ खड़े होकर पीटने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की धमकी दे दिया।पता तो यह भी चला है कि जिस दुकानदार के यहां चोरी हो रही थी, उससे पैसे की वसूली हो गई है!

# दुर्गा जी मंदिर में हुआ दुरदूरिया का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर, कुड़वार। ब्लॉक** क्षेत्र के मवैया गांव स्थित दुर्गा जी मंदिर प्रांगण में दुरदूरिया कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष उषा सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। बड़ी संख्या में महिलाओं और ग्रामीणों की सहभागिता से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।दुरदूरिया कार्यक्रम के तहत पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पूजा-अर्चना की गई। महिलाओं ने भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे समाज की एकता व समर्पण का प्रतीक बताया।इस सफल आयोजन में विनायक पांडे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख बल्दीराय शिवकुमार सिंह, पुष्पा पांडे, कृष्णा देवी पांडे, हनुमान प्रसाद पांडे, संतोष कुमार शुक्ला, विनायक पांडे, पप्पू शर्मा, श्रवण पांडे, बंदना, अनीता, पुष्पा, शांति, नीलम, कलावती, द्रोपती, श्याम प्रीत, पिंटू पांडे, मोनू सिंह, रामशरण, अरुण दुबे, आकाश समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पाक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** पुलिस अधीक्षक कुँवर अनुपम सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद पुलिस द्वारा वांछित एवं वारंटी अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना अखंडनगर पुलिस ने पाक्सो एक्ट से संबंधित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।थाना अखंडनगर में 18 दिसंबर 2024 को दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 0409/2024 धारा 137(2)/87 भा.दं.सं. से संबंधित वांछित अभियुक्त शिवम पुत्र बरसातू निवासी ग्राम चिलवनिया, थाना जलालपुर, जनपद अंबेडकर नगर की गिरफ्तारी के लिए पुलिस सक्रिय थी। बुधवार को अखंडनगर थाना पुलिस ने अपहृता को बरामद करते हुए आरोपी शिवम को गिरफ्तार कर लिया। विवेचना के दौरान मुकदमे में धारा 64 भा.दं.सं. एवं 5/6 पाक्सो एक्ट की वृद्धि की गई। पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर भेजने के लिए न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक श्री ज्ञानेश दूबे व कांस्टेबल रामबाबू ने मुख्य भूमिका निभाई।

# स्टुडेंट्स अब करेंगे यूनिवर्सिटी ऑफ फिलीपींस का भ्रमण

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ फिलीपींस के बीच एमओयू साइन

अवधनामा संवाददाता



**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद नित नई वैश्विक बुलंदियों की ओर अपने कदम बढ़ा रहा है। टीएमयू के स्टुडेंट्स को एक और बड़ी सौगात मिली है। अब टीएमयू के स्टुडेंट्स और फैकल्टीज़ यूनिवर्सिटी ऑफ फिलीपींस का भ्रमण कर सकेंगे। साथ ही यूनिवर्सिटी ऑफ फिलीपींस के स्टुडेंट्स और फैकल्टीज़ टीएमयू का दौरा करेंगे। इसके लिए तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिटी ऑफ फिलीपींस के बीच एक ऐतिहासिक एमओयू साइन हुआ है। एमओयू के तहत कोलाबोरेटिव रिसर्च, ट्रेनिंग, फॉरेंसिक इंवेसटिगेशन, नॉलेज स्किलिंग, स्टुडेंट्स एंड फैकल्टीज़ इंटरचेंज, ज्वाइंट प्रोजेक्ट आदि की सहमति बनी है। एमओयू पर टीएमयू की ओर से डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, जबकि यूनिवर्सिटी ऑफ फिलीपींस की ओर से यूनिवर्सिटी ऑफ फिलीपींस के कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंसेज की डीन डॉ. मां. टेरेसा जीडी गुजमान ने हस्ताक्षर किए हैं। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके बोले, एमओयू के बाद फॉरेंसिक स्टुडेंट्स फॉरेंसिक इन्नोवेशन से अपडेट होंगे। साथ ही टीएमयू की फैकल्टीज़ यूनिवर्सिटी ऑफ फिलीपींस के कॉलेज ऑफ आर्ट एंड साइंस में मास्टर इन फॉरेंसिक बिहेवियरल साइंस को डवलप करने में मदद करेगी। यूनिवर्सिटी ऑफ फिलीपींस के कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंसेज़ की डीन डॉ. मां. टेरेसा जीडी गुजमान ने उम्मीद जताई, यह एमओयू हमारे स्टुडेंट्स और फैकल्टीज के लिए मील का पत्थर साबित होगा।

एमओयू साइन के मौके पर कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड साइंसेज़ के एसोसिएट डीन डॉ. जय टी. डालेट, टीएमयू के एसोसिएट डीन डॉ. अमित कंसल, पैरामेडिकल के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार, शेरलॉक इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस, दिल्ली के सीईओ डॉ. रंजीत कुमार सिंह, फॉरेंसिक साइंस के एचओडी श्री रवि कुमार, श्री योगेश कुमार, श्री आकाश चौहान आदि की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। इस एमओयू के बाद टीएमयू के स्टुडेंट्स कम्युनिटी फॉरेंसिक, हेरिटेज फॉरेंसिक और क्राइम सीन इन्वेसटिगेशन के बारे में ज्ञान का आदान-प्रदान करेंगे। इसके अलावा ऑनलाइन और ऑफलाइन कॉन्फ्रेंस, सेमिनार, व्याख्यान और गेस्ट लेक्चर्स का भी प्रावधान किया गया है। साथ ही साझा प्रोजेक्ट पर काम कर सकेंगे। उल्लेखनीय है, टीएमयू में कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के फॉरेंसिक साइंस विभाग में यूजी, पीजी के संग-संग पीएचडी सरीखे प्रोग्राम भी चल रहे हैं। इन कोर्सेज़ में यूपी के अलावा दिल्ली, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, आन्ध्रप्रदेश, तमिलनाडु, जम्मू-कश्मीर आदि के स्टुडेंट्स भी अध्ययनरत हैं।

# एमपी-एमएलए कोर्ट में पूर्व विधायक हुए हाजिर



अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** बुधवार को जिले के लंभुआ विधानसभा के पूर्व विधायक संतोष पांडेय गिरफ्तारी वारंट पर बुधवार को एमपी -एमएलए मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की कोर्ट में हाजिर हुए। बीमारी की हालत में कई घण्टे तक कोर्ट में बैठाए गए। उन्होंने आरोपों से इंकार करते हुए बयान दर्ज कराया।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने बताया कि कोर्ट ने वारंट रिकॉल कर पूर्व विधायक का बयान दर्ज किया। इससे पूर्व मामले के अन्य आरोपियों ने बीते सप्ताह बयान दर्ज कराया था। संतोष पांडेय और उनके दर्जन भर साथियों पर फरवरी 2022 विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान उड़नदस्ता प्रभारी रहे वीडीओ संदीप सिंह ने कोतवाली देहात थाने में आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज कराया था। इसमें अभियोजन पक्ष का साक्ष्य समाप्त होने के बाद कई पेशियों से सुनवाई लम्बित हो रही थी। कोर्ट ने सफाई साक्ष्य के लिए अगली सुनवाई 11 मार्च को नियत की है।

अवधनामा



# गैस सिलेंडर फटने से दो मकानों में लगी आग, मची भगदड़

■ आग की लपटों ने पड़ोसी के मकान को लिया चपेट में दो घंटो की मशक्कत के बाद आग पर लिया काबू

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** थाना पनवाड़ी के ग्राम बहादुरपुर कला गांव में सिलेंडर फटने दो मकानों में आग लग गई। सिलेंडर फटने के कारण गांव में भगदड़ मच गई, ग्रामीणों ने दमकल विभाग को सूचना दी। जिस पर दमकल विभाग के जवानों ने मौके पर पहुंचकर दो घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया।

ग्राम बहादुरपुर कला निवासी मूलचंद्र मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता है गुरूवार को घर पर महिला खाना बना रही थी तभी गैस सिलेंडर लीकेज होने के कारण उसमें आग लग गई, जिससे चीख पुकार मंच गई। परिवार के लोग मौके में पहुंचकर आग बुझाने में जुट गए। लेकिन आग के उग्र रूप धारण कर लेने से वह मौके से भाग खड़े हुए। सिलेंडर कीआग ने मकान को अपनी चपेट में ले लिया।

देखते ही देखते आग लपटों ने पड़ोसी मैयादीन के मकान को चपेट में ले लिया। दोनो मकान धूं धूंकर जलने लगे, और आग की लपटें चारों तरफ फैल गई, जिससे ग्रामीण आग की लपटों के सामने नही टिक सके और दमकल विभाग को सूचना दी, दमकल विभाग के जवानों के आने से पहले घर में रखा अनाज और घरेलू समान सहित हजारों रुपये की नगदी जलकर बर्बाद हो गई। दमकल विभाग की टीम ने बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

## पशु वैज्ञानिकों ने फन्ट लाइन डिमोंस्ट्रेशन कर पशु पालकों को जागरूक किया

**मथुरा।** आई.सी.ए.आर. के एस.सी. सब प्लान के अन्तर्गत मथुरा जनपद के गोवर्धन ब्लाक के अन्तर्गत आने वाले गाँव सौंसा-साहयपुर में वेटरनरी विश्वविद्यालय के परजीवी विज्ञान विभाग द्वारा पशुपालकों ने बीच फन्ट लाइन डिमोंस्ट्रेशन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य अनुसूचित जाति के पशुपालक भाइयों को जागरूक कर उनका पशु पालन सम्बन्धी ज्ञान को बढ़ाना एवं पशुओं में होने वाले रक्त परजीवियों के संक्रमण से कैसे बचा जाये एवं संक्रमण होने पर सही इलाज कैसे किया जाये इसके बारे में पशु पालकों को जागरूक करना था।

यह फन्ट लाइन डिमोंस्ट्रेशन वेटरनरी विश्वविद्यालय के परजीवी विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित की गई थी। इस ट्रेनिंग के मुख्य समन्वयक डॉ0 प्रदीप कुमार ने बातचीत में बताया कि यह डिमोंस्ट्रेशन आई.सी.ए.आर. के एस.सी. सब प्लान की परियोजना के अन्तर्गत था। जिसकी जिम्मेदारी वेटरनरी विश्वविद्यालय के परजीवी विज्ञान विभाग को दी गई थी।

# विद्युत चेकिंग अभियान से बिजली चोरों में मचा हड़कम्प



■ विभाग ने वसूला लाखों रुपयों का राजस्व, काटे तीस कनेक्शन

**अवधनामा संवाददाता**

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अधिसाषी अभियंता के निर्देश पर विद्युत उपखण्ड अधिकारी सहित अवर अभियंता नें टीम के साथ नगर में बकाया बसूली व चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दो दर्जन से अधिक बकायेदार उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन विच्छेद करनें एवं भार बढानें सहित विभाग ने लाखों रुपये का बकाया राजस्व वसूला। गुरूवार को अधिसाषी अभियंता राजीव कुमार के निर्देशन में विद्युत उपखण्ड अधिकारी बृजेश कुमार सिरोही व अवर अभियंता विकास कुमार नें टीम के साथ नगर के तिर्वारोड सहित अन्य मोहल्लों में चेकिंग अभियान के तहत वाणिज्यिक बकायेदार उपभोक्ताओं की सूची के अनुसार चेकिंग की और तीस बकायेदारों के कनेक्शन विच्देद किये गए। अभियान के दौरान विद्युत विभाग की टीम ने तीन घरों का विद्युत भार बढाया साथ ही दो घरेलू कनेक्सनों को कामर्शियल में बदला। वहीं मौके पर ही कई उपभोक्ताओं से तीन लाख तीस हजार रुपयों का राजस्व शुल्क वसूला गया। इस दौरान उन्होनें कहा कि यह अभियान नियमित रूप से जारी रहेगा। इस दौरान आशीष कुमार, आसिफखॉं, संजय यादव, संतोष कुमार, सरमू आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एआरटीओ ने यातायात नियमों का उलंघन करने पर 6 वाहनों को किया सीज



**महोबा।** कानपुर सागर और झांसी मिर्जापुर हाइवे में एआरटीओ दयाशंकर ने यातायात नियमों का उलंघन करने वाले जेसीबी, डंफर, ट्रक और लोडर सहित आधा दर्जन वाहनों को सीज किया। एआटीओ के चैकिंग अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा। कानपुर सागर हाइवे में कबरई क्षेत्र में चलाए गए चैकिंग अभियान के दौरान ओवर लोड के साथ साथ बिना परमिट और फिटनेस के तमाम वाहन चलते पाए गए। कुछ वाहनों का 2023 से न तो परमिट था और न ही फिटनेस प्रमाण पत्र था, ऐसे वाहनों को थाना कबरई में खड़ा करा दिया गया है। सहायक संभागीय परिवाहन अधिकारी दयाशंकर ने बताया कि शासन के निर्देश पर चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश पालन करवाना और रोड टैक्स की चोरी रोकना है। परिवहन विभाग लगातार यातायात नियमों का पालन और टैक्स चोरी के लिए सख्त कार्रवाई करने में जुटा हुआ है, उन्होने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### समय से बिलों की अदायगी कर कार्यवाही से बचें



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** उपभोक्ताओं को बिजली के बिलों का भुगतान नियमित रूप से और समय से करना चाहिए। ताकि बिजली आपूर्ति में किसी प्रकार की रुकावट न आए और उन्हें जुर्माने या कटौती जैसी कार्यवाही का सामना न करना पड़े। यह बात गुरूवार को स्थानीय विद्युत उपखण्ड कार्यालय में छिबरामऊ विद्युत अधिशासी अभियंता राजीव कुमार ने कही। बताया कि विभाग ने पहले ही ओटीएस योजना के माध्यम से उपभोक्ताओं को पर्याप्त समय दिया है। लेकिन कई उपभोक्ता फिर भी भुगतान में लापरवाही बरत रहे हैं। अधिशासी अभियंता ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि उपभोक्ताओं ने निर्धारित समय के भीतर अपना भुगतान नहीं किया। तो विद्युत आपूर्ति को अस्थायी रूप से रोकने का निर्णय लिया जा सकता है। इसके अलावा, बिलों में विलंब शुल्क भी लगाया जाएगा। इस प्रकार की कार्यवाही से बचने के लिए उपभोक्ताओं को समय पर बिल का भुगतान करना आवश्यक है। उन्होनें उपभोक्ताओं से निकटतम विद्युत विभाग कार्यालय में जाकर त्रुटिपूर्ण बिलों का संशोधन कराकर भुगतान करनें की अपील की है। इस दौरान उपखण्ड अधिकारी बृजेश कुमार सिरोही, अवर अभियंता विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने बीस लीटर कच्ची शराब सहित दो को पकडा

**कन्नौज।** होली त्योहार से पूर्व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे के नेतृत्व में कोतवाली के उप निरीक्षक प्रदीप कुमार ने हमराह सिपाहियों के साथ गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग स्थित सूलनपुर रास्ते में बने ट्यूबवेल के निकट छापेमारी कर प्रदीप उर्फ बृजेश पुत्र मोहन सिंह के पास से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की है। उधर मुखबिर की सूचना पर मोहन कोल्ड के पीछे तालाब के निकट महावीर पुत्र राम बहादुर के पास से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद करते हुए हिरासत में ले लिया। कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

### गंगा नदी पर नया पुल बनाये जाने पर लोगो में खुशी की लहर

**उन्नाव।** गंगा नदी पर पुराना पुल बना टूट गया था जिसको नया बनवाने के लिए सदर विधायक ने पूरजोर मुद्दा उठाया इस पर सरकार ने अपनी हरी झंडी दिखाकर गंगा पर पुल बनाने के लिए जिसका निरीक्षण करने के लिए सेतु निगम की एक टीम पहुँची। जिसने विधिवत निरीक्षण किया। बताते चले कि शुक्लागंज में ब्रिटीश जमाने का पुल धराशायी हो गया था जो लगभग 150 वर्ष पुराना था जो टूट गया था जिस पर नया बनाने के लिए सद विधायक पंकज गुप्ता ने पुरजोर मुद्दा उठाया था। इस पर मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति दे दी थी। नया पुल गंगा बनाने के लिए राज्य सेतु निगम की एक टीम आयी जो स्टीमेट तैयार करेगी टीम सहायक अभियन्ता अनुराग एवं सहयोगी राकेश पाण्डेय पहुँच कर स्थलीय निरीक्षण किया और वह अपने साथ नये पुल का नक्शा भी लाये थे पुल के नक्शे के अनुसार उसका स्टीमेट तैयार की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। वही टीम स्टीमेट तैयार शासन को भेजेगी निरीक्षण के दौरान गंगाघाट के चेयरमैन एवं अन्य लोग उपस्थित थे लोगो को जब जानकारी हुई तो खुशी का ठिकाना नही रहा।

### जिला कारागार में महिला दिवस के अंतर्गत मनाया महिला सप्ताह दिवस

**मथुरा।** जिला कारागार मथुरा में महिला दिवस के अवसर पर अंशुमन गर्ग जेल अधीक्षक के आदेशानुपालन में महिला सप्ताह मनाया जा रहा है। उक्त का शुभारम्भ 4 मार्च को किया गया। उक्त कड़ी में आज तीसरे दिन श्रीगिर्राज जी महाराज कॉलेज गोवर्धन मथुरा की चेयरपर्सन अनुराधा शुक्ला कारागार पर आई तथा उनके साथ आए कॉलेज की महिला विद्यार्थियों श्रेया व कृतिका के द्वारा राधा-कृष्ण के स्वरूप में एक नृत्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इनके द्वारा महिला बंदियों के लिए दैनिक उपयोग की आवश्यक सामग्री, तौलिया, सेनेटरी नैपकिन,होली की पिचकारी,बच्चों के लिए खिलौने आदि वितरित कराए गए। इस अवसर पर कु0 रोहिणी शुक्ला,राखी सक्सेना, ममतेश दीक्षित,चंचल वर्मा एवं महिला बैरिक प्रभारी डिप्टी जेलर करुणेश व अन्य महिला कार्मिक उपस्थित रही।

# हत्या के मामले का जल्द खुलासा करने की उठायी मांग

■ विपक्षी के परिजनों द्वारा राजीनामा के लिए धमकाने का आरोप

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम सेरवांसकलां में रहने वाली राजकुमारी पत्नी भूपेन्द्र सिंह ने पुलिस अधीक्षक को एक शिकायती पत्र भेजा है। शिकायती पत्र में बताया कि उसके पुत्र गौरव राजा की हत्या 19 फरवरी 2025 की रात करीब 11.30 बजे गांव के कुछ लोगों ने कर दी थी। जिस पर पुलिस ने उसके देवर राजेन्द्र सिंह पुत्र केहर सिंह की तहरीर के आधार पर एफआईआर धारा 191 (2), 103 (1) बीएनएस में दर्ज कर ली थी। बताया कि कोतवाली तालबेहट पुलिस ने मामले में कुछ लोगों को हिरासत में लिया था। बताया कि तभी से पुलिस उक्त लोगों को थाने में बैठाये है और उसके देवर राजेन्द्र सिंह द्वारा 22 फरवरी को मुख्यमंत्री को भी शिकायती पत्र भेजा था। आरोप है कि उक्त लोगों के परिजन अब उसे व उसके देवर को राजीनामा करने के लिए धमका रहे हैं। यह भी बताया कि राजेन्द्र सिंह ने 3 मार्च को डीआईजी झांसी को भी एक प्रार्थना पत्र दिया था, लेकिन इसके भी उक्त लोगों के खिलाफ चालान नहीं हो रहा है। बताया कि 5 मार्च को अपराह्न 12 बजे अपने देवर राजेन्द्र सिंह को चौकी तेरई फाटक से फोन आया और कोतवाली तालबेहट बुलाया गया। जहां उसका देवर राजेन्द्र सिंह, पूरन सिंह व धर्मेंद्र सिंह तालबेहट पहुंचे, लेकिन उनका अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है।

## महोबा कबरई रोड का मरम्मत का कार्य शुरू होने पर व्यापारी खुश

**महोबा।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक गुरूवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में आहूत की गई। बैठक में बताया कि महोबा से कबरई के बीच रोड के मेंटीनेंस का कार्य शुरू हो गया है। जनपद से गुजरने वाले राजकीय राजमार्गो के डिवाइडरों के प्रारंभिक बिंदुओं पर संकेतक तथा रिफ्लेक्टर लगाए जाने, साथ ही विद्युत विभाग से संबंधित शाह पहाड़ी व रैपुरा ग्राम के आसपास लग रही नई इकाइयों को शहरी फीडर से विद्युत आपूर्ति करायें जाने का प्रकरण प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों तथा अधिकारियों को यथोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जनपद से सटे मध्य प्रदेश राज्य से अवैध खनिज परिवहन न होने पाए इसके संबंध में जिलाधिकारी ने वरिष्ठ खान अधिकारी तथा अन्य शमन से संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।

# कोतवाली नगर में आयोति की गयी पीस कमेटी की बैठक, दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**



**महोबा।** रमजान, होली सहित अन्य आगामी त्यौहारों को शान्तिपूर्ण ढंग से सकुशल सम्पन्न कराये जाने को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह व अपर जिलाधिकारी रामप्रकाश की संयुक्त अध्यक्षता में थाना कोतवाली नगर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की गई है। खुराफात व हुड़दंग करने वालों से सख्ती से निपटने की बात कही गई है। पुलिस एवं प्रसाशनिक अधिकारियों ने शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर लोगों से अपील की है, उन्होंने त्यौहार पर शराब का सेवन, तेज आवाज में लाउडस्पीकर न बजाने को कहा है। हुड़दंग मचाने वालों पर सख्ती से निपटने की बात कही गई है। हुड़दंग मचाने वालों की सूचना पुलिस को देने को कहा गया है। एएसपी ने बताया त्योहारों को लेकर पुलिस अलर्ट है। बेवजह खुराफात करने वालों को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाएगा। बैठक में मौजूद लोगों से भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने को कहा है। समस्या आने पर तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना देने की अपील की है।

अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा बताया गया कि यदि कोई भी व्यक्ति धार्मिक भावनाएं भड़काने या दुष्प्रचार करने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। सभी लोगों से अपील करते हुए उन्हें समझाया गया कि वह किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। जिससे शांति व्यवस्था बनी रहे और सभी लोग त्यौहार को शांति पूर्व ढंग से मना सके।

# बजट से नाखुश आशा कार्यकत्रियों व संगिनियों ने किया प्रदर्शन

■ कलेक्ट्रेट पहुंच कर मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** आशा कार्यकत्रियों की तमाम समस्याओं का निस्तारण शीघ्र किये जाने की मांग को लेकर आशा कार्यकत्री कर्मचारी महासंघ ने जिलाध्यक्ष आशा यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुये कलेक्ट्रेट पहुंची। आशा कार्यकत्रियों व संगिनियों ने संयुक्त रूप से प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि विधान सभा के जारी सत्र में वित्तीय वर्ष 2025 का बजट प्रस्तुत किया गया। पूरे बजट में प्रदेश भर में स्वास्थ्य अभियानों में अगुआ की भूमिका निभा रही आशा कर्मियों की बेहतरी, उनके जीवन जीने लायक मानदेय, सामाजिक सुरक्षा और उनकी सेवाओं की निरंतरता के सम्बन्ध में कोई चिंता नहीं की गई। 45 व 46 वे भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिस के अनुरूप कर्मचारी के रूप में मान्यता देने, न्यूनतम वेतन, ईएसआई, ईपीएफ, ग्रेच्युटी देने की दशक भर से उठ रही मांगों को अनसुना कर दिया गया। प्रदेश में पिछले वर्ष 2 फरवरी को मिशन निदेशक के साथ हुई वार्ता में वर्ष 2019 से 2023 तक के और कुछ कृत कार्यो की एक दशक से बकाया प्रोत्साहन राशि के 1 लाख करोड़ से अधिक लापता भुगतान में अधिकांश की अदायगी का विश्वास दिलाया गया था किंतु एक वर्ष बीत जाने के बाद उस दिशा में कोई रुचि नहीं दिखाई गई। बजट में आशा वकर्स के वर्षो से उठ रहे सवालों को अनसुना कर दिया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2021 के दिसंबर माह में आशा को 6700 और संगिनी को 11500 रु भुगतान करने का बयान आज भी सदन में एक प्रश्न के उत्तर में बताया गया किंतु यह मिथ्या है। प्रदेश की किसी एक भी आशा कर्मी को यह कथित भुगतान नहीं मिलता है। कई बार निदेशालय और सरकार महोदय से जानने के लिए और यह राशि भुगतान कराए जाने के लिए याचना की गई किंतु कोई कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। प्रदेश में आशा कर्मियों के कार्यो के सापेक्ष मिलने वाली प्रोत्साहन राशियों में दिल खोलकर बेखौफ वसूली, बेनामी खातों में धन के स्थानानन्तरण और उसके नकदीकरण का खेल जारी है। आशा कार्यकत्रियों ने बताया कि प्रदेश भर में आशा कर्मी बजट के पूर्व बहुत आशान्वित थी किंतु सरकार की अनदेखी से बहुत निराश और क्षुब्ध है। अतएव बजट के प्रति अपनी निराशा को अभिव्यक्त करते हुये मांग उठायी कि 45-46 वे भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिसो के अनुसार न्यूनतम वेतन, सामाजिक सुरक्षा अनुमन्य की जाये, वर्षो से लम्बित प्रोत्साहन राशियों के भुगतान तत्काल कराये जाने, बेगार में लिए जाने वाले कार्मो का आकलन कर उनका भुगतान कराया जाया और उत्पीडन् तथा भुगतान के नाम पर अवैध वसूली पर रोक लगाये जाने, कम्प्यूटर ऑपरेटर का आशा कर्मियों से न लिये जाने की मांगों को उठाया। ज्ञापन देते समय जिलाध्यक्ष आशा यादव, नीतू रजक, तुलसादेवी, मेवा, उर्मिला, सुमनलता, जयन्ती, भागवती, संगीता, ममता गुप्ता, राजकुमारी, निर्मला देवी, सुनीता, सुधा देवी, मोहिनी तिवारी, लक्ष्मी, शिरोमणि, कौशिल्या, रामकुमारी, रेखा, जशोदा, आराधना, सीमा, सविता, जमना, गुड्डी, सरस्वती, नीतू रजक, अनीता, वर्षा बार, भारती साहू, ममता, रानीदेवी, राजाबेटी, गीतादेवी, प्रेमवती, तवस्सुम, सीतादेवी, ममता, बबली साहू, रेखा, सीमा, रामश्री, साधना, भुवन, प्रभादेवी, किरन, अनीता दुबे, विजय कुमारी, मायादेवी, रंजना, रूबी, सुनीता, मालती पाठक, रश्मि के अलावा अनेकों महिलाएं मौजूद रहीं।

# चौमुहां क्षेत्र पंचायत की बैठक में 5 करोड़ के प्रस्ताव पास

**अवधनामा संवाददाता**

■ विकास के मामले में चौमुहां की गिनती होगी नम्बर वन : प. शोभाराम

**चौमुहां (मथुरा)।** विकास खंड के सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लॉक प्रमुख जमुना देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 5 करोड़ रुपये से कराए जाने वाले विकास कार्य सर्वसम्मति से पास किए गए। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों के अलावा प्रधान,सचिव और सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक की शुआत बीडीओ अभिमन्यु सेठ ने सभी विकास कार्यो की योजनाओं के बारे में जानकारी दे हुए की। योजनाओं के सुझाव लिए गए। एकाउंटेंट देवेंद्र अग्रवाल ने गत वर्ष की कार्यवाही को पढ़कर सुनाए। ब्लॉक प्रमुख जमुना देवी की अनुमति से नए प्रस्ताव आमंत्रित किए। इस अवसर पर पंडित शोभाराम शर्मा ने बताया कि करीब 5 करोड़ रुपये के विकास कार्य चौमुहां ब्लॉक की विभिन्न पंचायतों के कराए जाने है। जरूरतमंद पंचायतों में प्रमुखता से विकास कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जनपद में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सर्वाधिक लाभ चौमुहां ब्लॉक को मिला है। कहा कि ब्लॉक प्रमुख जमुना देवी की प्राथमिकता है कि जिस चौमुहां ब्लॉक की गिनती विकास के मामले में 10वें नम्बर पर हुआ करती थी , वह अब नम्बर एक पर हो। बीडीओ अभिमन्यु सेठ ने कहा कि जिन विभागों की शिकायत मिली है उन विभागों को शिकायत दूर करने के लिए निर्देशित किया गया है। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह कैम्प लगाकर योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। नौगांव प्रधान लोकेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू ने गांव में बने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर महिलाओं का प्रसव कराए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि नौगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से कई गांव जुड़े हुए हैं। यहां रात के वक्त महिलाओं को प्रसव पीड़ा होने पर चौमुहां ले जाना पड़ता है जो काफी दूर है।

# प्रसूता की मौत के मामले में बुन्देलखण्ड नागरिक मोर्चा ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** एक मार्च को उपचार के अभाव में प्रसूता की मौत होने का मामला थमता नजर नहीं आ रहा है। प्रकरण की जांच भले ही प्रशासन स्तर से की जा रही है, लेकिन तीन दिन से अधिक का समय गुजरने पर भी जांच किसी नतीजे पर नहीं पहुंची। इस प्रकरण में नगर के कई संगठन मेडीकल कॉलेज के प्रधानाचार्य की भूमिका को संदिग्ध मान रहे हैं। इसी क्रम में गुरूवार को नागरिक विकास मोर्चा ने अध्यक्ष हरीबाबू शर्मा के नेतृत्व में मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला प्रशासन के जरिए भेजा है। ज्ञापन में मोर्चा पदाधिकारियों ने स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के प्राचार्य के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी है। बताया कि जिले में बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना की गयी है और इस महाविद्यालय से जिला महिला अस्पताल व जिला पुरूष अस्पताल संबद्ध किया गया है। बताया कि जब से मेडीकल कालेज के प्राचार्य के हाथ में प्रबंधन आया है तब से व्यवस्थाएं सुधरने के स्थान पर और बिगड़ गयी है। बताया कि इसका जीता जागता उदाहरण पिछले दिनों उपचार के अभाव में प्रसूता की मौत होना है। प्रसूता के परिजन जिला महिला से लेकर प्राइवेट अस्पताल में भटकते रहे लेकिन उस महिला को उचित उपचार नहीं मिल पाया। विडंबना यह है कि उस समय प्रसूता को उस समय इलाज की आवश्यकता थी पर उस समय महिला अस्पताल की चिकित्सक जांच अधिकारी के तौर पर सुविधा शुल्क के मामले को सुलझाने में लगी थी जो कि घोर लापरवाही को दर्शाता है।

इससे स्पष्ट है कि जिला अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक मरीजों के उपचार के प्रति बेपरवाह है। यह तब है जब अस्पताल के प्रबंधन को संभाल लेने के लिये चिकित्सा अधीक्षक व प्राचार्य तैनात है। अस्पताल में जिस तरह से उपचार में लापरवाही बरती गयी उससे प्राचार्य अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकते इसलिये प्राचार्य को प्रसूता की मौत का जिम्मेदार मानते हुये पदमुक्त किये जाने की मांग उठायी है। इसके अलावा नागरिक विकास मोर्चा ने आंदोलन की चेतावनी देते हुये डीन पर हत्या का मामला दर्ज किये जाने की मांग उठायी है।

## 25 दिव्यांगो के परिक्षण कर कृतिम उपकरण बाँटे

**मथुरा।** विकलांग सहायता संस्था मथुरा द्वारा 426वां निःशुल्क मासिक दिव्यांग सहायता शिविर ब्रजवासी हाई टेक उद्योग परिसर 02/3/2025 से 5/3/25 को रामबाबू कपूर चंद्र बजाज दिव्यांग चेरिटेबल ट्रस्ट आगरा और विनोद जी अग्रवाल की स्मृति संजय अग्रवाल (मुन्ना ) देवगढ वारिया, दाहोद, गुजरात के सौजन्य से आयोजित किया गया जिसमे आये हुए दिव्यांग लाभार्थियों का निःशुल्क परीक्षण सफदरजंग हॉस्पीटल देहली से आयी बिशेषज्ञ डॉ ममता जी द्वारा किया, एवं उपकरणो का निर्माण महावीर विकलांग सहायता समिति, कोटा (रजि.) से आये टेक्निशयन तूफान सिंह एवं सतीश चंद्र किया गया। जिसमे लाभार्थियों को ट्राई साईकिल (हाथ)06, व्हीलचेयर 04, सिलाई मशीन 04, वैशाखी 02, कृतिम पैर 02, केलिपैर 03, प्रदान किये गए एवं लाभार्थियों के उपकरणो की मरंमत की गई। समारोह मे मुख्य अतिथि श्री संजय अग्रवाल, (मुन्ना), देवगढ वारिया दाहोद, गुजरात, एवं संस्था अध्यक्ष सुरेश चंद्र गर्ग, सी ए संजीव अग्रवाल सत्यवीर अग्रवाल, रामनरेश अग्रवाल, विजय गर्ग, महेश चंद्र अग्रवाल एड., संजीव शर्मा, कुलदीप शर्मा, रामकिशन, आदि मौजूद रहे।

# ओवैसी ने पसमांदा मुस्लिम समाज को कहा 'जोकर' एआइपीएमएम ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने हाल ही में अपने एक बयान में पसमांदा मुस्लिम समाज को जोकर कहा और ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के प्रदेश अध्यक्ष अदनान कमर के प्रति अपमानजनक शब्दों का उपयोग किया। उन्होंने महाज़ को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तथा भारतीय जनता पार्टी का एजेंट करार दिया। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ (एआइपीएमएम) इस तरह के गैर-जिम्मेदाराना और अपमानजनक बयान की घोर निंदा करता है।

असदुद्दीन ओवैसी जैसे नेता हमेशा से पसमांदा मुस्लिम समाज को हाशिए पर रखने की नीति अपनाते आए हैं। जब तक पसमांदा मुसलमान AIMIM के राजनीतिक एजेंडे को समर्थन देते रहते हैं, तब तक वे उनके अपने भाई होते हैं, लेकिन जैसे ही वे अपने अधिकारों की मांग करते हैं और अपनी स्वतंत्र राजनीतिक विचारधारा रखते हैं, वे उन्हें गालियां देने और अपमानित करने लगते हैं।

2005 में, जब तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार थी, उस समय असदुद्दीन ओवैसी ने खुले तौर पर पसमांदा समाज को मिलने वाले आरक्षण का विरोध किया था। यह इस बात का स्पष्ट प्रमाण है कि अशराफ नेतृत्व पसमांदा समाज के सामाजिक और आर्थिक उत्थान को कभी स्वीकार नहीं कर सकता। आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ के राष्ट्रीय अध्यक्ष परवेज़ हनीफ ने कहा AIMIM ने हमेशा पसमांदा समाज को भ्रमित करने की राजनीति की है। यह पार्टी खुद को मुस्लिमों की सच्ची हितैषी बताती है, लेकिन जब पसमांदा समाज अपने अधिकारों की मांग करता है, तो वही AIMIM के नेता उन पर तरह-तरह के आरोप लगाने लगते हैं। उन्होंने कहा AIMIM की राजनीति का मुख्य उद्देश्य सिर्फ मुस्लिम वोटों को इकट्ठा करना है, न कि पसमांदा समाज को राजनीतिक हिस्सेदारी देना। AIMIM के मंचों पर पसमांदा समाज के नेताओं को शायद ही जगह दी जाती है। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने बिहार विधानसभा चुनाव में पसमांदा समाज AIMIM का पूरी तरह से बहिष्कार करेगा, जो पार्टी पसमांदा समाज को जोकर÷ समझती है, उसे पसमांदा समाज के वोटों की कोई जरूरत नहीं है। AIMIM जैसी पार्टियां सिर्फ पसमांदा मुस्लिम समाज के वोट लेने के लिए मुसलमानों की एकता की बातें करती हैं, लेकिन असल में पसमांदा समाज को हाशिए पर रखने की नीति पर काम करती हैं। AIMIM ने हमेशा यह सुनिश्चित करने में लगा हैं कि पसमांदा मुसलमानों को उनके संवैधानिक अधिकारों से वंचित रखा जाए। आज जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पसमांदा मुस्लिम समाज के हक और विकास की बात कर रहे हैं, तब भी बीजेपी के कुछ नेता पसमांदा समाज को मिलने वाले आरक्षण का विरोध कर रहे हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है और प्रधानमंत्री की पसमांदा विमर्श को आगे बढ़ाने की मुहिम के खिलाफ है। ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज़ ने कहा हम एक राष्ट्रवादी सामाजिक संगठन है, जिसका उद्देश्य पसमांदा मुस्लिम समाज को शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक विकास और राजनीतिक हिस्सेदारी में आगे बढ़ाना है। महाज़ किसी भी राजनीतिक दल का समर्थन नहीं करता, बल्कि वह सत्ता में मौजूद सरकारों से संवाद कर पसमांदा समाज की बेहतरी के लिए योजनाओं और नीतियों पर चर्चा करता है। अगर पसमांदा समाज के अधिकारों की बात करना, उनके लिए योजनाएं मांगना और सरकार से संवाद करना 'RSS या BJP का एजेंट' कहलाना है, तो फिर ओवैसी साहब को यह बताना चाहिए कि क्या पसमांदा समाज को हमेशा राजनीतिक रूप से गुलाम बने रहना चाहिए? महाज़ का मानना है कि राजनीतिक सत्ता से संवाद किए बिना किसी भी समाज का विकास संभव नहीं है। इसलिए, महाज़ किसी भी सरकार से, चाहे वह केंद्र की हो या राज्य की, संवाद करने में विश्वास रखता है ताकि पसमांदा समाज के अधिकार सुनिश्चित किए जा सकें।

# अब तक 14 बार आईसीसी टूर्नामेंट्स के फाइनल में पहुंच चुका है भारत, सातवें खिताब पर टिकी होंगी नजरें




**भारत कब-कब आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा**

| टूर्नामेंट | वर्ष |
|---|---|
| चैंपियंस ट्रॉफी | 2000, 2002, 2013, 2017, 2025 |
| वनडे विश्व कप | 1983, 2003, 2011, 2023 |
| टी20 विश्व कप | 2007, 2014, 2024 |
| डब्ल्यूटीसी | 2021, 2023 |

**दुबई।** भारत का पिछले कुछ वर्षों में आईसीसी टूर्नामेंट में प्रदर्शन शानदार रहा है। भारतीय टीम ने पिछले साल टी20 विश्व कप में रोहित की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था जो 11 वर्षों में उसका पहला आईसीसी खिताब था। अब आठ महीने बाद ही टीम दूसरे आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है और खिताब के बेहद करीब है।

रोहित शर्मा की अगुआई में भारतीय टीम एक और आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने में सफल रही है। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया है जहां उसका सामना रविवार को दुबई में न्यूजीलैंड से होगा। भारतीय इस टूर्नामेंट में अब तक अजेय चल रही है और लगातार चार मैच जीतकर फाइनल में पहुंची है। भारत अब खिताब से एक कदम दूर है।

भारत का पिछले कुछ वर्षों में आईसीसी टूर्नामेंट में प्रदर्शन शानदार रहा है। भारतीय टीम ने पिछले साल टी20 विश्व कप में रोहित की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था जो 11 वर्षों में उसका पहला आईसीसी खिताब था। अब आठ महीने बाद ही टीम दूसरे आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है और खिताब के बेहद करीब है। भारत के लिए न्यूजीलैंड की चुनौती हालांकि आसान नहीं रहने वाली है क्योंकि इसी टीम ने करीब चार साल पहले 2021 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में हराया था।

**भारत-न्यूजीलैंड 25 साल बाद खिताबी मैच में भिड़ेंगे**

भारत ने सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को मात देकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया। 25 साल बाद एक बार फिर यह दोनों टीमें आईसीसी के सीमित ओवर प्रारूप के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी। दिलचस्प बात यह है कि आईसीसी के सीमित ओवर के प्रारूप में आखिरी बार दोनों टीमें फाइनल में 2000 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस ट्रॉफी) में खेली थीं। उस समय न्यूजीलैंड ने भारत को चार विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया था।

**लगातार नॉकआउट में पहुंचा है भारत**

पिछले कुछ वर्षों में भारत का आईसीसी टूर्नामेंट्स में दबदबा रहा है। भारत भले ही खिताब जीतने के मौके से चूकता रहा है, लेकिन लगातार नॉकआउट मैचों में पहुंचने में सफल रहा है। 2017 में आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी हुई थी तब भी भारत फाइनल में पहुंचा था, लेकिन खिताब जीतने से चूक गया था। इसके बाद टीम 2019 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचा जहां न्यूजीलैंड ने उसे हराकर टूर्नामेंट से बाहर किया। 2021 में पहले डब्ल्यूटीसी फाइनल में भी भारत को हार मिली। फिर 2023 डब्ल्यूटीसी फाइनल और 2023 में वनडे विश्व कप के फाइनल में भारत को ऑस्ट्रेलिया ने हराया। भारत का आईसीसी खिताब जीतने का सूखा 2024 में समाप्त हुआ जब टीम इंडिया ने रोहित की कप्तानी में टी20 विश्व कप जीता।

**कई बार मौके गंवाए, पिछले साल समाप्त हुआ सूखा**

भारत ने पहली बार 1983 में कपिल देव की अगुआई में विश्व कप का खिताब जीता था जो उसका पहला आईसीसी खिताब था। इसके बाद टीम 2000 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची, लेकिन न्यूजीलैंड से हार गई। 2002 में इसी टूर्नामेंट में श्रीलंका के साथ संयुक्त विजेता बनी। इसके अगले ही साल भारतीय टीम 2003 में सौरव गांगुली की अगुआई में वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंची, लेकिन देश का सपना एक बार फिर टूट गया और टीम को ऑस्ट्रेलिया के हाथों हार झेलनी पड़ी। 2007 में महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में भारत ने पहले टी20 विश्व कप के फाइनल में पाकिस्तान को हराया।

इसके ठीक चार साल बाद धोनी की ही कप्तानी में भारत ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पर खेले गए 2011 वनडे विश्व कप के फाइनल में श्रीलंका को हराकर खिताब जीता। धोनी की अगुआई में फिर 2013 में भारत ने इंग्लैंड को चैंपियंस ट्रॉफी में हराया। यह धोनी की कप्तानी में भारत का तीसरा आईसीसी खिताब था। इसके बाद भारतीय टीम खिताब के लिए तरस गई। भारत को 2014 टी20 विश्व कप के फाइनल में श्रीलंका से हार मिली।

वहीं, 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पाकिस्तान ने हराया। 2021 डब्ल्यूटीसी फाइनल और 2023 डब्ल्यूटीसी फाइनल में भी टीम हारी, जबकि घरेलू मैदान पर 2023 वनडे विश्व कप के खिताबी मैच में भी टीम को हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, बारबाडोस के मैदान पर भारत का यह खिताबी सूखा पिछले साल समाप्त हुआ और अब देश को एक और आईसीसी खिताब की आस है।

**13 फाइनल, छह खिताब, देश को एक और ट्रॉफी का इंतजार**

भारत चैंपियंस ट्रॉफी 2025 फाइनल से पहले सभी प्रारूप मिलाकर कुल 13 बार आईसीसी टूर्नामेंट्स के फाइनल में पहुंचा है। इसमें से छह बार टीम खिताब जीतने में सफल रही है। भारत ने 1983, 2002, 2007, 2011, 2013 और 2024 में आईसीसी खिताब जीते हैं। अगर भारत रविवार को न्यूजीलैंड को हराने में सफल रहा तो यह उसका सातवां आईसीसी खिताब होगा, जबकि रोहित की कप्तानी में लगातार दूसरी आईसीसी ट्रॉफी होगी।

### विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में भारत की पदक तालिका बेहतर होगी

**नई दिल्ली।** एथलीट छह स्पर्धाओं अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉसकंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट स्पीड स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग और स्नो शूइंग में भाग लेंगे। भारतीय दल में 30 खिलाड़ी, तीन अधिकारी और 16 सहयोगी स्टाफ हैं। केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भरोसा जताया कि भारत सात से 17 मार्च तक इटली के तूरिन में होने वाले विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों में अपने स्वर्ण पदकों की संख्या में सुधार करेगा। भारत विशेष ओलंपिक शीतकालीन खेलों के लिये 49 सदस्यीय टीम भेज रहा है जिसका आयोजिन पिछली बार 2017 में ऑस्ट्रिया में किया गया था जिसमें देश ने 37 स्वर्ण सहित 73 पदक जीते थे। एथलीट छह स्पर्धाओं अल्पाइन स्कीइंग, क्रॉसकंट्री स्कीइंग, फ्लोरबॉल, शॉर्ट स्पीड स्कीइंग, स्नोबोर्डिंग और स्नो शूइंग में भाग लेंगे।

## भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने प्राग मास्टर्स में हासिल की एकल बढ़त, अनीश गिरी को हराया



**प्राग।** भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सातवें दौर में काले मोहरे से खेलते हुए नीदरलैंड के अनीश गिरी को मात दी और एकल बढ़त हासिल करने में सफल रहे। अरविंद ने शुरू से लेकर आखिर तक अपनी लय बनाए रखी। अरविंद ने गिरी के खिलाफ 24वीं चाल में अपने घोड़े के दम पर बढ़त बनाई और आखिर में 39वीं चाल में जीत हासिल करके रिकॉर्ड बुक में अपना नाम लिखवाया।

अरविंद इस जीत से लाइव रेटिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस तरह से लाइव रेटिंग में शीर्ष 15 में अब कम से कम पांच भारतीय शामिल हो गए हैं। विश्वनाथन आनंद 15वें नंबर पर हैं। अरविंद ने पहली बार शीर्ष 15 में प्रवेश किया।

**प्रज्ञानंद ने ड्रॉ खेला**

भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर प्रज्ञानंद ने टूर्नामेंट से पहले खिताब के दावेदार माने जा रहे चीन के वेई यी के साथ ड्रॉ खेला। अरविंद ने संभावित सात में से अपने अंकों की संख्या पांच कर ली है और अब वह प्रज्ञानंद से आधे अंक की बढ़त पर हैं। अब केवल दो दौर की बाजियां खेली जानी बाकी है। अमेरिका के सैम शैंकलैंड ने वियतनाम के क्वांग लीम ले को हरा दिया। दिलचस्प बात यह है कि क्वांग लीम और गिरी दोनों ने पहली छह बाजियां ड्रॉ खेली थी।

एक अन्य मुकाबले में तुर्किए के 16 वर्षीय गुरेल एडिज ने चेक गणराज्य के गुयेन थाई दाई वान को पराजित किया, जबकि चेक गणराज्य के ही डेविड नवारा ने जर्मनी के विंसेंट कीमर के साथ ड्रॉ खेला। अरविंद पांच अंक लेकर शीर्ष पर काबिज हैं, जबकि प्रज्ञानंद 4.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद वेई यी, एडिज़, कीमर और शैंकलैंड का नंबर आता है जिनके 3.5 अंक हैं। गिरी, नवारा और लीम के तीन-तीन अंक हैं, जबकि दाई वान 2.5 अंक के साथ सबसे निचले स्थान पर हैं।

चैलेंजर्स वर्ग में जोनास बुहल बजरे ने इस वर्ग में भाग ले रहीं एकमात्र भारतीय दिव्या देशमुख को हराकर उसकी मुसीबतें बढ़ा दी। भारतीय खिलाड़ी सात बाजियों में केवल 1.5 अंक हासिल कर पाई है और वह सबसे अंतिम स्थान पर है। इस वर्ग में उज्बेकिस्तान के बजरे और नोदिरबेक याकुबोएव 5.5 अंक के साथ संयुक्त बढ़त पर हैं।


## खेलो इंडिया पैरा खेल की शुरुआत 20 मार्च से, नई दिल्ली करेगा मेजबानी, 1230 खिलाड़ी लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** पैरा एथलेटिक्स, पैरा तीरंदाजी और पैरा पावरलिफ्टिंग की मेजबानी जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम करेगा, जबकि आईजी स्टेडियम परिसर में पैरा बैडमिंटन और पैरा टेबल टेनिस स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा।

खेलो इंडिया पैरा खेलों (केआईपीजी) के दूसरे चरण की शुरुआत 20 से 27 मार्च तक नई दिल्ली में होगी। इन खेलों में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों सहित करीब 1230 पैरा खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इनमें से कई पैरा एथलीट 2024 पेरिस पैरालंपिक और चीन के हांग्झोउ में 2022 एशियाई पैरा खेलों के पदक विजेता हैं। ये छह स्पर्धाओं पैरा तीरंदाजी, पैरा एथलेटिक्स, पैरा बैडमिंटन, पैरा पावरलिफ्टिंग, पैरा निशानेबाजी और पैरा टेबल टेनिस में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

पैरा एथलेटिक्स, पैरा तीरंदाजी और पैरा पावरलिफ्टिंग की मेजबानी जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम करेगा, जबकि आईजी स्टेडियम परिसर में पैरा बैडमिंटन और पैरा टेबल टेनिस स्पर्धाओं का आयोजन किया जाएगा। केआईपीजी 2025 में प्रतिस्पर्धा करने वाले प्रमुख पैरा खिलाड़ियों में पेरिस पैरालिंपिक स्वर्ण पदक विजेता हरविंदर सिंह (तीरंदाजी), धरमबीर (क्लब थ्रो) और प्रवीण कुमार (ऊंची कूद) शामिल हैं।

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, हमारे पैरा खिलाड़ियों की उन्नति बड़े पैमाने पर खिलाड़ियों के लिए बड़ी प्रेरणा है। 'हम कर सकते हैं' का रवैया वास्तव में प्रेरक है और मुझे यकीन है कि हम आगामी खेलो इंडिया पैरा खेलों में बेहतरीन प्रदर्शन देखेंगे।



## मुश्किल में हनी सिंह, अभिनेत्री नीतू चंद्रा इस गाने के खिलाफ पहुंची पटना हाई कोर्ट



**मुंबई।** मशहूर अभिनेत्री नीतू चंद्रा ने गायक हनी सिंह के नए गाने मेनियक के खिलाफ पटना हाई कोर्ट का रुख किया है। उन्होंने अदालत में एक जनहित याचिका दाखिल करके कहा है कि गाने में असभ्यता दिखाई गई है। हनी सिंह का गाना मेनियक हाल ही में यूट्यूब पर रिलीज हुआ है। एक महीने में गाने पर सात मिलियन व्यूवज आ चुके हैं। इसमें ईशा गुप्ता ने डांस किया है। इस जनहित याचिका पर इसी महीने सुनवाई हो सकती है। जनहित याचिका में हनी सिंह के अलावा उन लोगों के भी नाम हैं जिन लोगों ने इस गाने को बनाने में साथ दिया है। इसमें गीतकार लिओ ग्रेवाल और भोजपुरी गायिका रागिनी विश्वकर्मा और अर्जुन अजनबी का भी ना है।

**नीतू चंद्रा ने अदालत से की ये मांग**

अपनी जनहित याचिका में पटना की अभिनेत्री नीतू चंद्रा ने अदालत से मांग की है कि वह गीतकार को गाने के बोल बदलने का निर्देश दे। नीतू चंद्रा बॉलीवुड की कई मिल्मों नजर आ चकी हैं। उन्होंने कई भोजपुरी और मैथिली फिल्में बनाई हैं। समीक्षकों ने इनकी तारीफ की है। नीतू चंद्रा ने जनहित याचिका में लिखा कि गाने में खुलेआम यौनिकता को दिखाया गया है। इसमें महिला को सिर्फ एक यौन की चीज के तौर पर दिखाया गया है। उन्होंने ये भी इल्जाम लगाया कि गाने में भोजपुरी भाषा का इस्तेमाल असभ्यता को कम करने के लिए इस्तेमाल किया गया है। गाने में महिला सशक्तीकरण की धज्जियां उड़ाई गई है।

## 'मिर्जापुर' की गोलू अब बनाएंगी फिल्म पेश करेंगी दो महिलाओं की प्रेम कहानी

**मुंबई।** 'मिर्जापुर' फेम अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अभिनय के बाद अब फिल्म निर्माण से भी जुड़ने के लिए तैयार हैं। उनके पास कई जॉनर की फिल्में हैं। अपने आगामी प्रोजेक्ट से वह निर्माता के तौर पर जुड़ने वाली थीं, लेकिन फिर उन्होंने निर्माता बनने का फैसला ले लिया।

'मिर्जापुर' फेम अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अभिनय के बाद अब निर्माता के तौर पर इंडस्ट्री में काम करने के लिए तैयार हैं। उनके पास कई जॉनर के प्रोजेक्ट्स हैं। श्वेता को पहले प्रोडक्शन में बनी फिल्म दो महिलाओं के बीच की प्रेम कहानी पर आधारित होगी। इस प्रोजेक्ट में उन्होंने एक अभिनेता के रूप में एंट्री ली थी, लेकिन बाद में निर्माता के रूप में जुड़ने का फैसला लिया। आइए जानते हैं अभिनेत्री ने ऐसा क्यों किया?

**क्यों लिया फिल्म का निर्माता बनने का फैसला?**

श्वेता के प्रोडक्शन में बनने वाली यह फिल्म LGBTQIA+ पर आधारित है। निर्माता के तौर पर फिल्म से जुड़ने के फैसले के बारे में बात करते हुए श्वेता त्रिपाठी ने कहा, जब एक एक्टर के रूप में यह स्क्रिप्ट मेरे पास आई तो मैं तुरंत इसकी संवेदनशीलता और जिस तरह से इसमें प्रेम को उसके शुद्ध रूप में दर्शाया गया था, उससे आकर्षित हो गई। जैसे-जैसे मैंने गहराई से इसे जाना, मुझे एहसास हुआ कि इस कहानी को सही तरीके से बताया जाना कितना महत्वपूर्ण है। इसके बाद ही मैंने निर्माता के रूप में इसका हिस्सा बनने का फैसला किया।

**कई अन्य जॉनर की फिल्में भी श्वेता की झोली में**

श्वेता ने आगे कहा, यह सिर्फ एक फिल्म नहीं है। यह प्रेम, पहचान और खुद के होने के साहस का उत्सव है। एक निर्माता के रूप में अब मेरे पास कहानियां कहने की रचनात्मक स्वतंत्रता है और मैं इससे बेहतर शुरुआत की उम्मीद नहीं कर सकती थी। इसके अलावा श्वेता के प्रोडक्शन स्लेट में एक हॉरर फिल्म, एक ड्रामा और एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर शामिल है।

**बच्चों की कहानियां बनाना चाहती हैं श्वेता**

इस फिल्म के अलावा श्वेता की रुचि बच्चों की कहानी बनाने में भी है। यह जॉनर उनके दिल के काफी करीब है। अभिनेत्री का मानना है कि हम जो फिल्में देखते हुए बड़े होते हैं, वह हमें बहुत गहराई से आकार देती हैं और उन्हें ऐसी कहानियां बनाने की उम्मीद है जो बच्चों के दिमाग पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ें।



## डेयरडेविल ने नोचा शैतानों की सियासत का नकाब, एमसीयू को मिली पुनर्जन्म की संजीवनी



**मुंबई।** अगर आपको अरसे से किसी ऐसी सीरीज की तलाश रही है जिसे आप एक साथ बैठकर पूरी रात बिंज वॉच कर सकें तो मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के बेहद लोकप्रिय किरदार 'डेयरडेविल' की नई सीरीज जियो हॉटस्टार पर आ चुकी है। नेटफ्लिक्स पर प्रसारित होती रही इस किरदार की सीरीज के पहले तीन सीजन लोगों ने खूब देखे और जब खबर आई थी कि इसका चौथा सीजन अब नहीं आएगा तो लाखों एमसीयू के प्रशंसकों के दिल टूटे। फिर, मैट मरडॉक जब स्पाइडरमैन के वकील के रूप में दिखा तो फिल्म 'स्पाइडरमैन नो वे होम' देख रहे लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा हॉल गुंजा दिया था। लेकिन, इस बार डेयरडेविल बदला बदला सा है, अपनी इंद्रियों से ज्यादा वह इस बार अपने ज्ञान के गुमान में है। अपराधियों के राजनीति में दबदबा बनाने की कोशिशों से उसका सीधा मुकाबला है और इस मुकाबले में जीत हुई है उस एमसीयू की, जिसका आभामंडल बीते कई साल से लगातार क्षीण होता दिख रहा था।

वेब सीरीज 'डेयरडेविल- बॉर्न अगेन' कई लिहाज से जबर्दस्त है। एक तो ये सीरीज मैंने पूरी एक साथ देखी है। दर्शकों को ये सीरीज किस्तों में देखने को मिलेगी। दर्शकों के लिए भी अगर इसके सारे नौ एपिसोड एक साथ जारी कर दिए जाते तो इसके बिंच वॉच का आनंद दर्शकों को लंबे समय तक याद रहता। कहानी की शुरुआत वहां से होती है जहां मैट मरडॉक और उसके साथी चेरी सेवानिवृत्ति का जश्न मना रहे हैं। यहां बुल्सआई का हमला पूरा माहौल पलक झपकते बदल देता है। मैट को डेयरडेविल बनना होता है, और इस सबके बीच उसका जिगरी दुनिया छोड़ जाता है। अब उसे अपनी इंद्रियों की इन शक्तियों से नफरत होती दिखती है। डेयरडेविल का मास्क वह त्याग देता है और इस घटना के साल भर बाद, कहानी का नया केंद्र बिंदु सामने आता है। अब उसकी अपराधियों से लड़ाई अदालत में होनी है। वह मास्क नहीं पहनना चाहता। लेकिन, किंगपिन का नया चेहरा वह पहचान जाता है। विल्सन फिस्क ने इसे न्यूयॉर्क का मेयर बनकर हासिल किया है।

**स्कारडापेन की टीम की कामयाबी**

डारियो स्कारडापेन रचित वेब सीरीज 'डेयरडेविल- बॉर्न अगेन' कई मायनों में समय के साथ चलती दिखती सीरीज है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रम्प किस तरह से देश चलाने की कोशिश कर रहे हैं, सबको दिख ही रहा है। यहां सीरीज में न्यूयॉर्क का मेयर शहर कब्जाने की फिराक में है। अपराधियों की नकेल कसने वाले 'विजिलांटी' के वह खिलाफ है। उनको निपटाने के वह नए नए तरीके खोज रहा है। मीडिया उसके हिसाब से कहानियां और हेडलाइंस गढ़े, इसके लिए भी उसने टीम लगा रखी है। असली और फिल्मी का फर्क मिटाती ये सीरीज बताती चलती है कि हीरो कौन होता है? हीरो वह होता है जो अपनी अंतरात्मा की आवाज पर वह काम करता है, जो सही होता है। व्हाइट टाइगर के शब्दों में कहें तो 'इट इज द राइट थिंग टू डू'। वह ये भी कहता है कि मास्क लगा लेने भर से कोई मर्द नहीं बन जाता। असली ताकत भीतर से आती है, अन्याय के खिलाफ लड़ने की, अत्याचार को न सहने की।

**इंसानी एहसासों के करीब लौटता एमसीयू**

मैट मरडॉक और विल्सन फिस्क की इस लड़ाई के कई नए आयाम भी वेब सीरीज 'डेयरडेविल- बॉर्न अगेन' में निकलते दिखाई देते हैं। मसलन, खुद मैट मरडॉक के जीवन में नया प्यार आ चुका है। उधर, फिस्क और उसकी पत्नी वैनेसा के बीच जो कुछ पक रहा है, वह सीरीज की कहानी को बुदबुदाते रहने का सा एहसास देता रहता है। दर्शकों को आखिर तक ये समझने की कोशिश में रहना होता है कि दोनों मिलकर कुछ खतरनाक करने की फिराक में हैं या दोनों एक दूसरे के खिलाफ ही कुछ खतरनाक करने की योजना बना रहे हैं।

## सिनमाघरों में दर्शकों की कमी को लेकर सुभाष घई ने जताई चिंता, टिकटों की कीमत सस्ती करने की मांग

**मुंबई।** बॉलीवुड फिल्मों के दिग्गज निर्माता सुभाष घई ने आए दिन सिनेमाघरों में दर्शकों की घटती संख्या पर प्रतिक्रिया दी है। इसे लेकर उन्होंने टिकटों के मूल्य को सस्ता करने की मांग की है। हाल ही में फिल्म निर्माता सुभाष घई ने सिनेमाघरों से दर्शकों की दूरी बढ़ने को लेकर चिंता जताई है। इसे लेकर निर्माता ने टिकटों की कीमतों को भी दोषी ठहराया है। इससे निपटने के लिए उन्होंने कुछ समाधान भी सुझाए हैं। आइए जानते हैं कि निर्माता ने कौन से सुझाव दिए हैं।

**बॉलीवुड क्यों बर्बाद हो रहा?**

बॉलीवड फिल्मों को सिनेमाघरों में कम दर्शक मिलने के कारण फिल्म निर्माता सुभाष घई ने चिंता जताई है। इसे लेकर निर्माता ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें उन्होंने एक खाली पड़े सिनेमाघर की तस्वीर लगाते हुए लिखा कि आजकल बॉलीवुड क्यों बर्बाद हो रहा है। इसका कारण उन्होंने बताया कि दर्शक टिकटों की ज्यादा कीमत होने के कारण सिनेमाघरों से दूरी बना रहे हैं।



सिनेमाघरों में दर्शकों की कमी को देखते हुए फिल्म निर्माता सुभाष घई ने समाधान सुझाते हुए कहा कि बॉलीवुड को राज्य सरकारों के साथ मिलकर सिनेमाघरों की 30% सीट को इकोनॉमी क्लास के लिए किफायती दामों पर तय कर देना चाहिए। इस वजह से अधिक-अधिक दर्शक सिनेमाघरों की ओर वापस आएंगे। उन्होंने कहा कि इसी तर्ज पर तमिलनाडु में नियम बनाया गया है। निर्देशक की यह प्रतिक्रिया उस वक्त आई, जब दर्शकों के पास फिल्में देखने के ढेर सारे तरीके हैं। ओटीटी प्लेटफॉर्म जैसे कई माध्यम हैं, जिसने दर्शकों को सिनेमाघरों में जाने से बहुत हद तक रोकने का प्रयास किया है।

बतौर अभिनेता अपने करियर की शुरुआत करने के बाद सुभाष घई ने निर्देशन करियर में हाथ आजमाया। घई ने कई फिल्मों का निर्देशन किया, जिसमें कुछ फिल्में सुपरहिट साबित हुईं। वो फिल्में इस प्रकार हैं, 'ऐतराज', 'इकबाल', 'चाइना टाउन', 'अपना अपना मनी मनी' आदि।

## यूएई में दो भारतीयों को दी गई फांसी की सजा, हत्याओं के मामले में थे जेल में बंद



**नई दिल्ली।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में दो भारतीयों को फांसी की सजा दी गई है। दोनों भारत के केरल के निवासी थे और हत्याओं के मामले में जेल में बंद थे। भारतीय विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। विदेश मंत्रालय ने दोनों की पहचान मोहम्मद रिनाश और मुरलीधरन वलप्पिल के रूप में की है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि संयुक्त अरब अमीरात की सर्वोच्च अदालत ने भी दोनों की फांसी की सजा पर मुहर लगाई थी, जिसके बाद दोनों को फांसी दे दी गई। मोहम्मद रिनाश को अमीरात के एक व्यक्ति की हत्या का दोषी पाया गया था। वहीं मुरलीधरन को एक भारतीय की हत्या का दोषी पाया गया था। संयुक्त अरब अमीरात की सरकार ने 28 फरवरी को दोनों के बारे में भारतीय दूतावास को जानकारी दे दी थी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दूतावास की तरफ से दोनों को सभी जरूरी कानूनी मदद दी गई थी। जिसमें दया याचिका भी शामिल है।

उल्लेखनीय है कि बीते महीने ही 33 वर्षीय भारतीय महिला शहजादी खान को भी संयुक्त अरब अमीरात में मौत की सजा दी गई थी। उत्तर प्रदेश की निवासी शहजादी पर चार माह के बच्चे को कथित तौर पर मारने का दोष साबित हुआ था। शहजादी बच्चे की देखभाल का काम करती थी, लेकिन रुटीन वैक्सीनेशन के बाद बच्चे की मौत हो गई और उसका आरोप शहजादी पर लगाया गया।

## सचिन वाजे को उच्च न्यायालय से झटका, अवैध हिरासत में रखने का दावा करने वाली याचिका खारिज

**हिरासत**

सचिन वाजे ने दावा किया था कि उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लिया गया, ऐसे में तत्काल उन्हें रिहा किया जाए।



**मुंबई।** अदालत ने कहा, किसी भी तरह से यह नहीं कहा जा सकता कि याचिकाकर्ता (वाजे) ने जब अंतिलिया के पास बम लगी कार को पार्क किया और मनसुख हिरेन की हत्या की साजिश रची, उस वक्त वह अपने आधिकारिक कर्तव्यों के तहत काम कर रहे थे। बॉम्बे हाईकोर्ट ने बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे को झटका देते हुए याचिका खारिज कर दी। सचिन वाजे ने दावा किया था कि उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लिया गया, ऐसे में तत्काल उन्हें रिहा किया जाए। हालांकि उच्च न्यालाय ने कहा कि सचिन वाजे ने जब उद्योगपति मुकेश अंबानी के घर के पास विस्फोटकों से भरी कार रखी और व्यवसायी मनसुख हिरेन की हत्या की साजिश रची, तब वह अपनी आधिकारिक काम नहीं कर रहे थे। इसलिए उनकी गिरफ्तारी से पहले राज्य सरकार से मंजूरी लेने की जरूरत नहीं है।

जस्टिस एसवी कोतवाल और जस्टिस एसएम मोदक की खंडपीठ ने यह आदेश दिया। सचिन वाजे ने अपनी याचिका में दावा किया था कि उन्हें अवैध रूप से हिरासत में लिया गया क्योंकि उन्होंने जो भी किया, वह आधिकारिक क्षमता से किया और वे मामले की जांच कर रहे अधिकारयों में से एक थे, इसलिए उन्हें गिरफ्तार करने से पहले राज्य सरकार से जरूरी मंजूरी ली जानी चाहिए थी, जो नहीं ली गई। सचिन वाजे ने खुद को तुरंत रिहा करने की मांग की। हालांकि, हाईकोर्ट की पीठ ने इसे स्वीकार करने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा, किसी भी तरह से यह नहीं कहा जा सकता कि याचिकाकर्ता (वाजे) ने जब अंतिलिया के पास बम लगी कार को पार्क किया और मनसुख हिरेन की हत्या की साजिश रची, उस वक्त वह अपने आधिकारिक कर्तव्यों के तहत काम कर रहे थे। अदालत ने कहा कि वाजे को गिरफ्तार करने से पहले राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को राज्य सरकार से सहमति लेने की कोई जरूरत नहीं थी।

उल्लेखनीय है कि 25 फरवरी, 2021 को उद्योगपति मुकेश अंबानी के दक्षिण मुंबई स्थित आवास एंटीलिया के पास विस्फोटकों से लदी एक एसयूवी कार मिली थी। एसयूवी के मालिक और व्यवसायी मनसुख हिरेन 5 मार्च, 2021 को पड़ोसी ठाणे में एक खाड़ी में मृत पाए गए थे। वाजे को दोनों मामलों में उनकी कथित भूमिका के लिए मार्च 2021 में गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि वाजे ने हिरेन को विस्फोटकों से लदे वाहन को रखने की जिम्मेदारी स्वीकार करने के लिए मनाने की कोशिश की थी, लेकिन जब उसने इनकार कर दिया, तो वाजे ने अन्य लोगों के साथ मिलकर उसकी हत्या की साजिश रची।

## खुद को ईडी का सीनियर अफसर बताकर बिल्डरों से वसूली करने वाला ठग धरा गया



**नई दिल्ली।** ईडी के मुताबिक, धोखाधड़ी, जालसाजी और खुद को जांच एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी के रूप में प्रस्तुत कर ठगी करने के आरोप में रविराज कुमार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को विशेष न्यायालय (पीएमएलए), गुरुग्राम के समक्ष पेश किया गया, जहां उसे पांच दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया गया है। खुद को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का सीनियर अधिकारी बताकर दिल्ली एनसीआर में ठगी की वारदातों को अंजाम देने वाला आरोपी धरा गया है। ईडी के गुरुग्राम जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी रविराज कुमार ने कई लोगों को ठगी का शिकार बनाया है। वह बिल्डरों को फोन पर खुद को ईडी का वरिष्ठ अधिकारी बताता था। उनसे वसूली करता था। अगर कोई पैसे देने से मना करता तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दे देता। अपनी वास्तविक पहचान छिपाने के लिए आरोपी ने कई सिम कार्ड खरीद रखे थे। जब भी किसी को निशाना बनाना होता, वह नए नंबर से कॉल करता था। वह लंबे से ठगी की वारदात को अंजाम दे रहा था। ईडी के मुताबिक, धोखाधड़ी, जालसाजी और खुद को जांच एजेंसी के वरिष्ठ अधिकारी के रूप में प्रस्तुत कर ठगी करने के आरोप में रविराज कुमार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को विशेष न्यायालय (पीएमएलए), गुरुग्राम के समक्ष पेश किया गया, जहां उसे पांच दिन की ईडी हिरासत में भेज दिया गया है। ईडी ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 की विभिन्न धाराओं के तहत रविराज कुमार और अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ सेक्टर-10, पुलिस स्टेशन, गुरुग्राम द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। ईडी की जांच में पता चला है कि रविराज कुमार ने खुद को ईडी का वरिष्ठ अधिकारी बताकर गुरुग्राम स्थित एक बिल्डर को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देकर पैसे वसूले हैं।

## क्षेत्रीय भाषा को बढ़ाने के लिए गृह मंत्रालय की पहल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने केंद्रीय एजेंसियों में भाषाई एकरूपता को बढ़ावा देने के लिए यह पहल की है। हिंदी दक्ष कार्यालय की मान्यता पाने वालों में कुल 32 कार्यालय शामिल हैं। इसमें इंडो तिब्बतन सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के सात, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (आईटीबीपी) के पांच और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 20 कार्यालय शामिल हैं। सरकारी कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए गृह मंत्रालय ने बड़ी पहल की है। मंत्रालय ने आईटीबीपी, एनडीआरएफ और सीआईएसएफ समेत 32 कार्यालयों को हिंदी दक्ष कार्यालय के रूप में मान्यता दी है। यहां 82 फीसदी कर्मचारियों ने हिंदी में काम करने का ज्ञान प्राप्त कर लिया है।

केंद्र सरकार ने केंद्रीय एजेंसियों में भाषाई एकरूपता को बढ़ावा देने के लिए यह पहल की है। हिंदी दक्ष कार्यालय की मान्यता पाने वालों में कुल 32 कार्यालय शामिल हैं। इसमें इंडो तिब्बतन सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के सात, राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (आईटीबीपी) के पांच और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 20 कार्यालय शामिल हैं। गृह मंत्रालय का कहना है कि यह पहल हिंदी और क्षेत्रीय भाषा में कामकाज को बढ़ावा देने के प्रयास का हिस्सा है। गृह मंत्रालय ने अपने अधिकारी-कर्मचारियों और सीएपीएफ कर्मचारियों को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यालय को हिंदी दक्षता की मान्यता देने वाली अधिसूचना पिछले सप्ताह जारी की थी।

## ट्रंप के टैरिफ कार्ड से कैसे बच सकता है भारत, केंद्र के पास क्या हैं उपाय?

**नई दिल्ली।** अमेरिका के तीन सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार मेक्सिको, कनाडा और चीन हैं। वह इन देशों से अपनी आवश्यकता का सबसे अधिक सामान आयात करता है। इसमें आभूषण, मशीनरी, सेवाओं से लेकर खाद्य वस्तुओं और कपड़ों का सामान भी शामिल है।

अमेरिका भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वर्ष 2024 में भारत और अमेरिका के बीच 129 बिलियन डॉलर से अधिक का व्यापार हुआ। यह व्यापार भारत के पक्ष में झुका हुआ है। भारत अमेरिका को आभूषण, इलेक्ट्रिकल वस्तुएं, फार्मास्युटिकल उत्पाद, खनिज तेल, खाद्य उत्पाद, फल-सब्जी निर्यात करता है। वहीं, भारत अमेरिका का दसवां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।

## ग्रुप-सी की सभी लंबित भर्तियों के रद्द होने की वजह क्या?

**चयन**

रेलवे मंत्रालय ने हाल ही में चयन प्रक्रिया में अनियमितताओं के कारण ग्रुप सी पदों के सभी लंबित विभागीय चयन को रद्द करने का फैसला किया है।

**नई दिल्ली।** रेलवे मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि पिछले कुछ समय में विभागीय चयन प्रक्रियाओं में कई अनियमितताएं सामने आई हैं। इसे ध्यान में रखते हुए विभागीय चयन प्रक्रिया की रूपरेखा की समीक्षा करने का निर्णय लिया गया है।

रेलवे मंत्रालय ने हाल ही में चयन प्रक्रिया में अनियमितताओं के कारण ग्रुप सी पदों के सभी लंबित विभागीय चयन को रद्द करने का फैसला किया है। भारतीय रेलवे का यह आदेश उन सभी चयन प्रक्रियाओं पर लागू होगा जो 4 मार्च 2025 तक अंतिम रूप नहीं दी गई थीं और स्वीकृत नहीं हुई थीं। रेलवे मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि पिछले कुछ समय में विभागीय चयन प्रक्रियाओं में कई अनियमितताएं सामने आई हैं। इसे ध्यान में रखते हुए विभागीय चयन प्रक्रिया की रूपरेखा की समीक्षा करने का निर्णय लिया गया है। इसलिए, सभी लंबित चयन जो 4 मार्च 2025 तक स्वीकृत नहीं हुए हैं, उन्हें रद्द माना जाए। मंत्रालय ने यह भी कहा कि, अगले आदेश तक कोई भी नई चयन प्रक्रिया शुरू नहीं की जाएगी। आगे चयन प्रक्रिया को नियंत्रित करने के लिए विस्तृत निर्देश जल्द ही जारी किए जाएंगे। रेलवे मंत्रालय का यह निर्णय सीबीआई जांच के बाद आया है। रेलवे के इस निर्णय से पहले केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने उत्तर प्रदेश के मुगलसराय में पूर्व मध्य रेलवे के 26 अधिकारियों को गिरफ्तार किया। इन अधिकारियों पर विभागीय परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक करने का आरोप लगा था। सीबीआई ने आठ स्थानों पर छापेमारी की। इसमें ?1.17 करोड़ नकद बरामद किए गए। यह पैसा कथित रूप से उम्मीदवारों से प्रश्न पत्र लीक करने के बदले लिया गया था। जांच के दौरान हाथ से लिखे गए प्रश्न पत्रों और उनकी फोटोकॉपी जब्त की गईं, जिनकी तुलना मूल प्रश्न पत्रों से की गई और वे पूरी तरह से मेल खाते पाए गए। सीबीआई की जांच में पाया गया कि 3-4 मार्च 2025 की रात 17 विभागीय उम्मीदवारों को प्रश्नपत्र लीक कर दिया गया था। ये सभी उम्मीदवार वर्तमान में




लोको पायलट के रूप में कार्यरत थे और उन्हें प्रश्नपत्रों की कॉपी के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। इसके बाद सभी 17 उम्मीदवारों को गिरफ्तार कर लिया गया। दरअसल, सीबीआई जांच में यह सामने आया कि सीनियर DEE अधिकारी को इस परीक्षा के प्रश्न पत्र तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्होंने प्रश्न अंग्रेजी में तैयार किए और फिर एक लोको पायलट को सौंप दिए, जिसने उन्हें हिंदी में अनुवाद किया. इसके बाद एक ऑफिस सुपरिटेंडेंट को यह प्रश्न पत्र दिए गए, जिसने रेलवे के कुछ अन्य कर्मचारियों के माध्यम से उम्मीदवारों तक इसे पहुंचाया।

## नेतन्याहू को युद्ध विराम समझौते से पीछे हटाना चाहते हैं, डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी पर हमास का पलटवार



गुरुवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को अंतिम चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा कि गाजा में बंधक बनाए गए सभी लोगों को रिहा करना ही होगा। इस पर हमास ने कहा कि यह इस्राइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को गाजा युद्धविराम समझौते से पीछे हटाने, गाजा के लोगों की घेराबंदी और भुखमरी बढ़ाने का समर्थन करना है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी के बाद हमास ने जवाब दिया है। हमास ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से फलस्तीनियों के खिलाफ बार-बार धमकियां दी जा रही हैं। यह इस्राइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू को गाजा युद्धविराम समझौते से पीछे हटाने, गाजा के लोगों की घेराबंदी और भुखमरी बढ़ाने का समर्थन करना है।

हमास के प्रवक्ता अब्देल-लतीफ अल-कनौआ ने एक संदेश में बताया कि शेष इस्राइली कैदियों को रिहा करने का सबसे अच्छा तरीका यह है कि कब्जे को दूसरे चरण में ले जाया जाए। इस्राइल को मध्यस्थों के जरिये हस्ताक्षरित समझौते का पालन करने के लिए मजबूर किया जाए।

गुरुवार को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को अंतिम चेतावनी दी थी। उन्होंने कहा कि गाजा में बंधक बनाए गए सभी लोगों को रिहा करना ही होगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने तल्ख अंदाज में कहा, सभी बंधकों को तत्काल रिहा करें, बाद में नहीं... जिन लोगों की आपने हत्या की है, उनके शवों को तुरंत वापस करें। ट्रंप ने गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी देते हुए कहा, रिहाई न करने पर आपका (हमास) काम खत्म हो जाएगा। ट्रंप ने हमास की मानसिकता को घृणित बताते हुए कहा, केवल बीमार और विकृत लोग ही शव रखते हैं... आप बीमार और विकृत हैं!

ट्रंप ने कहा कि अमेरिका इस्राइल को वह सब कुछ भेज रहा है जो उसे काम पूरा करने के लिए चाहिए। अगर आप (हमास) मेरी बात नहीं मानेंगे तो हमास का एक भी सदस्य सुरक्षित नहीं रहेगा। मैं अभी आपके पूर्व बंधकों से मिला हूं, जिनकी जिंदगी आपने बर्बाद कर दी है। यह आपको आखिरी चेतावनी है। अब गाजा छोड़ने का समय आ गया है। गाजा के लोगों के लिए एक सुंदर भविष्य आपका इंतज़ार कर रहा है, लेकिन अगर आप बंधकों को बंदी बनाए रखेंगे तो नहीं। अगर आप ऐसा करेंगे, तो आप मर जाएंगे। समझदारी भरा फैसला लें। बंधकों को अभी रिहा करें, नहीं तो बाद में आपको बहुत कुछ भुगतना पड़ेगा।

बता दें कि इस्राइल और हमास के बीच युद्धविराम समझौते का पहला चरण एक मार्च को खत्म हो गया। दूसरे चरण के लिए दोनों पक्षों में सहमति नहीं बन सकी है। इस्राइल चाहता है कि गाजा में संघर्ष विराम के पहले चरण को रमजान तक बढ़ाया जाए। हालांकि, हमास ने बातचीत पर जोर दिया और सीजफायर की समयसीमा बढ़ाने का प्रस्ताव खारिज कर दिया। समझौते का जो दूसरा चरण लागू किया जाना है, उसमें गाजा में बचे हुए सभी जीवित बंधकों की वापसी और क्षेत्र से सभी इस्राइली सैनिकों को वापस बुलाया जाना शामिल है।

## महंगी पड़ रही लागत, अमेरिका ने अप्रवासियों को भेजने के लिए सैन्य विमानों के इस्तेमाल पर लगाई रोक


**अवैध**

ट्रंप अवैध अप्रवासियों पर शिकंजा कसने के लिए सेना का भरपूर इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने मेक्सिको सीमा पर सेना के जवानों की तैनाती की है।

**वॉशिंगटन।** कुछ अप्रवासियों को उनके देश या क्यूबा के ग्वांतानामो बे स्थित सैन्य अड्डे तक पहुंचाने के लिए अमेरिकी सैन्य विमानों का उपयोग महंगा साबित हुआ है। अधिकारियों के मुताबिक ग्वाटेमाला के लिए अमेरिकी सैन्य निर्वासन उड़ान की लागत प्रति अप्रवासी कम से कम 4675 डॉलर पड़ रही है। जो काफी महंगी है।

अमेरिका ने अवैध अप्रवासियों को भेजने के लिए सैन्य विमानों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है। अमेरिकी मीडिया के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने अप्रवासियों को सैन्य विमानों से भेजने की महंगी लागत को देखते हुए यह कदम उठाया है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ अप्रवासियों को उनके देश या क्यूबा के ग्वांतानामो बे स्थित सैन्य अड्डे तक पहुंचाने के लिए अमेरिकी सैन्य विमानों का उपयोग महंगा साबित हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि इसलिए आने वाले दिनों कोई उड़ान निर्धारित नहीं की गई है। अंतिम सैन्य निर्वासन उड़ान एक मार्च को हुई थी। उन्होंने कहा कि इस रोक को बढ़ाया जा सकता है या स्थायी किया जा सकता है।

रिपोर्ट में कहा गया कि अमेरिकी और ग्वाटेमाला के अधिकारियों ने जो आंकड़े मुहैया कराए हैं, उसके मुताबिक ग्वाटेमाला के लिए



अमेरिकी सैन्य निर्वासन उड़ान की लागत प्रति अप्रवासी कम से कम 4675 डॉलर पड़ रही है। यह एक अमेरिकन एयरलाइंस के प्रथम श्रेणी के एकतरफा टिकट की कीमत 853 डॉलर का पांच गुना से अधिक है। साथ ही यह लागत अमेरिकी आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) द्वारा संचालित वाणिज्यिक चार्टर उड़ान की लागत से भी काफी अधिक है। राष्ट्रपति चुनाव जीतने के बाद ही डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका से करीब 1.1 करोड़ अवैध अप्रवासियों को निर्वासित करने की बात कही थी। इसके बाद अमेरिकी सेना ने लैटिन अमेरिकी देशों में अवैध अप्रवासियों को लेकर छह उड़ानें भरी हैं।

ट्रंप अवैध अप्रवासियों पर शिकंजा कसने के लिए सेना का भरपूर इस्तेमाल कर रहे हैं। उन्होंने मेक्सिको सीमा पर सेना के जवानों की तैनाती की है। वहीं अवैध अप्रवासियों को रखने के लिए सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल किया जा रहा है और सेना के विमानों से ही अवैध अप्रवासियों को निर्वासित किया जा रहा है। हालांकि दावा किया जा रहा है कि सेना के विमानों से अवैध अप्रवासियों को भेजने की लागत नागरिक विमानों की तुलना में बहुत ज्यादा है।

अमेरिका अब तक तीन सैन्य विमानों के जरिए 332 भारतीयों को भारत भेजा है। अमेरिका से अवैध प्रवासियों को लाने वाली पहली फ्लाइट 5 फरवरी को भारत के अमृतसर में लैंड हुई।

## यूक्रेन को सैन्य खुफिया सूचना प्रदान कर रहा फ्रांस, अमेरिका ने जानकारी साझा करने पर लगाई रोक

**प्रदान**

फ्रांसीसी रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने गुरुवार को कहा कि फ्रांस यूक्रेन को सैन्य खुफिया जानकारी प्रदान कर रहा है।



**पेरिस।** फ्रांस के रक्षा मंत्री ने कहा कि उनका देश यूक्रेन को सैन्य खुफिया जानकारी प्रदान कर रहा है, जबकि अमेरिका ने यूक्रेन के साथ जानकारी साझा करने पर रोक लगा दी है।

फ्रांसीसी रक्षा मंत्री सेबेस्टियन लेकोर्नू ने गुरुवार को कहा कि फ्रांस यूक्रेन को सैन्य खुफिया जानकारी प्रदान कर रहा है। लेकोर्नू का यह बयान तब आया है, जब अमेरिका ने कीव के साथ जानकारी साझा करने पर रोक लगा दी है। अमेरिका ने बुधवार को कहा कि उसने यूक्रेन के साथ अपनी खुफिया जानकारी साझा करने पर रोक लगा दी है। इससे महत्वपूर्ण जानकारी का प्रवाह बंद हो गया है। अमेरिकी खुफिया जानकारी यूक्रेन को रूसी सुरक्षा बलों को निशाना बनाने में मदद कर रही थी। लेकिन ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि वॉशिंगटन और कीव के बीच सकारात्मक बातचीत का मतलब यह हो सकता है कि यह रोक थोड़े समय के लिए है। रूसी सैनिकों की गतिविधियों की निगरानी करने और उन्हें निशाना बनाने के लिए अमेरिकी खुफिया जानकारी यूक्रेन के लिए महत्वपूर्ण है। लेकोर्नू ने आज फ्रांस इंटर रेडियो से बातचीत में कहा कि उनका देश अपनी खुफिया जानकारी यूक्रेन के साथ साझा कर रहा है। उन्होंने कहा, हमारी खुफिया जानकारी पूरी तरह से स्वतंत्र है। हमारे पास ऐसी जानकारी है, जिसे हम यूक्रेन के लाभ के लिए प्रदान करते हैं।

लेकोर्नू ने यह भी बताया कि अमेरिका के फैसले के बाद फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने उन्हें विभिन्न प्रकार सहायता को तेजी से भेजने को कहा, ताकि अमेरिकी मदद की कमी को पूरा किया जा सके। लेकोर्नू ने यह भी कहा कि अमेरिका के फैसले के बाद पोलैंड से यूक्रेन को भेजी जाने वाली सहायता रोक दी गई है। हालांकि, यूक्रेन के लोगों को तीन साल के युद्ध का अनुभव है और वह मदद का भंडारण कैसे करना है, इस चीज को जानते हैं।

## रूस ने जेलेंस्की के गृहनगर में दागी बैलिस्टिक मिसाइल, चार लोगों की मौत



**कीव।** यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूस ने यूक्रेन पर रातभर में 112 शाहिद और दो बैलिस्टिक इस्कंडर मिसाइलें दागीं। जिसके इलाके में भारी नुकसान हुआ है। अभी तक इन हमलों को लेकर रूस की ओर से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। रूस ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के गृहनगर में बुधवार रात को एक होटल को निशाना बनाते हुए। मिसाइल से हमला किया, इस हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गयी है। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध खत्म करने को लेकर हो रहे प्रयासों के बीच यह यह हमला हुआ है।

इस हमले को लेकर राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मध्य यूक्रेन के क्रीवी रीह में स्थित होटल पर हुए हमले से ठीक पहले यूक्रेनी, अमेरिकी और ब्रिटिश नागरिकों सहित एक मानवीय संगठन के स्वयंसेवक अंदर घुसे थे। उन्होंने हालांकि नहीं बताया कि ये लोग उन 31 घायलों में शामिल थे या नहीं। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूस ने यूक्रेन पर रातभर में 112 शाहिद और दो बैलिस्टिक इस्कंडर मिसाइलें दागीं। जिसके इलाके में भारी नुकसान हुआ है।

## अमेरिका में तेलंगाना के छात्र प्रवीण की हत्या के बाद हरकत में विदेश मंत्रालय

**शिकागो।** अमेरिका के विस्कॉन्सिन-मिल्वौकी विवि में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्र जी प्रवीण की हत्या के बाद विदेश मंत्रालय हरकत में हैं। शिकागो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने दुख व्यक्त किया है। दूतावास ने कहा कि वे छात्र के परिवार के संपर्क में हैं और विवि भी उनकी हरसंभव मदद कर रहा है। हालांकि दूतावास ने छात्र की मौत का कारण नहीं बताया। एक्स पर पोस्ट में दूतावास ने लिखा कि हम विस्कॉन्सिन-मिल्वौकी विवि के स्नातकोत्तर छात्र जी प्रवीण की असामायिक मौत से दुखी हैं। दूतावास प्रवीण के परिवार के संपर्क में है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। हमारी संवेदना और प्रार्थना प्रवीण के परिवार और दोस्तों के साथ हैं। बीआरएस नेता के कविता ने कहा कि अमेरिका में तेलंगाना के छात्र की मौत बेहद दुखद है। तेलंगाना और केंद्र सरकार छात्र के शव को जल्द उसके घर तक पहुंचाए। मेरी प्रार्थनाएं पीड़ित परिवार के साथ हैं। अमेरिका में भारतीय छात्र डरे और भयभीत होंगे। वे बहादुर बने रहें। भारत सरकार और भारतीय दूतावास मदद के लिए आगे आएंगे।




भाजपा नेता रामचंदर राव ने भी छात्र की मौत पर दुख जताया। उन्होंने अमेरिकी सरकार से वहां रह रहे वैध प्रवासियों की सुरक्षा की मांग की। उन्होंने कहा कि इस घटना से साफ है कि अमेरिका में नस्लीय भेदभाव मौजूद है। तेलंगाना से अमेरिका पढ़ने गए 26 वर्षीय जी प्रवीण की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। प्रवीण के चचेरे भाई अरुण ने बताया था कि प्रवीण विस्कॉन्सिन के मिल्वौकी में एमएस की पढ़ाई कर रहा था। बुधवार सुबह (भारतीय समयानुसार) अमेरिकी अधिकारियों ने उनके परिवार को उसके मरने की जानकारी दी। प्रवीण के कुछ दोस्तों ने बताया कि उसका शव गोलियों से छलनी मिला है। प्रवीण 2023 में एमएस करने के लिए अमेरिका गए थे। वह दिसंबर 2024 में भारत आए और इस साल जनवरी में अमेरिका चले गए। प्रवीण का परिवार हैदराबाद के पड़ोसी रंगा रेड्डी जिले का रहने वाला है। इसे पहले नवंबर में शिकागो में भारतीय छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक की पहचान 22 वर्षीय साई तेजा नुकारापु के रूप में हुई थी। मामले में शिकागो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने दोषियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। उसने कहा था कि वह पीड़ित के परिवार को हरसंभव मदद देगा। शिकागो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने एक्स पर पोस्ट में कहा था कि हम भारतीय छात्र नुकारापु साई तेजा की हत्या से स्तब्ध और बेहद दुखी हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने को लेकर बैठक संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** गुरुवार को श्रीमान डा0 बब्बू सारंग, जिला जज महोदय की अध्यक्षता में उनके विश्राम कक्ष में आगामी दिनांक 08-03-2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने के लिए अंतिम प्रारंभिक वार्ता बैठक अहुत की गयी। श्रीमान जिला जज महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित प्रशाशनिक अधिकारियों से एवं विशेष रूप से जिला संभागीय अधिकारी बाँदा व अपर पुलिस अधीक्षक, बाँदा से मोटर चालान के अधिक से अधिक वादों का निश्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। जिससे कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। इस बैठक में श्रीमान चंद्रपाल-अपर जिला जज प्रथम, निरंजन कुमार-अपर जिला जज/नोडल अधिकारी लोक अदालत बाँदा, श्रीमान छोटेलाल यादव, अपर जिला जज चतुर्थ, श्रीमान श्रीपाल सिंह, अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बाँदा के साथ प्रशासन की ओर से श्री संदीप केला-सिटी मजिस्ट्रेट बाँदा, श्री शिवराज अपर पुलिस अधीक्षक बाँदा, श्री रविशंकर जिला अग्रणी प्रबंधक बाँदा, श्री गुलाब चंद्र परिवहन विभाग, श्री आशीष सोनी भारत संचार निगम लिमिटेड, श्री संजीव कुमार उप प्रबंधक एस बी आई बैंक, श्री सुदर्शन निरीक्षक बाँटमाप बाँदा, श्री दिवाकर सोनाटा फाइनेंस, श्री रामजस नगर पालिका बाँदा आदि उपस्थित रहे।

## चोरी करने वाला अभियुक्त चोरी की एक अदद ई-रिक्शा के साथ गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** थाना रानी की सराय पूर्व की घटना का संक्षिप्त विवरण 03 फरवरी को वादी रवि कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 प्रेमचन्द्र गुप्ता निवासी रेलवे स्टेशन आजमगढ द्वारा थाने पर आकर लिखित तहरीर दिया गया कि वह मेडिसीटी हास्पिटल बेलइसा के सामने किराये के मकान मे रहकर शहर मे अपनी ई-रिक्शा न्च् 50 ब्ज् 9592 चलाकर जीवकोपार्जन करता है। दिनांक 1 मार्च की रात्रि में वह अपने किराये के मकान के सामने अपना ई-रिक्शा खड़ा किया था जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया जिसके सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु.अ.स. 57,25 धारा 303(2) बीएनएस बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। उ.नि. हैदर अली मंसूरी मय हमराह को मुखबिर से सूचना मिली की एक व्यक्ति जो थाना क्षेत्र से हुए ई-रिक्शा को चोरी किया था आजमगढ़ की ओर से रानी की सराय बाइपास हाइवे से गम्भीरपुर की ओर जाने वाला है।

# एनसीआर द्वारा सांस्कृतिक नाट्य प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर मध्य रेलवे द्वारा अंतर रेलवे सांस्कृतिक नाट्य प्रतियोगिता -2024 (नाट्य महोत्सव) का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उदघाटन मुख्य अतिथि उपेन्द्र चन्द्र जोशी, महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे के कर कमलो द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर भारतीय रेल के 20 क्षेत्रीय रेलवे व इकाइयों के 258 प्रतिभागियों ने अपने- अपने नाटकों का मंचन किया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी 20 क्षेत्रीय रेलवे व इकाइयों की टीमों द्वारा सांस्कृतिक रैली का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज में तथा पुरस्कार वितरण समारोह स्पंदन रेल अधिकारी क्लब, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के प्रांगण में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता में सहभागिता हेतु आये हुए रेलवे व इकाइयों की नाट्य टीमों के ठहरने एवं खानपान एवं परिवहन सुविधा की



व्यवस्था उत्तर मध्य रेलवे द्वारा उपलब्ध कराई गयी। इस नाट्य महोत्सव के उदघाटन समारोह में उत्तर मध्य रेलवे के सांस्कृतिक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गयी। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल को कार्यक्रम में महाप्रबंधक महोदय द्वारा सम्मानित किया गया। इस नाट्य महोत्सव में आय, गबर घी चोर, अभिसप्त संध्या ,अग्नि शुद्धि, शकुनी,मौलिक अधिकार, असर कर्मो का, बोलुकट बियोली बेला, मुट्ठी में गोष्ठ, इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर सहित अन्य 10 नाटकों का मंचन प्रतिभागी 20 क्षेत्रीय रेलवे व इकाईयों के नाट्य कलाकारों द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विजेता का निर्णय नाट्य विधा के प्रतिष्ठित निर्णायकों श्री अजय केशरी, आलोक नायर एवं सुषमा शर्मा द्वारा किया जाएगा। प्रतियोगिता का यह शानदार आयोजन उत्तर मध्य रेलवे द्वारा संपन्न कराया जा रहा है। उक्त नाट्य प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह दिनांक 06.03.2025 को स्पंदन रेल अधिकारी क्लब में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा विजेताओं को पुरस्कार एवं शील्ड/ट्रोफी प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जायेगा। इस प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि उपेन्द्र चन्द्र जोशी, महाप्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे उपस्थित रहेंगे।

# सुखलाल सिंह ने ईमानदार पत्रकारिता के मापदंडों को किया स्थापित

- **महेश्वरी प्रेस का कलेंडर प्रति छापकर शहर वासियों को जानकारी उपलब्ध कराते थे**



अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** सुखलाल सिंह चौहान वरिष्ठ सम्पादक प्रकाशक मुद्रक व प्रोप्राइटर महेश्वरी प्रेस बलखण्डी नाका बॉदा निवासी कटरा बॉदा का निधन 3 मार्च 2025 को गया हैं। उन्होंने जीवन काल में 65 से अधिक सप्ताहिक दैनिक अखबार पत्र पत्रिकाओं तथा अलग अलग पुस्तकों के सफल मुद्रक थें। सन् 1970 से 1980 के दशक में दैनिक जागरण कानपुर के सम्पादक मुद्रक की तत्समय की समस्याओं और समाधान पर चर्चा करते और परामर्श लेते थें।साथ ही उन्हें अपने प्रेस आने का आमंत्रण भी देते। अपनी कुशल शैली, ईमानदार पत्रकारिता के उच्च मापदंडों को अपने स्थापित किया। अखबारबाजी के दौरान उन पर 50-55 मुकदमें भी चले।कुछ को छोड़कर लगभग सभी में विजयी हुए।वह महेश्वरी प्रेस का कलेंडर प्रति छापकर शहर वासियों को विभिन्न जानकारी व शहर प्रमुख दर्शनीय स्थल तथा प्रतिष्ठानों ,तथा विशेष हुनरबंद व्यक्तित्वों को छापकर प्रोत्साहित करते।वह एक अच्छे संगीतकार थे। वह बृजेश कीर्तन मंडल के संगीत कार्यक्रम का संयोजन करतें और ईश्वर भक्ति में लीन रहते थे। उनके निधन पर पूरा शहर शोकाकुल हैं। पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय , राजकुमार राज पूर्व चेयरमैन, अमित सेठ भोलू, मोहन साहू, सुरेन्द्र सिंह प्रधानाचार्य, धनंजय सिंह प्रबंधन नटराज संगीत महाविद्यालय नरेंद्र सिंह परिहार, सबल सिंह पूर्व क्रीड़ाधिकारी, दीनदयाल सोनी साहित्यकार आदि ने शोक संवेदना व्यक्त की।

# 08, 09 व 10 मार्च, 2025 को होगा मंडलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** वर्ष 2025 की मंडलीय फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी के आयोजन हेतु समिति की बैठक मण्डलायुक्त, प्रयागराज विजय विश्वास पन्त जी की अध्यक्षता में गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन 08, 09 एवं 10 मार्च, 2025 को चन्द्रशेखर आजाद पार्क, (कंपनी बाग), प्रयागराज में किया जायेगा। आयुक्त महोदय द्वारा उप निदेशक उद्यान, प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज को निर्देशित किया कि प्रदर्शनी का मण्डल स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए जिससे कि अधिक से अधिक प्रतिभागी प्रदर्शनी में प्रतिभाग कर सकें। उमेश चन्द्र उत्तम, अधीक्षक, राजकीय उद्यान चन्द्रशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज द्वारा अवगत कराया गया कि 08 मार्च, 2025 को प्रातः 9:00 बजे तक प्रदर्शनी में विभिन्न विभागों जैसे गमले में लगे मौसमी फूल, शोभाकार हरे-भरे पौधे, कैक्टस, सकुलेंट पौधे, कटे गुलाब के फूल, कटे मौसमी फूल, पुष्प विन्यास, पुष्प की रंगोली, शाकभाजी, फल, प्रसंस्कृत खाद्य प्रदार्थ, शहद एवं पान आदि से सम्बन्धित सभी प्रदर्शन को विभागवार चिन्हित स्थल पर लगाएंगे, जिनकी जंजिग का कार्य प्रातः 10:00 बजे से प्रारम्भ किया जायेगा। फोटोग्राफी एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के प्रतिभागी अपना फोटोग्राफी/पेंटिंग अपरान्ह 2:00 बजे तक चिन्हित स्थान पर प्रदर्शित करेगें। सम्पूर्ण प्रदर्शनी का प्रथम पुरस्कार रू0 21000, द्वितीय पुरस्कार रू0 11000 व तृतीय पुरस्कार रू0 5100 प्रदान किये जाने का समिति द्वारा निर्णय लिया गया साथ ही प्रत्येक वर्ग में प्रतिभाग करने वाले व्यक्तिगत विजेता प्रतिभागियों को भी नगद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र दिया जायेगा। प्रदर्शनी में व्यावसायिक स्टॉल लगाने हेतु निर्धारित शुल्क के साथ दिनांक 06.03.2025 को पूर्वान्ह 11:00 बजे से कार्यालय अधीक्षक, राजकीय उद्यान, चन्द्रशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज में सम्पर्क कर सकते है। बैठक में गौरव कुमार, मुख्य विकास अधिकारी, प्रयागराज, सत्यम मिश्रा, अपर जिलाधिकारी नगर, प्रयागराज, एस0पी0 श्रीवास्तव, संयुक्त कृषि निदेशक, कृष्ण मोहन चौधरी, उप निदेशक उद्यान, प्रयागराज मंडल, प्रयागराज के अलावा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## जय किसान आंदोलन का पांच सदस्यी प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी से मिला

**आजमगढ़।** जय किसान आंदोलन का पांच सदस्यी प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष रजनेत यादव जिला अध्यक्ष आजमगढ़ बांकेलाल यादव प्रदेश सचिव प्रिंस चौहान जिला अध्यक्ष युवा आजमगढ़ आशीष पटेल जिला अध्यक्ष मऊ श्याम देव यादव जिलाधिकारी से मिलकर निजामाबाद सेंटरवा में 27 फरवरी 2025 को हुई किसान महापंचायत पर किसानों द्वारा सात सूत्रीय प्रस्ताव पास किए गए जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री जी के नाम से ज्ञापन सोपा गया स जिसके माध्यम से सरकार से मांग की गई की जंगली जानवरों जैसे नीलगाईयों वह बनसुरों को पकड कर जंगलों में संरक्षित किया जाए तथा छुट्टा गायों साढो को गौशाला में संरक्षित किया जाए, अब तक की घरेलू बकाया बिजली बिल माफ किया जाए 300 यूनिट बिजली फ्री किया जाए गांव में किसानों को से इस विभाग द्वारा की जाए भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जाए, नाबार्ड खादी ग्राम उद्योग योजना से हर गांव में काम से कम 2 -2 कृषि एवं लघु उद्योग स्थापित किया जाए, नहरो में पानी की समय सारणी बनाकर पानी उपलब्ध कराया जाये।

# कंपोजिट दुकानों एवं भांग की दुकानों की चयन प्रक्रिया संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** नोडल अधिकारी, सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग स. नवीन कुमार, जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना की उपस्थिति में आज हरिऔध कला केंद्र आजमगढ़ में ई-लॉटरी के माध्यम से देशी मदिरा, मॉडल शॉप, कंपोजिट दुकानों एवं भांग की दुकानों की चयन प्रक्रिया निष्पक्ष, सकुशल एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न हुई। ई-लॉटरी प्रक्रिया के अन्तर्गत सबसे पहले आवेदनकताओं के समक्ष आवेदनों का 3-3 बार सिमुलेशन किया गया, उसके पश्चात रैण्डमाइजेशन करते हुए दुकानों के चयन की कार्यवाही की गयी। देशी मदिरा की 303 दुकानों के लिए 2317 आवेदनकर्ताओं द्वारा 4111 आवेदन, मॉडल शॉप की 02 दुकानों के लिए 37 आवेदनकर्ताओं द्वारा 38 आवेदन, 165 कम्पोजिट दुकानों के लिए 2211 आवेदनकर्ताओं द्वारा 3774 आवेदन एवं भांग की 10 दुकानों के लिए 14 आवेदनकर्ताओं द्वारा 17 आवेदन किये गये थे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन राहुल विश्वकर्मा, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट सुनील कुमार धनवंता, सीओ सिटी, मुख्य कोषाधिकारी अनुराग श्रीवास्तव, जिला आबकारी अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं आवेदनकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आबकारी दुकानों का ई-लॉटरी के प्रथम चरण का सम्पादन



**बांदा।** जिला आबकारी अधिकारी जनपद बांदा ने बताया है कि आबकारी नीति वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत दिनांक 06.03.2025 को सम्पन्न होने वाली ई-लॉटरी के प्रथम चरण की प्रक्रिया जिलाधिकारी महोदया एवं शासन के द्वारा नामित उच्चाधिकारियों की उपस्थिति में सफल सम्पादन की गयी। जिसमें जनपद की समस्त 148-देशी मदिरा, 97-कम्पोजिट शॉप, 02-मॉडल शॉप एवं 19-भांग की फुटकर दुकानों की ई-लाटरी रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के सभागार/आडोटोरियम में आबकारी दुकानों में प्राप्त आवेदन क्रमशः देशी शराब की दुकानों में 1982 आवेदन कम्पोजिट शॉप में 1478 आवेदन मॉडल शॉप 16 आवेदन एवं भाग में 107 आवेदन प्राप्त हुये इस प्रकार कुल-3583 आवेदन प्राप्त हुये। सभी आबकारी दुकानों का सफलता पूर्वक ई-लॉटरी की प्रक्रिया से सम्पन्न करायी गयी।

### बड़ौदा यू पी बैंक शाखा के नये परिसर का उद्घाटन



**आजमगढ़।** बड़ोदा यू पी बैंक खरिहानी शाखा के नवीन परिसर का उद्घाटन बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक उमाशंकर सिंह ने फीता कटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने बैंक के विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि हमारा बैंक उत्तम ग्राहक सेवा के सतत प्रयासरत है। आगे उन्होंने बताया कि व्यावसायिक बैंकों की भांति सभी बैंकिंग सुविधाएं हमारे बैंक मे उपलब्ध है। आल इंडिया ग्रामीण बैंक रिटायरीज फेडरेशन के राष्ट्रीय उपमहासचिव ने अपनी शुभकामना दी। शाखा प्रबंधक अनुज कुमार श्रीवास्तव ने लोगों का स्वागत किया। इस मौके पर आलोक सिंह , विशाल त्रिपाठी, अश्विनी कुमार, मनोज सिंह, प्रिंस सिंह, विशाल सिंह, अनिरुद्ध कुमार ,प्पू कुमार यादव ,राजनारायण सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। अनुज कुमार श्रीवास्तव, शाखा प्रबंधक रहे।

### जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्र का किया निरीक्षण



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल द्वारा यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 के अंतर्गत हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत आज गांधी गुरुकुल इंटर कॉलेज भंवरनाथ आजमगढ़ में इंटरमीडिएट की चल रही परीक्षा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रत्येक परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया एवं विद्यालय में लगाए गए सीसीटीवी कैमरे का भी अवलोकन किया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने राजकीय बालिका इंटर कॉलेज आजमगढ़ में बनाए गए बोर्ड परीक्षा-2025 कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया।

### रेलवे बोर्ड का ऐतिहासिक निर्णय- अब पदोन्नति परीक्षाएं पारदर्शी, डिजिटल और निष्पक्ष तरीके से होंगी!

**प्रयागराज।** रेलवे बोर्ड द्वारा एक उच्च स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें निर्णय लिया गया कि सभी विभागीय पदोन्नति परीक्षाएं अब रेलवे भर्ती बोर्ड ने केंद्रीयकृत परीक्षा प्रणाली के माध्यम से कंप्यूटर आधारित परीक्षा द्वारा आयोजित की जाएंगी। **परीक्षा कैलेंडर की व्यवस्था-** सभी जोनल रेलों को एक वार्षिक परीक्षा कैलेंडर तैयार करने का निर्देश दिया गया है। परीक्षाएं केवल इस कैलेंडर के अनुसार आयोजित की जाएगी, जिससे प्रक्रिया अधिक पारदर्शी और सुव्यवस्थित हो सके। **RRB की निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली-** यह निर्णय हाल के वर्षों में RRB द्वारा आयोजित परीक्षाओं की निष्पक्षता, पारदर्शिता और प्रशंसनीय संचालन के अनुभव के आधार पर लिया गया है। 2015 से अब तक, RRB ने 7 करोड़ से अधिक उम्मीदवारों की परीक्षाएं कंप्यूटर आधारित टेस्ट (CBT) के माध्यम से आयोजित की हैं, जिनमें पेपर लीक, प्रॉक्सी कैंडिडेट, रिमोट लॉग-इन और स्पाई डिवाइस जैसी किसी भी गड़बड़ी की कोई शिकायत नहीं मिली है।

### बुंदेलखंड राष्ट्र समिति की महत्वपूर्ण कार्य योजना बैठक बिसंडा के अक्षरा कुटी में संपन्न

**बांदा।** बुंदेलखंड राज्य आंदोलन को नई गति देने के लिए बुंदेलखंड राष्ट्र समिति की महत्वपूर्ण कार्य योजना बैठक अक्षरा कुटी, बिसंडा में संपन्न हुई। बैठक में संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने आंदोलन की भावी रणनीति पर विचार-विमर्श किया। बैठक में बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब आंदोलन को और मजबूती देने के लिए जन-जन तक पहुंचना होगा। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड की समृद्धि और विकास के लिए अलग राज्य की स्थापना अनिवार्य है और इसके लिए समिति पूरी प्रतिबद्धता के साथ संघर्ष कर रही है। इस अवसर पर संगठन महामंत्री यज्ञेश गुप्ता ने कहा कि संगठन का विस्तार किया जाएगा और अधिक से अधिक युवाओं, किसानों एवं समाज के अन्य वर्गों को जोड़ा जाएगा।

# महाकुंभ के बाद लगातार स्वच्छता अभियान जारी



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेला 2025 के सफल आयोजन के पश्चात, प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा मेला क्षेत्र की सफाई और स्वच्छता बनाए रखने के लिए निरंतर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज सेक्टर 6 में एक स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश 15 बटालियन के 40 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। यह अभियान सुबह 9 बजे प्रारंभ हुआ और 11 बजे तक चला। स्वच्छता अभियान का संचालन सूबेदार मनोज कुमार एवं हवलदार पुष्पेंद्र सिंह चाहर के नेतृत्व में किया गया। कैडेट्स ने पूरे क्षेत्र में फैले कचरे को एकत्र कर उसका उचित निस्तारण किया, जिससे कुंभ मेला क्षेत्र को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाया जा सके। यह अभियान प्रयागराज मेला प्राधिकरण के मार्गदर्शन में तथा आकांक्षा राणा, ओएसडी कुंभ मेला के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी आशुतोष यादव, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य अधिकारी आदित्य अग्रहरी एवं सेक्टर 6 के नायब तहसीलदार राहुल गौरव भी उपस्थित रहे। आईएएस आकांक्षा राणा ने स्वच्छता अभियान की सराहना करते हुए कहा कि कुंभ मेला संपन्न होने के बाद भी क्षेत्र की स्वच्छता बनाए रखना आवश्यक है, ताकि भविष्य में होने वाले आयोजनों के लिए इसे आदर्श रूप में विकसित किया जा सके। प्रयागराज मेला प्राधिकरण ने इस पहल को जारी रखने का संकल्प लिया और सभी प्रतिभागियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।

## अधिकारी व कर्मचारी दो पहिया वाहन चलाने वाले करे हेलमेट प्रयोग

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने बताया है कि मुख्य सचिव महोदय, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्देश दिये गये है कि मा0 न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे, अध्यक्ष सड़क सुरक्षा समिति, मा0 सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के अनुपालनार्थ उत्तर प्रदेश के सभी शासकीय एवं अर्द्धशासकीय कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी जो दो पहिया वाहन से कार्यालय आते हैं, वे सभी हेलमेट अनिवार्य रूप से पहनें और उनके साथ यात्रा करने वाले सहयात्री (पिलियन राइडर) के लिए भी हेलमेट पहनना आवश्यक है। इसी प्रकार, जो अधिकारी/ कर्मचारी चार पहिया वाहन से कार्यालय आते हैं, वे सभी सीटबेल्ट अनिवार्य रूप से पहनें तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें। चार पहिया वाहन में अन्य सभी सहयात्रियों के लिए भी सीटबेल्ट पहनना अनिवार्य है। कार्यालयों में प्रवेश द्वार पर सुरक्षाकर्मी द्वारा हेलमेट एवं सीटबेल्ट के अनुपालन की जाँच करने पर यदि उक्त निर्देशों का उल्लंघन पाया जाता है, तो कार्यालय में उनके प्रवेश पर रोक लगायी जाये। साथ ही नियमों का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों/ कर्मचारियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही पर विचार किया जायेगा।

# डीएम की अध्यक्षता में कर-करेत्तर वसूली, राजस्व कार्यों एवं मासिक स्टाफ बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** जिलाधिकारी जे0 रीभा अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर वसूली, राजस्व कार्यों एवं मासिक स्टाफ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापार कर एवं सिंचाई के करों की वसूली लक्ष्य के अनुरूप पूरी किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने आबकारी, स्टाम्प देयकों, व्यापार कर, परिवहन, विद्युत आदि विभागों की कर-करेत्तर वसूली की समीक्षा करते हुए जीएसटी एवं विद्युत देयकों की वसूली में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने जल संस्थान के द्वारा जलकर की वसूली सम्बन्धित विभागों से शीघ्र कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को ओवरलोड वाहनों की सघन चेकिंग किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को प्रवर्तन कार्यों में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने नगरपालिका एवं नगर पंचायतों में राजस्व की वृद्धि किये जाने तथा कर वसूली बढाये जाने हेतु समस्त अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने प्रतिबन्धित पॉलीथीन एवं थर्माकॉल के उपयोग पर नियंत्रण किये जाने एवं रोक लगाये जाने हेतु सघन चेकिंग कर प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने भूराजस्व एवं विविध देयकों की वसूली की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप वसूली किये जाने के निर्देश राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने आरसी की वसूली की समीक्षा करते हुए तहसीलदारों को आरसी की वसूली कराये जाने तथा बडे बकायेदारों से उनकी चल अचल सम्पत्ति सहित जानकारी कर वसूली की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने आईजीआरएस एवं तहसील दिवसों में प्राप्त शिकायतों को समय से गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए अधिक समय से लम्बित पुराने वादों का तेजी से निस्तारण किये जाने के निर्देश राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि उनके न्यायालयों में लम्बित वादों को सुनते हुए अधिक से अधिक वादों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने एआईजी स्टाम्प को लम्बित स्टाम्प केसों का शीघ्र निस्तारण किये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया। उन्होंने दाखिल दफ्तर की कार्यवाही समय से किये जाने तथा वरासत के प्रकरणों का निस्तारण शीघ्र किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने आडिट आपत्तियों का शीघ्र समयबद्धता के साथ निस्तारण किये जाने तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों के देयकों एवं पेंशन के प्रकरणों को लम्बित न रखते हुए शीघ्र कार्यवाही करते हुए पेंशन दिलाने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

# विधान परिषद् सदस्य शाह आलम ने उठाई बुनकरों की समस्या

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** विधान परिषद् सदस्य शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने विधान परिषद में खुद को बुनकरों का वकील बताते हुए सदन में बुनकरों की समस्याओं को उठाया और उनके लिए विशेष पैकेज की मांग के साथ ही प्रधानमंत्री जी के नाम से 300 करोड़ की प्रस्तावित टैक्सटाइल्स पार्क को आजमगढ़ मंडल में बनाये जाने की बात कही। समाजवादी पार्टी के विधान परिषद् सदस्य शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने कहा कि कृषि के बाद हथरकघा उद्योग प्रदेश में सबसे अधिक रोजगार उपलब्ध कराने वाला कुटीर उद्योग है, बुनकर उत्तर प्रदेश के महत्वपूर्ण मुख्य अंग है, सरकार यह मानती भी है, किसानों के बाद रोजगार मुहैया कराने में प्रदेश में बुनकरों का दूसरा स्थान है लेकिन इन्हें दिया क्या जा रहा है। सरकार को घेरते हुए एमएलसी श्री आलम ने यह भी कहाकि बजट को बड़ा बताने वाले बुनकरों को दे क्या रहे है, बुनकरों के लिए दिल इतना छोटा क्यों है, मुझ इस चीज को देखकर और निराशा हुई कि पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी जी जिनका हम सभी सम्मान करते है, हमारे भी आदर्श है उनके नाम पर भी एक योजना चलाई मगर मात्र 400 करोड़ का ही प्रोविजन किया गया है। इस पर उन्होंने तंज कसा कि सरकार कम से कम उनके नाम की गरिमा की लाज रखती। अब देखिये, मेरा जो राजनीतिक जीवन शुरू हुआ, वह मुबारकपुर विधानसभा से दो बार लगातार विधायक हुआ, जहां एक लाख से ऊपर बुनकर भाईयों की



आबादी है, मैं उनके हर दुख दर्द, जीवनशैली उनकी जीविका हर चीजों को भली-भांति जानता हूं। करीब से उनके दुख दर्द को देखा हैं उनकी पीड़ा किसान भाईयों से कम नहीं हैं। सरकार को विपक्ष की बातों को भी सकारात्मक रूप से लेकर विचार करना चाहिए, यहीं मेरा सरकार से अनुरोध है। इसमे थोड़ा पैसों का और प्रोविजन करना चाहिए। उन्होंने सपा संस्थापक को याद करते हुए कहाकि पहले जब आदरणीय मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री थे तो बुनकरों की दुख-दर्द को समझते हुए 70 रूपए में सामान्य रेट पर बिजली देते थे, अब वह खत्म कर दिया गया। इसे खत्म करने के बाद बड़ी मंथन करने के बाद इस सरकार में बुनकरों को अर्द्ध हाफचार सौ रूपये देना पड़ रहा है, उसके ऊपर एक हो जाए तो 7 सौ रूपए देना है, तो यह बुनकरों पर अत्यधिक भार है। अगर सरकार वाकई बुनकरों को कमजोर तबका मानती है और इसके योगदान को बड़ा समझती है तो निश्चित ही कुछ और बड़ा दिल करके उनको सरकार को देना चाहिए। एमएलसी शाह आलम ने पहली मांग करते हुए सदन में कहाकि बुनकर भाईयों के लिए आप उनकी सब्सिडी अगर पुराने रेट पर नहीं कर सकते तो ज्यादा से ज्यादा दो सौ रूपया कर दीजिए। सदन से उन्होने कहाकि वह आजमगढ़ मंडल के जिले से ही वास्ता रखते है जो बुनकरों का बहुत बड़ा बेल्ट है। इसी मंडल में मऊ, बलिया भी आता है बगल में गाजीपुर, अम्बेडकर नगर सटा हुआ है। उन्होंने कहाकि प्रधानमंत्री जी के नाम से कोई योजना चल रही है जिसमे कोई टैक्सटाइल्स पार्क बनाने को कोई 300 करोड़ रूपये प्रोविजन दे दिया गया है।

## 15 मार्च 2025 को होली अवकाश की मांग की

**बांदा।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद बांदा ने जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बांदा को प्रेषित कर 15 मार्च 2025 को होली अवकाश घोषित करने की मांग की। जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी अवकाश तालिका में परिषदीय विद्यालयों में 13 मार्च 2025 व 14 मार्च 2025 को होलिकोत्सव पर्व का अवकाश है। 15 मार्च 2025 को विद्यालय खुल रहे हैं। बुंदेलखंड में होली का त्योहार होलिका दहन के उपरांत अगले दो दिनों तक मनाया जाता है। यातायात के साधन आदि बंद रहते हैं। अतः इस वर्ष 13 मार्च को होलिका दहन के उपरांत अगले दो दिन 14 व 15 मार्च 2025 को होली का त्यौहार मनाया जाएगा। जिला अधिकारी बांदा द्वारा घोषित अवकाश तालिका में भी 15 मार्च 2025 को स्थानीय अवकाश (होली)घोषित किया गया है।

# लगातार दूसरे दिन बाजार में रहा बुल्स का जोर, सेंसेक्स 610 अंक चढ़ा, निफ्टी 22500 के करीब

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में गुरुवार को लंबी बिकवाली के बाद लगातार दूसरे दिन खरीदारों का जोर रहा। हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन सेंसेक्स 609.86 अंक उछलकर 74,340.09 पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 207.40 अंक चढ़कर 22,544.70 के स्तर पर पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 6 पैसे गिरकर 87.12 (अनंतिम) पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में मजबूत खरीदारी से भारतीय बाजार के प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी लगातार दूसरे दिन हरे निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स करीब 610 अंक की बढ़त के साथ 74,000 अंक के स्तर को पार कर गया, जबकि निफ्टी भी लगातार दूसरे दिन 22,500 अंक से ऊपर बंद हुआ।



शुरुआती गिरावट से उबरते हुए 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 609.86 अंक या 0.83 प्रतिशत उछलकर 74,340.09 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 660.57 अंक या 0.89 प्रतिशत बढ़कर 74,390.80 अंक के उच्च स्तर पर पहुंच गया। एनएसई का निफ्टी 207.40 अंक या 0.93 प्रतिशत बढ़कर 22,544.70 पर बंद हुआ। सत्र के दौरान 50 शेयरों वाला यह सूचकांक 219.15 अंक या 0.98 प्रतिशत चढ़कर 22,556.45 के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील, बजाज फिनसर्व, हिंदुस्तान यूनिलीवर, सन फार्मास्यूटिकल्स, अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड, एक्सिस बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहे। टेक महिन्द्रा, कोटक महिन्द्रा बैंक, जोमैटो, टाटा मोटर्स और इंडसइंड बैंक पिछड़ गए। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ÷कनाडा और मैक्सिको की वाहन कंपनियों पर टैरिफ में नरमी के ट्रंप के फैसले तथा डॉलर सूचकांक में कमजोरी के बाद सकारात्मक वैश्विक संकेतों के कारण भारतीय सूचकांक में मजबूती देखी गई।

# सोने का भाव 200 रुपये कम होकर 89100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर, चांदी स्थिर

**नई दिल्ली।** सोने की कीमतों में गुरुवार को हल्की नरमी दिखी। अखिल भारतीय सर्राफा एसोसिएशन के अनुसार देश की राजधानी दिल्ली में सोने की कीमत 200 रुपये की नरमी के साथ 89100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबार सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 89300 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। दूसरी ओर, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव भी बुधवार के 88,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से 200 रुपये नरम पड़कर 88,700 रुपये पर पहुंच गया। हालांकि, इस दौरान चांदी का भाव 99,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहा।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अप्रैल डिलीवरी गोल्ड फ्यूचर्स का भाव 112 रुपये घटकर 85,721 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। वैश्विक मोर्चे पर कॉमेक्स सोना वायदा 12.20 डॉलर या 0.42 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,913.80 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। इस बीच, हाजिर सोना 15.57 डॉलर की गिरावट के साथ 2,903.82 डॉलर प्रति औंस पर आ गया।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, गुरुवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई, क्योंकि निवेशक टैरिफ के नवीनतम घटनाक्रम और उसके प्रभावों को आंकने की कोशिश कर रहे हैं। गांधी ने आगे कहा कि वैश्विक आर्थिक परिदृश्य को देखते हुए कीमती धातु में मुनाफावसूली को बढ़ावा दिया है।

उन्होंने कहा, अमेरिका द्वारा मैक्सिकन और कनाडाई वाहन निर्माताओं को एक महीने के लिए टैरिफ से छूट दिए जाने के बाद अल्पकालिक व्यापारियों ने भी अपनी लंबी स्थिति में कटौती की, जिससे व्यापार युद्ध के और बढ़ने की आशंका कम हो गई। एशियाई बाजार में कॉमेक्स चांदी वायदा 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 33.03 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार करता दिखा।

# अधिक बचत, बेहतर कवरेज और सभी के लिए बीमा विस्तार

**लखनऊ।** संजीव बजाज, संयुक्त अध्यक्ष एवं एमडी, बजाज कैपिटल लिमिटेड के अनुसार केंद्रीय बजट 2025-26 ने भारत के बीमा क्षेत्र और आयकर व्यवस्था को नया रूप देने के लिए साहसिक कदम उठाए हैं, जिससे व्यापक वित्तीय समावेशन, आर्थिक वृद्धि और व्यक्तियों व व्यवसायों को राहत सुनिश्चित होगी। '2047 तक सभी के लिए बीमा' के महत्वाकांक्षी लक्ष्य के साथ, सरकार न केवल नीतियों में बदलाव कर रही है, बल्कि एक मजबूत और लचीली वित्तीय व्यवस्था की नींव भी रख रही है। बीमा में विदेशी निवेश की सीमा बढ़ी सरकार ने बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की सीमा 74% से बढ़ाकर 100% कर दी है, जिससे अधिक पूंजी प्रवाह, नवाचार और प्रतिस्पर्धात्मक मूल्य निर्धारण सुनिश्चित होगा। सूक्ष्म और ग्रामीण बीमा पर कर लाभ बीमा को अधिक किफायती और सुलभ बनाने के लिए बजट में कर छूट और जीएसटी कटौती की घोषणा की गई है ग्रामीण क्षेत्रों में 2 लाख तक की बीमा पॉलिसी देने वाली कंपनियों को 100% कर कटौती, छोटे जीवन, स्वास्थ्य और सामान्य बीमा



पॉलिसियों पर जीएसटी को 18% से घटाकर 0%,धारा 80C के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के पॉलिसीधारकों के लिए अतिरिक्त 50,000 की कटौती,स्वास्थ्य बीमा पर धारा 80D के तहत 25,000 की अतिरिक्त कटौती , किसानों के लिए जीवन एवं स्वास्थ्य बीमा पर सब्सिडी फसल बीमा छोटे और सीमांत किसानों के लिए 60% प्रीमियम सब्सिडी, अब जलवायु परिवर्तन से होने वाले नुकसान को भी कवर करेगी।

'वन-स्टॉप डिजिटल बीमा प्लेटफॉर्म' आसान पहुँच और दावों के शीघ्र निपटान के लिए कॉमन सर्विस सेंटर ग्रामीण बीमा नामांकन केंद्र के रूप में कार्य करेंगे ग्रामीण बीमा एजेंटों के लिए 30% अधिक कमीशन, महात्मा गांधी महिला बीमा योजना स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए 5 लाख का जीवन और स्वास्थ्य बीमा महिलाओं के लिए ब्याज-मुक्त सूक्ष्म ऋण गिग वर्कर्स बीमा डिलीवरी एजेंट, ड्राइवर और कृषि श्रमिकों के लिए सरकारी समर्थन वाला दुर्घटना और जीवन बीमा,बजट 2025-26 कर व्यवस्था को सरल बनाकर और मध्यवर्ग तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों को राहत देकर लोगों के हाथों में अधिक नकदी देने पर केंद्रित है।

# समृद्धधान 2.0 उपकार और यूपी एक्सेलेरेटर प्रगति ड्राइव, डीएसआर का 2025 तक 100,000 हेक्टेयर तक विस्तार का लक्ष्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार) और यूपी एक्सेलेरेटर प्रगति कार्यक्रम ने समृद्ध धान 2.0 डीएसआर विजन 2025 की सफलतापूर्वक मेजबानी की, जिसमें उत्तर प्रदेश में डायरेक्ट सीडेड राइस (डीएसआर) के बड़े पैमाने पर विस्तार की रणनीति बनाने के लिए प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाया गया। 2024 में डीएसआर की खेती 80,000 हेक्टेयर तक पहुंचने के साथ, यह आयोजन प्रगति की समीक्षा करने, चुनौतियों पर चर्चा करने और सतत विकास के लिए एक मार्ग तैयार करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा, जिसका लक्ष्य 2025 तक 100,000 हेक्टेयर को कवर करना है।इस आयोजन में बुन्देलखण्ड को डीसआर के लिए नये क्षेत्र के रूप में जलवायु परिवर्तन के परिपेक्ष्य में चिन्हित किया गया। पिछले वर्ष 150 से अधिक क्षेत्र स्तरीय परीक्षणों ने डीएसआर के लाभों को सुदृढ़ किया, जिससे इस पद्धति की प्रभावशीलता में किसानों का विश्वास बढ़ा है। विशेषज्ञों



ने गुणवत्तापूर्ण बीजों तक समय पर पहुंच, मशीनीकरण सहायता और अपनाने को बनाए रखने तथा गति देने के लिए आवश्यक इनपुट के महत्व पर प्रकाश डाला। चर्चाओं में दीर्घकालिक स्थिरता के लिए प्रमुख प्रवर्तकों के रूप में कार्बन क्रेडिट बाजारों, फसल बीमा और सूक्ष्म सिंचाई के एकीकरण पर भी जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त, धान के बाद फसल विविधीकरण, विशेष रूप से दलहन की खेती को बढ़ाने पर जोर दिया गया, ताकि मृदा पोषण में सुधार हो और किसानों की लाभप्रदता बढ़े। यूपी-एक्सीलेरेटर कार्यक्रम आगे बढ़ते हुए, जिला-स्तरीय सलाह और सर्वोत्तम अभ्यास दस्तावेज़ीकरण को मजबूत करेगा, जिससे किसानों को स्पष्ट और कार्रवाई योग्य मार्गदर्शन प्राप्त होगा। एक एकीकृत दृष्टिकोण, एसएयू, विस्तार नेटवर्क, निजी भागीदारों और किसान संगठनों को संरेखित करते हुए, प्रयासों को सुव्यवस्थित करेगा और बड़े पैमाने पर अपनाने को बढ़ावा देगा। रोडमैप में टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देना भी शामिल है, जैसे कि बायोचार अनुप्रयोग, पुनर्योजी कृषि और जलवायु-स्मार्ट नवाचार, ताकि एक लचीला और आर्थिक रूप से व्यवहार्य कृषि पारिस्थितिकी तंत्र बनाया जा सके। यूपीसीएआर के महानिदेशक डॉ. संजय सिंह ने संस्थागत संरेखण के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा, एसएयू, केवीके, निजी भागीदारों और किसान नेटवर्क के बीच सहयोग हमारे 2025 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है।

सर्वोत्तम अभ्यास दस्तावेज़ीकरण और जिला-स्तरीय सलाह द्वारा समर्थित एक संरचित ढांचा, प्रयासों को सुव्यवस्थित करेगा और बड़े पैमाने पर अपनाने को बढ़ावा देगा। विश्व बैंक के 2030 डब्ल्यूआरजी (जल संसाधन समूह) के राज्य समन्वयक डॉ. योगेश बंधु आर्य ने टिकाऊ कृषि के व्यापक प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए कहा, डीएसआर न केवल जल संरक्षण करता है, बल्कि मिट्टी के स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाता है, जिससे यह जलवायु-स्मार्ट खेती का एक अनिवार्य घटक बन जाता है।

# केनरा बैंक अंचल कार्यालय में महिला दिवस मनाया




केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन के महासचिव के. रवि कुमार के मार्गदर्शन और वरिष्ठ उपाध्यक्ष धनंजय सिंह के दिशा निर्देश पर केनरा बैंक के अंचल कार्यालय में महिला दिवस सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक रंजीव कुमार ने की। कार्यक्रम में बैंक की सभी महिलाओं हेतु अपोलो मेडिक्स अस्पताल, लखनऊ द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था की गई, इस अवसर पर लखनऊ की विभिन्न शाखाओं में कार्यरत महिलाओं ने गीत एवं नृत्य के माध्यम से शानदार प्रस्तुति दी तथा महिलाओं के बीच विभिन्न प्रकार के खेलों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उप महाप्रबंधक संजय कुमार, प्रदीप कुमार आर, राजेश के एस, सहायक महाप्रबंधक मुकेश मल्होत्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में केनरा बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन लखनऊ महिला इकाई की नेहा उपाध्याय, सुबूही, कीर्ति, सारिका, सोनल, नेहा यादव आदि की उत्कृष्ट भूमिका रही।

# एचएफसीएल ने दूरसंचार ऑपरेटरों और ढांचागत सुविधा प्रदाताओं के साथ मिलकर महाकुंभ 2025 में जबरदस्त कनेक्टिविटी को समर्थ बनाया

**नई दिल्ली।** अग्रणी टेक्नोलॉजी एंटरप्राइस और एकीकृत अगली पीढ़ी के संचार सॉल्यूशंस उपलब्ध कराने वाली कंपनी एचएफसीएल लिमिटेड ने प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 में जबरदस्त कनेक्टिविटी को समर्थ बनाया जिससे 45 दिनों में 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आगमन वाले दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन को सहयोग मिला। इस सॉल्यूशन की अवधारणा और पेशकश अग्रणी ऑपरेटरों में से एक की साझीदारी में की गई जिसने विश्व के सबसे बड़े धार्मिक समागम की जरूरतों को पूरा किया।

इसके अलावा, एचएफसीएल ने एक अग्रणी ढांचागत सुविधा प्रदाता की साझीदारी में शीर्ष सुरक्षा ढांचा सॉल्यूशंस की भी पेशकश की। इन सॉल्यूशंस की तैनाती से इस वृहद स्तर पर उच्च निष्पादन वाले नेटवर्क सॉल्यूशंस को उपलब्ध कराने के लिए देशज टेक्नोलॉजी का उपयोग करने में एचएफसीएल की विशेषज्ञता का पता चलता है।

इतने बड़े स्तर पर महाकुंभ मेला ने दूरसंचार ऑपरेटरों और ढांचागत सुविधा प्रदाताओं के लिए बड़ी चुनौती पेश की थी जिसमें अधिक भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नेटवर्क जाम होने की चुनौती शामिल थी। इसके लिए रीयल टाइम वीडियो निगरानी और विश्वसनीय बैकहॉल इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत थी जिससे लाखों संपर्क उपकरणों को सपोर्ट प्रदान किया जा सके।

एचएफसीएल द्वारा पूर्ण रूप से देश में ही विकसित सॉल्यूशंस ने एक समग्र नेटवर्क और निगरानी प्रणाली तैनात कर इन चुनौतियों से निपटने में सफलता हासिल की जिससे विश्वसनीय कनेक्टिविटी, प्रभावी भीड़ प्रबंधन और वृहद जन सुरक्षा सुनिश्चित हो सकी। वाई-फाई एक्सेस प्वाइंट्स, उच्च क्षमता के बैकहॉल रेडियोज़, सर्विलांस बैकबोन के लिए एल2 स्विचेस और एक वीडियो मैनेजमेंट सिस्टम की रणनीतिक रूप से तैनाती कर एचएफसीएल ने इस वृहद स्तर के आयोजन के लिए एक सुरक्षित एवं जुड़े हुए वातावरण का निर्माण किया।

इस नेटवर्क ढांचे ने एक ही दिन में अप्रत्याशित सर्वाधिक डेटा ट्रैफिक को सफलतापूर्वक संभाला जिससे सेलुलर नेटवर्कों पर लोड का दबाव काफी कम हुआ और प्रतिदिन लाखों यूज़र्स के लिए निर्बाध डिजिटल पहुंच सुगम हुआ। कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए एचएफसीएल ने रणनीतिक रूप से करीब 360 वाईफाई हॉटस्पॉट स्थापित किए जिन्हें पूरी तरह से भारत में डिजाइन, विकसित और विनिर्माण किया गया जिससे मेक इन इंडिया को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। ढांचागत सुविधाएं अद्यतन किए जाने से श्रद्धालु और मेले से जुड़े कर्मचारी रीयल टाइम सूचना तक पहुंच सके और निर्बाध रूप से संचार कर सके। इस सेटअप के पूरक के तौर पर एचएफसीएल के उच्च क्षमता वाले बैकहॉल रेडियो ने महत्वपूर्ण बैकहॉल सपोर्ट उपलब्ध कराया जिससे मोबाइल नेटवर्कों 4जी/5जी से प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर तक निर्बाध रूप से डेटा ट्रांसफर हुआ। इससे यूज़र्स और वाईफाई हॉटस्पॉट, सीसीटीवी कैमरों और मोबाइल फोन समेत जुड़े हुए उपकरणों के लिए हाईस्पीड इंटरनेट एक्सेस सुनिश्चित हुआ।

सुरक्षा इस आयोजन का महत्वपूर्ण पहलू था और एचएफसीएल के समग्र निगरानी ढांचे ने सुरक्षित वातावरण बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एल2 स्विचेज़ 8-पोर्ट और 24-पोर्ट ने सीसीटीवी कैमरों और निगरानी प्रणालियों के बीच निर्बाध डेटा ट्रांसमिशन सुनिश्चित किया, जबकि एचएफसीएल के एडवांस्ड वीडियो मैनेजमेंट सिस्टम वीएमएस ने बेहतर भीड़ नियंत्रण के लिए निगरानी और सुरक्षा प्रबंधन के लिए रीयल टाइम वीडियो निगरानी को समर्थ बनाया। इससे उच्च गुणवत्ता की वीडियो स्ट्रीमिंग और रिकॉर्डिंग सुनिश्चित हुआ जिससे अधिकारियों को संभावित सुरक्षा चिंताओं से सक्रियता के साथ निपटने में मदद मिली।

महाकुंभ में एचएफसीएल के योगदान के बारे में कंपनी के प्रबंध निदेशक महेंद्र नहाटा ने कहा, ÷महाकुंभ 2025 ने डिजिटल ढांचागत सुविधाओं का ऐसा परीक्षण किया जो पहले कभी नहीं हुआ और हमें गर्व है कि एचएफसीएल के देश में ही विकसित सॉल्यूशंस ना केवल अपेक्षाओं पर खरा उतरे, बल्कि उम्मीदों से आगे रहे। वृहद स्तर पर उच्च घनत्व वाले नेटवर्क सॉल्यूशंस की तैनाती से निर्बाध रूप से टेराबाइट डेटा ट्रैफिक संभाला जा सका और निर्बाध रूप से हाईस्पीड कनेक्टिविटी और रीयल टाइम सर्विलांस सुनिश्चित हो सका। सबसे महत्वपूर्ण, यह ÷मेक इन इंडिया÷ विजन के तहत विश्वस्तरीय टेक्नोलॉजी सॉल्यूशंस विकसित करने की भारत की बढ़ती क्षमता का प्रमाण है।

## बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन क्रिसिल आईबीएक्स फाइनेंशियल सर्विसेज 3-6 महीने का डेट इंडेक्स फंड लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन क्रिसिल-आईबीएक्स फाइनेंशियल सर्विसेज 3-6 महीने का डेट इंडेक्स फंड लॉन्च करने की घोषणा की है, जो एक ओपन-एंडेड कॉन्स्टेंट मैच्योरिटी इंडेक्स फंड है, जिसे निवेशकों को संरचित अल्पकालिक निश्चित-आय निवेश अवसर प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह फंड प्रमुख बैंकों, एनबीएफसी और वित्तीय संस्थानों द्वारा जारी किए गए एएए-रेटेड सर्टिफिकेट ऑफ डिपॉजिट, कमर्शियल पेपर्स और कॉरपोरेट बॉन्ड वाले पोर्टफोलियो में निवेश करता है। 6 महीने से 3 महीने तक की व्यवस्थित रोल-डाउन रणनीति के साथ, फंड का लक्ष्य लिक्विडिटी बनाए रखते हुए और ब्याज दर जोखिम को कम करते हुए अल्पकालिक उपज लाभ प्राप्त करना है। न्यू फंड ऑफर गुरुवार, 06 मार्च को खुलेगा और मंगलवार, 11 मार्च को बंद होगा। निवेशक लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड वितरकों, निवेश सलाहकारों, ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से फंड की सदस्यता ले सकते हैं। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, बंधन एएमसी के सीईओ विशाल कपूर ने कहा निश्चित आय वाले निवेश, विशेष रूप से छोटी अवधि के ऋण, पूंजी को संरक्षित करते हुए बाजार में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए एक संरचित दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। वित्तीय सेवा क्षेत्र जिसमें बैंक, एनबीएफसी और वित्तीय संस्थान शामिल हैं मजबूत पूंजी बफर, कम एनपीए और स्थिर ऋण वृद्धि द्वारा समर्थित, लचीला बना हुआ है। यह आकर्षक पैदावार के साथ उच्च गुणवत्ता वाले, एएए-रेटेड ऋण साधनों तक पहुँचने का एक आकर्षक अवसर बनाता है बंधन क्रिसिल-आईबीएक्स फाइनेंशियल सर्विसेज 3-6 महीने का डेट इंडेक्स फंड इन लाभों को व्यवस्थित रूप से कैप्चर करता है, एक पारदर्शी, लागत प्रभावी और तरल निवेश समाधान प्रदान करता है जो आज की बाजार स्थितियों के लिए उपयुक्त है।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने बिल्कुल नए मैनुअल ट्रांसमिशन ग्रेड में लेजेंडर 4X4 पेश किया

**बरेली।** शानदार प्रदर्शन, रोमांचकारी और स्टाइलिश एसयूवी की बढ़ती मांग की पूर्ति के लिए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा लेजेंडर 4X4 का मैनुअल ट्रांसमिशन (एमटी) वैरिएंट (रूपांतर) पेश किया। रोमांच चाहने वाले ड्राइविंग के उत्साहियों के लिए डिज़ाइन किया गया यह नया वैरिएंट पावर, लग्जरी और अत्याधुनिक तकनीक का एक बेहतरीन मिश्रण प्रदान करते हुए जुड़ाव और नियंत्रण को बेहतर करता है। लेजेंडर 4X4 एमटी के केंद्र में जाना-माना 2.8लीटर डीजल इंजन है, जिसे बेजोड़ पावर डिलीवरी के लिए इंजीनियर किया गया है। 204 पीएस की पावर और 420 एनएम का टॉर्क पैदा करने वाला यह पावरट्रेन उन लोगों के लिए बनाया गया है जो अपनी ड्राइव पर पूर्ण नियंत्रण पसंद करते हैं। 6-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन सुस्पष्टता बढ़ाता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि उत्साही लोग चुनौतीपूर्ण इलाकों में



आसानी से नेविगेट कर सकते हैं और सहज गियर शिफ्ट के रोमांच का आनंद ले सकते हैं। लेजेंडर 4ङ्ग4 एमटी की पेशकश पर अपने विचार रखते हुए, सेल्स-सर्विस-यूज्ड कार बिजनेस के उपाध्यक्ष, श्री वरिंदर वाधवा ने कहा, हम टोयोटा लेजेंडर के नए ग्रेड का अनावरण करते हुए रोमांचित हैं। इसे हमारे मूल्यवान ग्राहकों की बढ़ती मांगों और प्राथमिकताओं के जवाब में विशेष रूप से डिज़ाइन किया गया है। एमटी वैरिएंट में इसे नया शामिल किया जाना न सिर्फ लेजेंडर की अपील को और बढ़ाएगा, बल्कि आज के ग्राहक की गतिशील जरूरतों को पूरा करने वाले बहुमुखी समाधान प्रदान करने की टोयोटा की प्रतिबद्धता को भी मजबूत करेगा। हमें विश्वास है कि हम बाजार में एक महत्वपूर्ण अंतर को संबोधित कर रहे हैं क्योंकि हम प्रीमियम एसयूवी उत्कृष्टता की सीमाओं को आगे बढ़ाते हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि हर ड्राइव अधिक गतिशील, इमर्सिव और भारतीय ग्राहकों की अपेक्षाओं के अनुरूप है। ÷कैटामारन-प्रेरित आकर्षक डिज़ाइन, जिसमें बोल्ड फ्रंट और रियर बम्पर, एक स्लीक पियानो-ब्लैक ग्रिल और सिग्नेचर एलईडी लाइटिंग शामिल हैं रंग - काली छत के साथ पर्ल व्हाइट (डबल टोन) 46,36,000 रुपये की एक्स शोरूम कीमत पर उपलब्ध है।लेजेंडर 4X4 एमटी की बुकिंग शुरू हो गई है। ग्राहक अपने नजदीकी टोयोटा डीलरशिप पर जा सकते हैं या टोयोटा भारत की वेबसाइट - https://www.toyotabharat.com/Showroom/fortuner/index-legender.html पर ऑनलाइन बुक कर सकते हैं।

# पीडब्ल्यू के सीए वाला के 13 छात्रों ने सीए इंटरमीडिएट जनवरी 2025 परिणामों में ऑल इंडिया रैंक हासिल किए




सीए इंटरमीडिएट जनवरी 2025 के परिणामों में शिक्षा कंपनी, फिजिक्सवाला के सीए वर्टिकल, सीए वाला ने 13 में से 50 ऑल इंडिया रैंक हासिल किए हैं। इनमें से सात छात्र ऐसे हैं जिन्होंने सीए वाला के ही साथ तैयारी करके दिसंबर 2023 अटेम्प्ट में सीए फाउंडेशन लेवल उत्तीर्ण किया था। टीम ने पिछले एक वर्ष में इन छात्रों का सीए इंटरमीडिएट लेवल में ट्रांज़िशन के दौरान मार्गदर्शन किया। इनमें से अधिकांश छात्र सीए वाला के उद्देश्य रेगुलर बैचों का हिस्सा थे। इसके अतिरिक्त, सीए वाला ने सीए फाउंडेशन जनवरी 2025 के परिणामों में भी शानदार प्रदर्शन किया है, जिसमें तीन छात्रों ने 350+ अंक प्राप्त किए हैं, जिसमें सर्वाधिक अंक 358 है। सीए वाला, जिसे अक्टूबर 2022 में लॉन्च किया गया था, ने पिछले दो वर्षों में सीए परीक्षाओं के विभिन्न स्तरों पर लगातार रैंक और परिणाम दिए हैं, जिसमें सीए इंटरमीडिएट मई 2024 परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक -1 भी शामिल है, जो पूरी तरह ऑनलाइन लर्निंग का परिणाम है। इस सफलता को आगे बढ़ाते हुए, अब अपने तीसरे वर्ष में प्रवेश करते हुए, पीडब्ल्यू ने सीए फाइनल तैयारी के कोर्स शुरू किए हैं। ये कोर्सेज अनुभवी फैकल्टी द्वारा संचालित किए जाते हैं, ताकि छात्रों को संपूर्ण मार्गदर्शन और समर्थन प्रदान किया जा सके और उनकी पूरी सीए यात्रा को सुगम बनाया जा सके। फिजिक्सवाला (पीडब्लू) के संस्थापक और सीईओ, अलख पांडेय ने परिणामों पर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हुए कहा, ÷सभी छात्रों को हार्दिक बधाई! हम हमेशा यह प्रयास करते हैं कि परीक्षा की तैयारी से एक कदम आगे बढ़कर एक संरचित मार्गदर्शन प्रदान करें, जिससे छात्रों को लॉन्ग-टर्म जर्नी के लिए सही आधार मिल सके। प्रोफेशनल कोर्सेस में सफलता केवल परीक्षा पास करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मजबूत कॉन्सेप्ट्स विकसित करने और हर चरण पर सही नेतृत्व प्राप्त करने से जुड़ी होती है।

# इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की फिल्म नादानियां का एल्बम हुआ रिलीज

**नई दिल्ली।** नादानियां का जादू सभी के सर चढ़ कर बोल रहा है। इश्क में और ग़लतफहमी से श्रोताओं को दीवाना बनाने के बाद, इब्राहिम अली खान और खुशी कपूर की शानदार फिल्म नादानियां अपने अगले मनमोहक साउंडट्रैक के साथ दिलों को जीत रही है, जो संगीत की गहराइयों को छू रहा है। इस एल्बम को मशहूर संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर ने कंपोज और प्रोड्यूस किया है, जिसमें अमिताभ भट्टाचार्य के बेहतरीन गीतों का जादू शामिल है। यह साउंडट्रैक प्रेम, तड़प, उलझन और खुशी जैसे एहसासों को धुनों के तार में बड़ी खूबसूरती से पिरोता है। नादानियां का संगीत आपको अनेकों भावनाओं की गहराइयों तक ले जाएगा, जहां हर एक पल जादुई और यादगार बन जाएगा। तो तैयार हो जाइए इस सुनहरे संगीतमय सफर के लिए। 7 मार्च को नेटफ्लिक्स पर नादानियां की रिलीज़ का इंतजार लोगों को जितना बेकरार कर रहा है, उतना ही दर्शकों को इसके गीत मंत्रमुग्ध कर रहे है। इस फिल्म



का निर्देशन शौना गौतम ने किया है, जो उनकी पहली फिल्म है और इसे करण जौहर, अपूर्व मेहता और सोमें मिश्रा ने धर्मेटिक एंटरटेनमेंट के तहत प्रोड्यूस किया है। इस एल्बम में कई शानदार आवाज़ों का संगम है, जहां हर गाना अपनी अलग पहचान और खास अंदाज लेकर आया है। फिल्म का टाइटल ट्रैक नादानियां, जिसे वरुण जैन, जोनिता गांधी और सचिन-जिगर ने गाया है, यह गाना फिल्म के एकदम सटीक माहौल से मेल खाता है। इसका एक एक शब्द नई ताजगी से भरा है। इतना ही नहीं इस एल्बम में और भी कई बेहतरीन गाने शामिल हैं। जिसमें इश्क में, जिसे सचेत टंडन, असीस कौर और सचिन-जिगर ने गाया है।

# उत्तर प्रदेश की राज्यपाल ने आंगनवाड़ियों में बायोफोर्टिफाइड भोजन उपलब्ध कराने के लिए हार्वेस्टप्लस सॉल्यूशंस को किया सम्मानित

**लखनऊ।** एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने हार्वेस्टप्लस सॉल्यूशंस की प्रमुख पहल न्यूट्री पाठशाला को राज्य में सूक्ष्म पोषक तत्वों की कुपोषण समस्या से निपटने में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के लिए आधिकारिक रूप से मान्यता प्रदान की है। यह सम्मान न्यूट्री पाठशाला द्वारा पोषण साक्षरता को बढ़ावा देने और जैव-संवर्धित खाद्य पदार्थों के उपभोग को प्रोत्साहित करने के प्रयासों की सराहना करता है।



उत्तर प्रदेश सरकार से प्राप्त यह मान्यता न्यूट्री पाठशाला के प्रभाव को प्रमाणित करती है। न्यूट्री डब्बा, न्यूट्री डायरी जैसे पहलुओं को शामिल करके इस कार्यक्रम ने बच्चों और उनके परिवारों को प्राकृतिक रूप से पौष्टिक जैव-संवर्धित खाद्य पदार्थों के लाभों के प्रति अधिक जागरूक बनाने और दीर्घकालिक स्वस्थ आदतों को प्रोत्साहित करने में मदद की है। हार्वेस्टप्लस सॉल्यूशंस के वैश्विक प्रबंधक रविंदर ग्रोवर ने कहा, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल और महिला एवं बाल विकास विभाग से मिली इस मान्यता के लिए हम अत्यंत आभारी हैं। यह न केवल हमारे कार्यों को प्रमाणित करता है, बल्कि कुपोषण उन्मूलन के हमारे मिशन को और अधिक ऊर्जा प्रदान करता है।÷ यह मान्यता भारत के पोषण अभियान में न्यूट्री पाठशाला की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करती है और जमीनी स्तर पर पोषण साक्षरता को सुधारने के इसके निरंतर प्रयासों को मान्यता प्रदान करती है।

न्यूट्री पाठशाला कार्यक्रम की सफलता का आधार मजबूत साझेदारी है, जिसमें स्थानीय समुदायों, सरकारी निकायों, किसान समूहों और लघु एवं मध्यम उद्यमों का सहयोग शामिल है। इस कार्यक्रम की प्रभावशीलता बढ़ाने में एक प्रमुख भूमिका निभाई है प्रसिद्ध शेफ संजीव कपूर ने, जिनकी भागीदारी ने पोषण साक्षरता को अधिक रोचक और सुलभ बनाया है। शेफ कपूर की पाक विशेषज्ञता ने स्वस्थ भोजन के महत्व पर ध्यान आकर्षित किया, जिससे यह न केवल आसानी से उपलब्ध हो पाया, बल्कि इसे स्वादिष्ट और आनंददायक भी बनाया गया।

## सांस्कृतिक व बौद्धिक विकास छात्र जीवन के लिए आवश्यक



**भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज भाटपार रानी के राष्ट्रीय सेवा योजना सप्त दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सबसे पहले प्रातः काल स्वयंसेवक स्वयंसेविकाओं ने प्रार्थना कर जलपान ग्रहण किया। उसके बाद श्रमदान कर महाविद्यालय के भीम व्यायाम शाला एवं राजर्षि बालिका इंटर कॉलेज भाटपार रानी के बीच स्थित ग्राउंड की साफ सफाई की। द्वितीय सत्र में सांस्कृतिक और बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसके मुख्य अतिथि हिंदी विभाग के डॉ अभिमन्यू पांडेय रहे, जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया, एवं एक से एक गीत, निर्गुन, राष्ट्र प्रेम से संबंधित कविता प्रस्तुत कर कार्यक्रम में समा बाधा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अभिमन्यू पांडेय ने कार्यक्रम की प्रस्तुति देखने के बाद छात्र-छात्राओं की भूरि -भूरि प्रशंसा की। उन्होंने संबोधित करते हुए कहा की हमारे देश में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, बस उन्हें आगे लाने की जरूरत है,और यह काम राष्ट्रीय सेवा योजना से बेहतर भला और कौन कर सकता है, ऐसे लोगों के लिए यह बहुत ही उपयुक्त प्लेटफार्म है।

## डीएसपी दिनेश कुमार ने पूरा किया प्रशिक्षण

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जनपद में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) दिनेश कुमार मिश्र को प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने औपचारिक रूप से स्टार लगाकर शुभकामनाएं दीं। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि अब उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों में और अधिक वृद्धि हो गई है। उन्होंने निर्देश दिया कि वे अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पालन करें एवं समाज व कानून व्यवस्था की बेहतरी के लिए सदैव तत्पर रहें। इस सम्मान समारोह के दौरान पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। उपस्थित अधिकारियों ने दिनेश कुमार मिश्र को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।



## आगरा की टीम ने जीता राज्य स्तरीय कबड्डी का फाइनल मैच



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में प्रवेश हेतु 15 वर्ष आयु वर्ग के बालकों की प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता गुरुवार को सम्पन्न हुई। फाइनल मैच में आगरा की टीम ने अयोध्या मंडल को43-19 के अंतर से हराया है। उप क्रीड़ा अधिकारी शमीम अहमद ने बताया कि प्रथम सेमीफाइनल में अयोध्या ने 27-25 से वाराणसी एवं द्वितीय सेमीफाइनल में आगरा ने 26-02 से लखनऊ को पराजित किया तथा फाइनल में आगरा ने 43-19 से अयोध्या को पराजित कर विजेता रही। आवासीय क्रीड़ा छात्रावास में प्रवेश हेतु प्रदेश स्तरीय कबड्?डी खिलाड़ियों का चयन/ट्रायल्स (फिजिकल टेस्ट एवं स्किल टेस्ट तथा डॉक्टरों द्वारा मेडिकल जांच) भी कराया गया। चयन समिति सदस्य के रूप में उपक्रीड़ाधिकारी कासगंज हरफूल सिंह एवं उ0प्र0 कबड्डी संघ के आब्जर्वर रामपाल उपस्थित रहे। उपक्रीडाधिकारी शमीम अहमद ने आये हुए अतिथियों का स्वागत किया।

# दिशा की बैठक में हुई योजनाओं की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**सदर सांसद ने प्रस्तुत की प्रोजेक्ट अमृत प्रयास की रूपरेखा**

**देवरिया।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक विकास भवन स्थित गांधी सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने की, जबकि सह-अध्यक्षता सलेमपुर सांसद रमाशंकर राजभर ने की।

बैठक में ग्राम्य विकास राज्य मंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम, जिला पंचायत अध्यक्ष पंडित गिरीश चंद तिवारी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जनपद के विकास को लेकर व्यापक विचार-विमर्श किया गया। बैठक की शुरुआत में सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जब जनप्रतिनिधि किसी कार्य के लिए आएं, तो उसे गंभीरता से लिया जाए और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य बुनियादी समस्याओं पर विशेष ध्यान देने और उनमें सुधार के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता जताई। जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी एक दूसरे के पूरक हैं, जिन्हें मिलकर जनता की समस्या का समाधान करना है। सलेमपुर सांसद रमाशंकर राजभर ने मौर्या एक्सप्रेस ट्रेन के बनकटा स्टेशन पर ठहराव एवं वहां पेयजल सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग रखी। ग्राम्य विकास राज्य मंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम ने खेमादेई में ग्राम पंचायत भवन के निर्माण का मुद्दा उठाया। बरहज विधायक दीपक मिश्रा शाका ने घाघरा और राप्ती नदी में नाव संचालन, क्रय केंद्रों पर हो रही खरीदारी एवं करुअना-मगहरा मार्ग के निर्माण में हो रही देरी पर अपनी बात रखी। रुद्रपुर विधायक जयप्रकाश निषाद ने प्राइवेट स्वयं सहायता समूहों की गतिविधियों को नियंत्रित करने तथा उनके द्वारा की जा रही अवैध धन उगाही को बंद कराने की मांग की। एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने धान खरीद में किसानों के लंबित भुगतान का मुद्दा उठाया, जिस पर एक सप्ताह के भीतर भुगतान के निर्देश दिए गए। उन्होंने बायो मेडिकल वेस्टेज के निस्तारण की सतत निगरानी प्रकरण भी उठाया। सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने स्टेशन रोड पर मांस-मछली की दुकानों के अनियंत्रित संचालन की समस्या उठाई, जिस पर जिलाधिकारी ने बताया कि इसके लिए एक उपयुक्त स्थान चिन्हित कर लिया गया है। विधायक भाटपाररानी सभाकुंवर कुशवाहा ने जर्जर सड़कों की मरम्मत का प्रकरण उठाया। रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता जताई। बैठक में कूड़ा डंपिंग, विद्यालयों की चारदीवारी निर्माण, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, जल जीवन मिशन के अधूरे कार्य, एनआरएलएम समूह गठन, वृद्धावस्था पेंशन, शौचालय निर्माण सहित अन्य विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि दिशा की बैठक का मुख्य उद्देश्य जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के सहयोग से जिले के विकास की रूपरेखा तैयार करना है। उन्होंने आश्वस्त किया कि बैठक में प्राप्त सभी सुझावों की समीक्षा कर योजनाओं को पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ क्रियान्वित किया जाएगा।

# गरीबों के कल्याण के नाम पर झूठी राजनीतिः मायावती

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी/लखनऊ।** राज्य स्तरीय समीक्षा बैठक और आकाश आनंद को पार्टी से बाहर करने के बाद बसपा सुप्रीमो गुरुवार को लम्बे समय बाद लाइव हुई और प्रेस कांफ्रेंस करके जनता की बुनियादी समस्याओं को लेकर केंद्र और राज्य सरकार की खिंचाई करते हुए देश की जनता के समक्ष सरकारी योजनाओं और बजट की मौजूदा स्थिति को लेकर बसपा के दृष्टिकोण को स्पष्ट किया। बसपा सुप्रीमो ने बजट में दलितों,पिछड़ों और अल्पसंख्यकों के लिए संचालित योजनाओं के मद में आवंटित धनराशि को चुपके से अन्य मदों पर खर्च करने के लिए केन्द्र और राज्य सरकारों की तीखी आलोचना की।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा है कि भाजपा भी कांग्रेस के नक्शे कदम पर चल रही है और दलितों,पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और आदिवासियों के कल्याण के नाम पर झूठी राजनीति कर रही है। बसपा सुप्रीमो की प्रेस कॉन्फ्रेंस सोशल मीडिया पर सुर्खियों में है। बसपा मुखिया ने केंद्र सरकार और राज्य सरकारों की मौजूदा आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाए हैं और कहा है कि सरकार गरीबों, पिछड़ों और आदिवासियों के पिछड़े पन को दूर करने के बजाय धनवानों और अमीरों को और अमीर बनाने की नीति पर काम कर रही है। धनवान भाजपा सरकार की गरीब विरोधी नीतियों का पूरा फायदा उठा रहे हैं। जनहित और शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी और कानून व्यवस्था के मामले में देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश के हालात खराब है। बहुजन समाज पार्टी आम्बेडकरवादी सोच पर गरीबों को अपने पैरों पर खड़ा करने को समर्पित है। अपने चार बार के मुख्यमंत्रित्व काल में मैंने सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति के ऐतिहासिक सुधार को जमीन पर उतारकर दिखाया है। कांग्रेस और सपा की तरह भाजपा ने गरीबों के हित में मेरी सरकार द्वारा शुरू की गई डाक्टर अम्बेडकर समग्र विकास योजना को निष्क्रिय बना दिया है।

# हीरक जयंती : विश्वविद्यालय के छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

अवधनामा संवाददाता



**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय से निकली साइकिल यात्रा गुरूवार को दोपहर में कप्तानगंज विकास खण्ड के घोघरा में पहुंची जहां यात्रा में शामिल छात्र-छात्राओं को माला पहनाकर स्वागत किया गया।

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय स्थापना के 75 वर्ष पूरे होने पर हीरक जयंती समारोह मना रहा है। इसको लेकर गोरखपुर क्षेत्र में विविध कार्यक्रम करा रहा है। इस क्रम में बीते सोमवार को प्रदेश की राज्यपाल/कुलाधिपति आनंदी बेन पटेल ने विश्वविद्यालय से हरी झंडी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया था। साइकिल यात्रा विश्वविद्यालय से होकर पादरी बाजार, पतरा, पिपराइच, सिधावल होते हुए घोघरा पहुंची कॉलेज के गेट गई। जहां ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मंतोष शर्मा के नेतृत्व में छात्र- छात्राओं का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि घोघरा मंतोष शर्मा के अगुवाई में प्राथमिक विद्यालय घोघरा परिसर में सभी साइकिल यात्री विद्यार्थियों को माला पहनाकर स्वागत किया गया।साइकिल यात्रा का नेतृत्व कर रहे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर गोपाल प्रसाद ने बताया कि यात्रा में कुल 25 विद्यार्थियों का दल शामिल हैं। उनमें 18 छात्र व सात छात्राएं शामिल हैं। ये बीए, बीएससी, एमए, एम कॉम व पीएचडी के हैं। यात्रा का समापन छह मार्च को विश्वविद्यालय पहुंचकर होगा। साइकिल यात्रा का प्रमुख मकसद नारी सशक्तिकरण सामाजिक कुरीतियों के दूर करने के लिए जागरूकता फैलाना है। यात्रा में शामिल सभी साइकिल पर स्लोगन लिखी तख्तियां लगी हुई हैं। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका विनी इलियास, सहायक अध्यापक धर्मप्रकाश पाठक, आनन्द पाण्डेय सहित निर्मल साहनी, दीपचंद, नौशाद अली गोलू पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

# युवा रक्त वीर टीम ने आयोजित किया सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** पाक माह रमजान में गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल पेश करते हुए कसया क्षेत्र के दुर्गवलिया के घेरा चौराहे पर बुधवार की देर शाम युवा रक्त वीर टीम सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र के मुस्लिम रोजदारों के साथ हिन्दू भाइयों ने एक साथ बैठ कर रोजा इफ्तार किया। आपसी भाईचारा एवं प्रेम मोहब्बत के साथ रोजा खोलते हुए देश में अमन चैन की दुआएं की। रोजेदारों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आपसी भाईचारा व मेल मोहब्बत बढ़ती है। ग्राम प्रधान बैजनाथपुर उग्रसेन यादव ने कहा कि सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी देश के गंगा-जमुनी तहजीब की एक जिन्दा तस्वीर है। एक समय में एक साथ एक दस्तरख्वान पर जिस प्रकार विभिन्न जाति-धर्म के लोग बैठकर इफ्तार करते हैं वह अनुकरणीय है। प्रधान राजेश गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल सवाब (पुण्य) हासिल होता है बल्कि आपसी भाईचारा भी बढ़ता है। पत्रकार अब्दुल मजीद ने कहा कि सामूहिक रोजा इफ्तार पार्टी को दीन व दुनिया दोनों लेहाज से सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे एक तरफ जहां आपसी सौहार्द को बल मिलता है।वहीं नबी की सुन्नत भी अदा होती है। उन्होंने लोगों को एकजुटता का पैगाम देते हुए त्योहारों पर अमन व शांति कायम रखने पर बल दिया। प्रधानाध्यापक रमायन यादव ने कहा कि रोजेदारों को खुदा की इबादत करने वालों को भीषण गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। खुदा के बन्दे इस तपन में भी पूरे हौसले के साथ इबादत करने में जुटे हुए हैं। भूखे-प्यासे रहकर बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक रमजान के रोजे रख रहे हैं। कहा कि मुस्लिम समाज का सबसे बड़ा व सबसे लंबा चलने वाला त्यौहार पाक माह रमजान ही हैं। आयोजन समिति के फिरोज अंसारी ने सभी के प्रति आभार जताया। इस दौरान मुदस्सीर शेख अब्दुल समद, असरार आलम, ईशा अंसारी, शहीद, अजहरुद्दीन, हबिबुल्लाह, जमालुद्दीन, रामजीत गुप्ता, प्रदुम्मन, अखिलेश, नूर हसन, अशफाक आलम आदि मौजूद रहें।

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा/ साहू मार्केट महराजगंज में प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्राओं के लिए मिली राहत

अवधनामा संवाददाता



**नीट परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को अब दूर नहीं जाना पड़ेगा**

**महराजगंज, रायबरेली।** कस्बे के रायबरेली रोड पर स्थित बैंक ऑफ़ बडौदा/साहू मार्केट महराजगंज में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के लिए राहत भरी खबर है। उन्हें आईआईटी-जेईई तथा नीट परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों को अब दूर नहीं जाना नहीं पड़ेगा। महराजगंज कस्बे के रायबरेली रोड पर स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा साहू मार्केट में आज गुरुवार को न्यू एक्सीलेंट अकैडमी नामक कोचिंग सेंटर की शुरूआत हो गई है। इसका संचालन मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक अग्निहोत्री एवं फाउंडर मैनेजर रजनीश मिश्रा करेगें। जिसका उद्घाटन नगर के प्रथम नागरिक चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा किया गया है। श्री साहू ने कहा कि, न्यू एक्सीलेंट अकैडमी कोचिंग सेंटर कस्बा ही नहीं क्षेत्र के बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में वरदान साबित होगी।

आपको बता दें कि, महराजगंज क्षेत्र में न्यू एकेडमी एक्सीलेंट नामक कोचिंग सेंटर महराजगंज में अपना पहला कोचिंग सेंटर संचालित कर रहा है, जहां स्मार्ट क्लासेज् की शुरुआत धमाकेदार हुई है।

महराजगंज के शाहू मार्केट में शुरू हुये न्यू एक्सीलेंट अकैडमी नामक कोचिंग सेंटर के मैनेजिंग डायरेक्टर दीपक अग्निहोत्री ने बताया है कि, जनपद के महराजगंज में उन्होंने न्यू एक्सीलेंट अकैडमी नामक पहला कोचिंग सेंटर शुरू किया है, जिसका मुख्य उद्देश्य कस्बा और ग्रामीण क्षेत्रों के दूर पढ़ाई के लिए जाने वाले छात्र-छात्राओं को उनके अपने कस्बा महराजगंज में स्मार्ट क्लासेस, ऑनलाइन, ऑफलाइन एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है, जिससे न सिर्फ प्रतियोगी परीक्षाओं में वह छात्र-छात्रायें उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी पहचान बना सकें। उन्होंने बताया कि, बच्चे शहर में अपने सब्जेक्ट की तैयारी करने जाते हैं, जिसमें उनके मां बाप का काफी पैसा खर्च होता है, साथ ही उन बच्चों को घर से दूर भी रहना पड़ता है। लेकिन जब उन्हें घर के पास ही स्मार्ट क्लासेस के माध्यम से अच्छी शिक्षा मिलेगी, तो वह और अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे।

## समाज सेविका विमला देवी के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर

**महराजगंज, रायबरेली।** विगत कुछ दिनों से रायबरेली एम्स अस्पताल में चल रहे इलाज के दौरान क्षेत्र के बबुरिहा गांव निवासिनी समाजसेविका विमला देवी के निधन की सूचना मिलते ही गांव सहित संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई, तो वहीं उनके पैतृक गांव बबुरिहा में सोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया तथा उनका अंतिम संस्कार विधि विधान के साथ डलमऊ गंगा घाट के तट पर किया गया। बताते चलें कि महराजगंज क्षेत्र के बबुरिहा मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला गांव निवासिनी विमला देवी उम्र 74 वर्ष की विगत एक सप्ताह पूर्व अचानक तबीयत खराब हो गई थी और परिजनों ने आनन-फानन रायबरेली के एक निजी अस्पताल में उपचार कराया जहां पर हालत नाजुक देख चिकित्सकों ने एम्स रेफर कर दिया था और वहां पर इलाज चल ही रहा था कि कल दिनांक 5 मार्च दिन बुधवार को अपराह्न 3 बजे विमला देवी ने अपनी अंतिम सांस ली जैसे ही यह खबर गांव सहित क्षेत्र वासियों को हुई वैसे ही शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया।

# पिटाई से युवक की मौत, दो लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे अजबी मजरे ऐहार गांव में मारपीट के दौरन हुई मौत के मामले में पुलिस ने दो लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर शव को पीएम के लिये भेज दिया है। पुलिस आरोपियों की धरपकड़ के लिये छापेमारी कर रही है। पूरे अजबी गांव निवासी अमित पाल ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि बीती सायं गांव के ही प्रदीप पासवान व अजीत वर्मा ने पुरानी कहासुनी को लेकर उनके चाचा सर्वेश पर हमला बोल दिया। चाचा को बचाने में उसके साथ रतीपाल को भी आरोपियों ने लाठी डंडो, कुल्हाडी व फरसा से हमला कर दिया। जिसमें तीनो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। आनन-फानन तीनो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां चिकित्सको ने सर्वेश को मृत घोशित कर दिया। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि हमले के आरोपी प्रदीप व अजीत के खिलाफ संबधित धाराओं में मामला पंजीकृत कर दिया है। आरोपियों को पकडने के प्रयास किये जा रहे है।

**मेले में युवक पर हमले की रिपोर्ट दर्ज**– हरचंदपुर थाना क्षेत्र के कमालपुर बरगदहा गांव निवासी सुभाश कुमार की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद समेंत एक अज्ञात के खिलाफ मारपीट किये जाने का मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है। पीड़ित ने बताया कि वह बीती 27 फरवरी को बाबा बाल्हेश्वर मंदिर में लगे मेले में गया था जहां पर पुरानी रंजिश को लेकर दिलीप पुत्र चंद्रराज निवासी पूरे मतुआ मजरे बरस ने अपने एक अज्ञात साथी के साथ मिलकर उसकी पिटाई करते हुए जान से मारने की धमकी दी है।

## दिव्यांगजनों को 163 उपकरण किये गये वितरित

**रायबरेली।** जनपद रायबरेली सलोन तहसील विकासखंड सलोन में दिव्यांग लोगों कृत्रिम अंग उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें 48 ट्राईसाइकिल, 100 बैसाखी, 09 व्हीलचेयर एवं 06 स्मार्ट केन दिव्यांग लाभार्थियों को वितरित किया गया। इस मौके पर उपजिलाधिकारी सलोन चन्द्र प्रकाश द्वारा सरकार की नीतियों एवं सरकार द्वारा मिलने वाली योजनाओं के सम्बन्ध में दिव्यांगों को अवगत कराया साथ ही जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, राजन चतुर्वेदी, सत्यपाल विश्वकर्मा, खण्ड विकास अधिकारी सलोन, डीह छतोह, शशि देवी, नारायण दीक्षित, अरविन्द प्रताप सिंह, अमित मालवीय आदि ने भी सरकार की नीतियों तथा समाज के अन्तिम पायदान पर स्थित लाभार्थियों को सरकार द्वारा समय समय पर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत कराया गया। पात्र लाभार्थियों में मकसूद अली, करन, नीतू, भास्कर आदि लोगों ने सरकार एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अंडे के गत्ते में छिपाकर बिहार ले जा रहे 170 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद



अवधनामा ब्यूरो

**बांसी चौकी के पास चेकिंग के दौरान पुलिस को मिली सफलता**

**कुशीनगर।** अंडा के गत्तों में छिपाकर बिहार प्रांत ले जाई जा रही एक ट्रक वाहन से 170 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब की खेप पडरौना कोतवाली पुलिस ने बरामद किया है। बरामद शराब की कीमत 10 लाख 81 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा के निर्देश पर चलाए जा रहे अवैध शराब बिक्री/ निष्कर्षण/ परिवहन के रोक थाम हेतु गुरुवार को थाना पडरौना पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान बांसी चौकी के पास से एक आयशर ट्रक वाहन से खाली अण्डे के गत्तों के बीच में छिपाकर बिहार राज्य हेतु ले जाई जा रही 170 पेटी कुल 1519.2 लीटर अवैध पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब (कीमत लगभग 10 लाख 81 हजार रुपए) बरामद की गई। पुलिस टीम को देखकर अभियुक्त मौके से फरार हो गए, वाहन नंबर के आधार पर अभियुक्त को चिन्हित कर लिया गया है। शीघ्र ही गिरफ्तारी सुनिश्चित की जायेगी। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**300 कुंतल लहन नष्ट, 92 लीटर कच्ची शराब के साथ 12 गिरफ्तार**– पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन पर जनपद में एक साथ सभी थाना क्षेत्रों में अवैध शराब निष्कर्षण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस टीम द्वारा कुल 300 कुंतल लहन नष्ट किया गया है। साथ ही 92 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ 12 लोगों को गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 227 जोड़ों का विवाह सकुशल संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रफुल्ल कुमार शर्मा व परियोजना निदेशक, डीआरडीए सतीश चन्द्र मिश्रा द्वारा किया गया। इस सामूहिक विवाह समारोह में जिले के विभिन्न विकास खण्डों के 82 जोड़ों ने भाग लिया, जिसमें विकास खण्ड राही 18, अमावां 13, डलमऊ 13, दीनषाहगौरा 07, ऊंचाहार 15, जगतपुर 03 रोहनियां 10 एवं नगर पालिका परिषद रायबरेली 03 जोड़े सम्मिलित रहे। इसी क्रम में मिनी स्टेडिम सलोन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सामूहिक विवाह समारोह में विभिन्न विकास खण्डों के 54 जोड़ों ने भाग लिया, जिसमें विकास खण्ड सलोन 07, छतोह 11 डीह 33 एवं न0प0 परशदेपुर 03 जोड़े सम्मिलित रहे। विकास खण्ड सतांव के गन्ना कांटा मैदान में सामूहिक विवाह समारोह का शुभारंभ पूर्व विधायक राकेश प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इस सामूहिक विवाह समारोह में विभिन्न विकास खण्डों के 91 जोड़ों ने भाग लिया, जिसमें विकास खण्ड बछरावां 25, हरचंदपुर 10, सतावं 02, खीरों 04, सरेनी 06, महाराजगंज 28, शिवगढ़ 11, न0प0 बछरावां 02, न0प0 शिवगढ़ 03 जोड़े सम्मिलित रहे। सामूहिक विवाह समारोह में पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सभी जोड़ों को सात फेरे दिलाए और विवाह की पूरी रस्में निभाई। सामूहिक विवाह के दौरान अतिथियों व सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

# मानव धर्म निभाने के कार्यशाला है राष्ट्रीय सेवा योजना : डॉ. पवन कुमार राय




अवधनामा संवाददाता

**भाटपार रानी, देवरिया।** सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्राध्यापक डॉ पवन कुमार राय ने कहा है कि सेवा ही मानव मन में निहित अहं भाव के सम्पूर्ण विसर्जन का सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। अहं भाव के सर्वथा अभाव से ही मनुष्य सही मायने में इंसान बनता है।और राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर विद्यार्थियों को सही मायने में इंसान बनाने की कार्यशाला होती है। डॉ राय बुधवार को मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज भाटपार रानी देवरिया की राष्ट्रीय सेवा योजना ÷मदन मोहन मालवीय इकाई के सप्त दिवसीय विशेष शिविर बरईपार के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपना उद्बोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि आज समाज के सभी झगडे निजी इगो मे ही हो रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे परिश्रम, स्वाध्याय तथा एकाग्रता से स्वयं को ज्ञानात्मक रूप से सबल बनायें और अपने शालीन व्यवहार से सबके दिलों को जीतें। उन्होंने हिंदी के सुप्रसिद्ध कवि अज्ञेय जी की कविता मैंने आहुति बनकर देखा है सुनाकर जीवन के तमाम झंझावातों और संघर्षों के बीच आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सतीश चंद्र गौड़ ने तथा संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ रणजीत सिंह ने किया। अतिथियों ने सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर शिविर की औपचारिक शुरुआत की। स्वयंसेवक/ स्वयंसेविकाओं ने सरस्वती माता के चरणों में वंदना प्रस्तुत किया, और स्वागत गीत गाकर अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत गीत के उपरांत आए हुए सम्मानित अतिथियों ने स्वयंसेवक/ स्वयंसेविकाओं को इस सप्त दिवसीय शिविर के उद्देश्य से अवगत कराया।

## हाटा विधायक ने अंडर पास की मांग को सदन में उठाया

**हाटा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** विधायक मोहन वर्मा ने अंडरपास की मांग को सदन में उठाया। कहा मेरे विधानसभा क्षेत्र हाटा के ग्राम सभा पिपरा तिवारी से ढाणा चौराहा होते हुए भड़गवॉ, गौरी हाटा मार्ग को जोड़ने वाली लोक निर्माण विभाग की सड़क के बीच में एनएच 28 हाइवे पर निकट ढाणा चौराहा अंडर पास का निर्माण कराया जाना अतिआवश्यक है तथा शहबाजपुर, पिपरही, भड़कुलवा होते हुए जनपद देवरिया को जोड़ने वाली सड़क पर भड़कुलवा चौराहा पर अंडर पास का निर्माण कराना अतिआवश्यक है। अंडर पास नहीं होने के चलते आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं और लोग हादसे में अपनी जान गंवा बैठते हैं। क्षेत्रीय जनमानस के द्वारा शासन प्रशासन को कई बार अवगत कराया गया है, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। अध्यक्ष विधानसभा ने मांग को स्वीकार कर अग्रेत्तर कार्यवाही के लिए आदेशित किया है।



## जनपद में 533 आवेदकों को दुकानों का किया गया आवंटन

**रायबरेली।** जनपद में ई-लॉटरी हेतु नामित नोडल अधिकारी/प्रमुख सचिव, महिला एवं बाल विकास उत्तर प्रदेश शासन लीना जौहरी, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह की उपस्थिति में सामुदायिक केंद्र, दूरभाष नगर, आईटीआई लि रायबरेली में वर्ष 2025-26 हेतु आबकारी देशी शराब, कम्पोजिट दुकान, भांग व मॉडल शॉप की फुटकर दुकानों के व्यवस्थापन हेतु ऑनलाइन ई-लॉटरी सम्पन्न करायी गयी।

# रोवर्स रेंजर्स समागम का हुआ समापन



**अवधनामा संवाददाता**

**शिकोहाबाद।** पालीवाल महाविद्यालय में 28 फरवरी से 5 मार्च तक रोवर्स रेंजर्स का प्रवेश शिविर समारोह संपन्न हुआ। जिसमें पालीवाल महाविद्यालय के वॉलिंटियर्स ने रोवर्स रेंजर्स की प्रार्थना, झंडा गीत, नियम, सेल्यूट, बाएं हाथ को मिलाना, फ्लैग सेरेमनी, व्हिसिल साइन, मानव मीनार बनाना, रस्सी गाठें लगाना, टेंट लगाना एवं स्काउट गाइड के इतिहास के बारे में प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण स्काउट गाइड के जिला ट्रेनिंग काउंसलर मनीष कुमार ने रोवर्स अधिकारी डॉ विशाल पाठक एवं रेंजर्स अधिकारी डॉ अंशु शर्मा की देखरेख में दिया। समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रवीण कुमार ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सेवा निवृत प्रोफेसर डॉ आभा मुद्गल, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ शारदा निधि गर्ग एवं डॉ दर्शना कुमारी रहीं। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रोफेसर प्रवीण कुमार ने कहा रोवर्स रेंजर्स जैसे वॉलंटियर्स इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेने से एक अनुशासित युवा के रूप में निर्मित होते हैं। डॉ आभा मुद्गल ने कहा कि युवा देश की धरोहर हैं। इनके शैक्षणिक विकास के साथ शारीरिक एवं मानसिक विकास से ही देश का विकास संभव है। अतः युवाओं को इस प्रकार के क्रियाकलापों में बढ़.चढ़कर भाग लेना चाहिए। रोवर रेंजर्स जैसे कार्यक्रमों में छात्राओं के द्वारा बढ़.चढ़कर भाग लेना यह बताता है कि देश नारी सशक्तिकरण की ओर अग्रसर है। संचालन कैप्टन डॉ आरबी पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ विशाल पाठक एवं डॉ अंशु शर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर स्काउट गाइड के जिला सचिव डॉ सहदेव सिंह, जिला संगठन कमिश्नर आनंद बाबू, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ एमपी सिंह, डॉ टीएच नकवी, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी डॉ सुशील कुमार, डॉ प्रेम प्रभाकर, ट्रेनिंग काउंसलर अभिषेक यादव, प्रवीन कुमार पालीवाल, डॉ शरद मित्तल, डॉ अजय कुमार, डॉ अजेय करण चौधरी, पवन कुमार भारद्वाज, पुष्कर सिंह, शालू अग्रवाल, लवली वर्मा, बारे लाल, समीर पालीवाल, एजाज मोहम्मद और हर्षित पालीवाल उपस्थित रहे।

## ई- लाटरी के माध्यम से देशी शराब की दुकानों का व्यवस्थापन सकुशल संपन्न



**सुलतानपुर/अवधनामा संवाददाता।** शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी /मण्डलायुक्त अयोध्या मण्डल गौरव दयाल की अध्यक्षता, जिला स्तरीय समिति जिलाधिकारी कुमार हर्ष, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह (सदस्य) आबकारी आयुक्त द्वारा नामित अधिकारी (सदस्य), जिला आबकारी अधिकारी, सुलतानपुर (सदस्य) तथा अपर जिलाधिकारी (विश/ रा0) एस. सुधाकरन, उप जिलाधिकारी जयसिंहपुर वैशाली चोपड़ा, अपर उप जिलाधिकारी, सुलतानपुर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन समागार, सुलतानपुर में वर्ष 2025-26 हेतु ई- लाटरी के माध्यम से देशी शराब की 158, मॉडल शाप की 01, कम्पोजिट की 120 तथा भांग की 29 दुकानों का व्यवस्थापन सकुशल एवं शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा नोडल अधिकारी/मण्डलायुक्त अयोध्या मण्डल का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) द्वारा भी पुष्पगुच्छ देकर नोडल अधिकारी/ मण्डलायुक्त अयोध्या मण्डल का स्वागत किया गया। भांग की 12 दुकानें प्रथम चरण की ई-लाटरी में शेष रह गयी हैं,जिनका व्यवस्थापन द्वितीय चरण की ई-लाटरी के माध्यम से किया जायेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### खलिहान की भूमि से हटाया गया अवैध अतिक्रमण




**बहराइच।** तहसीलदार नानपारा ने बताया कि ग्राम बुलबुलनेवाज, परगना व तहसील नानपारा जनपद बहराइच में स्थित गाटा सं. 648/0.440 हे. सरकारी अभिलेख में खलिहान के नाम दर्ज है। उक्त गाटा संख्या पर वहीद पुत्र सिराज द्वारा 0.157हे. अंश पर अवैध रुप से बाउन्ड्री वॉल बनाकर अवैध कब्जा व वसीम खां पुत्र दोस्त मोहम्मद खां द्वारा गाटा सं. उपरोक्त में 0.157हे. पर अवैध कब्जा व इसी गाटा सं. पर रक्बा 0.104 हे. में मदरसा दारुलउलूम फैजाने रसूल का पक्का निर्माण कर अवैध कब्जा किया गया था। जिसें न्यायालय तहसीलदार न्यायिक नानपारा के आदेश दिनांक 01 मार्च 2024 को पारित बेदखली आदेश के कम में मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद खण्ड पीठ लखनऊ में योजित अवमानना वाद (सिविल) संख्या 248/2023 के आदेश दिनांक 31 मार्च 2023 के अनुपालन में 06 मार्च 2025 को स्थल पर तहसीलदार के निर्देशन में नायब तहसीलदार रिसिया की उपस्थिति में राजस्व एवं पुलिस टीम द्वारा ग्राम सभा प्रधान की उपस्थिति में उपरोक्त अवैध अतिक्रमण हटा कर खलिहान की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया है। मौके पर शान्ति व्यवस्था बनी हुई है।

### त्यौहार के दृष्टिगत संग्रहित किये गये खाद्य पदार्थो के नमूने



**बहराइच।** आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उ0प्र0 लखनऊ एवं जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश के क्रम में आगामी होली त्यौहार पूर्व पर मिलावटी खाद्य पदार्थों के विक्रय पर प्रभावी रोकथाम करने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, बहराइच द्वारा चलाये जा रहे अभियान के क्रम में लक्ष्मी दुग्ध भण्डार, कानूनगोपुरा दक्षिणी के प्रतिष्ठान से पनीर, इकबाल किराना स्टोर, केवानागंज से जीरा साबूत, यासीन ट्रेडर्स, केवानागंज से सौंफ एवं कालीमिर्च साबूत, गुरुदीप सिंह परचूनिया, गुलामअलीपुरा, स्टेशन रोड के प्रतिष्ठान से राइस पापड, भूजिया नमकीन, आयूष ट्रेडर्स, केवानागंज से जीरा, कालीमिर्च, सी0पी0 मिल्क एण्ड फूड प्रोडक्ट्स प्रा0लि0 व किशन इण्टरप्राइजेज, विशुनपुर राहू, हाजी विलायत रोड से मिश्रित दूध के क्रमशः एक-एक नमूनें संग्रहीत किये गये। उक्त नमूनों को खाद्य विश्लेषक को जांच हेतु प्रेषित किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। इस प्रकार आज कुल 10 नमूनें संग्रहित किये गये है। मिलावटखोरी करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही जारी रहेगी।

### आबकारी दुकानों के व्यवस्थापन हेतु पुलिस लाइन में सम्पन्न हुई ई-लॉटरी प्रक्रिया



**बहराइच।** आबकारी दुकानों के फुटकर व्यवस्थापन हेतु पुलिस लाईन में स्वच्छ एवं पारदर्शी तरीके से ई-लॉटरी की प्रक्रिया सम्पन्न हुई। जिसमें जनपद में देशी शराब की 235, कम्पोजिट दुकान 150 एवं भॉग की 31 दुकानों सहित कुल 416 दुकानों की ई-लाटरी प्रक्रिया तय समय सीमा के भीतर सम्पादित की गयी। जनपद की कुल 416 दुकानों के सापेक्ष 5618 सफल आवेदन प्राप्त किये गये। शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी/पर्यवेक्षक सचिव, नगर विकास अनुज कुमार झा के पर्यवेक्षण में जिला स्तरीय चयन समिति के अध्यक्ष लाइसेंस प्राधिकारी/जिलाधिकारी, मोनिका रानी, सदस्य पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, आबकारी आयुक्त, उ.प्र. द्वारा नामित सदस्य सहायक आबकारी आयुक्त एस.पी.मल्ल एवं विभागीय अधिकारियों तथा आवेदकों की मौजूदगी में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एवं उनके स्टॉफ के तकनीकी सहयोग से जनपद की फुटकर बिकी की समस्त देशी मदिरा, कम्पोजिट एवं भॉग दुकानों की सार्वजनिक ई-लाटरी पूर्ण पारदर्शिता के साथ करायी गयी।

### सुरक्षा की दृष्टि से दुपहिया वाहनचालक हैलमेट अवष्य पहनें : टीएसआई

**फिरोजाबाद।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित के निर्देशन में प्रभारी यातायात मय पुलिस टीम द्वारा एनसीसी कैडेट्स के साथ सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बिना हैलमेट पहने दुपहिया वाहन चालकों को पुष्प देकर हैलमेट पहनने की अपील की गयी। सुरक्षित यातायात के लिए हैलमेट का सदैव प्रयोग करें , तीन सवारी न बैठायें, यातायात सिग्नल का सदैव पालन करने, नशे में गाडी न चलायें, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने के साथ ही सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की थीम अपनाये जाने हेतु जागरुक किया गया।

### सपा की पीडीए की बैठक आज

**शिकोहाबाद।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव की सूचनानुसार शुक्रवार सात मार्च को सुबह 11 बजे विधान सभा शिकोहाबाद क्षेत्र के ग्राम शहजलपुर में एक पीडीए की बैठक आयोजित की गई है। जिसमें सपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रोफेसर रामगोपाल यादव मुख्य अतिथि होंगे। उन्होंने समाजवादी पार्टी के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से बैठक में पहुंचने की अपील की है।

### दुकानों की ई-लॉटरी प्रक्रिया पूर्ण



**फिरोजाबाद।** उ0प्र0 शासन तथा आबकारी आयुक्त उ0प्र0 के आदेशों के अनुपालन में आज नोडल अधिकारी डा0 राजशेखर आई0ए0एस0 व रमेश रंजन जिलाधिकारी व लाइसेंस प्राधिकारी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय समिति जिसमें सौरभ दीक्षित वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, विशु राजा, अपर जिलाधिकारी वि0रा0, रवि शंकर वर्मा जिला आबकारी अधिकारी व अरविन्द सिंह स0आ0आ0 दौराला आसवनी मेरठ (आ0आ0 द्वारा नामित सदस्य) सम्मिलित थे के समक्ष आबकारी दुकानों की ई-लाटरी की प्रकिया सम्पन्न की गयी ई-लाटरी की प्रक्रिया डबरई स्थित कलैक्ट्रेट परिसर में की गयी, जिसमें जनपद की देशी शराब दुकान 291, कम्पोजिट दुकान 169 मॉडलशाप 3 व भांग की 22 कुल 486 दुकानों में से देशी शराब की 291 व विदेशी मदिरा की 156. मॉडलशाप की 03 व भांग की 22 कुल 467 दुकानें ई-लाटरी प्रथम चरण प्रकिया के माध्यम से नियमानुसार शान्तिपूर्वक तरीके से व्यवस्थित हुयी है तथा 19 दुकानों में एक भी फार्म न आने के कारण उन दुकानों का व्यवस्थापन अगले चरण ई-लाटरी के माध्यम से किया जायेगा, प्रथम चरण ई-लाटरी में प्रोसेसिंग फीस से जनपद फिरोजाबाद से 18 करोड़ 22 लाख रू0 का राजस्व उ0प्र0 राज्य सरकार को प्राप्त हुआ है।

### 21 कुन्तल 10 किलो चरस, गांजा आदि पुलिस ने नष्ट कराया

**फिरोजाबाद।** जनपद पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जनपद के विभिन्न थानों से प्राप्त मादक पदार्थ सम्बन्धित मुकदमों से जब्त किए गए मादक पदार्थों को डीडीसी कमेटी के समक्ष नष्ट कराया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित (ड्रग डिस्पोजल कमेटी अध्यक्ष) द्वारा जनपद में माल निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में गुरूवार 06-03-2025 को जनपद के विभिन्न थानों के 157 एनडीपीएस अभियोगों से सम्बन्धित कुल 32.794 किलोग्राम मादक पदार्थों (गांजा, चरस, डायजापाम, नशीला पाउड़र आदि) को जेआरआर वैस्ट मैंनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड एत्मादपुर जनपद आगरा में जनपदीय डीडीसी कमेटी की उपस्थिति में भस्म भट्ठी में नष्ट कराया गया। इस प्रकार अब तक जनपद में कुल एनडीपीएस एक्ट से सम्बन्धित कुल 1470 अभियोगों में कुल 21 क्विंटल 10 किलोग्राम मादक पदार्थों को भस्मक भट्ठी में नष्ट कराया जा चुका है।

### प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजन की बैठक आज

**मैनपुरी।** सहायक निदेशक मत्स्य ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना की जिला स्तरीय समिति (डी.एल.सी.) की बैठक जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में दि. 07 मार्च को अपरान्ह 04 बजे कलैक्ट्रेट सभागार में होगी। उन्होने सम्बन्धित से बैठक में समय से प्रतिभाग करने को कहा है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत

**महोबा।** महोबा गौरिहार मार्ग पर सिचहरी तिराहे के पास एक अज्ञात चार पहिया वाहन में बुधवार की रात को बाइक में टक्कर मार दी, जिससे एक बाइक सवार मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा बाइक सवार का जिला अस्पताल महोबा में उपचार चल रहा है। दुर्घटना के बाद कार सवार चालक अंधेरे का फायदा उठाते हुए का लेकर फरार हो गया। पुलिस कार चालक का सुराग लगाने में जुट गई है। कोतवाली महोबा के ग्राम रैपुरा निवासी मनोज पुत्र धर्मलाल प्रजापति जनपद छतरपुर मध्यप्रदेश के कस्बा बारीगढ निवासी भूपेंद्र पुत्र रामस्वरूप के साथ गौरिहार एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे, शादी समारोह से बुधवार की शाम को वापस लौटते समय सिचहरी चैरहा के पास एक कार चालक ने बाइक में टक्कर मार दी।

# भारत स्काउट गाइड रोवर्स रेंजर्स का पांच दिवसीय प्रवेश एवं निपुण जांच शिविर

## जिला ट्रेनिंग काउंसलर ने रेंजर्स छात्राओं को सिखाई विभिन्न गतिविधियां

**अवधनामा संवाददाता**

**शिकोहाबाद।** बीडीएम गर्ल्स डिग्री कॉलेज में बृहस्पतिवार को भारत स्काउट गाइड रोवर्स रेंजर्स का पांच दिवसीय प्रवेश एवं निपुण जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन विद्यालय की प्राचार्या एवं उप प्राचार्या ने मां सरस्वती के समक्ष माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। शिविर में जिला ट्रेनिंग काउंसलर ने छात्राओं को विभिन्न प्रकार की गतिविधियों को सिखाया। भारत स्काउट गाइड रोवर्स रेंजर्स संस्था उत्तर प्रदेश के अन्तर्गत प्रवेश एवं निपुण जॉच पॉच दिवसीय शिविर का आयोजन महाविद्यालय में प्रारंभ हुआ। महाविद्यालय की रेंजर्स लीडर ज़िला कमिश्नर गाइड फिरोजाबाद दर्शना कुमारी एवं समिति सदस्य असिप्रो पूजा राजपूत एवं असिप्रो सोनिका द्वारा सभी अतिथियों का स्कार्फएवं वोगल पहनाकर स्वागत किया। शिविर के अन्तर्गत ज़िला ट्रेनिंग काउसंलर मनीष कुमार द्वारा रेंजर्स छात्राओं को स्काउट गाइड झंडा बांधना, वी फारमेशन, विभिन्न प्रकार की तालियॉ बजाना, सुविचार, स्काउट गाइड -झंडा गीत, प्रार्थना गीत, नियम, प्रतिज्ञा, पैट्रोल लीडर टीम को टोलियों में बांटना तथा विभिन्न प्रकार की गतिविधियों की ट्रेनिंग प्रदान की। संस्कृत विभागाध्यक्षा डॉ नीलम द्वारा शान्ती पाठ किया गया। अंग्रेजी विभागाध्यक्षा प्रो सीमारानी जैन ने कहा कि स्काउट गाइड युवाओं के लिए एक शैक्षणिक आंदोलन है। जिसका उद्देश्य युवाओं में आत्म विश्वास जिम्मेदारी और देश भक्ति की भावना विकसित करना है। समिति सदस्य असिप्रो सोनिका ने कहा कि स्काउट गाइड से छात्राऐं अपने अन्दर आत्मविश्वास विकसित कर आत्मनिर्भर बन सकती हैं। कार्यक्रम के अवसर पर डॉ सीमारानी, असिप्रो प्रीति सिंह,डॉ नम्रता प्रसाद और पल्लवी पांडेय एवं अन्य शिक्षिकाऐं और शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मदरसा अरबिया कुरानिया इटावा के छात्र इंस्पायर अवार्ड योजना में पुरस्कृत

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** मुस्लिम तालीमी सोसायटी द्वारा संचालित संस्थाओं में जहां एक तरफ बच्चों को इस्लामिक शिक्षा प्रदान की जा रही है वहीं दूसरी ओर उनको आधुनिक शिक्षा से जोड़ कर उनमें छिपी बहुमुखी प्रतिभा को निखारने पर भी पूरा ध्यान केन्द्रित किया जाता है। अपने इसी उद्देश्य की पूर्ति करते हुए सोसायटी द्वारा संचालित मदरसा अरबिया कुरानिया, मदरसा इस्लामिया निस्वां तथा शम्सी ओरिएंटल अकैडमी इटावा में छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक अभिरुचि पैदा करने के लिए प्रतिवर्ष विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है,जिसमें छात्र- छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक मॉडल तैयार करके प्रस्तुत किए जाते हैं। पिछले वर्षो की तरह इस वर्ष भी मदरसा छात्रों ने भारत सरकार के विज्ञान मंत्रालय द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड योजना अंतर्गत अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए थे जिनमें से मदरसा अरबिया कुरानिया करानिया के दो छात्रों मदरसा इस्लामिया निस्वां की एक छात्रा तथा शम्सी ओरिएंटल अकैडमी के दो छात्रों को 10,000 के पुरूस्कार के लिए चयनित किया गया है। मदरसा अरबिया कुरानिया छात्र मुहम्मद अबुज़र ने ''स्नेक प्रोटेक्टर स्टिक''व मुहम्मद जुनैद ने ''शू-मोबाइल चार्जर''का मॉडल बनाया, मदरसा इस्लामिया निस्वां हा0से0स्कूल की कक्षा-7 की छात्रा रिज़ा ने ''मल्टी परपज़ ग्रास कटर''का मॉडल बनाया और शम्सी औरियन्टल अकेडमी के कक्षा-6 की जूबिया ने ''इन्नोवेटिव स्कूल बैग विद ज्वाइंट अम्ब्रेला''तथा मुहम्मद हमज़ा कक्षा-8 ने ''फोल्डिंग सीट इन ÷ट्रैवल बैग'' के मॉडल बनाये उक्त मदरसों के पांच छात्रों के चयन पर मदरसा प्रबंधक फैसल अदीब ने छात्रों उनके शिक्षकों तथा मदरसा प्रधानाचार्य को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उपरोक्त छात्रों को भारत सरकार द्वारा पुरस्कृत किये जाने पर मदरसा अरबिया कुरानिया के प्रधानाचार्य मौलाना तारिक़ शम्सी ने बधाई देते हुए उनके उज्जवल भवष्यि की कामना की है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी प्रदीप कुमार तिवारी ने इस योजना के तहत चयनित सभी छात्र-छात्राओं,मदरसा प्रधानाचार्य व प्रबन्धतन्त्र को बधाई दी है।

### सूचना

मैं कुमैल अली पुत्र महमूद अली 390/20 नईवाटर टैंक कश्मीरी मोहल्ला लखनऊ सर्वसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरा हाई स्कूल 2023 रोल नंबर 1231136304 साजिदा बानो पब्लिक हाई स्कूल का प्रमाणपत्र / मार्कशीट स्कूल जाते समय वास्तव में कहीं गिर गयी है जो काफी ढूंढने पर नहीं मिली जिसके कारण दूसरी मार्कशीट बनवाना चाहता हूँ।

कुमैल अली पुत्र
महमूद अली
390/20 नई वाटर
टैंक कश्मीरी मोहल्ला
लखनऊ

# हर्षोल्लास से मनाएं आगामी त्यौहार: डीएम

## उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी संयुक्त रूप से अपने-अपने क्षेत्र के होलिका दहन वाले स्थलों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं समय से करायें सुनिश्चित : अंजनी कुमार

**अवधनामा संवाददाता**



- जिला प्रशासन सहयोगी की भूमिका अदा कर मूल-भूत सुविधाओं की उपलब्धता करायेगा सुनिश्चितः जिलाधिकारी
- होली, नवरात्रि, ईद-उल-फितर के पर्व पर निर्वाध जलापूर्ति, विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो, साफ-सफाई के किए जाएं बेहतर प्रबंध : जिलाधिकारी

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में उपस्थित विभिन्न समुदाय के धर्मगुरुओं, संभ्रांत व्यक्तियों को होली, नवरात्रि, ईद-उल-फितर की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि हमारा जनपद बृज क्षेत्र में है, इस क्षेत्र में बरसाने की होली काफी मशहूर है। उन्होने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन हर सम्भव प्रयास करेगा कि किसी भी नागरिक को मूल-भूत सुविधाएं प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो, शहरी, ग्रामीण क्षेत्रों में निर्धारित रोस्टर के अनुसार निर्बाध बिजली की आपूर्ति होगी, नगर निकायों में साफ-सफाई के बेहतर इंतजाम किए जाएंगे, जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित होगी, ग्रामीण क्षेत्रों में भी साफ-सफाई के बेहतर प्रबन्ध रहेंगे। उन्होने कहा कि सभी लोग अपने धार्मिक रीति-रिवाज से एक दूसरे का सम्मान करते हुए अपने त्यौहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में उमंग, उत्साह, खुशी के साथ मनाकर जनपद की परंपरा को कायम रखें। सिंह ने ने उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों, प्रभारी निरीक्षकों, थानाध्यक्षों से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र के होलिका दहन वाले स्थानों का संयुक्त रूप से निरीक्षण कर समय से सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायें, सकरी गलियों में जहां होलिका दहन होना है, वहां सावधानी के तौर पर आग बुझाने के मुकम्मल इंतजाम रहें। उन्होंने कहा कि होली के दिन ही जुमे की नमाज अदा की जायेगी, यद्यपि यह जनपद आपसी एकता, अखंडता के लिए प्रदेश में अपना अलग स्थान रखता है फिर भी होली के दिन जुमे की नमाज के दौरान विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होने कहा कि नगरीय क्षेत्र में उप जिलाधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र में खंड विकास अधिकारी नेतृत्व देकर त्योहारों पर आमजन को बेहतर मूल-भूत सुविधाएं मुहैया कराने में योगदान दें। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी को आदेशित करते हुए कहा कि 13 मार्च तक प्रत्येक राशन कार्ड धारक को निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न की उपलब्धता सुनिश्चित करायें, अधिशासी अभियंता विद्युत आगामी त्योहारों पर निर्वाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करें, जहां कहीं भी विद्युत तार-पोल झुके, ढीले हों, उन्हें प्राथमिकता पर ठीक करायें, त्यौहारों के दिन विद्युत आपूर्ति किसी भी दशा में बाधित न हो, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण होलिका दहन, ईदगाह, मस्जिद वाले ऐसे मार्ग जो क्षतिग्रस्त हैं, उन्हें तत्काल मरम्मत कराकर ठीक करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिशाषी अधिकारी नगर निकायों को निर्देशित करते हुए कहा कि त्योहारों के अवसर पर साफ-सफाई के मुकम्मल इंतजाम रहें, होलिका दहन वाले स्थानों, ईदगाहों, मस्जिदों के आसपास सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए, होली के दिन कम से कम 03 बार जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, स्ट्रीट लाइट चालू दशा में रहें। उन्होने सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, क्षेत्राधिकारी यातायात, यातायात प्रभारी को आदेशित करते हुये कहा कि होली के दिन बाइकर्स पर निगरानी रखें, होली के दिन कुछ युवाओं द्वारा बाइकों पर स्टंट की घटनाएं होती हैं, त्यौहारों पर किसी की गलती से कोई दुर्घटना घटित न हो, इसलिए ओवर स्पीड, स्टंट करने वालों पर प्रभावी कार्यवाही करें। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा ने कहा कि जनपद का इतिहास सौहार्दपूर्ण रहा है, यहां सभी धार्मिक पर्व आपसी मेल-मिलाप के साथ आयोजित होते रहे हैं, आगामी त्यौहार भी आप सब सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाकर इस जनपद की गौरवमयी परम्परा को कायम रखें। उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक आयोजन में कोई नई परंपरा न पड़े, कोई भी व्यक्ति ऐसा कृत्य न करें, जिससे किसी की धार्मिक भावना को ठेस पहुंचे, किसी के द्वारा हुडदंग न मचाया जाए, थानाध्यक्ष, क्षेत्राधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, अपर जिलाधिकारी राम जी मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अनिल कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आर.सी. गुप्ता, उप जिला अधिकारी सदर, करहल, भोगांव, किशनी, कुरावली, घिरोर, अभिषेक कुमार, नीरज कुमार द्विवेदी, संध्या शर्मा, गोपाल शर्मा, राम नारायण, प्रसून कश्यप, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, अधिशाषी अधिकारी नगर निकाय, मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ. मदन लाल, जिला पूर्ति अधिकारी क्यामुद्दीन अंसारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी शिवम यादव, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण ए.के. अरुण सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों के अलावा विभिन्न समुदाय के धर्मगुरू, गणमान्य व्यक्ति आदि उपस्थित रहे।


# कार्यालय नगर निगम, शाहजहाँपुर

पत्रांक :- 512/सं0अनु0/न0नि0शाह0/2025-26 दिनांक 06-03-2025

## सामान्य निविदा-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, शाहजहाँपुर सीमान्तर्गत प्रयोक्ता शुल्क, ठेका वित्तीय वर्ष 2025-26 में दिनांक 01.04.2025 से दिनांक 31.03.2025 तक के लिए निविदाओं की बिक्री दिनांक 18.03.2025 को 02.00 बजे तक की जायेगी तथा उसी दिन दोपहर 03.00 बजे तक टेन्डर बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदायें निविदा दाता के समक्ष दिनांक 18.03.2025 को अपरान्ह 04.00 बजे खोली जायेगी। धनराशि दस लाख से अधिक की निविदा को ऑनलाईन (etender.up.nic.in) के माध्यम से और शेष निविदायें ऑफलाईन के माध्यम से स्वीकार की जायेंगी। अधिक जानकारी के लिए नगर निगम कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। किसी भी निविदा को स्वीकृत तथा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। प्रत्येक निविदा दाता को निविदा प्रपत्र के साथ दो प्रमाणित फोटो, हैसियत प्रमाण-पत्र एवं चरित्र प्रमाण-पत्र जो सक्षम अधिकारी द्वारा निर्गत हो और वर्तमान में वैध हो एवं आधार कार्ड तथा नगर निगम द्वारा निर्गत अदेयता प्रमाण-पत्र की प्रति संलग्न करने के उपरान्त ही निविदा प्रपत्र दिया जायेगा। जमानत धनराशि का बैंक ड्राफ्ट नगर निगम, शाहजहाँपुर के पक्ष में देय होगा।

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क जमा कर सम्पत्ति अनुभाग/भूमि लिपिक से प्राप्त किया जा सकता है। नीलामी शर्तें नगर निगम के सम्पत्ति अनुभाग में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है जिनके अवलोकन उपरान्त ही नीलामी में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

| क्र. सं. | मद | न्यूनतम धनराशि (2025-26) | 10 प्रतिशत प्रतिभूमि की धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ठेका मुर्दा उठाने जानवरान सीमा नगर निगम, शाहजहाँपुर। | 3,30,000.00 | 33,000.00 | 390.00 |
| 2 | ठेका मछली मार्केट मो0अली मार्केट नगर निगम, शाहजहाँपुर। | 1,80,000.00 | 18,000.00 | 236.00 |
| 3 | ठेका भूसा - घास पड़ाव वजीरगंज। | 8,41,500.00 | 84,150.00 | 1,062.00 |
| 4 | ठेका भूसा-घास जामा मस्जिद से बरेली मोड़ तक। | 5,55,000.00 | 55,500.00 | 708.00 |
| 5 | साईकिल स्टैण्ड स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, अजीजगंज सड़क के सामने खाली भूमि पर। | 14,12,500.00 | 1,41,250.00 | 1,770.00 |
| 6 | ठेका दो/चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैण्ड, गोविन्दगंज ओवरब्रिज के नीचे। | 26,600.00 | 2,660.00 | 118.00 |
| 7 | ठेका दो/चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैण्ड डा0सुदामा प्रसाद इण्टर कालेज के सामने, खिरनीबाग। | 7,61,000.00 | 76,100.00 | 944.00 |
| 8 | ठेका दो/चार पहिया वाहन पार्किंग स्टैण्ड, बहादुरगंज जेल के पीछे। | 2,01,000.00 | 20,100.00 | 354.00 |
| 9 | नगर निगम द्वारा लगाई गई 04 एल0ई0डी0 के विज्ञापन के संचालन का ठेका। | 1,17,500.00 | 11,750.00 | 236.00 |
| 10 | ठेका पार्किंग हनुमतधाम बेसमेन्ट व प्रथम-तल | 4,00,000.00 | 40,000.00 | 472.00 |
| 11 | ठेका पोल बोर्ड, यूनीपोल व गेट एन्ट्री, आई0एच0बी0 हैंड बिल, सनपैक, वॉल पेटिंग, बैनर, घूमने वाले प्रचार-प्रसार रिक्शा आदि व नगर निगम सीमान्तर्गत होर्डिंगस को लगाने हेतु एकाधिकार चिन्हित स्थलों पर। | 1,05,25,000.00 | 10,52,500.00 | 12,420.00 |

नगर आयुक्त

# मौजूदा परिवेश में बेरंग हुआ फागुन का रंग

**फाग गायकों ने टीवी और मोबाईल फोन को बताया जिम्मेदार**





अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** होली पर्व में अब महज एक सप्ताह का फासला बाकी है। दशकों पूर्व एक पखवारे पूर्व से ही शाम ढलते गांव की चौपालें ईश्वरी रचित फागों से गूंज उठती थी लेकिन जब से युवाओं में आधुनिकता का रंग चढ़ा है। तब से ईश्वरी की फागों का रंग फीका हो गया है।

बुंदेलखंड में होली पर्व वृंदावन की होली की तर्ज पर होता था। बसंत पंचमी से गांव की चौपालें शाम होते ही ईश्वरी एवं कवि जितेंद्र रचित फागों से देर रात तक गुंजायमान होती रहती थी। होली जलने से रंग पंचमी तक गांव में फागों की धूम मची रहती थी लेकिन अब ऐसा नहीं है। जब से युवाओं में आधुनिकता का रंग चढ़ा है तब से फागों का रंग फीका हुआ है। प्रसिद्ध फाग गायक बिदोखर के अमर सिंह, शिवनाथ सविता, हरिहर किशोर पाठक, डा. मानसिंह आदि ने बताया कि जब तक टीवी मोबाइल नहीं था। तब तक फागों का बहुत चलन था। लोग दूसरे गांवों से कलाकारों को बुलाकर फागों का गायन कराकर आनंद उठाते थे। फागों के गायन में कवि ईश्वरी के साथ जितेंद्र रचित फागों को गाया जाता था। फागें सुनने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ती थी। छंद, चौकड़िया, खड़ी फाग, दहकवा, बृजवासी, उड़ान फागों का लोग जमकर लुत्फ उठाते थे। आज का युवा वर्ग इन फागों के बारे में कुछ नहीं जानता है। इन फागों में जीवन का सार छुपा रहता है। लोगों को जीवन जीने की दिशा देने के साथ समाज में प्रेम विश्वास सौहार्द एकता भाईचारे का संदेश फागों के माध्यम से दिया जाता था। लोग इनको सुनने के बाद जीवन में इनका अनुशरण करते थे और खुशहाल जीवन जीते थे। लेकिन जैसे ही टीवी मोबाइल डीजे आदि का चलन समाज में बढा। लोग परंपरागत चीजों से दूर होते गए और अपनी संस्कृति सभ्यता से ही दूरी बना बैठे। यह समाज हित में नहीं बल्कि समाज के लिए घातक है। यही कारण है कि पर्वो में अब उस तरह का उत्साह उमंग नहीं रह गया है। जैसा दशकों पूर्व था। लोग सारे भेदभाव भूलकर रंगों के इस पर्व में आपस में एकत्र होकर खुशियों के रंग से सराबोर हो जाते थे।

# उद्यान अधिकारी और चेयरमैन ने उद्यान वाटिका का किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

**सुमेरपुर हमीरपुर।** कस्बे के एक नवयुवक ने युवाओं व किसानों को आत्मनिर्भर बनाने व हरियाली लाने के उद्देश्य से कस्बे के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज के समीप कुसुम वाटिका का निर्माण कर फल फूल सब्जी आदि के पौधों का रोपण किया है। इस वाटिका का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष एवं जिला उद्यान अधिकारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर करते हुए कहा कि नवयुवक का यह प्रयास किसानों सहित अन्य युवाओं के लिए उत्कृष्ट हरियाली मॉडल बन सकता है। कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मुहाल के निवासी पुनीत द्विवेदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होकर अपनी दादी मां की स्मृति में उनके नाम से कुसुमा वाटिका का निर्माण करके मृदा विशेषज्ञ एम हबीब खान के सहयोग से फल फूल सब्जी आदि के पौधों का रोपण कराया है। इस वाटिका का शुभारंभ गुरुवार को नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे एवं जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटिहार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि नवयुवक का यह प्रयास काबिले तारीफ है इससे युवाओं को काफी कुछ सीखने को मिलेगा। जिला उद्यान अधिकारी ने कहा कि इस तरह के मॉडल बहुत कम देखने को मिलते हैं। इस वाटिका में फल फूल सब्जी का संयुक्त मॉडल तैयार करके एक नई सोच को जन्म दिया गया है। इस मौके पर एम हबीब खान, रामसनेही साहू, मुन्नीलाल अवस्थी, रामानंद द्विवेदी, सुनील द्विवेदी, जीजीआईसी की प्रधानाचार्या स्मृति त्रिपाठी, बबलू शिवहरे, अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।

# वर्ष 2025-26 हेतु ई-लॉटरी के माध्यम दुकानों का हुआ आवंटन

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रमानुसार जनपद की देशी शराब की 229 में से 188 दुकानों, कम्पोजिट शॉप की सभी 79 एवं भांग की सभी 08 दुकानों का वर्ष 2025-26 हेतु ई-लॉटरी के माध्यम से व्यवस्थापन बी. चन्द्रकला, सचिव महिला कल्याण एवं पंचायती राज उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता एवं लाईसेंस प्राधिकारी / जिलाधिकारी घनश्याम मीना, पुलिस अधीक्षक डॉ0 दीक्षा शर्मा, अमृता श्रीवास्तव, सहायक आबकारी आयुक्त प्रवर्तन बांदा, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) विजय शंकर तिवारी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) डॉ0 नागेन्द्रनाथ यादव की उपस्थिति में जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में सम्पन्न हुआ। देशी शराब की 188 दुकानों पर 639 आवेदन, कम्पोजिट शॉप की 79 दुकानों पर 567 आवेदन एवं भांग की 08 दुकानों पर 12 आवेदन इस प्रकार कुल 275 दुकानों पर 1218 आवेदन प्राप्त हुए थे। इन आवेदन पत्रों में से आवेदकों का चयन ऑन लाईन ई-लॉटरी के द्वारा तकनीकि / वैज्ञानिक रीति से एन. आई.सी. के सहयोग से सम्पन्न हुआ। ई-लॉटरी के समय भारी मात्रा में आवेदक उपस्थित रहें। ई-लॉटरी की कार्यवाही आवेदको की अधिक संख्या के दृष्टिगत स्पोर्ट्स स्टेडियम हमीरपुर के मैदान में सम्पन्न कराई गयी। ई-लॉटरी स्थल पर प्रवेश आवेदकों की जांच करने व वैध कागजात प्रस्तुत करनें पर दिया गया। मैदान में तथा मैदान के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गयी थी। ई-लॉटरी सम्पन्न होनें के उपरान्त उप आबकारी आयुक्त/प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी श्री अवधेश राम द्वारा सभी अधिकारियों एवं आवेदकों को आभार ज्ञापित किया गया।

ई-लॉटरी के चयनित/रिजल्ट को जनपद हमीरपुर की बेबसाईट www.hamirpur.nic. in पर उपलोड करा दिया गया है तथा नोटिस बोर्ड एवं मीडिया ग्रुप में शेयर कर दिया गया है यहां से इच्छुक आवेदक लाटरी परिणाम देख सकते हैं अथवा डाउनलोड भी कर सकतें हैं।

## भाई ने बहिन के ससुरालियों पर दर्ज कराया दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**कुरारा,हमीरपुर।** कस्बा व थाना कुरारा निवासी युवक द्वारा बहिन के पति सहित ससुराली जन द्वारा अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर प्रताड़ित कर घर से निकाल देने की तहरीर थाने में दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने ससुराली जन के खिलाफ दहेज उत्पीड़न करने का मुकदमा दर्ज किया है। कस्बा कुरारा निवासी दिलीप कुमार यादव पुत्र इंद्रपाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि मेने अपनी बहिन दीपिका की शादी 24 अप्रैल 2021 को हिंदू रीति रिवाज से राहुल यादव पुत्र राजेंद्र यादव निवासी विश्व बैंक बर्रा दक्षिणी कानपुर नगर के साथ की थी तथा पांच लाख रुपए नकद तथा बाइक सोने की चेन,तथा दहेज का सामान देकर बिदा किया था।25 अगस्त 21 को अतिरिक्त दहेज में चार पहिया वाहन व नकद पांच लाख की मांग करने लगे।इसके बाद रिश्तेदारों के समझौता कराने पर कुछ दिन ठीक रखा तथा फिर 3 मार्च 25 को कार की मांग करते हुए प्रताड़ित करने लगे तथा घर से निकाल दिया पीड़ित की तहरीर पर पति राहुल यादव, ससुर राजेंद्र यादव, सास शांति देवी,देवर रीशू यादव, तथा विवाहिता ननद पूजा व उसके पति नंदोई यदुवंश प्रताप के खिलाफ दहेज उत्पीड़न करने का मुकदमा दर्ज किया है।

# सिद्दीकी समाज की बैठक में एकजुटता एवं शिक्षा को बढ़ावा देने पर दिया गया ज़ोर



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** रमजान मुबारक के मौके पर शहर के सिद्दीकी समाज की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से फैसला लिया गया कि आने वाले ईद के मौके पर बिरादरी के सभी लोगों के साथ एक ईद मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिससे समाज के शहर में हर घर से लोग ईद के दिन एकत्रित होकर समाज में भाई चारा एवं एकजुटता को बनाए रखने के लिए आपस में चर्चा करेंगे। मीटिंग में मौजूद मुहम्मद आमिर ने कहां कि हमारे समाज की पहली प्राथमिकता समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ ही इंटरमीडिएट पास करने के बाद सिद्दीकी बिरादरी के बच्चें उच्च शिक्षा में बेहतर कोर्स में दाखिला ले सके इसके लिए कैरियर काउंसलिंग कैंप का आयोजन अप्रैल माह में किया जाएगा। बैठक में चर्चा करते हुए मुहम्मद फारिक ने कहां कि जल्द ही शहरी नगर पंचायत एवं ग्रामीण इलाकों में सिद्दीकी समाज की कमेटी बनाकर समाज के पिछड़े एवं जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए भी काम किया जाएगा। इस मौके पर मुहम्मद अनीस ने अपनी राय रखते हुए कहां कि विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ समाज को किस तरह से मिल सके इसको लेकर भी समाज में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। वही शहर से बाहर रहने वाले सिद्दीकी समाज के कई लोगों ने मीटिंग में ऑनलाइन जुड़कर कई अहम फैसले लिए जिसमें कानपुर निवासी मुहम्मद इरफान ने कहां कि इस वर्ष यू पी बोर्ड एवं सी बी एस ई बोर्ड में टॉप करने वाले सिद्दीकी समाज के होनहार बच्चों को बोर्ड रिजल्ट के नतीजे आने के बाद सम्मान करने का काम किया जाएगा। पोस्ती खाना निवासी मुहम्मद शाहिद (लल्ला) एवं खुर्शीद अहमद (ममाज़ होटल) के द्वारा निर्णय लिया गया कि ईद मिलन समारोह के दौरान समाज के ऐसे लोगों का सम्मान करने का काम किया जाएगा जिन लोगों को हज एवं उमराह करने का शर्फ हासिल हो चुका है। शहर एवं आसपास के इलाकों में सिद्दीकी समाज की एक बड़ी आबादी निवास करती है समाज के 90 फीसदी से अधिक लोग व्यापार से जुड़े हुए जिसको लेकर समाज के व्यापारी वर्ग से जुड़े शमशुल कमर (चांद), मुहम्मद फैजान उल्ला, मुहम्मद फरहान निसार, जीशान निसार, शाह फ़राज़ आदि ने कहां कि समाज में व्यापारी वर्ग से जुड़े लोगो में एकजुटता बनाए रखने एवं व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए भी सिद्दीकी समाज काम करता रहेगा। मीटिंग में आए हुए लोगो का इस्तकबाल एवं मीटिंग का संचालन मुहम्मद सुहैल फारूक के द्वारा किया गया। मीटिंग में मुहम्मद फारिक, मुहम्मद आमिर, मुहम्मद अनीस, मुहम्मद सुहैल फारूक, शमशुल कमर(चांद), शाहिद हुसैन (लल्ला), मुहम्मद फैजान उल्ला, फरहान निसार, जीशान निसार, शाह फ़राज़, मुहम्मद इरफान, मुहम्मद शरीफ, असद जावेद, मुहम्मद अजहर आदिल, शीराज़ हुसैन (कैफ़ी), वाहिद हुसैन (सनी), सरताज अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

# रत्नत्रय विधान के साथ नवीन बेदिका का हुआ शिलान्यास



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा, जसवंतनगर।** श्री पार्श्व नाथ दिगंबर जैन मंदिर में नव निर्वाण हो रही वेदी का शिलान्यास गुरुवार को सम्पन्न हुआ। ब्रह्मचारी नन्ने भईया ने वेदी शुद्धि आदि कार्यक्रम सम्पन्न कराये सर्वप्रथम अभिषेक शांतिधारा के पश्चात मंगल कलश स्थापना के साथ रत्नत्रय विधान संगीतमय सम्पन्न हुआ क्योंकि आज अष्टम तीर्थंकर चंद्र प्रभु भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस था तो इस उपलक्ष में निर्माण लाडू भी चढ़ाया गया, शिलान्यास कार्यकम में दीप प्रज्ज्वलन, ध्वजारोहण, चित्र अनावरण के साथ विधि-विधानपूर्वक स्वर्ण, रजत, ताम्र एवं अन्य शिलाएं स्थापित की गई। प्रत्येक जन ने अपनी एक ईट रख वेदी निर्वाण मे सहयोग कर अपने आप को सौभाग्यसाली समझा। इस दौरान नन्ने भईया ने बताया की कई वर्षो मे बेदी का निर्वाण होता है सालो-सालो तक उस वेदिका मे तीर्थकर भगवान का बिम्ब रख पूजा अर्जना होती है, अतःऐसे माँगलिक कार्यक्रम मे बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए अपने पापो को तजते हुए अपना मोक्ष मार्ग प्रसस्त करना चाहिये। कार्यक्रम विधवत सम्पन्न कराने मे नन्ने भईया के साथ नगर के विद्वान रहे अनाकुल जैन का सहयोग सराहनीय रहा। आपको बता दे की जनवरी 2024 मे आचार्य श्री 108 आदित्य सागर जी महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुए पंच कल्याणक में नवीन बेदी के लिए आदिनाथ भगवान बासुपूज्य भगवान पार्श्व नाथ भगवान की प्रतिष्ठा की गयी थी, अब नवीन वेदी बनने के उपरांत भगवान को विधवत स्थापित किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### होली और रमजान को लेकर बरती जा रही विशेष सतर्कता



**हमीरपुर।** आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। एसपी दीक्षा शर्मा ने पुलिस लाइन मीटिंग हॉल में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने होलिका दहन स्थलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। एसपी ने कहा कि होलिका दहन स्थलों का पहले से निरीक्षण किया जाए। इन स्थलों पर कब्जे की कोशिश न हो, इसके लिए पुलिस की तैनाती की जाए। रमजान को देखते हुए मस्जिदों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया जाएगा। एसपी ने स्पष्ट किया कि त्योहारों में कोई नई परंपरा नहीं पड़नी चाहिए। होली के दौरान हुड़दंग या कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाली गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसपी ने चेतावनी दी कि हुड़दंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को त्योहारों के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।

### एक दशक से फरार चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**सुमेरपुर हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव में वर्ष 2015 में चोरी के प्रयास के एक मुकदमे में फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि वर्ष 2015 में नरायनपुर में चोरी के प्रयास का एक मुकदमा धारा 379, 511 आईपीसी में भिक्षा उर्फ भिखारी पुत्र रामखिलावन निवासी ग्राम रूरापारा मकरंदपुर थाना चांदपुर जनपद फतेहपुर के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था। जिसे आज गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक गुरुचरण सरोज, आरक्षी संगीत सिंह शामिल रहे।

### दो मस्जिदों में मुकम्मल हुआ कुरान



**मौदहा हमीरपुर।** रमजान के महीने में आम दिनों की अपेक्षा मस्जिदें गुलजार हो जाती हैं और मस्जिदों में पांचों वक्त नमाजियों की भीड़ लगी रहती है लेकिन तरावीह की नमाज़ विशेष रूप से लोगों की भीड़ देखी जाती है। जिसके चलते कस्बे की दो मस्जिदों में कुरआन मुकम्मल हो गया। रमजान के चांद दिखने के साथ ही मस्जिदों में शुरू हुई तरावीह की नमाज़ आम तौर पर तो पूरे महीने चलती हैं।लेकिन कुछ मस्जिदों में तीन दिन और पांच दिन की तरावीह होती हैं जिसके चलते कस्बे के मोहल्ला कुम्हरौडा स्थित दाता गरीब शाह और कांशीराम कालोनी के निकट हजरत शेख बाबा की मस्जिद में कुरान मुकम्मल हुआ इस दौरान हजारों लोगों ने तरावीह की नमाज़ अदा की।दाता गरीब शाह मस्जिद में बांदा से आए हाफिज उमैर और हजरत शेख बाबा में कस्बे के हाफिज अब्दुल नदीम ने कुरआन मुकम्मल कराई इस दौरान आयोजकों और लोगों ने हाफिजों का फूल माला पहनाकर और पुरस्कार देकर सम्मानित किया।वहीं शेख बाबा की मस्जिद में उपरौस निवासी अरशद मुकीम ने लगभग पांच सौ लोगों के नमाज़ अदा करने की व्यवस्था की जो बीते एक दशक से इस काम को बखूबी अंजाम दे रहे हैं।

### हिण्डाल्को में डिजिटाइज़ेशन एंड ऑटोमेशन इन सेफ्टी प्रतियोगिता का आयोजन

**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को में चल रहे सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत डिजिटाइज़ेशन एंड ऑटोमेशन इन सेफ्टी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्लांटों की चार टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के अंतर्गत टीमों को डिजिटाइज़ेशन एवं ऑटोमेशन के द्वारा कार्यो को कैसे और सुरक्षित तथा सुगम बनाया जाये इस पर प्रस्तुतिकरण देना था। प्रतियोगिता के निर्णायक, योगेन्द्र सिंह, हिमांशु रंजन, महेश मांगरे एवं मधुस्मिता साहू के सम्मुख सभी टीमों ने अपना-अपना प्रस्तुतिकरण दिया।

# जनपद के 21 होनहार बच्चों को मिलेगा पुरस्कार

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार के निर्देश में चलाए गए इंस्पायर अवार्ड मानक योजना में जनपद हमीरपुर से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह के नेतृत्व में प्रत्येक विद्यालय से कक्षा 6 से 8 तक के छात्र छात्राओं के बच्चों के फार्म भरवाए गए। जिनको राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान विभाग द्वारा चयनित कर जनपद के 21 बच्चों के मॉडल प्रोजेक्ट का चयन किया गया है। इन बच्चों को उनके व्यक्तिगत खाते में भारत सरकार द्वारा प्रोजेक्ट निर्माण एवं मॉडल हेतु प्रशिक्षित छात्र 10- 10 हजार रुपए की धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। जिससे यह बच्चे अपने मेंटर विज्ञान शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में चयनित विषय का मॉडल बनाएंगे । जो जनपद प्रदर्शनी में प्रस्तुत किया जाएगा इसके पश्चात चयनित मॉडलों को राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों द्वारा पपरखा जाता है तथा अंत में चयनित मॉडल को पेटेंट करा कर बच्चों को प्रोत्साहन राशि वह मॉडल के रूप में देश में प्रस्तुत किया जाएगा। जनपद में चयनित बच्चों एवं विज्ञान शिक्षकों प्रधानाध्यापको तथा खंड शिक्षा अधिकारियों को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बधाई देते हुए निर्देश प्रदान किया कि चयनित बाल वैज्ञानिक छात्र छात्राओं को उनके चयनित मॉडल व प्रोजेक्ट की तैयारी कराएं तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विद्यालय में सुरक्षा कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**बीजपुर/सोनभद।** एनटीपीसी रिहंद परियोजना में निर्माण कार्य कर रही कम्पनी मित्सुबिशी पावर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बुधवार को आदर्श रिहंद शिक्षा निकेतन एकेडमी व कंपोजिट विद्यालय बीजपुर के प्रांगण में 54वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के बच्चों को दैनिक जीवन मे सुरक्षा के महत्व को बताते हुए जागरूक किया गया तथा मुख्य अतिथि द्वारा विद्यालय के बच्चों को पुरस्कार वितरण भी किया गया। मित्सुबिशी पॉवर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की रिहंद इकाई द्वारा सुरक्षा और स्वास्थ्य विकसित भारत के लिए अति आवश्यक की थीम पर मनाये जा रहे 54 वें राष्ट्रीय सुरक्षा सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत विद्यालय में सुरक्षा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ताड़कनाथ दुबे ने मुख्य अतिथि राहुल गुप्ता साइट मैनेजर मित्सुबिशी रिहंद को पुष्पगुच्छ भेंटकर व बैज अलंकरण कर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित गोपीनाथ रेड्डी कोर्डिनेशन प्रमुख अजय सिंह राजपूत मैकेनिकल प्रमुख विमल अवस्थी सिविल प्रमख सेंथिल कुमार इलेक्ट्रिकल प्रमुख नीरज पांडेय सेफ्टी लीड अजित कुमार मानव संसाधन को विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा पुष्पगुच्छ देकर बैज अलंकृत कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया तथा विद्यालय की छात्राओं ने गणेश वंदना व सरस्वती वंदना से कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर राहुल गुप्ता ने बच्चों को संबोधित करते हुए दैनिक जीवन में सुरक्षा के महत्व को समझाया। उन्होंने पर्यावरण सुरक्षा, सड़क सुरक्षा, कार्यस्थल सुरक्षा आदि के बारे में बच्चों को बताया। इस दौरान श्री गुप्ता ने बच्चों के मनोबल को बढ़ाने व शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को कम्पनी द्वारा पुरस्कार दिए जाने की भी घोषणा की। विशिष्ट अतिथि नीरज पांडेय व गोपीनाथ रेड्डी ने भी बच्चों को सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया। इस दौरान कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया तथा विद्यालय के सभी बच्चों को स्नैक व पेन भी वितरित किया गया। कार्यक्रम को आयोजित करने में मित्सुबिसी पॉवर के वाले बच्चों को कम्पनी द्वारा पुरस्कार दिए जाने की भी घोषणा की। विशिष्ट अतिथि नीरज पांडेय व गोपीनाथ रेड्डी ने भी बच्चों को सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया।

# श्री रुक्मणि धाम कुंदनपुर को पर्यटन स्थल घोषित कर सुंदरीकरण हो

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** मां रुक्मणी के धाम कुंदनपुर कुदरकोट को उत्तर प्रदेश के सनातन धर्म प्रेमी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी पर्यटन स्थल घोषित कर धाम का सुंदरीकरण करण कराय जाने की मांग 84 कोसी परिक्रमा कर रहे हैं साधु संतों ने की। उक्त मांग श्री रुक्मणि धाम 84 कोसी परिक्रमा का नेतृत्व कर रहे श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री अमर दास जी त्यागी उद्धव कुटी वृंदावन मथुरा ने मांग की महंत श्री ने आगे कहा कि प्रदेश में सनातन धर्म प्रेमी योगी आदित्यनाथ जी मुख्यमंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं उनसे हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि वह मैया रुक्मणी के धाम का जीणरोधार करते हुए उसका सुंदरीकरण कर भक्तों की मनोकामना का ध्यान रखेंगे महंत श्री ने यात्रा के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि यह यात्रा हमारे परम पूज्य गुरु जी श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री महावीर दास त्यागी जी को 1996 में मैया ने स्वप्न में दर्शन देकर इसके लिए प्रेरित किया था तभी से यह यात्रा निरंतर चल रही है गुरु जी के बाद इस यात्रा की बागडोर स्वयं मैंने अपने हाथों में ले रखी है जिसमें क्षेत्र के 500 से अधिक साधु संत अपना सहयोग प्रदान कर 84 कोसी परिक्रमा अमावस्या से शुरू होकर रंग भरनी एकादशी तक निरंतर करते हैं इस यात्रा से प्राचीन संस्कृति का प्रचार होकर आम जनमानस में मैया रुक्मणी के प्रति भक्ति भावना जागृत होती है। 84 कोसी परिक्रमा का विगत 5 वर्षो से जुड़े व्यापार मंडल के जिला महामंत्री रमेश यादव हवाई पट्टी रोड नगला बिहारी में स्थित स्वर्गीय भूरे सिंह स्मृति स्थल पर अपनी टीम के साथ स्वागत सम्मान करते हैं इस वर्ष स्वागत सम्मान में शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप मुकेश यादव चंद्रभान सिंह यादव बृजकिशोर यादव दिलीप कुमार यादव गिरीश चंद्र यादव रामवीर सिंह यादव उपदेश यादव आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# अशोक नगर आरसीसी रोड का अध्यक्ष रुबी प्रसाद ने किया लोकार्पण

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** रावटसगंज नगर स्थित वार्ड 20 अशोक नगर 550 मीटर सड़क आरसीसी रोड, पटरी व इंटरलॉकिंग का नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद द्वारा लोकार्पण करते हुए किया निरीक्षण दिए सुंदरीकरण को आवश्यक दिशा निर्देश। नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर तेजी गति दी गई है जिसके क्रम में गुरुवार को वार्ड 2० अशोक नगर 550 मीटर आरसीसी सड़क का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की जानकारी लेते हुए संबंधित ठेकेदार के को दिशा निर्देशित किया गया की गुणवत्ता पूर्ण कार्य किया गया जिस पर बताया कि आम जनमानस की शिकायत उपलब्ध न हो जिसके बाद लोकार्पण करते हुए कार्य शुभारंभ कराया। वहीं आपाध्यक्ष ने बताया कि वार्ड 2० में गुड्डू तिवारी के घर से खखंडू के घर तक आरसीसी रोड निर्माण कार्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना मद से निर्माण कार्य कराया गया वहीं अध्यक्ष ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र के विस्तार कार्यक्रम क्षेत्र के भी विकास कार्यों को बजट मिलकर कार्य करने को लेकर संबंधित को अवगत करा दिया गया है जल्द से जल्द सभी विकसित कार्यों को कराया जाए दिशा निर्देशित किया गया है नगर पालिका क्षेत्र के आम जनमानस को किसी प्रकार से कोई दिक्कत ना हो इसको देखते हुए विशेष तौर पर सरकार से बजट मांगा कर विशेष पैकेज के तहत विकास कार्यों को कराया जा रहा है। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव,जेई मनीष कुमार, सभासद चंद्र प्रकाश उर्फ पप्पू दुबे ,अनवर अली,, मनोज चौबे, अमित दुबे, अजीत सिंह ,विमलेश कुमार, आकाश रावत शाहित आदि लोग मौजूद रहे।

# त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने के सम्बन्ध में बैठक संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी एन सिंह के निर्देशन में अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) सहदेव कुमार मिश्र की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में होली पर्व को परस्परिक सहायोग, सौहार्द के साथ मनाये जाने एवं पवित्र माह रमजान/ईद के दौरान विधि व शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी धर्मगुरूओं (पीस कमेटी) की बैठक की गयी। होली पर्व व माह रमजान को सकुशल सम्पन्न कराने के मकसद से धर्मगुरूओं व अधिकारियों के साथ समन्वय हेतु विचार विमर्श किया गया। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने होली पर्व के मद्देनजर समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धितों को दिये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ने बताया कि इस वर्ष होलिका दहन 13 मार्च, 2025 को तथा 14 मार्च, 2025 को रंग भरी होली के रूप में मनाया जायेगा। यह पर्व सम्पूर्ण जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है, इस त्यौहार पर विभिन्न स्थानों पर लोग समूह में रंग खेलते हुए चलते हैं, ऐसे स्थलों पर जहां पर लोग अधिक संख्या में एकत्रित होते हैं, वहां संभावित घटनाओं का पूर्वानुमान लगाया जाना और किसी घटना के घटित होने पर नियंत्रण हेतु तत्परता पूर्वक प्रभावी कार्यवाही करना आवश्यक होता है। उल्लेखनीय है कि विधि एवं शांति व्यवस्था के अन्तर्गत निषेधाज्ञा अन्तर्गत धारा-144 सोनभद्र के सम्पूर्ण क्षेत्र में प्रभावी है। उन्होंने कहा की होली पर्व के दौरान लोक प्रशान्ति एवं कानून व्यवस्था को अक्षुण्ण बनाये रखने के उद्देश्य से स्थैतिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गयी है, सम्बन्धित उप जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस क्षेत्राधिकारी अपने सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र में भ्रमणशील रहकर प्रत्येक दशा में अपने-अपने क्षेत्रों में विधि एवं शांति व्यवस्था बनाये रखना सुनिश्चित करेंगें। जनपद में होली के त्यौहार को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु अपर जिला मजिस्ट्रेट एवं अपर पुलिस अधीक्षक को नोडल अधिकारी नामित किया गया है।

# इलाज के लिए एस्टिमेट मंगा लें, सरकार करेगी मदद: मुख्यमंत्री

- सीएम योगी ने जनता दर्शन में सुनीं 250 से अधिक लोगों की समस्याएं
- अधिकारियों को दिया निर्देश- जनसमस्याओं के निस्तारण में तत्परता बरतें अधिकारी
- बोले- हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है सरकार

**अवधनामा ब्यूरो**

**गोरखपुर/लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में जनता दर्शन किया। इस दौरान उन्होंने करीब 250 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि चिंता न कीजिए, समस्याओं का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को संबंधित मामलों के निस्तारण के निर्देश दिए। वहीं एक महिला ने परिवारीजन के इलाज के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई। इस पर सीएम योगी ने कहा कि एस्टिमेट मंगा लीजिए, सरकार मदद करेगी।

मुख्यमंत्री गुरुवार सुबह जनता दर्शन में गोरखनाथ मंदिर परिसर में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने करीब 250 लोगों से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनता की हर पीड़ा का निवारण सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है। सीएम ने अफसरों को निर्देश दिया कि जनसमस्याओं का समाधान शीघ्रता से किया जाए। इसमें किसी भी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए।



### हर जरूरतमंद को मिलेगी इलाज में मदद

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में एक महिला समेत कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी एस्टिमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

## केशव मौर्य की अध्यक्षता में महिला सशक्तीकरण हेतु आयोजित होगा कार्यक्रम

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की अध्यक्षता में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा गठित स्वयं सहायता समूहों दीदियों को लखपति दीदी योजनान्तर्गत 01 दिवसीय राज्य स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यशाला ज्युपिटर हाल, इन्दिरागंधी प्रतिष्ठान, विभूतिखण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ में 08 मार्च, 2025 को आयोजित की जा रही है। कार्यशाला का शुभारम्भ केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री, उ0प्र0 सरकार द्वारा इस कार्यशाला शुभारम्भ किया जायेगा। इस कार्यशाला में लगभग 1200 समूहों की महिला दीदियों द्वारा प्रतिभाग किया जाना है। कार्यशाला में लखपति महिला कार्यक्रम के अन्तर्गत उत्पादक समूह, ड्रोन संचालन, एफपीओ, बायो फर्टिफाइड बीजों की खेती, प्राकृतिक खेती, उद्यमिता विकास इत्यादि विषयों पर उन्मुखीकरण कराया जाना है। इसके अलावा लखपति दीदी कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# तरावीह की विशेष नमाज़ का पहला दौर संपन्न

- देश-प्रदेश में अमन-चैन, आपसी भाईचारे और विकास की दुआएं कराई गयीं

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान में अहले सुन्नत समुदाय की ओर से पढ़ी जाने वाली तरावीह की विशेष नमाज का पहला दौर गुरुवार को सम्पन्न हुआ। ऐशबाग ईदगाह, शाहमीना शाह सहित शहर के अन्य स्थानों पर पांच पारों की तरावीह का पहला दौर गुरुवार को मुकम्मल हुआ। पहले दौर की तरावीह मुकम्मल होने पर देश-प्रदेश में अमन-चैन, आपसी भाईचारे और विकास की दुआएं कराई गयीं। ऐशबाग ईदगाह जामा मस्जिद में पहले दौर की तरावीह मौलाना हाफिज मिनहाजुद्दीन कुरैशी ने मुकम्मल कराई। ऐशबाग ईदगाह स्थित जामा मस्जिद में तरावीह का पहला दौर मुकम्मल होने के बाद नमाजियों को सम्बोधित करते हुए इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने कहा कि कुरान और रमजान का आपस में गहरा सम्बन्ध है। इसी मुबारक महीने में कायनात को पैदा करने वाले ने इंसानियत की रहनुमाई के लिए अपनी आखिरी किताब अपने आखिरी नबी पर उतारी। खुदा फरमाता है कि रमजान का महीना वह है, जिसमें कुरान उतरा जो लोगों के लिए हिदायत है, जिसमें हिदायत की खुली निशानियां हैं। कुरान ऐसी मुकद्दस किताब है जो भी इसके साए में रहेगा वह महफूज रहेगा, यानि जिसने भी अपनी जिंदगी इस के मुताकिब गुजारी वह खुदा की रहमत के साए में आ जाएगा और गुनाहों से उसकी हिफाजत हो जाएगी। मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि कुरान पर गौर करें। इससे अल्लाह की नजदीकी नसीब होने के साथ दिल को राहत पहुंचेगी। इसी कुरान की बरकत से अल्लाह रोजे महशर बुलंद मकाम अता फरमाएगा। उन्होंने कहा कि रसूले अकरम ने फरमाया कि रोजा और कुरान दोनों बन्दे की सिफारिश करेंगे। मौलाना ने कहा कि अगर गौर के साथ कुरान की तिलावत करें तो हमारी जिंदगी में इंकलाब आ जाएगा। इस मौके पर मौलाना ने दुनिया से रुखसत हो चुके लोगों के लिए दुआ कराने के साथ ही नई नस्ल के ईमान और अकीदे की हिफाजत, मुसलमानों की इज्जत-आबरू, जान-माल की हिफाजत और मुसलमानों पर हो रहे जुल्मों को रोकने, बीमारों को शिफा और परेशान हाल लोगों की हाजत रवाई की विशेष दुआएं कराई।



# आवंटित बजट नवम्बर, 2025 तक 60 प्रतिशत तक व्यय करने का लक्ष्य



- चालू वित्तीय वर्ष हेतु सभी मदों में आवंटित धनराशि का 31 मार्च तक शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करें
- आवंटित बजट का एक भी रुपया लैप्स नहीं होने पाए
- दुग्ध समितियों के गठन एवं क्रियान्वयन से ही दुग्ध उत्पादन बढ़ेगा: धर्मपाल सिंह

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि नए वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट को यथाशीघ्र मदवार आवंटित कराया जाए। साथ ही माह नवंबर, 2025 तक प्रत्येक दशा में 60 प्रतिशत बजट सदुपयोग करने का लक्ष्य निर्धारित किया जाए और माहवार बजट व्यय की समीक्षा की जाए। सिंह ने यह भी सख्त निर्देश दिए कि चालू वित्तीय वर्ष हेतु सभी मदों में आवंटित धनराशि का 31 मार्च तक शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करें। किसी भी दशा में बजट का सरेन्डर न किया जाए। आवंटित बजट का एक रुपया भी लैप्स न होने पाए। पशुधन मंत्री आज यहां विधान भवन स्थित कार्यालय कक्ष में पशुधन एवं दुग्ध विकास विभाग की वित्तीय प्रगति तथा विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करें। कार्य समाप्ति हो जाने के बाद संबंधित योजना का उपयोगिता प्रमाण पत्र यथाशीघ्र प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी सभी योजनाओं हेतु पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था सरकार द्वारा की गई है। सिंह ने पहली बार पशुपालकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु 07 करोड़ रूपये की व्यवस्था किए जाने हेतु मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया। सिंह ने कहा कि दुग्ध समितियों के गठन एवं क्रियान्वयन से ही दुग्ध उत्पादन बढ़ेगा। छोटे किसानों को समृद्ध बनाने के लिए डेयरी महत्वपूर्ण विकल्प है। वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी के लक्ष्य को हासिल करने में पशुधन एवं दुग्ध विकास की अहम भूमिका है।

## रोजगार मेले में 300 अभ्यर्थियों को मिला जॉब ऑफर

**लखनऊ।** राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में गुरुवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न व्यवसायों के आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप संस्थान में युवाओं को रोजगार दिलाने हेतु इस प्रकार के मेलों का आयोजन किया जा रहा है।

# यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा मेगा एमएसएमई आउटरीच अभियान का शुभारंभ

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रव्यापी मेगा एमएसएमई आउटरीच अभियान का शुभारंभ किया गया है। यह अभियान सप्ताहभर चलने वाली पहल है, जिसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त बनाना, उद्यमशीलता और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है। इस अभियान का शुभारंभ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ए. मणिमेखलै द्वारा किया गया, जिन्होंने वित्तीय सहायता, डिजिटल समाधान और जागरूकता पहलों के माध्यम से एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत करने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने बताया:यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की एमएसएमई के लिए वित्तीय समावेशन और समग्र समर्थन के लिए प्रतिबद्धता दृढ़ है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के माध्यम से, हमारा लक्ष्य एमएसएमई की वृद्धि और संवहनीयता सुनिश्चित करते हुए प्रौद्योगिकी और सरकारी पहलों द्वारा समर्थित वित्तीय उत्पादों तक निर्बाध एक्सेस प्रदान करना है। हमारा व्यापक उत्पाद सूट ऋण प्राप्त करने में ग्राहक अनुभव को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, और हम एक सक्षम इकोसिस्टम को बढ़ावा देना जारी रखते हैं जो भारत के एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत करता है, जो विकसित भारत के व्यापक दृष्टिकोण में योगदान देता है। इस पहल के भाग के रूप में, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा अपने उद्यमी-अनुकूल एमएसएमई उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें त्वरित और परेशानी मुक्त ऋण के एक्सेस के लिए एमएसएमई सुपरफास्ट, युवा उद्यमियों के लिए युवाशक्ति और महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए यूनियन नारी शक्ति शामिल हैं।




# उनो मिंडा ने भारतीय आफ्टरमार्केट में 2-व्हीलर्स के लिए प्रीमियम Itimo Pro+ LED लाइटिंग बल्ब रेंज लॉन्च की

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** कल्पना करें कि आप अपने दोस्त या परिवार के किसी सदस्य के साथ एक अनजान, अंधेरी सड़क पर बाइक चला रहे हैं, जहां स्ट्रीटलाइट नहीं हैं, और आपकी बाइक का मौजूदा हैलोजन बल्ब पर्याप्त रोशनी देने में असफल हो सकता है। ऐसे हालात में, राइडर और को-पैसेंजर दोनों की सुरक्षा गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है। एक ब्राइट LED बल्ब उन राइडर्स के लिए बेहद ज़रूरी है, जो अक्सर कम रोशनी या कोहरे वाली सड़कों पर सफर करते हैं। सुरक्षा बढ़ाने के अलावा, अपग्रेडेड LED बल्ब आफ्टरमार्केट में 2-व्हीलर्स की एस्थेटिक्स को सुधारने की बढ़ती मांग को भी पूरा करते हैं।



इसी ज़रूरत को ध्यान में रखते हुए, no Minda, जो ओरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स (OEMs) को मालिकाना ऑटोमोटिव समाधान प्रदान करने वाला एक प्रमुख टियर 1 सप्लायर है, ने भारतीय आफ्टरमार्केट में 2-व्हीलर्स के लिए अपनी प्रीमियम Itimo Pro+ LED लाइटिंग बल्ब रेंज लॉन्च की है। Ultimo Pro+ लाइटिंग रेंज एडवांस टेक्नोलॉजी से लैस है, जो ब्राइटर और ज्यादा फोकस्ड लाइट प्रदान कर सड़क पर विजिबिलिटी को बेहतर बनाती है। Ultimo Pro+ LED लाइटिंग रेंज तीन वेरिएंट्स में उपलब्ध है–20W, 15W और 10W, जिनका लुमेन आउटपुट क्रमशः 2000, 1700 और 1100 है। इससे राइडर्स अपनी ज़रूरत के अनुसार सही स्तर की रोशनी का चुनाव कर सकते हैं, जिससे उन्हें बेहतरीन विजिबिलिटी और बेहतर राइडिंग अनुभव मिलेगा। इसका स्लीक और मॉडर्न डिज़ाइन मोटरसाइकिल्स को स्टाइलिश टच देता है, जिससे यह परफॉर्मेंस और एस्थेटिक्स दोनों का बेहतरीन संयोजन बन जाता है, चाहे आप शहर की सड़कों पर हों या हाईवे पर। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, no Minda Ltd. के आफ्टरमार्केट विभाग के प्रमुख, श्री आनंद कुमार ने कहा, "Uno Minda में, हम समझते हैं कि हर राइडर के लिए सुरक्षा और स्टाइल एक साथ चलते हैं। यही कारण है कि हमारे 2-व्हीलर LED बल्ब 6500K ब्राइट लाइट और 3800K वार्म लाइट प्रदान करते हैं, जो हाई लुमेन आउटपुट के कारण बेहतरीन विजिबिलिटी सुनिश्चित करते हैं। हमारे LED बल्ब राइडिंग अनुभव को ऊंचा उठाने के लिए तैयार किए गए हैं, साथ ही मोटरसाइकिल्स में पर्सनैलिटी जोड़ते हैं। इसके अलावा, ये बल्ब टिकाऊ और परफॉर्मेंस-ओरिएंटेड हैं, जिससे राइडर्स को एक भरोसेमंद और लॉन्ग-लास्टिंग लाइटिंग सॉल्यूशन मिलता है।

# भाषा विश्वविद्यालय के स्वयंसेवकों ने सीखा पर्यावरण संरक्षण के गुर

**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई -7 के सात दिवसीय विशेष के दूसरे दिन पर्यावरण संरक्षण विषय ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई -7 के सात दिवसीय विशेष के दूसरे दिन पर्यावरण संरक्षण विषय पर विद्यालय में नीम, पीपल, बरगद का वृक्षारोपण किया गया तथा पर्यावरण विज्ञान विभग के पर्यावरण विद्वान डॉ बृजेश कुमार दुवेदी ने बोलते कहा कि विश्व मे भारत के पास केवल 2 प्रतिशत भूमि है परन्तु यह 17 प्रतिशत विश्व जनसंख्या का घर है, जिससे सीमित संसाधनों के बाबजूद नेतृत्व छमता और व्यक्तिगत विकास की आवश्यकता और भी महत्वपूर्ण हो जाती है साथ ही प्राथमिक विद्यालय शिक्षिका योग माया ने बताया की कैसे एक प्रभवशाली व्यक्तित्व समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। शिक्षिका डॉ. उषा सिंह ने कहा की सबसे पहले पर्यावरण की सुरक्षा अपने घर से शुरू होती है जिसमे की हमको अपनेघरों किचन गार्डन होना चाहिए तथा अपने घर में औषधीय पौधे लगाने चाहिए जैसे की तुलसी, गिलोई, हल्दी आदि। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनीष कुमार ने कहा की सुरक्षित भविष्य के लिये पर्यावरण की सुरक्षा जरुरी है। पर्यावरण विज्ञान विभग के पर्यावरण के विद्वान डॉ बृजेश कुमार दुवेदी ने बोलते कहा कि विश्व मे भारत के पास केवल 2 प्रतिशत भूमि है परन्तु यह 17 प्रतिशत विश्व जनसंख्या का घर है, जिससे सीमित संसाधनों के बाबजूद नेतृत्व छमता और व्यक्तिगत विकास की आवश्यकता और भी महत्वपूर्ण हो जाती है साथ ही प्राथमिक विद्यालय शिक्षिका योग माया ने बताया की कैसे एक प्रभवशाली व्यक्तित्व समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। शिक्षिका डॉ. उषा सिंह ने कहा की सबसे पहले पर्यावरण की सुरक्षा अपने घर से शुरू होती है जिसमे की हमको अपनेघरों किचन गार्डन होना चाहिए तथा अपने घर में औषधीय पौधे लगाने चाहिए जैसे की तुलसी, गिलोई,हल्दी आदि।



## वक्फ संशोधन बिल पर आसिफी मस्जिद में प्रदर्शन आज

**लखनऊ।** वक्फ संशोधन बिल के विरोध में जुमे की नमाज के बाद आसिफी मस्जिद में विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। मजलिस उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी के नेतृत्व में होने वाले विरोध-प्रदेश में आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का समर्थन करते हुए केन्द्र सरकार की वक्फ विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन होगा, जिसमें उलमा भी शामिल होंगे। मौलाना ने बताया कि प्रदर्शन दोपहर 1:30 बजे होगा। मौलाना ने प्रदर्शन में उलमा और विभिन्न सामाजिक संगठनों व अंजुमनों से शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक को हरगिज स्वीकार नहीं किया जाएगा। यह विधेयक औकाफ पर सरकारी कब्जा करने के लिए लाया गया है, जिसका हम पुरजोर विरोध करेंगे। मौलाना ने उलमा और लोगों से इसे कौमी कर्तव्य समझ कर प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की।

## समाज मे बुराइयों के खिलाफ हमें सतर्क रहना होगा : मौलाना शाहिद जमाल



**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान में महदवी समाज की ओर से हुसैनाबाद स्थित छोटे इमामबाड़े में आयोजित दीनी क्लासेज में मौलाना शाहिद जमाल ने कहा कि समाज एक कश्ती की तरह है, जिसमें सभी लोग सवार हैं। कोई भी अगर अपनी-अपनी करेगा तो एक गलती पूरी नाव को डुबो देगी। इसलिए किसी को नाव में सुराख करते देख कोई दूसरा उसे नजरअंदाज नहीं कर सकता। यह नहीं कह सकता कि हम से क्या मतलब। बल्कि सभी की निजाम एक-दूसरे से जुड़ी हुई है। इसी तरह अगर पड़ोसी के घर में लगी आग को आगे बढ़ कर नहीं बुझाएंगे तो वह आग हमारे घर को भी राख में बदल सकती है। समाज मे बुराइयों के खिलाफ हमें सतर्क रहना होगा और उसे बरवक्त रोकने की कोशिश करना होगा, वरना समाज बेहिस हो जाएगा। फिर बुराइयां अच्छी लगने लगती हैं और फिर धीरे-धीरे बुरे लोग हमारे ऊपर हुकूमत करने लगेंगे। अच्छे लोग दुआ करेंगे लेकिन दुआएं कबूल नहीं होंगी। क्लास का समापन देश-प्रदेश में अमन-चैन, तरक्की और इमामे जमाना की सलामती की दुआ पर हुआ।

## वक्फ ट्रिब्यूनल में रिक्त चेयरमैन के पद पर तत्काल नियुक्ति की मांग

**लखनऊ।** प्रदेश में वक्फ सम्पत्तियों से जुड़े मामलों के निस्तारण के लिए गठित वक्फ ट्रिब्यूनल में रिक्त पड़े चेयरमैन के पद को लेकर सेव वक्फ इंडिया ने मुख्यमंत्री और उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिख कर तत्काल नियुक्ति की मांग की है। सेव वक्फ इंडिया के उपाध्यक्ष रिजवान मुस्तफा ने प्रदेश के मुख्यमंत्री और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से वक्फ ट्रिब्यूनल में जल्द नियुक्ति की मांग की है। उन्होंने कहा कि ट्रिब्यूनल में चेयरमैन की नियुक्ति न होने से वक्फ सम्पित्तयों से जुड़े विवादों के निस्तारण में विलम्ब हो रहा है, जिससे वक्फ खोरों और भू-माफियाओं को मनमानी का मौका मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश का अल्पसंख्यक एवं वक्फ विभाग इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्ति को लेकर निष्क्रिय बना हुआ है, जिससे न केवल न्यायिक प्रक्रिया बाधित हो रही है बल्कि वक्फ सम्पत्तियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ रही है। रिजवान मुस्तफा ने कहा कि वक्फ ट्रिब्यूनल वक्फ अधिनियम की धारा 52 और 54 के तहत वक्फ सम्पत्तियों से अवैध कब्जे हटाने और विवादों के निस्तारण की भूमिका निभाता है। उन्होंने सरकार से वक्फ ट्रिब्यूनल को तुरंत सक्रिय करने और चेयरमैन की नियुक्ति कर न्यायिक प्रक्रिया को तेज करने की मांग की।

# जुमे की नमाज को लेकर एडवायजरी जारी

- अच्छी तरह नमाज पढ़े और रोजा रखे: मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने माहे मुबारक रमजान के दूसरे जुमे 14 मार्च को लेकर एडवायजरी जारी की है। मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि रमजान का मुबारक महीना चल रहा है और हर मुसलमान कोशिश करता है कि इस महीने अधिक से अधिक इबादत करे। अच्छी तरह नमाज पढ़े और रोजा रखे। हर रोजेदार कोशिश करता है कि उसके अमल और इबादत से किसी को तकलीफ या नुकसान न पहुंचे। मौलाना ने कहा कि माहे मुबारक रमजान के दूसरे जुमे 14 मार्च को होली का त्योहार है और होली का रंग दोपहर लगभग 1 बजे तक खेला जाता है। ऐसे में होली और जुमे की नमाज को लेकर एडवायजरी जारी की है। मौलाना ने एडवायजरी जारी करते हुए कहा कि जिन मस्जिदों में जुमे की नमाज 12:30 बजे से 1 बजे के बीच होती है वह 14 मार्च को नमाज का वक्त 2 बजे कर लें ताकि नमाजियों को मस्जिद आने-जाने में कोई परेशानी न हो, 14 मार्च को छुट्टी का दिन है इसलिए मुसलमान नमाज पढने दूर मस्जिदों में न जाएं बल्कि मोहल्ले की मस्जिदों में नमाज अदा करें। जामा मस्जिद ऐशबाग ईदगाह में जुमे की नमाज का वक्त 12:45 बजे है लेकिन 14 मार्च को जुमे की नमाज 2 बजे अदा की जाएगी। मौलाना ने मस्जिदों के इमामों और संचालक कमेटियों से एडवायजरी पर अमल करने की अपील की है। मौलाना ने कहा कि इस पहल से हमारी गंगा-जमुनी सभ्यता, राष्ट्रीय एकता और आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिलेगा।



# रमज़ान: सवालों के जवाब

**लखनऊ/अवधनामा ब्यूरो।** माहे मुबारक रमजान में रोजा, नमाज, जकात, हज आदि से संबंधित सवालों के जवाब देने के लिए इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में हेल्पलाहन शुरू हो गयी है। हेल्पलाइन पर इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली के नेतृत्व में उलमा का पैनल सवालों के जवाब देता है। हेल्पलाइन पर दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, 9140427677, वेबसाइट www.farangimahal.in तथा ई-मेल ramzanhelpline2005@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** किसी ने छह साल से हज के लिए कुछ रकम निकाली है, इस साल हज पर जाना है तो क्या पिछले तमाम सालों की जकात इस रकम पर वाजिब होगी?
**जवाब:** जब तक रकम खर्च न हो जाए तमाम पिछले सालों की जकात वाजिब है।
**सवाल:** एक शख्स को रोजे के दौरान मिर्गी का दौरा पड़ जाए तो क्या रोजा टूट जाएगा?
**जवाब:** इससे रोजा नहीं टूटेगा।
**सवाल:** क्या बिना वजू के रोजा इफ्तार किया जा सकता है?
**जवाब:** जी हां, कर सकते हैं, लेकिन बेहतर है कि वजू के साथ करें।
**सवाल:** क्या तस्वीर वाले कपड़े पहन कर नमाज पढ़ी जा सकती है?
**जवाब:** तस्वीर वाले कपड़े पहन कर नमाज नहीं पढ़ी जा सकती है।
**सवाल:** क्या जकात की रकम से कबिस्तान की बाउण्ड्रीवाल बनवाई जा सकती है?
**जवाब:** नहीं जकात की रकम से कब्रिस्तान की बाउण्ड्रीवाल नहीं बनवाई जा सकती है।

### उलमा के पैनल ने हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब

इदारए शरैया फिरंगी महल की ओर से मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब दिये। हेल्पलाइन पर सवाल दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9807401508 और 99181 17798 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** नाबीना व्यक्ति जो हाफिज और आलिम हो क्या इमामत कर सकता है, जबकि पूरी तरह स्वस्थ हाफिज आलिम मौजूद हो?
**जवाब:** एक नाबीना हाफिज पूरी तरह स्वस्थ हाफिज विद्वान की मौजूदगी में नमाज नहीं पढ़ा सकता है।
**सवाल:** क्या नामहरम मर्द के पीछे महिला का तरावीह पढ़ना जायज है?
**जवाब:** अकेली महिला नामहरम के पीछे तरावीह या फर्ज नमाज नहीं पढ़ सकती।
**सवाल:** मोबाइल में खेल-कूद, नाच-गाना देखना या रोजा रख सोना बेहतर है?
**जवाब:** मोबाइल या टीवी पर नाजेबा चीजें देखने से रोजा खराब हो जाएगा, बेहतर है ज्यादा वक्त इबादत में गुजारें या सोकर।



### शिया हज़रात के सवालों के जवाब

माहे मुबारक रमजान में शिया समुदाय के रोजा, नमाज, हज, खुम्स, जकात आदि से संबंधित सवालों के जवाब के लिए कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से हेल्पलाइन संचालित की जा रही है। हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा का पैनल देता है। हेल्पलाइन पर सवाल सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 पर और महिलाओं के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा ई-मेल masael@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवाल:** क्या कोई लड़की रोजा रख कर परीक्षा देने जा सकती है?
**जवाब:** रोजा अनिवार्य है, किसी भी हालत में छोड़ा नहीं जा सकता है।
**सवाल:** क्या रमजान का कजा रोजा मोमिन की दावत पर वक्त से पहले इफ्तार किया जा सकता है?
**जवाब:** दावत एक मुस्तहब काम है, लेकिन कजा रोजा एक अनिवार्य काम है।
**सवाल:** रोजेदार छात्र कॉलेज में बेहोश हो जाए और लोग उसे बेहोशी में पानी पिला दें तो रोजे पर क्या हुक्म है?
**जवाब:** रोजा टूट जाएगा, उसे उसकी कजा करना होगी, लेकिन कफ्फारा अदा नहीं करना पड़ेगा।
**सवाल:** कुछ लोग मिल कर भेड़-बकरी का कारोबार करते हैं और उस पर जकात है तो क्या सभी हिस्सेदारों की अनुमति के बाद जकात अदा की जाएगी?
**जवाब:** अगर उन पर जकात वाजिब हो चुकी है तो कोई एक हिस्सेदार जकात दे सकता है। सवाल: कोई इंसान तकलीद नहीं करता तो उसके लिए क्या हुक्म है?
**जवाब:** इबादतों की पाकीजगी के लिए हर बालिग और समझदार व्यक्ति को तकलीद करना जरूरी है।